Eighteenth Series, Vol. XV No. 22

Monday, March 23, 2026
Chaitra 2, 1948 (Saka)

LOK SABHA DEBATES

(Original Version)

Seventh Session

(Eighteenth Lok Sabha)

(Vol. XV contains Nos. 21 to 31)

LOK SABHA SECRETARIAT

NEW DELHI

EDITORIAL BOARD

Utpal Kumar Singh

Secretary-General

Lok Sabha

Chander Mohan

Additional Secretary

Nisha Sharma

Director

Narad Prasad Kimothi

Manoj Kumar Pankaj

Joint Director

Anil Kumar Chopra

Deputy Director

© 2026 Lok Sabha Secretariat

None of the material may be copied, reproduced, distributed, republished, downloaded, displayed, posted or transmitted in any form or by any means, including but not limited to, electronic, mechanical, photocopying, recording or otherwise, without the prior permission of Lok Sabha Secretariat. However, the material can be displayed, copied, distributed and downloaded for personal, non-commercial use only, provided the material is not modified and all copyright and other proprietary notices contained in the material are retained.

C O N T E N T S

Eighteenth Series, Vol. XV, Seventh Session, 2026/1948 (Saka)
No. 22, Monday, March 23, 2026/ Chaitra 2, 1948 (Saka)

S U B J E C T		P A G E S
REFERENCE BY THE SPEAKER		
Homage to the Great Revolutionary Freedom Fighters		12
ORAL ANSWERS TO QUESTIONS		
Starred Question Nos. 421 to 428 (23.03.2026)		13-75
WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS		
(i)	Starred Question Nos. 381 to 400 (19.03.2026)	76-164
	Starred Question Nos. 401 to 420 (20.03.2026)	165-251
	Starred Question Nos. 429 to 440 (23.03.2026)	252-329
(ii)	Unstarred Question Nos. 4371 to 4600 (19.03.2026)	330-1293
	Unstarred Question Nos. 4601 to 4830 (20.03.2026)	1294-2175
	Unstarred Question Nos. 4831 to 5060 (23.03.2026)	2176-3455

PAPERS LAID ON THE TABLE 3456-3478

COMMITTEE ON EMPOWERMENT OF WOMEN

4th Report 3478

STANDING COMMITTEE ON HOUSING AND URBAN AFFAIRS

Statement 3478-3479

STATEMENTS BY MINISTERS 3479-3481, 3528-3534

(i)(a) Status of implementation of the recommendations contained in the 68th Report of the Standing Committee on Finance (2023-24) on action taken by the Government on the observations /recommendations contained in the 46th Report (17th Lok Sabha) of the Committee on 'Strengthening Credit Flows to the MSME Sector' pertaining to the Department of Financial Services, Ministry of Finance. 3479

(b) Status of implementation of the recommendations contained in the 7th Report of the Standing Committee on Finance (2024-25) on action taken by the Government on the observations/ recommendations contained in the 66th Report (17th Lok Sabha) of the Committee on 'Performance Review and Regulation of Insurance Sector' pertaining to the Department of Financial Services, Ministry of Finance. 3479-3480

(c) Status of implementation of the recommendations contained in the 24th Report of the Standing Committee on Finance (2024-25) on action taken by the Government on the observations /recommendations contained in the 13th Report (18th Lok Sabha) of the Committee on 'Demands for Grants (2025-26)' pertaining to the Department of Financial Services, Ministry of Finance.

Shri Pankaj Choudhary 3480

(ii)(a) Status of implementation of the recommendations contained in the 16th Report of the Standing Committee on Finance (2024-25) on action taken by the Government on the observations/ recommendations contained in the 3rd Report of the Committee on 'Demands for Grants (2024-25)' pertaining to the Ministry of Corporate Affairs. 3480-3481

(b) Status of implementation of the recommendations contained in the 21st Report of the Standing Committee on Finance (2025-26) on action taken by the Government on the observations /recommendations contained in the 10th Report of the Committee on 'Demands for Grants (2025-26)' pertaining to the Ministry of Corporate Affairs.

Shri Harsh Malhotra 3481

(iii) Regarding on-going West Asia conflict and challenges faced by India.

Shri Narendra Modi 3528-3534

CORPORATE LAWS (AMENDMENT) BILL, 2026 3482-3489

MOTION RE: REFERENCE OF CORPORATE LAWS (AMENDMENT) BILL, 2026 TO JOINT COMMITTEE 3490-3492

MATTERS OF PUBLIC IMPORTANCE 3492-3497, 3504-3527

SUBMISSION BY MEMBER

Re: Alleged irregularities in tender processes of Food Corporation of India and Punjab State Warehousing Corporation 3498-3503

MATTERS UNDER RULE 377 3535-3553

(i) Need to provide Parja Patta Land Rights to residents of Tea Gardens alongwith implementation of New Labour Codes for revival of Tea Industry in West Bengal

Shri Raju Bista 3535-3536

(ii) Regarding establishment of industrial units in Balaghat Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh

Shrimati Bharti Pardhi 3536

(iii) Need to include Blue Pottery (Sanganeri Print) of Jaipur in 'One District One Product' scheme in Rajasthan

Shrimati Manju Sharma 3536-3537

(iv) Need to address the problems of Multi Level Health Providers/ Community Health Officers serving in National Arogya Mandirs under National Health Mission in Telangana

Shrimati D. K. Aruna 3537-3538

(v) Need to ensure district level contingency planning to address likely adverse impact of El Nino on monsoonal rainfall and agrarian activity in the country

Dr. K. Sudhakar 3538-3539

(vi) Need to set up a new Krishi Vigyan Kendra in Chittorgarh District, Rajasthan

Shri Chandra Prakash Joshi 3539

(vii) Regarding expeditious construction of Amroha - Kailsa Border Railway Bridge in Amroha Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh
Shri Kanwar Singh Tanwar 3539-3540

(viii) Regarding enumeration of STs in Census 2026-27
Dr. Manna Lal Rawat 3540

(ix) Need for comprehensive and stringent measures to control reported rampant adulteration of dairy products in the country
Shri Naveen Jindal 3540-3541

(x) Regarding construction of a dedicated corridor for transportation of coal mined from Magadh and Amrapali Coal Projects in Chatra District, Jharkhand
Shri Kali Charan Singh 3541-3542

(xi) Need for improvement and widening of Sarahan-Chandigarh road
Shri Suresh Kumar Kashyap 3542-3543

(xii) Need to introduce Vande Bharat Sleeper Train from Ahmedabad to Gwalior and Agra
Shri Dineshbhai Makwana 3543

(xiii) Need to run passenger trains on Panchmahal-Patnagar and Gandhinagar-Ahmedabad-Nadiad-Godhra-Dahod routes in Gujarat
Shri Rajpalsinh Mahendrasinh Jadav 3543-3544

(xiv) Need for adequate compensation to farmers whose lands were acquired for construction of railway line in Chandrapur Parliamentary Constituency, Maharashtra

Shrimati Pratibha Suresh Dhanorkar 3544-3545

(xv) Need to provide adequate space for smooth functioning of Haryana Legislative Assembly in Legislative Assembly Building shared with Punjab in Chandigarh

Shri Varun Chaudhry 3545

(xvi) Need to ensure effective operation of sewage treatment plant in Balotra district in Rajasthan and related issues

Shri Ummeda Ram Beniwal 3545-3546

(xvii) Need to give legal frame to MSP of various crops and develop an effective and transparent mechanism for procurement of agriculture produce

Shri Brijendra Singh Ola 3546-3547

(xviii) Need to connect national highways passing through Kairana Parliamentary constituency, Uttar Pradesh with Meerut -Karnal and Panchkula - Ambala - Dehradun roads

Sushri Iqra Choudhary 3547

(xix) Need to provide stoppage to Howrah-Kamakhya Vande Bharat Sleeper Express (Train No. 27575/27576) at Khagraghat Road Railway Station in Murshidabad, West Bengal

Shri Yusuf Pathan 3547-3548

(xx) Need for comprehensive and compassionate measures for protection and conservation of wildlife in the country

Shrimati June Maliah 3548-3549

(xxi) Need to expedite construction of Cancer Day Care Centre in Amalapuram, Andhra Pradesh and launch a targeted screening of high-risk cancer patients in the region

Shri G. M. Harish Balayogi 3549-3550

(xxii) Need to construct a road and a bridge on River Kosi between Supaul and Darbhanga in Bihar

Shri Dileshwar Kamait 3550

(xxiii) Need to relax the criteria of student-teacher ratio and ensure functioning of Marathi medium schools in Maharashtra

Shri Sanjay Haribhau Jadhav 3550-3551

(xxiv) Regarding installation of mobile telecommunication towers in Aurangabad Parliamentary Constituency, Bihar

Shri Abhay Kumar Sinha 3551

(xxv) Regarding alleged adverse impact of New Labour Codes on labourers and workers in the country

Shri Amra Ram 3552

(xxvi) Need to expedite approval to the Coastal Zone Management Plan – 2019

Shri Umeshbhai Babubhai Patel 3552-3553

FINANCE BILL, 2026 3554-3678

Motion to Consider 3554

Shrimati Nirmala Sitharaman 3554

Dr. Amar Singh 3554-3561

Dr. Nishikant Dubey 3561-3575

Shri Ramashankar Vidyarthi Rajbhar 3575-3578

Prof. Sougata Ray 3578-3586

Shri Arun Nehru 3586-3597

Shri Sunil Kumar 3597-3599

Shri Anil Yeshwant Desai 3600-3606

Shri Ravindra Dattaram Waikar 3606-3612

Shrimati Shambhavi 3612-3617

Shri P. V. Midhun Reddy 3617-3621

Shrimati Supriya Sule 3621-3627

Shri Abhay Kumar Sinha 3627-3630

Prof. Varsha Eknath Gaikwad 3630-3638

Shri Basavaraj Bommai 3638-3645

Shri Sachithanantham R. 3645-3648

Shri Navaskani K. 3649-3652

Dr. Rajkumar Sangwan 3652-3655

Shri Raja Ram Singh 3655-3657

Dr. Shiv Pal Singh Patel 3657-3659

Shri Robert Bruce C. 3659-3663

Shri P. P. Chaudhary 3663-3674

Shri Neeraj Maurya 3674-3678

ANNEXURE – I

(i) Member-wise Index to Starred Questions (19.03.2026) 3679-3680

Member-wise Index to Starred Questions (20.03.2026) 3681-3682

Member-wise Index to Starred Questions (23.03.2026) 3683-3684

(ii) Member-wise Index to Unstarred Questions (19.03.2026) 3685-3697

Member-wise Index to Unstarred Questions (20.03.2026) 3698-3709

Member-wise Index to Unstarred Questions (23.03.2026) 3710-3720

ANNEXURE – II

(i) Ministry-wise Index to Starred Questions (19.03.2026) 3721

Ministry-wise Index to Starred Questions (20.03.2026) 3722

Ministry-wise Index to Starred Questions (23.03.2026) 3723

(ii) Ministry-wise Index to Unstarred Questions(19.03.2026) 3724-3725

Ministry-wise Index to Unstarred Questions(20.03.2026) 3726-3727

Ministry-wise Index to Unstarred Questions(23.03.2026) 3728-3729

OFFICERS OF LOK SABHA

THE SPEAKER

Shri Om Birla

PANEL OF CHAIRPERSONS

Shri N. K. Premachandran

Shri Jagdambika Pal

Shri P. C. Mohan

Shrimati Sandhya Ray

Shri Dilip Saikia

Kumari Selja

Shri A. Raja

Dr. Kakoli Ghosh Dastidar

Shri Krishna Prasad Tenneti

Shri Awadhesh Prasad

SECRETARY GENERAL

Shri Utpal Kumar Singh

LOK SABHA DEBATES

LOK SABHA

Monday, March 23, 2026/ Chaitra 2, 1948 (Saka)

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock.

[**HON. SPEAKER** *in the Chair*]

REFERENCE BY THE SPEAKER

Homage to the Great Revolutionary Freedom Fighters

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, वर्ष 1931 में आज ही के दिन अर्थात् 23 मार्च को भारत के तीन महान सपूतों भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु जी ने देश के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति दी थी। इन महान वीरों ने अल्प आयु में ही भारत के स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई लड़ी और भारत की स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। इन शहीदों की वीरता, शौर्य और देशभक्ति ने एक स्वाधीन एवं सशक्त राष्ट्र की नींव रखी।

हमारे इन महान शहीदों की वीरता की अमर गाथा हमारे युवाओं और समस्त देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणा की स्रोत रही है। हम इन महान सपूतों की शहादत को नमन करते हैं। सदन समस्त राष्ट्र की ओर से इन अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और अपने जीवन में उनके महान विचारों एवं आदर्शों के अनुसरण का संकल्प लेते हैं।

अब सभा शहीदों और हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में कुछ देर मौन रहेगी।

11.01 hrs

The Members then stood in silence for a short while.

———

11.02 hrs

ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

@Starred Question Nos. 421 to 428 (23.03.2026)

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न काल। प्रश्न संख्या 421.

श्री राजमोहन उन्नीथन जी – उपस्थित नहीं।

INTEGRATION OF LAKHPATI DIDI INITIATIVE IN HIGHER EDUCATION

***421. SHRI RAJMOHAN UNNITHAN[#] :**

Will the Minister of **EDUCATION** be pleased to state:

(a) whether the Government proposes to integrate 'Lakhpati Didi' initiative into higher education ecosystems, if so, the details thereof;

(b) whether any of the Kerala Universities have been shortlisted for global education hub development, if so, the details thereof; and

(c) the steps taken or proposed to be taken by the Government to strengthen regional equity in the expansion of higher education?

शिक्षा मंत्री (श्री धर्मेन्द्र प्रधान):

(क) से (ग): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

विवरण

(क): 'लखपति दीदी' पहल 'दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन' (डीएवाई-एनआरएलएम) का एक परिणाम है, यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है जिसे ग्रामीण

@ The sign + marked above the name of a Member indicates that the Question was actually asked on the floor of the House by that Member.

Since Shri Rajmohan Unnithan was not present, hence Hon'ble Speaker asked the Hon'ble Minister to lay the reply and allowed Dr. Mallu Ravi, Shri Vishnu Datt Sharma and Dr. T. Sumathy *alias* Thamizhachi Thangapandian to ask Supplementary Questions.

विकास मंत्रालय द्वारा राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों (चंडीगढ़ और दिल्ली को छोड़कर) के सहयोग से लागू किया जा रहा है, इसका मुख्य उद्देश्य देश के गरीब ग्रामीण परिवारों की आजीविका में सुधार करना तथा ग्रामीण परिवारों को 'स्वयं सहायता समूहों' (एसएचजी) के रूप में संगठित करके उनका सामाजिक और आर्थिक समावेशन करना है। 'लखपति दीदी' पहल का लक्ष्य स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) से जुड़ी महिलाओं को सशक्त बनाना तथा उन्हें इस योग्य बनाना है कि वे कम से कम 4 कृषि मौसमों और/या व्यावसायिक चक्रों तक दीर्घकालिक आधार पर प्रति वर्ष न्यूनतम एक लाख रुपये की आय अर्जित कर सकें। यह एक समुदाय-आधारित आजीविका कार्यक्रम है जिसे स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के माध्यम से लागू किया जाता है और यह कार्यक्रम व्यावहारिक, अनौपचारिक अधिगम के साथ-साथ उद्यमशीलता से जुड़े कौशलों को बढ़ावा देकर अप्रत्यक्ष रूप से पारिस्थितिकी तंत्र को पूर्ण करता है।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने “भारत में उच्च शिक्षा संस्थानों (एचईआई) में सामाजिक उत्तरदायित्व और सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए संशोधित दिशा-निर्देश” उच्च शिक्षा संस्थानों (एचईआई) के कुलपतियों, निदेशकों, प्रधानाचार्यों, संकाय सदस्यों और उच्च शिक्षा संस्थानों के छात्रों को जारी किए हैं। इसका उद्देश्य ग्रामीण पृष्ठभूमि के अनुभव को बढ़ावा देना, विकास कार्यक्रमों का अध्ययन करना, गरीबी के कारणों का विश्लेषण करना और बेहतर अधिगम तथा समाधान के लिए कक्षा ज्ञान को वास्तविक जीवन की स्थितियों में लागू करना है।

केंद्रीय विश्वविद्यालयों आईआईएम आदि जैसे केंद्र प्रशासित उच्च शिक्षा संस्थान महिलाओं के नेतृत्व वाले स्वयं सहायता समूहों और महिला उद्यमियों को प्रशिक्षित करने के लिए पहल कर रहे हैं।

शिक्षा मंत्रालय ‘उन्नत भारत अभियान’ (यूबीए) नामक एक प्रमुख कार्यक्रम भी चलाता है। इसका उद्देश्य देश में उच्च शिक्षा संस्थानों को विशेष रूप से समाज और गांवों से जोड़ना है ताकि छात्र और संकाय उस क्षेत्र की प्राकृतिक, भौतिक और सामाजिक विशेषताओं के व्यावहारिक अनुभव से सीख सकें, ग्रामीण जीवन की वास्तविकताओं को समझ सकें और कक्षा में शिक्षाविदों

के अलावा ग्रामीण लोगों के पारंपरिक ज्ञान के साथ अपने ज्ञान को भी समृद्ध कर सकें। यूबीए में 4806 संस्थाएंन भाग ले रही हैं तथा ~23000 भागीदार गांवों में काम कर रही हैं।

(ख): केंद्रीय बजट 2026-27 में राज्यों को सहयोग प्रदान कर चुनौती मार्ग के माध्यम से प्रमुख औद्योगिक और लॉजिस्टिक कॉरिडोर के आस-पास 5 यूनिवर्सिटी टाउनशिप स्थापित करने की घोषणा की गई है। इन योजनाबद्ध शैक्षणिक क्षेत्रों में कई विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, अनुसंधान संस्थाएं, कौशल केंद्र और आवासीय परिसर होंगे।

एक परामर्शात्मक प्रक्रिया के माध्यम से योजना की विस्तृत संरचना को अंतिम रूप दी जाएँगी जिसमें इसके कार्यान्वयन मॉडल, प्रमुख घटक, प्राथमिकता वाले क्षेत्र और संस्थागत व्यवस्थापन शामिल हैं। बड़े पैमाने पर, प्रस्तावित विश्वविद्यालय टाउनशिप को विश्व-स्तरीय शैक्षणिक और अनुसंधान अवसंरचना प्रदान करने पर विचार किया गया है जिसमें नवाचार और उद्भवन सुविधाएँ, उद्योग साझेदारियाँ तथा दीर्घकालिक शहरी सुविधाएँ शामिल होंगी।

स्थानों का चयन उपयुक्त भूमि की उपलब्धता, संपर्क क्षमता, क्षेत्रीय शैक्षिक आवश्यकताओं, उद्योग से जुड़ने की संभाव्यता, संतुलित क्षेत्रीय विकास और पर्यावरणीय संवहनीयता जैसे कारकों पर निर्भर करेगा।

(ग): शिक्षा समवर्ती सूची में है। सभी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए, केंद्र सरकार और राज्य सरकारें दोनों समान रूप से जिम्मेदार हैं। केंद्र सरकार ने उच्च शिक्षा के विस्तार में क्षेत्रीय निष्पक्षता को सुदृढ़ करने हेतु विभिन्न उपाय किए हैं, जैसे और अधिक उच्च शिक्षा संस्थानों को खोलना, वर्ष 2014 से 16 भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी), 8 केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयू), 8 भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम), 7 भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), 2 भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर), 1 राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) और 12 नए एम्स स्थापित किए गए हैं; छात्रों जिनमें अल्पसेवित क्षेत्रों के छात्र शामिल है, को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए विभिन्न छात्रवृत्ति और अध्येतावृत्ति योजनाओं को लागू करना; विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा बेहतर

प्रदर्शन करने वाले उच्च शिक्षा संस्थाओं (एनएएसी और एनआईआरएफ रैंकिंग के आधार पर) को गुणवत्ता मानकों के आधार पर पूर्ण मुक्त दूरस्थ शिक्षा/ऑनलाइन कार्यक्रम प्रदान करने की अनुमति देना; छात्रों को आसानी से अपने अधिगम पथ के बारे में निर्णय लेने के लिए उच्च शिक्षा प्रणाली में बहुत आवश्यक लचीलापन और समुचित निर्गम के साथ-साथ प्रवेश का विकल्प प्रदान करना; एक साथ दो शैक्षणिक कार्यक्रमों को जारी रखने की अनुमति देना; एक शैक्षणिक वर्ष में दो दाखिला चरणों के लिए उच्च शिक्षा संस्थाओं को अनुमति देना; स्टडी वेब्स फॉर एक्टिव लर्निंग फॉर यंग एस्पायरिंग माइंड्स (स्वयम) प्लेटफॉर्म जो कई अध्ययन विषयों में उच्च गुणवत्ता वाले संरचित ऑनलाइन पाठ्यक्रम प्रदान करता है, के माध्यम से सभी शिक्षार्थियों के लिए कभी भी, कहीं भी अधिगम के अवसर प्रदान करना, स्वयम प्लेटफॉर्म का उपयोग करके नियमित पाठ्यक्रमों में 40% तक क्रेडिट की अनुमति देना; तथा 13 भाषाओं में जेईई, एनईईटी (यूजी) और कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) परीक्षाएं आयोजित करना और विशेष रूप से स्थानीय / ग्रामीण पृष्ठभूमि के छात्रों की सुविधा के लिए भारतीय भाषाओं में पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराना।

एनईपी 2020 के अनुरूप, सरकार ने शैक्षणिक रूप से असेवित/अल्पसेवित क्षेत्रों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वर्ष 2023-24 से 2025-26 की अवधि के लिए 12926.10 करोड़ रुपये के परिव्यय से जून 2023 में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम-उषा) के रूप में राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रुसा) का तीसरा चरण शुरू किया है। पीएम-उषा के तहत, फोकस जिलों को प्राथमिकता दी जाती है। संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा विभिन्न मानदंडों के आधार पर फोकस जिलों की पहचान की जाती है जिनमें कम सकल नामांकन अनुपात, लैंगिक समानता, महिलाओं, ट्रांसजेंडर, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए जनसंख्या अनुपात और नामांकन अनुपात, आकांक्षी/सीमावर्ती क्षेत्र/वामपंथी उग्रवाद प्रवण जिला आदि शामिल हैं।

बजट घोषणा 2025-26 के अनुसरण में, सरकार ने आंध्र प्रदेश (आईआईटी तिरुपति), केरल (आईआईटी पलक्कड़), छत्तीसगढ़ (आईआईटी भिलाई), जम्मू और कश्मीर (आईआईटी

जम्मू) और कर्नाटक (आईआईटी धारवाड़) राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में स्थापित पांच नए आईआईटी के अनुसंधान पार्क के निर्माण सहित शैक्षणिक और अवसंरचना क्षमता के विस्तार को मंजूरी दी है जिस पर कुल परिव्यय 11,828.79 करोड़ रुपये होगा जिससे 6500 अतिरिक्त छात्रों के लिए शिक्षा सुलभ होगी। उपरोक्त के अलावा, सरकार ने उच्च शिक्षा निधियन एजेंसी (एचईएफए) के माध्यम से आईआईटी जोधपुर, आईआईटी पटना, आईआईटी इंदौर के लिए शैक्षणिक और छात्रावास संबंधी अवसंरचना के विस्तार और अनुसंधान पार्क के विकास के लिए कुल 1942 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है।

अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण (एआईएसएचई) पोर्टल के अनुसार, देश में विश्वविद्यालय/विश्वविद्यालय स्तरीय संस्थाओं, महाविद्यालयों और स्वचलित संस्थाओं की संख्या बढ़कर क्रमशः 1395, 53197 और 16577 हो गई। एआईएसएचई पोर्टल पर रिपोर्ट किए गए उच्च शिक्षा संस्थाओं के बारे में राज्य-वार डेटा https://dashboard.aishe.gov.in/hedirectory/#/hedirectory पर उपलब्ध है।

DR. MALLU RAVI: Thank you, Sir, for giving me the chance to ask a supplementary. Sir, will the Minister of Education be pleased to state whether any of the universities from the State of Telangana have been shortlisted or are under consideration for recognition as Global Education Hub institutions.

SHRI DHARMENDRA PRADHAN: Speaker, Sir, the Question is on something different and the hon. Member asked a specific question on whether any university has been identified in Telangana. Sir, today, the Question is on something else.

श्री विष्णु दत्त शर्मा : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि खजुराहो बुंदेलखंड का केन्द्र है। उच्च शिक्षा के विस्तार में क्षेत्रीय समानता को सुदृढ़ करने के लिए, मैं माननीय मंत्री महोदय से अनुरोध करना चाहता हूं कि माननीय प्रधान मंत्री

जी का बुंदेलखंड की जनता पर फोकस है और बुंदेलखंड के विकास के लिए वे लगातार प्रतिबद्ध हैं तथा बुंदेलखंड की प्रगति लगातार देश के अंदर बढ़ रही है, लेकिन वहां उच्च शिक्षा का कोई बड़ा केन्द्र नहीं है। खजुराहो बुंदेलखंड का एजुकेशन का हब बन सकता है। मैं माननीय मंत्री महोदय से अनुरोध करना चाहता हूं कि एनआईटी जैसे उच्च शिक्षा संस्थान की स्थापना के लिए अगर खजुराहो के अंदर कोई योजना है या ऐसी योजना हो सकती है तो वहां के युवाओं के लिए, वहां की जनता के लिए एक बड़ा अवसर होगा। यही मैं आपके माध्यम से अनुरोध करना चाहता हूं।

श्री धर्मेन्द्र प्रधान : स्पीकर सर, आदरणीय सदस्य ने बुंदेलखंड से संबंधित एक स्पेसिफिक प्रश्न पूछा है। लेकिन इस मूल प्रश्न में जो 'ग' पार्ट है, उसमें उच्च शिक्षा के विस्तार में रीजनल इक्विटी के बारे में क्या योजना है । वर्ष 2014 के बाद कितने आईआईटी, आईआईआईटी, आईआईएसईआर, आईआईएम, सेंट्रल यूनिवर्सिटी, एनआईटी और एम्स खोले गए हैं, यह इस उत्तर में लिखा गया है । अनेक प्रकार की पीएम उत्साह योजना व 'स्वयं' पोर्टल में, 'स्वयं' प्लेटफॉर्म पर 40 प्रतिशत तक क्रेडिट के माध्यम से ऑनलाइन क्रेडिट उपलब्ध करने की व्यवस्था और रिसर्च पार्क जैसी योजना देशभर के अनेक इलाकों में बनाई गई है। स्पेसिफिक बुंदेलखण्ड के बारे में मैं आदरणीय सदस्य से चर्चा कर सकता हूं।

DR. T. SUMATHY *ALIAS* THAMIZHACHI THANGAPANDIAN: Sir, this Question pertains to the Central Institute of Classical Tamil. Though it may not be directly related to the Question asked, I have a request to make to the hon. Minister through you, Sir.

The Central Institute of Classical Tamil in Chennai has only one permanent faculty member and just three permanent non-teaching staff. This has also been acknowledged by the Parliamentary Standing Committee on Education. Such an acute number of vacancies can affect academic research, teaching capacity, and the overall functioning of the institution. Therefore, I

would request the hon. Minister, through you, Sir, to inform when the Government proposes to fill all the permanent faculty and staff vacancies at the Central Institute of Classical Tamil.

SHRI DHARMENDRA PRADHAN: Speaker Sir, this is a separate question.

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न सं. 422, श्री माथेश्वरन वी. एस. - उपस्थित नहीं।

GRANTS PAYABLE TO KERALA

***422. SHRI MATHESWARAN V. S.[#]:**

Will the Minister of **FINANCE** be pleased to state:

(a) the quantum and details of all kinds of grants payable to Kerala by the Union Government during the last five years till date, year-wise, sector-wise and category-wise;

(b) the quantum and details of arrears of Grants and amounts outstanding for any reasons whatsoever under various categories of grants payable to Kerala as on date, sector-wise and category-wise; and

(c) the reasons for the delay in releasing such amounts?

THE MINISTER OF FINANCE; AND MINISTER OF CORPORATE AFFAIRS (SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN):

(a) to (c): A Statement is laid on the Table of the House.

STATEMENT

(a) to (c): The Department of Expenditure releases Central Finance

[#] Since Shri Matheswaran V. S. was not present, hence Hon'ble Speaker asked the Hon'ble Minister to lay the reply and allowed Shri Darshan Singh Choudhary, Shri B. Manickam Tagore and Shri Manish Tewari to ask Supplementary Questions.

Commission recommended grants to States including the State Government of Kerala based on receipt of recommendations from the nodal Ministry/Department. Further, the release of grants is subject to fulfillment of conditions stipulated in the extant guidelines of the respective grant categories. Details of grants recommended by the 15th Finance Commission and the amount released to the State Government of Kerala from 2021-22 to 2025-26 are as follows:

(Rs. In Crore)

Component	2021-22		2022-23		2023-24		2024-25		2025-26	
	Allocation	Release	Allocation	Release	Allocation	Release	Allocation	Release	Allocation	Release
Post Devolution Revenue Deficit Grants (PDRDG)*	19891	19891	13174	13174	4749	4749	0.00	0.00	0.00	0.00
Grants-in-Aid for State Disaster Response Fund	251	251	264	264	278	278	291	291	306	153
Grants-in-Aid for State Disaster Mitigation Fund	63	63	66	66	69	69	73	36	77	0.00
Grants for Rural Local Bodies	1203	1203	1246	1246	1260	1260	1334	1334	1301	911
Grants for Urban Local Bodies	592	592	613	613	649	576	687	306	701	0.00
Health sector grants	559	558	559	559	587	578	616	616	647	0.00
TOTAL	22559	22558	15922	15922	7592	7510	3001	2583	3032	1064

*No grant was recommended by the 15th Finance Commission to Kerala for FY 2024-25 and 2025-26.

In addition to the aforesaid grants, an amount of Rs 115 crore has been provided to Kerala from the National Disaster Response Fund. Further, no case for release of the 15th Finance Commission recommended grants to Kerala received from the Nodal Ministry after fulfilment of stipulated conditions,

is pending in the Department of Expenditure, Ministry of Finance.

माननीय अध्यक्ष : श्रीमती दग्गुबाती पुरंदेश्वरी जी।

SHRIMATI DAGGUBATI PURANDESWARI: Sir, I have requested for a supplementary to Question No. 424.

माननीय अध्यक्ष : क्या आप इस प्रश्न में नहीं पूछना चाहते?

श्रीमती दग्गुबाती पुरंदेश्वरी : नहीं सर। मुझे प्रश्न 424 में पूछना है।

माननीय अध्यक्ष : ओके।

श्री दर्शन सिंह चौधरी।

श्री दर्शन सिंह चौधरी : धन्यवाद अध्यक्ष महोदय। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह पूछना चाहता हूं कि हमारे नरसिंहपुर नर्मदापुरम लोक सभा क्षेत्र में पिछले वर्षों में विभिन्न मदों के अंतर्गत कुल कितना अनुदान प्रदान किया गया है। कृपया वर्षवार, योजनावार उसका विवरण दें, जिससे कि हमारे लोक सभा क्षेत्र को विशेष सहायता मिल सके। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : उससे हर देश के संसद सदस्यों के अनुदान की राशि नहीं पता चलेगी।

श्रीमती निर्मला सीतारमण : सर, वैसे भी ये प्रश्न केरल के हैं।

SHRI B. MANICKAM TAGORE: The hon. Minister has stated that no dues are pending, but the data submitted by the hon. Minister shows a sharp mismatch between allocation and actual release. In Kerala, total grants have declined from Rs. 22,559 crore in 2021-22 to just Rs. 3,332 crore in 2025-26. Out of this, only Rs. 1,064 crore have actually been released. As a result, key sectors such as urban local bodies, health, and disaster mitigation are witnessing partial or even zero release despite approved allocations.

At the same time, Tamil Nadu has consistently raised concerns regarding declining Central transfers, tightened conditionalities, and reduced

fiscal space, despite being a major contributor to the national economy. Is the Government indirectly restricting fund releases to States through conditions and delays, or will the hon. Minister clearly explain why approved allocations are not being fully released to States like Kerala and Tamil Nadu?

SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN: Sir, to approve an amount is one thing. Thereafter, the State draws the first tranche, utilises it, and submits a utilisation certificate, following which the second tranche is released. At times, even the first tranche is not drawn. For instance, I would like to highlight a specific case from the Kerala data, where despite allocation, the State Government has not drawn the amount. For example, an amount of Rs. 311.95 crore has been approved under the National Disaster Mitigation Fund, which includes Rs. 72 crore specifically for risk mitigation projects in the landslide-affected areas of Wayanad, Rs. 17.73 crore under the Forest Fire Mitigation Programme, which, though not related to the Wayanad landslide, is still disaster-related.

Further, an amount of Rs. 222.22 crore has been approved under the Urban Flood Risk Management Program Phase – II, and that is for the Thiruvananthapuram city. I am just putting together for Kerala and saying that for Rs. 311.95 crore, which is approved, zero is the amount released. I will release only when the State applies for it or asks for it or quotes something for it. So, approval is one thing, and applying and seeking it is another.

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न संख्या 423, श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेल।

पर्यावरण संबंधी मुआवज़े की वसूली

***423. श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेल:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी)/राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एसपीसीबी) के विरुद्ध लापरवाही/कर्तव्य की उपेक्षा के कितने मामले सामने आए हैं;

(ख) क्या पर्यावरणीय मुआवज़ा शत-प्रतिशत वसूल कर लिया गया है और यदि नहीं, तो इसकी बकाया राशि कितनी है तथा क्या उक्त राशि की वसूली के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित की गई है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या दमनगंगा/बिलखाड़ी/कोलक नदियों के संबंध में कार्ययोजना की नदी-वार प्रगति रिपोर्ट तैयार कर ली गई है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार द्वारा "बार-बार उल्लंघन करने वाले" उद्योगों (नाम बताने और शर्मिंदा करने की नीति) की सूची को सार्वजनिक किए जाने की संभावना है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ङ) क्या सरकार द्वारा उक्त उद्योगों के संबंध में त्रैमासिक सार्वजनिक अनुपालन डैशबोर्ड जारी किए जाने और एक सार्वजनिक पोर्टल पर वास्तविक समय में ऑनलाइन सतत उत्सर्जन निगरानी प्रणाली (ओसीईएमएस) उपलब्ध कराने की संभावना है; और

(च) क्या सरकार का विचार केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड/राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों की व्यक्तिगत जवाबदेही तय करने के लिए कोई नीति बनाने का है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE; AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI KIRTI VARDHAN SINGH):

(a) to (f): A Statement is laid on the Table of the House.

STATEMENT

(a): The Central Pollution Control Board (CPCB) has reported one disciplinary action that has been taken during the last five years. The data regarding disciplinary action against negligence/dereliction of duty by the staff of State Pollution Control Boards (SPCBs) are being maintained by concerned State Boards.

(b): CPCB has imposed environmental compensation of Rs.48.42 crores and recovered Rs.47.35 crore for the period from 2018 to 2024. Accordingly, Rs.1.06 crore is outstanding. The time limit for payment of environmental compensation is specified in the respective order on case-to-case basis. The data regarding outstanding amount of environmental compensation collected by the SPCBs are being maintained by concerned State Boards.

(c): Based on the information received from Gujarat Pollution Control Board (GPCB) and Dadra and Nagar Haveli and Daman and Diu Pollution Control Committee (DNH & DD PCC), the river-wise progress report of the action plan for Daman Ganga has been prepared by GPCB and PCC of DNH and DD) and progress report of the action Plan for Kolak River has been prepared by GPCB which also includes Bhill Khadi rivulet.

(d) and (e): Action against non-compliant industries is taken as per the provisions of the Air (Prevention and Control of Pollution) Act, 1981, the Environmental (Protection) Act, 1986, the Water (Prevention and Control of Pollution) Act, 1974 on case to case basis. OCEMS data is available in public domain and can be accessed at https://rtdms.cpcb.gov.in/data (for live data)

and https://rtdms.cpcb.gov.in/publicdata (for historical data).

(f): Accountability of the officials of CPCB and SPCB is governed under the applicable Service Rules, Conduct Rules and disciplinary procedure of the Central Government and State Government, respectively.

श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेल : माननीय अध्यक्ष महोदय, मेरा संघ प्रदेश दमन, वापी गुजरात के केमिकल एवं अन्य उद्योगों द्वारा छोड़ जा रहे जहरीले गैस और प्रदूषित जल से गंभीर संकट में है। आज कोलक, बिलखाड़ी एवं दमनगंगा नदियां जहरीली नालियां बन चुकी हैं, जो हमारे समुद्रों को भी काफी हद तक जहरीला और प्रदूषित कर रही हैं। इन उद्योगों के प्रदूषण से आज स्थिति यह है कि हमारे प्रदेश की जमीन, हवा और पानी जहरीले एवं प्रदूषित हो चुके हैं। इसका सीधा असर मछुआरों आजीविका की जनता और जनता के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। वहां कैंसर जैसी गंभीर बीमारी बढ़ रही है।

महोदय, मेरे प्रश्न से संबंधित सभा पटल पर रखे गए उत्तर से, मैं संतुष्ट नहीं हूं। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप प्रश्न पूछिए।

...(व्यवधान)

श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेल : सर, मैं वही कह रहा हूं।

कई जगहों पर आंकड़े नहीं हैं, रिस्पॉसिबिलिटी एसपीसीबी पर डाल दी गई है, लेकिन टाइम लाइन कब तक क्या होगा, यह नहीं बताया गया है, नो एकाउंटिबिलिटी, किसी पर ठोस कार्रवाई नहीं, ग्राउंड रियलिटी मिसिंग है, रिपोर्ट्स का हवाला दिया जाता है।

मैं माननीय मंत्री जी से स्पष्ट सवाल का स्पष्ट उत्तर चाहता हूं कि वर्ष 2019 में एनजीटी द्वारा हमारे प्रदेश की दमनगंगा नदी के प्रदूषण पर क्या ठोस निर्देश दिए गए थे, किन तथ्यों के आधार पर ये निर्देश दिए गए थे और आज तक उन निर्देशों पर क्या अनुपालन हुआ है? इसके साथ ही आप यह बताइए कि इन नदियों में फैल रहे प्रदूषण को लेकर अब तक जीपीसीबी और

सीपीसीबी की कितनी संयुक्त जांच रिपोर्ट्स बनी हैं और उनके प्रमुख निष्कर्ष क्या रहे हैं?

श्री कीर्ति वर्धन सिंह : सर, मैं माननीय सदस्य श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेल जी का कंसर्न बहुत जेन्युइन है। यह इस विषय पर बहुत मेहनत भी कर रहे हैं। मैं उनकी प्रशंसा करना चाहता हूं कि इन्होंने दमन-दीव और दादरा नागर हवेली के पर्यावरण की समस्याओं को लेकर कई बार यह बात उठाई है, प्रश्न उठाए हैं और नियम 377 के तहत भी इसे रखा है एवं मुझसे मिल कर भी अपना कंसर्न जाहिर किया है।

सर, इस संबंध में मैं आपसे कहना चाहता हूं कि हमारी सरकार का यह प्रयास है कि देश के पर्यावरण में निरंतर सुधार किया जाए। जिस तरह से हमारे देश की इकोनॉमी बढ़ रही है, इंडस्ट्रीज बढ़ रही हैं, बिजनेस बढ़ रहे हैं, उनके साथ-साथ हमारी इंडस्ट्रीज से एफ्लूएंट डिसचार्ज हमारी नदियों और ग्राउंड वाटर में जाता है। यह एक विषय है, जिस पर हम लोग उस पर पूरी मेहनत के साथ हर स्तर पर एड्रेस भी कर रहे हैं।

सर, माननीय सदस्य जी ने पूछा है कि इस पर क्या ठोस कार्रवाई हुई है, तो मैं माननीय सदस्य जी को निश्चिंत करना चाहता हूं कि उनके लेटर्स, उनके प्रयासों के बाद हमारे यहां जो दमनगंगा और कोलक नदियां हैं, जो इनका कंसर्न है, उनके लिए हमारे स्टेट एक्शन प्लान भी बने हैं और हमारी रिवर मॉनिटरिंग कमेटी भी लगातार उनकी मॉनिटरिंग कर रही है।

सर, उसका रिजल्ट यह है कि दमनगंगा रिवर पॉल्युटेड रिवर कैटेगरी-एक में थी और कोलक नदी पॉल्युटेड रिवर कैटेगरी–फोर में थी, उसमें लगातार इम्प्रुवमेंट हुआ है। उनकी पानी की गुणवत्ता में बढोतरी हुई है।

सर, पर्टिकुलरली माननीय सदस्य ने उस पर लिए गए एक्शन के बारे पूछा है। गुजरात पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने 1 जनवरी, 2025 से 24 फरवरी, 2026 तक 1,890 इंस्पेक्शंस किए हैं। ये वापी एरिया में किए गए हैं। इन इंस्पेक्शंस का यह रिजल्ट रहा कि बोर्ड ने अलग-अलग इंडस्ट्रीज को माइनर वॉयलेशंस के लिए 196 शो-कॉज नोटिसेज इश्यू किए हैं। मीडियम वायलेशंस के लिए 36 नोटिस डायरैक्शंस दिए गए हैं, 36 क्लोजर-डायरैक्शंस भी दिए गए हैं, जहां इंडस्ट्रीज ने बहुत

ग्रेव वायलेशंस बार-बार किए हैं।

सर, इसी तरह गुजरात पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने एन्वायरन्मेंटल कम्पनसेशन भी लेवी किया है, उसका एमाउंट एक करोड़ 81 लाख 13 हजार रुपये है। ये वापी के 33 यूनिट्स पर लेवी किया गया है। यह 1 जनवरी, 2025 से 24 फरवरी, 2026 तक किया गया है। एक करोड़ 81 लाख 13 हजार रुपये में से एक करोड़ 39 लाख, 35 हजार रुपये इन 28 यूनिट्स से रिकवर भी की गई हैं, बाकी कुछ यूनिट्स कोर्ट में चली गई हैं। वे अंडर ज्यूरिसडिक्शन हैं।

सर, इसी तरह से 1 जनवरी, 2025 से 21 मार्च 2026 तक दादरा-नगर हवेली और दमन-दीव की पीसीसी ने 196 इंस्पेक्शंस किए हैं।

इंसपेक्शन दमन और दादरा नगर हवेली एरिया में हुई। इस इंसपेक्शन के बल पर 35 शो कॉज नोटिसेज इश्यू किए गए है, जो माइनर वायलेशन्स के हैं, दो नोटिस मीडियम वायलेशन के है और 24 क्लोजर डायरेक्शन भी वहां की इंडस्ट्रीज और यूनिट्स को इश्यू किए गए। इसके साथ-साथ एनवायरमेंटल कम्पनसेशन 28 लाख 36 हजार 750 रुपये के लिए दमन में 19 यूनिट्स को नोटिस इश्यू किया गया और पूरा रिकवर भी हो गया।

जहां तक दमन गंगा और कोलक रिवर के वॉटर क्वालिटी की बात है, 2024 से आज तक उसको कम्पेयर किया जाए तो उसमें इम्प्रूवमेंट हुआ है, हालांकि अभी भी पोल्यूटेड कटेगरी में है, लेकिन इनका पोल्यूशन का कैटगरी कम हुआ है।

माननीय अध्यक्ष: अब आप संक्षिप्त में प्रश्न पूछिए।

श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेल : अध्यक्ष महोदय, मैंने यही सवाल पूछा लेकिन उसका जवाब नहीं मिला।

माननीय अध्यक्ष: मैं इससे ज्यादा डिटेल से जवाब देने के लिए एलाऊ नहीं करूंगा।

श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेल : अध्यक्ष महोदय, मैंने सवाल पूछा कि एनजीटी ने क्या निर्देश दिए थे, इसके साथ जीपीसीबी और सेंट्रल पोलूशन कंट्रोल बोर्ड की क्या रिपोर्ट थी। मुझे इसका जवाब मिल जाए। मंत्री जी ने रिपोर्ट में भी कहा, क्या सरकार बताएगी कि दमन गंगा और कोलक और

बिलखरी नदियों के पुनर्जीवन के लिए जमीनी स्तर पर कब तक और कितना कार्य वास्तव में हुआ और अगर नहीं हुआ तो क्यों नहीं हुआ?

श्री कीर्ति वर्धन सिंह : अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य नदियों की बात कर रहे हैं, इस बारे में कितना एक्शन हुआ है, यह मैंने आपके सामने रख दिया है। उसके साथ-साथ एनजीटी के बारे में पूछ रहे हैं, एक ओरिजनल अप्लीकेशन 95/2018 के बारे में एनजीटी ने एक आर्डर पास किया था, on damage assessment of the River Daman Ganga and the cost of restoration, accountability and liability of industry in the Vapi area. उन्हीं इंडस्ट्रीज को क्लोजर नोटिस, माइनर नोटिस और अन्य नोटिसेज दी गई हैं और उन्हीं इंडस्ट्रीज से पैसा भी लिया गया है । उसके साथ-साथ एक कमेटी भी गठित की गई है, it comprises of CPCB, GPCB, Indian Institute of Management, Ahmedabad, IIT, Gandhinagar and NEERI. इस कमेटी ने अपनी रिपोर्ट भी सबमिट की । इसके बाद डैमेज का कम्पनसेशन रिकवर हुआ और उसको डिस्ट्रीब्यूट भी किया। अगर इसके बारे में अगर माननीय सदस्य और डिटेल चाहते हैं तो मैं उसे माननीय सदस्य को उपलब्ध करा दूंगा।

SHRIMATI HEMAMALINI: Hon. Speaker Sir, air pollution ignores State boundaries. Yet, enforcement is fragmented across State Pollution Control Boards and local municipalities. Experts advocate for an airshed management approach, treating polluted area as a single unit rather than separate States. I want to ask the hon. Minister what steps the Government has taken so far in view of airshed management approach and how effective are those steps in tackling the issues of rising air pollution in Mumbai, Delhi NCR, and Ganga basin areas.

श्री कीर्ति वर्धन सिंह: अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य का जो प्रश्न है, हालांकि डायरेक्टली इससे रिलेटेड नहीं है, लेकिन फिर भी मैं आश्वस्त करना चाहता हूं कि हमारी सरकार पोल्यूशन

को कंट्रोल करने के लिए जितने भी उपाय हैं, सभी पर कार्यरत हैं।

देश में एक सेंट्रल पोल्यूशन कंट्रोल बोर्ड है, उसके अंतर्गत हर स्टेट में एक स्टेट पोल्यूशन कंट्रोल बोर्ड है, यूनिटन टेरिटरी में पोलूशन कंट्रोल कमेटी है। सेंट्रल पोल्यूशन कंट्रोल बोर्ड डायरेक्शन देता है, इसके अंतर्गत जितने भी स्टेट के पोल्यूशन कंट्रोल बोर्ड हैं, उसी के अंतर्गत काम करते हैं।

आपका कहना सही है कि पोल्यूशन की कोई बाउन्ड्री नहीं होती है। जो ओरिजनल सवाल नदियों को लेकर था, नदियां एक स्टेट से शुरू होकर दूसरे स्टेट में जाती हैं और फिर अरेबियन सी में गिरती हैं। जो पोल्यूशन होता है, उसे सारी जगह प्रभावित होता है। हर जगह के लिए पोल्यूशन मोनिटरिंग मैक्निज्म है, हरेक नदियों के लिए है। मैं उसका नम्बर दे सकता हूं, उसकी लगातार मोनिटरिंग होती है।

मॉनिटरिंग स्टेशन्स जो डेटा देते हैं, उनके तहत सीपीसीबी, स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड व पीसीसी भी इंस्पेक्शन किया करते हैं। अगर पॉल्यूशन बढ़ रहा है, तो रिक्वायर्ड एक्शन्स लिए जाते हैं।

श्री मनीश तिवारी : धन्यवाद अध्यक्ष जी। मेरा सप्लीमेंट्री सवाल मूल सवाल से संबंधित नहीं है। चूंकि मूल सवाल केंद्रशासित प्रदेश से जुड़ा हुआ है, अत: मैं आपके माध्यम से मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि वर्ष 1958 को सुखना चो पर डैम बनाकर चंडीगढ़ में सुखना लेक को स्थापित किया गया था। पिछले 68 सालों में उस लेक का क्षेत्रफल खत्म हो चुका है। उस लेक के जितने फीडर चैनल्स हैं, उन सभी में वीड्स व अन्य चीजों के कारण वे पूरी तरह से चोक हो चुके हैं। अगर स्थिति ऐसी ही रही, तो सुखना लेक अगले 20 सालों में खत्म हो जाएगी। उच्च न्यायालय व उच्चतम न्यायालय ने भी सुखना लेक को लेकर गहरी चिंता जताई है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाह रहा हूं कि यह बहुत ही संवेदनशील मामला है। कृपया इस पर जरूर ध्यान दीजिएगा।

श्री कीर्ति वर्धन सिंह : सर, जैसा कि माननीय सदस्य ने कहा कि यह मूल सवाल से संबंधित नहीं

है, लेकिन इनका कन्सर्न वाज़िब है। इसे हमें हमेशा ध्यान रखना पड़ता है, क्योंकि जिस तरह से क्लाइमेट बदल रही है और क्लाइमेट चेंज में फर्क आ रहा है तथा रेनफॉल पैटर्न्स बदल रहे हैं। कहीं-कहीं बरसात की कमी हो रही है। कई जगहों पर हमारे जलाशयों के स्तर में गिरावट के साथ-साथ सिल्टिंग की भी प्रॉब्लम आ रही है।

सर, इन्होंने सुखना एरिया की बात की है। यह वहां की प्रदेश सरकार के अंतर्गत आता है।

श्री मनीश तिवारी : सर, वह यूनियन टेरिट्री में आता है।

श्री कीर्ति वर्धन सिंह : सर, पॉल्यूशन कंट्रोल कमेटी के अंतर्गत उनको रिपोर्ट बनानी होगी। मैं आपसे … (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : यह विषय आपके ध्यान में लाया गया है, इसे कृपया देख लीजिएगा।

चन्द्रशेखर जी।

एडवोकेट चन्द्र शेखर : धन्यवाद अध्यक्ष जी, 17 मार्च को प्रश्न संख्या-341 के जवाब में मंत्रालय द्वारा कहा गया कि पयार्वरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की जानकारी के अनुसार मानव-एनिमल कॉन्फलिक्ट होता है। अत: वर्ष 2023 में धनराशि को बढ़ाकर 10 लाख कर दिया गया। मेरे लोक सभा क्षेत्र नगीना में यह बहुत बड़ा इश्यू है। मैंने कई बार इस सदन में उसे उठाया है। मेरे यहां केवल 5 लाख रुपये मिलते हैं। महाराष्ट्र में 20 लाख रुपये मिलते हैं। यूपी में भी कई जगह जैसे बहराइच वगैरह में 20 लाख रुपये मिलते हैं।

अत: मेरा आपके माध्यम से मंत्री से आग्रह है कि कहीं तो किसी की जान की कीमत 20 लाख रुपये है, कहीं 10 लाख रुपये है और कहीं 5 लाख रुपये है। यह गैर-बराबरी खतरनाक है। उत्तर प्रदेश में आपकी डबल इंजन की सरकार है। अत: इसे वहां भी लागू करवाएं। मंत्री जी कृपया इसका जवाब दें। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : मंत्री जी इस पर क्या जवाब देंगे? ठीक है, उनके संज्ञान में आ गया है।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न संख्या 424, श्री रविन्द्र वसंतराव चव्हाण।

संकटग्रस्त आवास परियोजनाओं के लिए 'स्वामीह' निवेश कोष

***424. श्री रविन्द्र वसंतराव चव्हाण:**

श्री सुधीर गुप्ताः

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या किफायती और मध्यम आय वर्ग के आवास के लिए विशेष खिड़की (एसडब्ल्यूएएमआईएच) (स्वामीह) निवेश निधि से किफायती और मध्यम आय वाली रुकी हुई आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने और स्थावर संपदा (रियल एस्टेट) क्षेत्र में संकटग्रस्त परिसंपत्तियों को संकट से निकालने में मदद की है;

(ख) यदि हां, तो विशेषकर संघ राज्यक्षेत्र जम्मू और कश्मीर और पाली लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित राजस्थान, झारखंड, मध्य प्रदेश, विशेषकर देवास और शाजापुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र, महाराष्ट्र विशेषकर पालघर जिला और बेंगलुरू सहित कर्नाटक राज्य में सहायता प्रदान की गई परियोजनाओं, पूर्ण की गई आवासीय इकाइयों, लाभान्वित लाभार्थियों और निवेश की गई या निवेशकों को लौटाई गई पूंजी सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने विशेष रूप से कर्नाटक और मध्य प्रदेश राज्यों में आवास क्षेत्र में खरीददारों के विश्वास को पुनर्जीवित करने, नकदी में सुधार करने और दबाव को कम करने के संबंध में कोई महत्वपूर्ण प्रभाव देखा है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार का कर्नाटक राज्य, विशेषकर बेंगलुरू और मध्य प्रदेश राज्य, विशेषकर देवास-शाजापुर क्षेत्र में रुकी हुई और संकटग्रस्त आवासीय परियोजनाओं का समाधान करने के लिए उक्त निधि के दूसरे चरण का विस्तार करने या शुरू करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

THE MINISTER OF FINANCE; AND MINISTER OF CORPORATE AFFAIRS (SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN):

(a) to (d): A Statement is laid on the Table of the House.

STATEMENT

(a): Yes;

(b): As on 31st January, 2026, Special Window for Affordable and Mid-Income Housing (SWAMIH) Investment Fund has committed investment in 148 projects, which may be seen as follows:

State	No. of Projects Invested	Homes Completed	Beneficiaries Benefitted	Capital Invested across States (In INR Crore)	Total Capital Returned (In INR Crore)
Maharashtra	55	14,764	59,056	3,013.2	1,662.6
Uttar Pradesh	24	17,751	71,004	2,493.4	1,146.3
Haryana	22	14,168	56,672	1,721.1	1,276.9
Rajasthan	13	6,123	24,492	481.6	328.9
Telangana	7	1,888	7,552	691.8	114.2
Karnataka	6	2,153	8,612	759.3	429.9
Tamil Nadu	6	2,587	10,348	286.6	196.2
Punjab	5	1,298	5,192	364.8	85.6
Andhra Pradesh	3	376	1,504	154.5	14.1
Uttarakhand	2	1,763	7,052	215.0	279.8
Gujarat	1	259	1,036	52.0	10.2
Kerala	1	70	280	7.0	7.7
TOTAL	145*	63,200	2,52,800	10,240.2	5,552.3

**The Fund has committed to 148 investments of which three (3) investments, with aggregate commitment of INR 529.0 Crore., are pending first disbursement.*

Of these, 13 projects are in Rajasthan (Jaipur-8, Jodhpur-1, Kota-1, Bhiwadi-3), 57 projects are in Maharashtra (Mumbai-34, Nagpur-1, Nashik-2, Navi Mumbai-2, Pune-7, Thane-11) and 6 projects are in Bengaluru, Karnataka. Further, the fund has no investments in the UT of Jammu and Kashmir, Lok Sabha Constituency of Pali (Rajasthan), Jharkhand, Lok Sabha Constituency of Dewas and Shajapur (Madhya Pradesh) and Palghar (Maharashtra).

(c): Yes, the fund has had a measurable impact on reviving buyer confidence and reducing stress in the housing sector by delivering 63,200 homes with total 1,01,443 homes in the portfolio across India. Beyond enabling completion of homes, SWAMIH has generated significant economic benefits.

In the state of Karnataka, the fund has made investments in 6 projects, with an aggregate commitment of INR 1,146 Crore and the potential to deliver over 5,100 homes. These investments have helped unlock capital of over INR 4,200 Crore that was previously stuck in these projects. As on January 31,2026, the fund has successfully exited 3 of these investments and has delivered 2,100 homes across these projects. The fund does not have any investment in Madhya Pradesh.

(d): SWAMIH Investment Fund II was announced as part of the recent Union Budget, and is in the process of being formally launched.

श्री रविन्द्र वसंतराव चव्हाण : धन्यवाद अध्यक्ष महोदय। भारत में बिल्डरों द्वारा वर्षों से अटकी कई आवासीय परियोजनाएं हैं, जिसमें देश के आम नागरिकों ने अपने जीवन-भर की पूंजी एक आवास खरीदने के लिए लगा दी। एक तरफ तो इन परियोजनाओं में धन लगाने वाला व्यक्ति बैंकों

में किश्त और ब्याज भरता रहा, वहीं दूसरी तरफ मकान न मिलने के कारण किराए के मकान में किराया भी भरता रहा। एनबीसीसी, जो एक सरकारी उपक्रम है और स्वामी फंड का उपयोग करते हुए कुछ अधूरी आवासीय परियोजनाओं को पूरा किया, किन्तु ये परियोजनाएं भी रेरा द्वारा निर्धारित किए गए समय के अनुसार पूरी नहीं हो पाई हैं।

अत: मैं माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि क्या सरकार एनबीसीसी की कार्य-प्रणली की समीक्षा करने और आवंटियों को ब्याज की इस विकट परिस्थिति से निकालने हेतु कोई कदम उठाने पर विचार करेगी?

श्रीमती निर्मला सीतारमण : महोदय, 'स्वामी' फंड के द्वारा जो ऐसेट्स को कम्प्लीट करने के लिए फंड लिया जाता है, उसके लिए अलग से मानीटरिंग टीम होती है। एसबीआई कैप के द्वारा केन्द्र सरकार इस प्रोजेक्ट को चलाती है। उसमें प्रोजेक्ट कंप्लीशन के लिए अगर एनबीसीसी को पिक्चर में आना पड़ा और अगर वह कुछ दिक्कत में है, जो एसबीआई कैप की रिव्यूइंग कमेटी है, वह उसका रिव्यू करेगी। वैसे भी हम फेज-वन कंप्लीट करने के बाद फेज-टू भी लांच कर रहे हैं। इस 'स्वामी' फंड के द्वारा जो रेस्टोरेशन हो रही है, उसमें अच्छी सफलता मिलने के कारण हम आगे सेकेंड फेज लेकर आ रहे हैं। स्पेसिफिकली अगर माननीय सदस्य के विषय में कुछ दिक्कत है, एनबीसीसी के विषय में कुछ दिक्कत है तो वे कॉरपोरेट अफेयर्स को भी लिख सकते हैं या हमें, डीएफएस के द्वारा मंत्रालय को चिट्ठी लिख सकते हैं। हम उसे आगे लेकर जाएंगे।

श्री रविन्द्र वसंतराव चव्हाण : महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीया मंत्री जी से जानना चाहूँगा कि 'स्वामी' कोष परियोजनाओं के चयन के लिए विशिष्ट मापदंड क्या हैं? मेरे संसदीय क्षेत्र नांदेड़ में 'स्वामी' फंड जारी न करने के क्या कारण हैं? इसकी चयन प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी बनाने हेतु सरकार ने क्या कदम उठाए हैं?

श्रीमती निर्मला सीतारमण : महोदय, 'स्वामी' फंड के अंतर्गत एक पेंडिंग प्रोजेक्ट को पिकअप करने के लिए छह मापदंड हैं। मैं विस्तार से नहीं जाते हुए बस यह बोल देती हूँ कि वे छह मापदंड क्या हैं। वह प्रोजेक्ट रेरा रजिस्टर्ड होना चाहिए। डिलेड या स्टॉल्ड, बैंकों या रिव्यूअर के द्वारा उस

प्रोजेक्ट का ऐसा स्टेट्स माना जाना चाहिए। थर्ड मापदंड यह है कि उस प्रोजेक्ट की नेट वर्थ सकारात्मक होनी चाहिए, मतलब उससे realizable value कितनी होगी, अगर उस प्रोजेक्ट का इनकंप्लीट वर्क उससे कम होगा मतलब expected value of sold receivables plus the value of unsold inventory is higher than the total cost required to complete the project itself. हम इस क्राइटेरिया का उपयोग करते हैं। चौथी कंडीशन यह है कि वह एफोर्डेबल मिडिल इनकम कैटेगरी का प्रोजेक्ट होना चाहिए। अपर इनकम कैटेगरी के प्रोजेक्ट के लिए यह योजना नहीं है। मिडिल इनकम कैटेगरी के प्रोजेक्ट से यह मतलब है, As regards MMR, price is less than Rs. 2 crore; each unit should be less than Rs. 2 crore or उसका एरिया दो हजार वर्ग फीट के अंदर होना चाहिए or it cannot be 4000 square feet flat or accommodation. एनसीआर, चेन्नई, कोलकाता, पुणे, हैदराबाद, अहमदाबाद और बेंगलुरु, इन एरियाज में 1.5 करोड़ रुपये के नीचे एक यूनिट की कॉस्ट होनी चाहिए। बाकी पूरे देश के लिए एक करोड़ रुपये के नीचे एक यूनिट की कॉस्ट होनी चाहिए। पांचवीं कंडीशन यह है कि मिनिमम कंस्ट्रक्शन तब तक 30 परसेंट कंप्लीट होना चाहिए, क्योंकि तभी अगर वह स्टॉल्ड हो गया है, हम उसे कंप्लीट करने के लिए आएंगे। अगर प्रोजेक्ट शुरू ही नहीं हुआ है तो फिर तो 'स्वामी' कोष उपलब्ध नहीं है। अंतिम कंडीशन यह है कि एनपीए प्रोजेक्ट का वर्गीकरण एनपीए और or undergoing insolvency proceedings under the NCLT, ऐसा कैरेक्टर जिस प्रोजेक्ट का है, उसी को एलिजिबल बताया जाता है। ये छह कंडीशंस जहां भी फुलफिल होती हैं, वहां हम 'स्वामी' कोष को ले आएंगे। धन्यवाद।

श्री सुधीर गुप्ता : महोदय, देश भर में स्वामी योजना के कारण रिएल एस्टेट क्षेत्र की संकटग्रस्त इकाईयों को निकालने में मदद हुई है और इसीलिए देश भर में खरीददारों में एक विश्वास जाग्रह हुआ है। संकटग्रस्त इकाईयों के चयन का जो आधार है, उसे माननीया मंत्री जी ने स्पष्ट रूप से बताया है। मैं यह जानना चाहता हूँ कि मध्य प्रदेश राज्य में कोई स्थान ऐसी संकटग्रस्ट इकाई के लिए नहीं आया है तो इसका क्या कारण है? क्या आवेदन की कोई प्रक्रिया रहती है?

दूसरा, एचआईजी, एमआईजी, इस तरह के आवासों को भी इसमें स्थान है या नहीं है? धन्यवाद।

श्रीमती निर्मला सीतारमण : सर, मध्य प्रदेश में एक भी प्रोजेक्ट इसके लिए एलिजिबल क्यों नहीं हुआ, मुझे इसका स्पेसिफिक कारण मालूम नहीं है। पर, इस प्रश्न से संबंधित विषयों को मैं एलैबोरेट करना चाहती हूं।

राजस्थान में हम 13 प्रोजेक्ट्स कर रहे हैं, जिनमें से जयपुर में 8 प्रोजेक्ट्स, जोधपुर में एक प्रोजेक्ट, कोटा में एक प्रोजेक्ट, भिवाड़ी में 3 प्रोजेक्ट्स हैं। मगर, उसी राजस्थान में पाली में एक भी प्रोजेक्ट नहीं है। इसलिए हमें इन 6 एलिजिब्लिटी क्राइटेरिया पर जहां भी प्रोजेक्ट्स मिल जाते हैं, वहां हम उसे पूरा करते हैं। महाराष्ट्र में 57 जगहों पर स्वामी योजना काम कर रही है, बैंगलुरू में 6 प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं।

सर, मध्य प्रदेश में एक भी प्रोजेक्ट इस योजना में नहीं है, यह मैं मानने को तैयार हूं, मगर शायद हमारा जो क्राइटेरिया है, उससे वे प्रोजेक्ट्स मेल नहीं खाते होंगे।

श्री रमाशंकर विद्यार्थी राजभर : माननीय अध्यक्ष जी, आपकी बहुत कृपा है।

11	Himachal Pradesh	6	172.07
12	Jammu and Kashmir	40	466.17
13	Jharkhand	30	597.36
14	Karnataka	26	868.11
15	Kerala	28	401.501
16	Madhya Pradesh	94	3131.43
17	Maharashtra	9	184.14
18	Manipur	4	138.53
19	Meghalaya	2	86.7
20	Mizoram	16	730.8
21	Nagaland	27	701.7
22	Odisha	35	662.66
23	Punjab	13	174.9
24	Rajasthan	35	1179.9
25	Sikkim	9	339.63
26	Tamil Nadu	10	435
27	Telangana	67	1991.6
28	Tripura	4	124.5
29	Uttar Pradesh	34	1060.22
30	Uttarakhand	5	99.27
31	West Bengal	14	97.48
	Total	**627**	**18518.31**

श्री मनोज तिवारी : धन्यवाद अध्यक्ष महोदय । माननीय मंत्री जी ने मेरे प्रश्न का बहुत विस्तारपूर्वक उत्तर दिया है। इसके लिए मैं इनका धन्यवाद करता हूं। लेकिन, यह ध्यान में रखते हुए कि दिल्ली में 45 किलोमीटर लंबी यमुना नदी के किनारे लगभग दो किलोमीटर का भू-भाग, जो बिल्कुल खाली है, उसके लिए क्या माननीय मंत्री जी यह बताएंगे कि दिल्ली जैसे प्रदूषणयुक्त प्रभावित शहर में, जहां दिल्ली की वर्तमान सरकार तो कोशिश कर रही है, लेकिन 'नगर वन योजना' के माध्यम से वायु गुणवत्ता सुधारने और हरित क्षेत्र बनाने हेतु कौन-कौन से विशेष कदम उठाये जा रहे हैं और दिल्ली में कितने 'नगर वन' और 'नगर वाटिकाएं' विकसित की गई हैं? इसकी जानकारी देने की कृपा करें।

श्री कीर्ति वर्धन सिंह : अध्यक्ष महोदय, जो 'नगर वन' और 'नगर वाटिका' की स्कीम है, यह डिमांड ड्रिवेन स्कीम है। यानी, जिस प्रदेश से जैसे-जैसे प्रपोजल आते हैं, उसको सरकार और हमारी मिनिस्ट्री टेक-अप करती है। उससे फंड रिलीज होते हैं।

माननीय अध्यक्ष: माननीय मंत्री जी, आप इसके बारे में विस्तृत रूप से बता दीजिए, ताकि सभी माननीय सदस्य इसके लिए अपने यहां प्रयास कर लें। इससे उनके यहां भी नगर वन मंडल बन जाएंगे। कैम्पा फंड किस तरह का है, उसके बारे में माननीय सदस्यों को जानकारी नहीं है।

श्री कीर्ति वर्धन सिंह : अध्यक्ष महोदय, इसमें दो कंपोनेंट्स हैं। एक 'नगर वन' है, जिसमें दस हेक्टेयर और उसके ऊपर की जमीन होती है। दूसरा 'नगर वाटिका' है, जिसमें एक से दस हेक्टेयर की जमीन होती है।

सर, 'नगर वन' और 'नगर वाटिका' स्कीम का उद्देश्य यह है कि हमारे जो शहरी क्षेत्र हैं, वहां प्रदूषण को काउंटर करने के लिए, वहां पर वायु को और शुद्ध करने के लिए एक ग्रीन कवर एस्टैबलिश किया जाए। एक छोटा-मोटा ग्रीन पैच एस्टैबलिश किया जाए। इसका मुख्य उद्देश्य है कि हमारे अर्बन एरियाज में जो पॉल्यूशन है, उसको कम किया जाए। इसमें कैम्पा द्वारा फंडिंग होती है। इसकी फंडिंग का जो अमाउंट है, वह हर हेक्टेयर पर चार लाख रुपये है। यह मैक्सिमम 50

हेक्टेयर तक जाता है और दो करोड़ रुपये प्रति-प्रोजेक्ट की फंडिंग होती है। आज की तारीख में 666 करोड़ रुपये की स्वीकृति हो चुकी है, जिसमें से 527 करोड़ रुपये रिलीज हो चुके हैं। हमारी सरकार का टारगेट है कि पूरे देश में 1000 ऐसे 'नगर वन' और 'नगर वाटिकाएं' स्थापति की जाएं। इसमें से 627 अप्रूव हो चुके हैं।

सर, आपके माध्यम से मैं सभी माननीय संसद सदस्यों से निवेदन करता हूं कि आप लोग भी अपने-अपने क्षेत्र से, जहां कहीं भी हो सके, उसके लिए प्रस्ताव भेजें। मगर वह प्रस्ताव राज्य सरकार के द्वारा आएगा । उसकी स्वीकृति हम लोग अवश्य देंगे, क्योंकि यह हम लोगों की प्राथमिकता है।

12.00 hrs

श्रीमती संध्या राय : धन्यवाद अध्यक्ष महोदय जी, आपने मुझे बहुत ही महत्वपूर्ण प्रश्न पर पूरक प्रश्न पूछने की अनुमति दी है। मैं आपके माध्यम से बताना चाहती हूं कि मेरे लोक सभा क्षेत्र के दोनों जिले भिण्ड और दतिया सिंध नदी से जुड़े हुए हैं। सिंध नदी के किनारे एक बड़ा हिस्सा दोनों जिलों का वन विभाग का है। हमारी सरकार लगातार वन विभाग और नदियों को बचाने का प्रयास कर रही है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी को बताना चाहती हूं कि कुछ आपराधिक तत्व लगातार सिंध नदी से वन विभाग के होते हुए अवैध रेत खनन से नदियों को नुकसान पहुंचाने का काम कर रहे हैं, वनों को नुकसान पहुंचाने का काम कर रहे हैं। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहती हूं कि क्या हमारी सरकार इसके लिए कोई ठोस कदम उठा रही है?

श्री कीर्ति वर्धन सिंह : आदरणीय स्पीकर महोदय, पर्यावरण और वन क्षेत्र को बचाने का हमारी सरकार का एक विशेष प्रयास है। माननीय आदरणीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में हमारा ग्रीन कवर बढ़े, उसके लिए हम प्रयास करते रहते हैं। माननीय प्रधान मंत्री जी का एक बहुत ही महत्वपूर्ण इनिशिएटिव 'एक पेड़ माँ के नाम' है, उसके तहत भी विगत पिछले वर्षों में करोड़ों की संख्या में पेड़ लगाए गए हैं। माननीय सदस्या को जो कंसर्न है कि उनके एक क्षेत्र में नदी के किनारे माफियाओं द्वारा जंगल का नुकसान हो रहा है। मैं यह कहना चाहता हूं कि यह बहुत ही क्रुशिएल विषय है।

इसके लिए राज्य सरकार के पास सारे प्रावधान हैं कि ऐसे वन माफियाओं को वह रोके।

सर, नदी के किनारे की बात भी माननीय सदस्या जी ने कही है और वन के संरक्षण की बात कही है। रेत माफिया हो या वन माफिया हो, उसके लिए प्रदेश सरकार के पास सारे कानून उपलब्ध हैं, जिसके द्वारा वह ऐसी गतिविधियों को रोक सकती है।

———————

WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

(i) Starred Question Nos. 381 to 400 (19.03.2026)

राज्य राजमार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में घोषित करना

***381. श्री मुरारी लाल मीना:**

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय राजमार्ग-23 (कोथून-लालसोट-धौलपुर) और राष्ट्रीय राजमार्ग- 21 (आगरा-दौसा-जयपुर-बीकानेर) को जोड़ने वाले लालसोट से बस्सी तक के राज्य राजमार्ग (लगभग 45 किमी) को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने और इसे फोर-लेन सड़क के रूप में विकसित करने का कोई प्रस्ताव है, ताकि धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर और दौसा को जयपुर से सीधे जोड़ा जा सके;

(ख) क्या सरकार ने कठूमर-मंडावर-बांदीकुई-दौसा-लवाण-चाकसू-फागी-दूदू से होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर स्थित नावा-कुचामन तक राज्य राजमार्ग-02 और 78 को जोड़ने वाले राजमार्ग के नए राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में निर्माण की घोषणा करने पर इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए विचार किया है कि इस मार्ग पर प्रतिदिन लगभग 12,000 वाहन चलते हैं;

(ग) क्या विशेष रूप से दौसा लोक सभा क्षेत्र के हित में भिवानी-अलवर-राजगढ़-बांदीकुई-सिकंदरा-गंगापुर मेगा हाईवे को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने के लिए कोई सर्वेक्षण किया गया है या कोई प्रस्ताव लंबित है; और

(घ) क्या राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर चाकसू क्षेत्र के निमोदिया और गरुड़वासी मोड़ पर दुर्घटनाओं की समस्या के समाधान और लोगों की सुविधा में वृद्धि करने के लिए फ्लाईओवर/ओवरब्रिज के निर्माण को मंजूरी प्रदान कर दी गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री (श्री नितिन जयराम गडकरी):

(क) से (ग): सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को राजस्थान राज्य सरकार सहित विभिन्न राज्य सरकारों / संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) से राज्य सड़कों को नए राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)

के रूप में घोषित करने / उन्नयन करने के प्रस्ताव प्राप्त होते रहते हैं। सरकार, राष्ट्रीय राजमार्गों की घोषणा के लिए निर्धारित मानदंडों की पूर्ति, संपर्कता की आवश्यकता, यातायात सघनता और पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ तालमेल के आधार पर कुछ राज्य सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में घोषित करने पर विचार करती है।

राष्ट्रीय राजमार्ग-23 (कोथून-लालसोट-धौलपुर) और राष्ट्रीय राजमार्ग-21 (आगरा-दौसा-जयपुर-बीकानेर) को जोड़ने वाले लालसोट से बस्सी (लगभग 45 किमी) तक का राज्य राजमार्ग, काठूमर-मंडावर-बांदीकुई-दौसा-लावण-चाकसू-फागी-दूदू होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग-48-नवा-कुचामन और भिवानी-अलवर-राजगढ़-बांदीकुई-सिकंदरा-गंगापुर मेगा हाईवे तक राज्य राजमार्ग-02 और 78 को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(घ): राष्ट्रीय राजमार्गों सहित किसी भी सड़क पर होने वाली दुर्घटना को इलेक्ट्रॉनिक विस्तृत दुर्घटना रिपोर्ट (ई-डीएआर) पोर्टल के माध्यम से दर्ज किया जाता है और राष्ट्रीय राजमार्गों के मामले में, दुर्घटना के कारण का तकनीकी परामर्शदाताओं द्वारा विस्तृत विश्लेषण किया जाता है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए आवश्यक सुधारात्मक उपाय किए जा सके। राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर चाकसू क्षेत्र में निमोदिया और गरुड़वासी मोड़ों पर दुर्घटनाओं के कारण के विश्लेषण के आधार पर, इन दुर्घटना स्थलों पर ट्रांसवर्स बार मार्किंग, सोलर ब्लिंकर, हाई मास्ट लाइट संस्थापित करने सहित सड़क संकेतक लगाने जैसे सड़क सुरक्षा उपायों का कार्य पूरा हो गया है। इसके अलावा, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने चाकसू बाईपास पर निमोदिया और गरुड़वासी मोड़ों पर पहुंच नियंत्रण के लिए दीर्घकालिक सड़क सुरक्षा उपायों के रूप में फ्लाईओवर / अंडरपास उपलब्ध कराने की व्यवहार्यता के लिए अध्ययन शुरू किया है।

भूजल की उपलब्धता की स्थिति

***382. श्री संदिपनराव आसाराम भुमरे:**

श्री निलेश ज्ञानदेव लंके:

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देशभर में भूजल उपलब्धता की वर्तमान स्थिति क्या है जहां आज की स्थिति के अनुसार राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार, विशेषकर महाराष्ट्र में कई आकलन इकाइयों/ब्लॉकों के अर्ध-गंभीर अथवा गंभीर श्रेणियों के अंतर्गत आने की सूचना मिली है;

(ख) क्या सरकार ने देशभर में भूजल के अत्यधिक दोहन और कमी को रोकने के लिए कोई विशेष उपाय किए हैं और यदि हां, तो महाराष्ट्र सहित तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) महाराष्ट्र में, विशेषकर छत्रपति संभाजीनगर और अहिल्यानगर जिलों में भूजल पर निर्भरता को कम करने और दीर्घकालिक संवाहनीयता में सुधार लाने के लिए अटल भूजल योजना, जल जीवन मिशन और जलभृत पुनर्भरण कार्यक्रमों के अंतर्गत क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

जल शक्ति मंत्री (श्री सी. आर. पाटिल):

(क): महाराष्ट्र सहित संपूर्ण देश के भूजल संसाधनों का गतिशील आकलन केंद्रीय भूजल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी) द्वारा राज्य सरकारों के समन्वय से वार्षिक रूप से किया जाता है। वर्ष 2025 के नवीनतम आकलन के अनुसार, देश का कुल वार्षिक निष्कर्षण योग्य भूजल संसाधन 407.75 बिलियन क्यूबिक मीटर (बीसीएम) अनुमानित है और कुल वार्षिक भूजल निष्कर्षण 247.22 बिलियन क्यूबिक मीटर (बीसीएम) है। भूजल निष्कर्षण का स्तर (एसओई), जिसे कुल वार्षिक भूजल निष्कर्षण और वार्षिक निष्कर्षण योग्य भूजल संसाधन के अनुपात के रूप में परिभाषित किया जाता है, संपूर्ण देश के लिए 60.63% है।

भूजल निष्कर्षण के स्तर के आधार पर, देश की आकलन इकाइयों (एयू), जो सामान्यतः ब्लॉक/तालुक/तहसील/मंडल आदि हैं, को 'सुरक्षित', 'अर्ध-गंभीर', 'गंभीर', 'अति-दोहित' और 'खारा' श्रेणियों में रखा गया है। संपूर्ण देश के लिए प्रत्येक श्रेणी में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार मूल्यांकन इकाइयों की संख्या संलग्न **विवरण** में दी गई है।

आंकड़ों के अवलोकन से पता चलता है कि महाराष्ट्र में 359 मूल्यांकन इकाइयों (तालुकों)

में से 306 इकाइयाँ (85.24%) सुरक्षित श्रेणी में, 40 (11.14%) अर्ध-गंभीर श्रेणी में, 5 (1.39%) गंभीर श्रेणी में, 7 (1.95%) अति-दोहित वाली श्रेणी में और 1 (0.28%) इकाई खारी श्रेणी में हैं।

(ख) और (ग): 'जल' के राज्य का विषय होने के कारण, भूजल संबंधी मामलों के समाधान का मुख्य दायित्व संबंधित राज्य सरकार का है। तथापि, केंद्र सरकार अपनी विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं के माध्यम से तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करके राज्य सरकारों के प्रयासों को सुगम बनाती है। इस दिशा में सरकार द्वारा भूजल के अत्यधिक दोहन को नियंत्रित करने, भूजल पर निर्भरता कम करने और जलभंडार पुनर्भरण कार्यक्रमों के माध्यम से उनकी दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए प्रमुख कदम, जिनमें महाराष्ट्र राज्य भी शामिल है, निम्नलिखित हैं:

i. देश के जल/भूजल संसाधनों को बढ़ाने के लिए सरकार के प्रयास मुख्य रूप से जल शक्ति अभियान (जेएसए) के माध्यम से किए जाते हैं, जो जल संचयन और कृत्रिम पुनर्भरण गतिविधियों को करने के लिए एक वार्षिक मिशन मोड कार्यक्रम है। जेएसए के अंतर्गत उपलब्ध जानकारी के अनुसार, देश में अब तक अभिसरण के माध्यम से 2 करोड़ से अधिक जल संरक्षण और कृत्रिम पुनर्भरण कार्य किए गए हैं जिनमें महाराष्ट्र में लगभग 1.89 लाख कार्य (अहिल्यानगर जिले में 5,346 कार्य और छत्रपति संभाजीनगर जिले में 1,783 कार्य) शामिल हैं, जिन्होंने भूजल संसाधनों की निरंतरता की वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।
ii. माननीय प्रधानमंत्री द्वारा वर्ष 2024 में जेएसए की गति में तेजी लाने के लिए, जल संचय जन भागीदारी (जेएसजेबी) पहल की शुरुआत की गई है, जिसका उद्देश्य देश में वर्षा जल संचयन को जन आंदोलन बनाना है। सामुदायिक स्वामित्व और जिम्मेदारी को बढ़ावा देकर, इस पहल द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट जल चुनौतियों के अनुरूप लागत प्रभावी, स्थानीय समाधान विकसित किया गया है। अब तक, इस पहल के अंतर्गत देश भर में 45 लाख से अधिक वर्षा जल संचयन और कृत्रिम पुनर्भरण संरचनाओं का निर्माण किया गया है, जिनमें महाराष्ट्र में लगभग 30,800 संरचनाएं शामिल हैं।

iii. जल शक्ति मंत्रालय ने अटल भूजल योजना के माध्यम से समुदाय के नेतृत्व वाले सहभागी भूजल प्रबंधन की प्रभावकारिता को सफलतापूर्वक प्रदर्शित किया है, जिसे महाराष्ट्र सहित 7 राज्यों में 8,203 जल संकटग्रस्त ग्राम पंचायतों में लागू किया गया था। महाराष्ट्र में, इस योजना के अंतर्गत 13 जिलों के 43 जल संकटग्रस्त ब्लॉकों में फैली 1,133 ग्राम पंचायतें शामिल थीं, जिनमें अहिल्यानगर जिले (पूर्ववर्ती अहमदनगर जिला) के 3 ब्लॉकों की 100 ग्राम पंचायतें भी शामिल थीं। तथापि, छत्रपति संभाजीनगर जिला (पूर्ववर्ती औरंगाबाद जिला) इस योजना के दायरे में नहीं आता। योजना के अंतर्गत सभी शामिल ग्राम पंचायतों के लिए सामुदायिक नेतृत्व में जल बजट (डब्ल्यूबी) और जल सुरक्षा योजना (डब्ल्यूएसपी) तैयार की गई और वार्षिक रूप से अद्यतन की गई। इसके अतिरिक्त, 9,460 जल संचयन और कृत्रिम पुनर्भरण संरचनाओं का निर्माण/पुनरुद्धार किया गया, जिनमें अहिल्यानगर जिले में 318 संरचनाएं शामिल थीं और जिसमें अहिल्यानगर जिले में लगभग 22,500 हेक्टेयर क्षेत्र सहित, लगभग 2.74 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को कुशल सिंचाई पद्धतियों के अंतर्गत लाया गया। परिणामस्वरूप, महाराष्ट्र में शामिल 43 ब्लॉकों में से 39 ब्लॉकों के साथ-साथ अहिल्यानगर जिले के सभी 3 ब्लॉकों में वर्ष 2023 से 2025 तक किए गए आवधिक आकलन के दौरान भूजल स्तर में सुधार देखा गया है।

iv. जल जीवन मिशन (जेजेएम) - हर घर जल का कार्यान्वयन इस मंत्रालय द्वारा राज्यों के साथ साझेदारी में किया जा रहा है, देश के प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नियमित और दीर्घकालिक आधार पर प्रदूषण रहित पीने योग्य नल का पानी उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। आज की तारीख में, इस योजना के अंतर्गत देश के 15.82 करोड़ ग्रामीण परिवार कवर किए जा चुके हैं, जबकि अगस्त 2019 में इस योजना की शुरुआत के समय यह संख्या 3.23 करोड़ थी। इसके अतिरिक्त, जेजेएम के अंतर्गत जल स्रोत की स्थिरता एक महत्वपूर्ण विषय है और यह योजना जल आपूर्ति परियोजनाओं के लिए उपयोग किए जाने वाले जलभंडारों की दीर्घकालिक व्यवहार्यता सुनिश्चित करने के लिए वर्षा जल संचयन और

कृत्रिम पुनर्भरण जैसे उपायों को एकीकृत करती है। साथ ही, भूजल संकट और गुणवत्ता संबंधी समस्याओं का सामना कर रहे क्षेत्रों में यह योजना सतही जल आधारित बहु-ग्राम परियोजनाओं को बढ़ावा देती है।

v. भारत सरकार द्वारा मिशन अमृत सरोवर की शुरूआत की गई जिसका उद्देश्य देश के प्रत्येक जिले में कम से कम 75 जल निकायों का विकास और पुनरुद्धार करना था। परिणामस्वरूप, देश में लगभग 69,000 अमृत सरोवरों का निर्माण/पुनर्जनन किया गया जिनमें से 3,055 महाराष्ट्र में हैं, जिससे जल भंडारण और भूजल पुनर्भरण में वृद्धि हुई है।

vi. विनियमन के क्षेत्र में, जल शक्ति मंत्रालय के अधीन केंद्रीय भूजल प्राधिकरण (सीजीडब्ल्यूए) महाराष्ट्र सहित 19 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में भूजल दोहन के विनियमन में शामिल है। सीजीडब्ल्यूए उद्योगों, खानों, अवसंरचना परियोजनाओं आदि को भूजल दोहन के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी करता है।

vii. वर्ष 2015-16 से महाराष्ट्र सहित पूरे देश में, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग (डीए एंड एफडब्ल्यू) द्वारा पर ड्रॉप मोर क्रॉप (पीडीएमसी) योजना को लागू किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य सूक्ष्म सिंचाई के माध्यम से कृषि स्तर पर जल उपयोग दक्षता को बढ़ाना है, जिससे भूजल संरक्षण किया जा सके।

viii. नैक्यूम 1.0 के सफल समापन के उपरांत, जिसमें महाराष्ट्र के 2.59 लाख वर्ग किलोमीटर सहित देश के संपूर्ण मानचित्रण योग्य क्षेत्र (25 लाख वर्ग किलोमीटर) के जलभंडारों का मानचित्रण किया गया था, केंद्रीय भू-जल बोर्ड ने नैक्यूम 2.0 की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य जल की कमी और गुणवत्ता से प्रभावित क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए उच्च स्तर की जलभंडार संबंधी जानकारी और समुचित प्रबंधन योजनाएँ प्रदान करना है। ये सटीक जलभंडार मानचित्र और पहचान किए गए पुनर्भरण बिंदु नीति निर्माताओं तथा जमीनी स्तर के अधिकारियों के लिए महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में कार्य करते हैं।

विवरण

भूजल संसाधन मूल्यांकन, 2025 के अनुसार मूल्यांकन इकाइयों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार वर्गीकरण:

भारत में ब्लॉकों/मंडलों/तालुकों/तहसीलों का वर्गीकरण (2025)												
क्र. सं.	राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र	कुल मूल्यांकित इकाइयों* की संख्या	सुरक्षित		अर्ध-गंभीर		गंभीर		अति-दोहित		लवणीय	
	राज्य		नं.	%	नं.	%	नं.	%	नं.	%	नं.	%
1	आंध्र प्रदेश	679	601	88.5	24	3.5	3	0.4	12	1.8	39	5.74
2	अरूणाचल प्रदेश	42	42	100	-	-	-	-	-	-	-	-
3	असम	245	244	99.59	1	0.41	-	-	-	-	-	-
4	बिहार	535	471	88.04	49	9.16	12	2.24	3	0.56	-	-
5	छत्तीसगढ़	146	120	82.19	21	14.38	5	3.42	-	-	-	-
6	गोवा	12	12	100	-	-	-	-	-	-	-	-
7	गुजरात	252	181	71.83	31	12.30	3	1.19	25	9.92	12	4.76
8	हरियाणा	143	31	21.68	15	10.49	6	4.20	91	63.64	-	-
9	हिमाचल प्रदेश	26	26	100	-	-	-	-	-	-	-	-
10	झारखंड	263	240	91.25	12	4.56	5	1.90	6	2.28	-	-
11	कर्नाटक	237	145	61.18	36	15.19	11	4.64	45	18.99	-	-
12	केरल	152	123	80.92	27	17.76	2	1.32	-	-	-	-
13	मध्य प्रदेश	317	221	69.72	64	20.19	6	1.89	26	8.20	-	-
14	महाराष्ट्र	359	306	85.24	40	11.14	5	1.39	7	1.95	1	0.28
15	मणिपुर	9	9	100	-	-	-	-	-	-	-	-
16	मेघालय	40	40	100	-	-	-	-	-	-	-	-
17	मिज़ोरम	26	26	100	-	-	-	-	-	-	-	-
18	नागालैंड	52	52	100	-	-	-	-	-	-	-	-
19	ओडिशा	314	298	94.90	10	3.18	-	-	-	-	6	1.91
20	पंजाब	153	17	11.11	15	9.80	10	6.54	111	72.55	-	-
21	राजस्थान	302	36	11.92	27	8.94	23	7.62	213	70.53	3	0.99
22	सिक्किम	38	38	100	-	-	-	-	-	-	-	-
23	तमिलनाडु	313	121	38.66	61	19.49	23	7.35	103	32.91	5	1.60
24	तेलंगाना	620	473	76.29	105	16.94	19	3.06	23	3.71	-	-
25	त्रिपुरा	59	59	100	-	-	-	-	-	-	-	-
26	उत्तर प्रदेश	836	563	67.34	171	20.45	48	5.74	54	6.46	-	-

27	उत्तराखंड	20	16	80	4	20	-	-	-	-	-	-
28	पश्चिम बंगाल	345	242	70.14	34	9.86	9	2.61	-	-	60	17.39
29	अंडमान और निकोबार	9	9	100	-	-	-	-	-	-	-	-
30	चंडीगढ़	1	1	100	-	-	-	-	-	-	-	-
31	दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव	3	3	100	-	-	-	-	-	-	-	-
32	दिल्ली	34	7	20.59	6	17.65	11	32.35	10	29.41	-	-
33	जम्मू और कश्मीर	149	149	100	-	-	-	-	-	-	-	-
34	लद्दाख	18	17	94.44	1	5.56	-	-	-	-	-	-
35	लक्षद्वीप	5	4	80	1	20	-	-	-	-	-	-
36	पुदुचेरी	8	3	37.50	3	37.50	-	-	1	12.50	1	12.50
	कुल योग	6762	4946	73.14	758	11.21	201	2.97	730	10.80	127	1.88

*मूल्यांकन की गई इकाइयाँ

ब्लॉक- अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, केरल, मध्य प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, अंडमान और निकोबार द्वीप, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, लक्षद्वीप

तालुक- गोवा, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पुदुचेरी

मंडल- आंध्र प्रदेश, तेलंगाना

जिला- दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव

संघ राज्य क्षेत्र- चंडीगढ़

तहसील- दिल्ली

क्षेत्रीय हवाई संपर्क को मजबूत करना

***383. श्री कंवर सिंह तंवर:**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्रीय बजट 2026-27 में पर्यटन को बढ़ावा देने, व्यापार और निवेश को सुविधाजनक बनाने, आखिरी छोर तक संपर्क और अंतर-क्षेत्रीय संपर्क में सुधार करने और देश में संतुलित क्षेत्रीय आर्थिक विकास में सहायता करने के उद्देश्य से क्षेत्रीय हवाई संपर्क और विमानपत्तन अवसंरचना के विकास को मजबूत करने के लिए कोई प्रावधान किए गए हैं;

(ख) यदि हां, तो विमानपत्तनों के विस्तार और उन्नयन, हवाई यातायात प्रबंधन और मार्गदर्शन सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, यात्री और कार्गो हैंडलिंग सुविधाओं के आधुनिकीकरण और क्षेत्रीय संपर्क पहलों के अंतर्गत क्षेत्रीय एयरलाइन प्रचालनों के लिए नीतिगत और वित्तीय सहायता के संबंध में सरकार की कार्यनीति का ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा क्षेत्रीय हवाई यात्रा की वहनीयता सुनिश्चित करने, संरक्षा और सुरक्षा के मानकों के उच्च स्तर को बनाए रखने, क्षेत्रीय मार्गों की परिचालनात्मक व्यवहार्यता को बढ़ाने और क्षेत्रीय विमानन सेवाओं के सतत विकास को प्रोत्साहित करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं/किए जाने का विचार है?

नागर विमानन मंत्री (श्री किंजरापु राममोहन नायडू):

(क) से (ग): सरकार ने क्षेत्रीय संपर्क को मजबूत करने और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय बजट 2026-27 में सीप्लेन परिचालनों के लिए सहायता प्रदान करने हेतु सीप्लेन वीजीएफ योजना शुरु करने की घोषणा की है। यह योजना वर्तमान में तैयार किए जाने के स्तर पर है।

सरकार ने देश में हवाईअड्डा अवसंरचना के विस्तार के लिए कई कदम उठाए हैं, जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ नए ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों के निर्माण के लिए 'सैद्धांतिक' मंजूरी, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण सहित हवाईअड्डा प्रचालकों द्वारा मौजूदा हवाईअड्डों का उन्नयन और आधुनिकीकरण, क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस)-उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) के अंतर्गत असेवित/अल्पसेवित हवाईअड्डों का विकास/पुनरुद्धार और सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) के माध्यम से मौजूदा और नए हवाईअड्डों में निजी निवेश को बढ़ावा देना शामिल है।

हवाईअड्डे के बुनियादी ढांचे का विस्तार, आधुनिकीकरण और विकास जिसमें हवाई यातायात प्रबंधन को मजबूत करना, यात्री और कार्गो संचालन सुविधाओं का आधुनिकीकरण शामिल है, एक सतत प्रक्रिया है जिसे भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) और अन्य संबंधित हवाईअड्डा प्रचालकों/विकासकर्ताओं द्वारा यातायात की मांग, वाणिज्यिक व्यवहार्यता,

विमान परिचालन की सुरक्षा के लिए परिचालन संबंधी आवश्यकताओं और एयरलाइनों से मांग आदि के आधार पर किया जाता है। विकास कार्यों को भूमि की उपलब्धता और व्यवहार्यता के साथ-साथ इच्छित विमान परिचालनों के संदर्भ में अन्य सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए चरणबद्ध तरीके से किया जाता है।

क्षेत्रीय हवाई यात्रा की वहनीयता सुनिश्चित करने के लिए, उड़ान योजना क्षेत्रीय मार्गों पर एयरलाइन प्रचालकों को वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करती है जिसमें एयरलाइन परिचालन लागत को कम करने के लिए केंद्र सरकार, राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों और हवाईअड्डा प्रचालकों द्वारा रियायतें और ऐसे मार्गों पर परिचालन लागत और अनुमानित राजस्व के बीच के अंतर को पूरा करने के लिए व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण (वीजीएफ) भी शामिल है। उन आरसीएस सीटों, जिन पर चयनित एयरलाइन प्रचालकों (एसएओ) को वीजीएफ प्रदान किया जाता है, हवाई किराया सब्सिडी दर पर सीमित किया जाता है। उपर्युक्त उपायों का उद्देश्य विमानन क्षेत्र में वहनीयता, सुगम्यता और समग्र यात्री सुविधा को सुदृढ़ करना है, जिससे क्षेत्रीय विकास और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिले।

FLYOVER AT 8 BS LEVEL CROSSING GATE, RAMNAGAR, SILCHAR

***384. SHRI PARIMAL SUKLABAIDYA:**

Will the Minister of **ROAD TRANSPORT AND HIGHWAYS** be pleased to state:

(a) whether the Government has assessed the severe traffic congestion at the 8 BS level crossing gate at Ramnagar near Silchar Railway Station in Cachar district, Assam and if so, the details thereof;

(b) whether construction of a flyover at this special-class crossing has been proposed in coordination with the State Government and Railways and if

so, the details thereof; and

(c) the present status and timeline for completion of the proposed project?

THE MINISTER OF ROAD TRANSPORT AND HIGHWAYS (SHRI NITIN JAIRAM GADKARI):

(a) to (c): Level Crossing No. 8 BS falls on the existing NH-37 city portion in Silchar town between Rongpur and Inter-State Bus Terminus (ISBT), for which preparation of Detailed Project Report (DPR) has been taken up for construction of Road Over Bridge (ROB). For decongestion of Silchar town, bypass is under construction in two packages i.e. (i) Rongpur–Sonabarighat section (7.2 km), 4-laning of which is under implementation and (ii) Sonabarighat–ISBT section (11.5 km), which has already been upgraded to 2-lane with paved shoulder standards.

Upon completion of the bypass of Silchar, all the heavy commercial traffic is expected to ply through the said bypass, thereby reducing the congestion on the existing city portion of NH passing through Silchar town.

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) की उपलब्धियां

***385. श्री महेश कश्यपः**

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी:

क्या **जनजातीय कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) देश में आज की तिथि तक स्वीकृत, कार्यशील और निर्माणाधीन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) की कुल संख्या और अनुसूचित जनजाति की अधिक आबादी वाले चिह्नित उप-जिलों को कवर करने की दिशा में हुई प्रगति का राज्य / संघ राज्यक्षेत्र-वार, विशेष

रूप से छत्तीसगढ़ और बस्तर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित ब्यौरा क्या है;

(ख) आज की तिथि तक ऐसे विद्यालयों में छात्रों के नामांकन, शिक्षकों की भर्ती, बुनियादी ढांचे की स्थिति और शैक्षणिक, खेल, कौशल विकास तथा स्थानीय कला एवं संस्कृति के संरक्षण के लिए सुविधाओं की उपलब्धता का राज्य / संघ राज्यक्षेत्र-वार, विशेष रूप से बस्तर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित छत्तीसगढ़ का ब्यौरा क्या है;

(ग) अनुसूचित जनजाति के अधिक घनत्व वाले क्षेत्रों में एकलव्य आदर्श डे बोर्डिंग विद्यालयों (ईएमडीबीएस) के कार्यान्वयन की स्थिति और इस पर मिली प्रतिक्रिया का विशेष रूप से उक्त लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित राज्य / संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) उक्त योजना के तहत समर्थित खेल उत्कृष्टता केंद्रों की संख्या राज्य / संघ राज्यक्षेत्र-वार कितनी है और इसमें चिह्नित की गई विधाओं तथा प्रदान की गई सुविधाओं का ब्यौरा क्या है;

(ङ) इसके अंतर्गत शैक्षणिक प्रदर्शन, उच्च शिक्षा में प्रवेश और खेल एवं कौशल विकास में छात्रों की उपलब्धियों के संदर्भ में महत्वपूर्ण परिणामों का राज्य / संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या राजस्थान के उदयपुर में कुराबड़ और प्रतापगढ़ में छोटीसादड़ी में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय खोलने की कोई योजना है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

जनजातीय कार्य मंत्री (श्री जुएल ओराम):

(क): पिछले कुछ वर्षों में भारत सरकार ने देश भर में 728 ईएमआरएस स्थापित करने का निर्णय लिया था। दिनांक 28.02.2026 तक 723 ईएमआरएस स्वीकृत किए जा चुके हैं, जिनमें से 499 कार्यशील हैं, 400 ईएमआरएस भवनों का निर्माण पूरा हो चुका है और 323 भवन निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं। राज्य-वार और जिला-वार ईएमआरएस का ब्यौरा संलग्न **विवरण-I** में दिया गया है।

बस्तर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में बस्तर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, कोंडागांव, नारायणपुर और सुकमा जैसे जिले शामिल हैं। बस्तर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत ईएमआरएस की जिला-वार

स्थिति निम्नानुसार है:

क्र.सं.	राज्य/जिले का नाम	स्वीकृत	कार्यशील	पूर्ण	निर्माणाधीन
1	बस्तर	6	6	2	4
2	बीजापुर	4	4	3	1
3	दंतेवाड़ा	4	4	1	3
4	कोंडागांव	5	5	1	4
5	नारायणपुर	2	2	1	1
6	सुकमा	3	3	1	2
		24	24	9	15

(ख): दिनांक 06.03.2026 तक, देश भर में कुल 499 कार्यशील एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) में 1,56,564 छात्रों का नामांकन है। छत्तीसगढ़ सहित नामांकित छात्रों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा **विवरण-II** में संलग्न है। एनईएसटीएस ने ईएसएसई-2023 के माध्यम से 10,391 पदों की सीधी भर्ती के लिए अपना पहला अभियान चलाया है। इस प्रक्रिया के माध्यम से चयनित कर्मचारियों को ईएमआरएस में तैनात किया गया है। शैक्षणिक गतिविधियां बाधित न हों यह सुनिश्चित करने के लिए, राज्य समितियों द्वारा रिक्तियों की आवश्यकता के अनुसार अतिथि शिक्षकों को भी नियोजित किया जाता है।

सभी नए ईएमआरएस 15 एकड़ क्षेत्र में फैले हुए हैं और कक्षा VI से XII तक के 480 विद्यार्थियों की क्षमता के साथ ये आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हैं। इनमें लड़कों और लड़कियों के लिए अलग-अलग छात्रावास, एकीकृत भोजन और रसोई सुविधाएं, शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए आवास, आधुनिक शिक्षण उपकरणों से सुसज्जित कक्षाएं, विज्ञान और कंप्यूटर प्रयोगशालाएं, विविध शिक्षण संसाधनों से युक्त पुस्तकालय, खेल के मैदान और खेल उपकरण, स्थानीय कला और संस्कृति को संरक्षित करने के लिए संगीत, कला और खेल जैसी पाठ्येतर गतिविधियों की सुविधाएं, इंटरनेट सुविधा से युक्त कंप्यूटर प्रयोगशालाएं, रोजगार क्षमता

बढ़ाने के लिए कौशल विकास और व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि शामिल हैं।

(ग): एकलव्य मॉडल डे बोर्डिंग स्कूल (ईएमडीबीएस) का 29.04.2022 से ईएमआरएस में विलय कर दिया गया है।

(घ): वर्तमान में इस स्कीम के तहत खेल के लिए कोई भी उत्कृष्टता केंद्र वाला ईएमआरएस नहीं है।

(ङ): 2024-25 के दौरान, कक्षा 10 और कक्षा 12 में छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत क्रमश: 89% और 85% होने की सूचना दी गई थी। इसके अलावा, 129 ईएमआरएस स्कूलों ने कक्षा 10 में 100% परिणाम प्राप्त किए और 72 ईएमआरएस स्कूलों ने कक्षा 12 में 100% परिणाम प्राप्त किए। इसी वर्ष, 219 ईएमआरएस छात्रों ने आईआईटी-जेईई (मुख्य) परीक्षा उत्तीर्ण की, 34 छात्रों ने आईआईटी-जेईई (उन्नत) परीक्षा उत्तीर्ण की और 344 छात्रों ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण की, जो सकारात्मक शिक्षण परिणामों को दर्शाता है।

इसके अलावा, ईएमआरएस में कौशल विकास को बढ़ावा देने और प्रोत्साहन देने के लिए, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय तथा राष्ट्रीय कौशल विकास निगम की संकल्प परियोजना के तहत, 200 ईएमआरएस परिसरों में 400 कौशल प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं, जो रोबोटिक्स, डिजिटल फैब्रिकेशन और इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों से सुसज्जित हैं। कौशल प्रयोगशालाओं की राज्य-वार सूची संलग्न **विवरण-III** में दी गई है।

(च): इस स्कीम में उन ब्लॉकों में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) स्थापित करने का प्रावधान है, जहाँ 2011 की जनगणना के अनुसार अनुमोदित सीमा के अन्तर्गत 50% से अधिक अनुसूचित जनजाति आबादी और कम से कम 20,000 आदिवासी व्यक्ति हैं। ब्लॉक स्तर पर मौजूदा मानदंड के अनुसार राजस्थान राज्य में 31 ईएमआरएस स्वीकृत हैं जिनमें 8 ईएमआरएस उदयपुर जिले में और 4 ईएमआरएस प्रतापगढ़ जिले में हैं।

<u>विवरण- I</u>

क. 28.2.2026 तक राज्यवार स्वीकृत, कार्यशील और निर्माणाधीन ईएमआरएस की स्थिति

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	स्वीकृत/उपलब्ध कराई गई भूमि	कार्यशील ईएमआरएस	पूर्ण हुए भवन	निर्माणाधीन
1	आंध्र प्रदेश	28	28	23	5
2	अरुणाचल प्रदेश	10	5	7	3
3	असम	17	6	7	10
4	बिहार	3	2	2	1
5	छत्तीसगढ़	75	75	35	40
6	दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव	1	1	0	1
7	गुजरात	47	44	27	20
8	हिमाचल प्रदेश	4	4	1	3
9	जम्मू एवं कश्मीर	6	6	2	4
10	झारखंड	91	51	51	40
11	कर्नाटक	12	12	12	0
12	केरल	4	4	2	2
13	लद्दाख	3		0	3
14	मध्य प्रदेश	71	63	51	20
15	महाराष्ट्र	39	37	20	19
16	मणिपुर	21	5	5	16
17	मेघालय	37	2	2	35
18	मिजोरम	17	11	9	8
19	नागालैंड	22	3	3	19
20	ओडिशा	111	47	54	57
21	राजस्थान	31	31	31	0
22	सिक्किम	4	4	4	0
23	तमिलनाडु	8	8	7	1
24	तेलंगाना	23	23	22	1
25	त्रिपुरा	21	12	10	11
26	उत्तर प्रदेश	4	3	4	0
27	उत्तराखंड	4	4	2	2

28	पश्चिम बंगाल	9	8	7	2
	कुल योग	**723**	**499**	**400**	**323**

ख. दिनांक 28.2.2026 तक जिले-वार स्वीकृत, कार्यशील और निर्माणाधीन ईएमआरएस की स्थिति

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	स्वीकृत/उपलब्ध कराई गई भूमि	कार्यशील ईएमआरएस	पूर्ण हुए भवन	निर्माणाधीन
1	**आंध्र प्रदेश**	**28**	**28**	**23**	**5**
1	अल्लूरी सीताराम राजू	17	17	13	4
2	एलुरु	1	1	1	0
3	मन्यम पार्वतीपुरम	5	5	4	1
4	प्रकाशम	1	1	1	0
5	एसपीएस नेल्लोर	1	1	1	0
6	श्रीकाकुलम	1	1	1	0
7	तिरुपति	2	2	2	0
2	**अरुणाचल प्रदेश**	**10**	**5**	**7**	**3**
1	पूर्वी कामेंग	2	1	1	1
2	कुरुंग कुमेय	1	1	1	0
3	लोहित	1	0	1	0
4	निचली दिबांग घाटी	1	0	1	0
5	निचला सुबनसिरी	1	0	0	1
6	तवांग	1	1	1	0
7	तिरप	1	1	1	0
8	पश्चिम सियांग	2	1	1	1
3	**असम**	**17**	**6**	**7**	**10**
1	बक्सा	3	2	2	1
2	बारपेटा	1	1	1	0
3	धेमाजी	1	1	1	0
4	दीमा हसाओ	4	1	1	3
5	गोलपाड़ा	1	0	0	1
6	कामरूप	1	0	0	1

7	कार्बी आंगलोंग	3	1	2	1
8	कोकराझार	1	0	0	1
9	उदलगुड़ी	1	0	0	1
10	पश्चिम कार्बी आंगलोंग	1	0	0	1
4	**बिहार**	**3**	**2**	**2**	**1**
1	जमुई	1	1	1	0
2	कैमूर (भभुआ)	1	0	0	1
3	पश्चिमी चंपारण	1	1	1	0
5	**छत्तीसगढ़**	**75**	**75**	**35**	**40**
1	बालोद	1	1	1	0
2	बलौदाबाजार	1	1	1	0
3	बलरामपुर	6	6	1	5
4	बस्तर	6	6	2	4
5	बीजापुर	4	4	3	1
6	दंतेवाड़ा	4	4	1	3
7	धमतरी	1	1	1	0
8	गरियाबंद	2	2	1	1
9	गौरेला पेंड्रा मरवाही	3	3	2	1
10	जांजगीर चांपा	1	1	1	0
11	जशपुर	6	6	2	4
12	कबीरधाम	1	1	1	0
13	कांकेर	5	5	4	1
14	कोंडागांव	5	5	1	4
15	कोरबा	3	3	1	2
16	कोरिया	3	3	1	2
17	महासमुंद	1	1	1	0
18	मोहल्ला मानपुर अंबागढ़ चौकी राजनंदगांव	2	2	1	1
19	मुंगेली	1	1	1	0
20	नारायणपुर	2	2	1	1
21	रायगढ़	4	4	2	2
22	राजनंदगांव	1	1	1	0
23	सुकमा	3	3	1	2

24	सूरजपुर	4	4	1	3
25	सरगुजा	5	5	2	3
6	**दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव**	**1**	**1**	**0**	**1**
1	दादरा एवं नगर हवेली	1	1	0	1
7	**गुजरात**	**47**	**44**	**27**	**20**
1	अरवल्ली	2	2	2	0
2	बनास कांठा	3	3	2	1
3	भरूच	2	2	1	1
4	छोटा उदेपुर	4	4	2	2
5	दाहोद	7	7	3	4
6	महिसागर	2	2	1	1
7	नर्मदा	5	4	3	2
8	नवसारी	2	2	1	1
9	पंचमहल	1	1	1	0
10	सबर कांठा	3	3	1	2
11	सूरत	4	4	2	2
12	तापी	5	3	3	2
13	डांग्स	3	3	2	1
14	वडोदरा	1	1	1	0
15	वलसाड	3	3	2	1
8	**हिमाचल प्रदेश**	**4**	**4**	**1**	**3**
1	चंबा	2	2	0	2
2	किन्नौर	1	1	1	0
3	लाहौल और स्पीति	1	1	0	1
9	**जम्मू एवं कश्मीर**	**6**	**6**	**2**	**4**
1	अनंतनाग	1	1	1	0
2	बांदीपुरा	1	1	0	1
3	कुलगाम	1	1	1	0
4	पूंछ	1	1	0	1
5	राजौरी	2	2	0	2
10	**झारखंड**	**91**	**51**	**51**	**40**
1	चतरा	1	1	1	0

2	धनबाद	1	1	1	0
3	दुमका	5	3	5	0
4	पूर्वी सिंहभूम	5	4	4	1
5	गढ़वा	1	1	1	0
6	गिरिडीह	1	1	1	0
7	गोड्डा	1	1	1	0
8	गुमला	12	1	2	10
9	जामताड़ा	1	1	1	0
10	खूंटी	6	4	4	2
11	लातेहार	4	3	3	1
12	लोहरदगा	6	5	5	1
13	पाकुर	3	2	2	1
14	पलामू	1	1	1	0
15	रांची	9	5	5	4
16	साहेबगंज	5	1	1	4
17	सरायकेला खरसावां	3	1	2	1
18	सिमडेगा	10	3	3	7
19	पश्चिमी सिंहभूम	16	12	8	8
11	**कर्नाटक**	**12**	**12**	**12**	**0**
1	बल्लारी	1	1	1	0
2	बेलगावी	1	1	1	0
3	चामराजनगर	1	1	1	0
4	चिक्कामगलुरु	1	1	1	0
5	चित्रदुर्ग	1	1	1	0
6	कलबुर्गी	1	1	1	0
7	कोडागू	1	1	1	0
8	कोलार	1	1	1	0
9	मैसूर	1	1	1	0
10	रायचूर	1	1	1	0
11	तुमकुरु	1	1	1	0
12	यादगीर	1	1	1	0
12	**केरल**	**4**	**4**	**2**	**2**
1	इडुक्की	1	1	1	0

2	कासरगोड	1	1	0	1
3	पलक्कड़	1	1	0	1
4	वायनाड	1	1	1	0
13	**लद्दाख**	**3**	**0**	**0**	**3**
1	कारगिल	2	0	0	2
2	लेह	1	0	0	1
14	**मध्य प्रदेश**	**71**	**63**	**51**	**20**
1	आलीराजपुर	4	4	3	1
2	अनुपपुर	2	1	1	1
3	बालाघाट	2	2	2	0
4	बड़वानी	6	5	3	3
5	बेतुल	4	3	1	3
6	भोपाल	1	1	0	1
7	बुरहानपुर	1	1	0	1
8	छिंदवाड़ा	4	4	4	0
9	धार	7	5	5	2
10	डिंडोरी	4	4	4	0
11	गुना	1	1	1	0
12	हरदा	1	1	1	0
13	होशंगाबाद	1	1	1	0
14	इंदौर	2	2	1	1
15	जबलपुर	3	3	2	1
16	झाबुआ	4	4	4	0
17	खंडवा	1	1	1	0
18	खरगोन	4	2	3	1
19	मंडला	5	5	2	3
20	रतलाम	2	2	2	0
21	सतना	2	2	2	0
22	सीहोर	1	1	1	0
23	सिवनी	2	1	1	1
24	शाहडोल	3	3	2	1
25	श्योपुर	1	1	1	0
26	सीधी	1	1	1	0

27	सिंगरौली	1	1	1	0
28	उमरिया	1	1	1	0
15	**महाराष्ट्र**	**39**	**37**	**20**	**19**
1	अहमदनगर	1	1	1	0
2	अमरावती	2	2	2	0
3	चंद्रपुर	1	1	1	0
4	धुले	2	2	1	1
5	गडचिरोली	7	7	1	6
6	गोंदिया	1	1	1	0
7	नागपुर	1	1	1	0
8	नांदेड़	1	1	1	0
9	नंदुरबार	6	6	2	4
10	नासिक	8	8	5	3
11	पालघर	7	5	2	5
12	थाइन	1	1	1	0
13	यवतमाल	1	1	1	0
16	**मणिपुर**	**21**	**5**	**5**	**16**
1	चंदेल	2	0	0	2
2	छुरछंदपुर	4	1	1	3
3	कामजोंग	1	1	1	0
4	कांगपोकपी	3	1	1	2
5	फेरज्वाल	1	0	0	1
6	सेनापति	3	0	0	3
7	तामेंगलांग	4	1	1	3
8	टेंग्नौपाल	1	1	1	0
9	उखरूल	2	0	0	2
17	**मेघालय**	**37**	**2**	**2**	**35**
1	पूर्वी गारो हिल्स	3	1	1	2
2	पूर्वी जयंतिया हिल्स	2	0	0	2
3	पूर्वी खासी हिल्स	7	0	0	7
4	उत्तरी गारो हिल्स	2	0	0	2
5	री भोई	3	1	1	2
6	दक्षिणी गारो हिल्स	4	0	0	4

7	दक्षिण-पश्चिम गारो हिल्स	2	0	0	2
8	दक्षिण-पश्चिम खासी हिल्स	2	0	0	2
9	पश्चिमी गारो हिल्स	5	0	0	5
10	पश्चिमी जयंतिया हिल्स	3	0	0	3
11	पश्चिमी खासी हिल्स	4	0	0	4
18	**मिजोरम**	**17**	**11**	**9**	**8**
1	आइजोल	3	2	1	2
2	चम्फाई	3	1	1	2
3	कोलासिब	1	1	1	0
4	लॉन्गत्लाई	2	2	2	0
5	लुंगलेई	3	1	1	2
6	मामित	2	1	0	2
7	सेरछिप	1	1	1	0
8	सीअहा	2	2	2	0
19	**नागालैंड**	**22**	**3**	**3**	**19**
1	सोम	2	1	1	1
2	दीमापुर	2	1	1	1
3	किफायर	1	0	0	1
4	कोहिमा	3	0	0	3
5	लोंगलेंग	1	0	0	1
6	मोकोकचुंग	5	0	0	5
7	पेरेन	2	0	0	2
8	फ़ेक	1	0	0	1
9	तुएनसांग	3	1	1	2
10	वोखा	1	0	0	1
11	जुन्हेबोटो	1	0	0	1
20	**ओडिशा**	**111**	**47**	**54**	**57**
1	बलांगीर	1	1	1	0
2	बालासोर	1	1	1	0
3	देवगढ़	1	1	1	0
4	ढेंकनाल	1	0	0	1
5	गजपति	5	3	2	3
6	जाजापुर	1	1	1	0

7	झारसुगुडा	2	1	1	1
8	कालाहांडी	2	2	2	0
9	कंधमाल	10	2	2	8
10	केंदुझर	8	3	7	1
11	कोरापुट	12	5	5	7
12	मल्कानगिरी	6	3	3	3
13	मयूरभंज	23	13	16	7
14	नबरंगपुर	8	1	2	6
15	नुआपाड़ा	1	1	1	0
16	रायगढ़	9	3	2	7
17	संबलपुर	4	1	1	3
18	सुंदरगढ़	16	5	6	10
21	**राजस्थान**	**31**	**31**	**31**	**0**
1	अलवर	2	2	2	0
2	बांसवाड़ा	6	6	6	0
3	बारां	1	1	1	0
4	डूंगरपुर	4	4	4	0
5	जयपुर	2	2	2	0
6	करौली	1	1	1	0
7	प्रतापगढ़	4	4	4	0
8	सवाई माधोपुर	1	1	1	0
9	सिरोही	1	1	1	0
10	टोंक	1	1	1	0
11	उदयपुर	8	8	8	0
22	**सिक्किम**	**4**	**4**	**4**	**0**
1	गेजिंग	1	1	1	0
2	मंगम	1	1	1	0
3	नामची	1	1	1	0
4	पाक्योंग	1	1	1	0
23	**तमिलनाडु**	**8**	**8**	**7**	**1**
1	कलाकुरुचि (विल्लुपुरम)	1	1	1	0
2	कांचीपुरम (चेंगलपट्टू)	1	1	1	0
3	नमक्कल	1	1	1	0

4	सलेम	2	2	1	1
5	नीलगिरी	1	1	1	0
6	तिरुवन्ना मलाई	1	1	1	0
7	तिरूपत्तूर	1	1	1	0
24	**तेलंगाना**	**23**	**23**	**22**	**1**
1	आदिलाबाद	3	3	3	0
2	भद्राद्रि कोठागुडेम	7	7	7	0
3	कामारेड्डी	1	1	1	0
4	खम्मम	1	1	1	0
5	कोमाराम भीम आसिफाबाद	1	1	1	0
6	महबुबाबाद	5	5	4	1
7	महबूबनगर	1	1	1	0
8	नगरकुरनूल	1	1	1	0
9	निजामाबाद	1	1	1	0
10	राजन्ना सिरसिला	2	2	2	0
25	**त्रिपुरा**	**21**	**12**	**10**	**11**
1	धलाई	4	2	2	2
2	गोमती	6	4	3	3
3	खोवाई	3	3	2	1
4	उत्तरी त्रिपुरा	3	0	0	3
5	सिपाहीजला	1	1	1	0
6	उनाकोटी	1	1	1	0
7	पश्चिम त्रिपुरा	3	1	1	2
26	**उत्तर प्रदेश**	**4**	**3**	**4**	**0**
1	बहराईच	1	1	1	0
2	खेरी	1	1	1	0
3	ललितपुर	1	0	1	0
4	सोनभद्र	1	1	1	0
27	**उत्तराखंड**	**4**	**4**	**2**	**2**
1	देहरादून	2	2	1	1
2	उधम सिंह नगर	2	2	1	1
28	**पश्चिम बंगाल**	**9**	**8**	**7**	**2**

1	बांकुड़ा	1	1	1	0
2	बीरभूम	1	1	1	0
3	दक्षिण दिनाजपुर	1	1	1	0
4	जलपाईगुड़ी	1	1	1	0
5	झारग्राम	1	1	1	0
6	कलिम्पोंग	1	1	0	1
7	पश्चिम बर्धमान	1	1	1	0
8	पुरुलिया	2	1	1	1
	कुल योग	**723**	**499**	**400**	**323**

विवरण- II

राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार नामांकन

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	2025-26 (06.03.2026 तक)
1.	आंध्र प्रदेश	10710
2.	अरुणाचल प्रदेश	932
3.	असम	300
4.	बिहार	286
5.	छत्तीसगढ़	27411
6.	दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव	408
7.	गुजरात	11878
8.	हिमाचल प्रदेश	1013
9.	जम्मू एवं कश्मीर	1181
10.	झारखंड	8380
11.	कर्नाटक	4437
12.	केरल	1065
13.	मध्य प्रदेश	25457
14.	महाराष्ट्र	11361
15.	मणिपुर	1723
16.	मेघालय	308
17.	मिजोरम	2399

18.	नागालैंड	747
19.	ओडिशा	13392
20.	राजस्थान	10885
21.	सिक्किम	1250
22.	तमिलनाडु	2909
23.	तेलंगाना	10182
24.	त्रिपुरा	2476
25.	उत्तर प्रदेश	1056
26.	उत्तराखंड	1261
27.	पश्चिम बंगाल	3157
	कुल	**156564**

विवरण-III

ईएमआरएस में कौशल प्रयोगशालाओं की राज्य-वार सूची

राज्य का नाम	कौशल प्रयोगशाला के लिए चयनित स्कूल
आंध्र प्रदेश	10
छत्तीसगढ़	25
गुजरात	23
झारखंड	6
कर्नाटक	6
केरल	2
मध्य प्रदेश	46
महाराष्ट्र	13
मणिपुर	2
मिजोरम	5
नागालैंड	2
ओडिशा	17
राजस्थान	12
सिक्किम	1
तमिलनाडु	6
तेलंगाना	14

उत्तर प्रदेश	2
उत्तराखंड	1
पश्चिम बंगाल	7
कुल	**200**

ग्वालियर विमानपत्तन से उड़ानें

***386. श्री भारत सिंह कुशवाह:**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार मध्य प्रदेश में नव-निर्मित ग्वालियर विमानपत्तन को अवसंरचना और यात्री उपलब्धता के दृष्टिगत कोलकाता, हैदराबाद, इंदौर, जयपुर और उदयपुर जैसे शहरों से बोइंग/72 सीटों वाली एटीआर विमान सेवाओं के माध्यम से जोड़ने के लिए कोई कार्य योजना बनाने का है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

नागर विमानन मंत्री (श्री किंजरापु राममोहन नायडू):

(क) और (ख): ग्वालियर हवाईअड्डा वर्तमान में मेसर्स इंडिगो और मेसर्स एयर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा प्रचालित 42 साप्ताहिक उड़ान आवागमनों (आगमन + प्रस्थान) के साथ मुंबई, दिल्ली और बेंगलुरु से जुड़ा हुआ है।

देश के किसी भी हवाईअड्डे से उड़ान परिचालन की शुरुआत करना एयरलाइनों का वाणिज्यिक निर्णय है, जो मार्ग की आर्थिक और परिचालन व्यवहार्यता और अन्य संबंधित कारकों पर आधारित है। मार्च 1994 में वायु निगम अधिनियम के निरसन के साथ ही, भारतीय घरेलू विमानन क्षेत्र पूर्ण रूप से नियंत्रणमुक्त था। एयरलाइनें किसी भी प्रकार के विमान को शामिल करके क्षमता संवर्धन करने और उन बाजारों और मार्गों का निर्धारण करने के लिए स्वतंत्र हैं जिन्हें वे सेवा प्रदान करना चाहती हैं। तथापि, ऐसे प्रचालन, सरकार द्वारा जारी मार्ग संवितरण दिशानिर्देशों (आरडीजी) के अनुपालन, संबंधित हवाईअड्डा प्रचालकों द्वारा स्लॉट आवंटन और नागर विमानन

महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा उड़ान अनुसूचियों के अनुमोदन के अध्यधीन हैं।

ताप विद्युत संयंत्र (टीपीपी) के अंतर्गत स्थानीय निवासियों को रोजगार

***387. श्री सुधाकर सिंह:**

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या बक्सर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के चौसा में स्थित ताप विद्युत संयंत्र (टीपीपी) में प्रभावित परिवारों को रोजगार प्रदान करने के लिए भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन नीति के अंतर्गत कोई प्रावधान किया गया था;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त नीति के अंतर्गत अब तक कुल कितने लोगों को नौकरी प्रदान की गई है;

(ग) उक्त संयंत्र में चौसा और बक्सर जिलों के स्थानीय निवासियों को अब तक प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रदान किए गए रोजगार की श्रेणी-वार संख्या और कार्य-वार स्वरूप का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार इस परियोजना के अंतर्गत स्थानीय निवासियों को रोजगार में प्राथमिकता देने के लिए कोई नीति अपनाने या इसे और सुदृढ़ करने पर विचार कर रही है; और

(ङ) यदि हां, तो इस संबंध में क्या कदम उठाए जाने का विचार है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

आवासन और शहरी कार्य मंत्री; तथा विद्युत मंत्री (श्री मनोहर लाल):

(क) से (ग): जी हाँ। एसजेवीएन थर्मल पावर प्लांट लिमिटेड की बक्सर ताप विद्युत परियोजना के लिए बिहार सरकार के बक्सर जिले के जिला भूमि अधिग्रहण अधिकारी कार्यालय द्वारा अनुमोदित पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन नीति के अनुसार, परियोजना प्रभावित परिवारों (पीएएफ) के लिए रोजगार/स्वरोजगार के प्रावधान मौजूद हैं (ब्यौरा संलग्न **विवरण-I** पर देखा जा सकता है)।

उपर्युक्त नीति के अनुसार, परियोजना की विभिन्न गतिविधियों के अंतर्गत 550 परियोजना

प्रभावित व्यक्तियों को रोजगार प्रदान किया गया है। इसके अतिरिक्त, बक्सर जिले के कुल 2586 स्थानीय निवासियों (उपर्युक्त 550 परियोजना प्रभावित व्यक्तियों सहित) को प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रोजगार प्रदान किया गया है (ब्यौरा संलग्न **विवरण-II** पर दिया गया है)।

(घ) और (ङ): भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन अधिनियम (एलएआरआरए), 2013 के व्यापक सिद्धांतों के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन (आरएंडआर) नीति को मंजूरी दी गई है। बक्सर ताप विद्युत संयंत्र (बीटीपीपी) के आरएंडआर पैकेज में परियोजना के अंतर्गत **"**स्थानीय निवासियों को रोजगार में प्राथमिकता**"** प्रदान करने का प्रावधान है।

वर्तमान में, बीटीपीपी की यूनिट #2 निर्माणाधीन है और यूनिट #3 की योजना बनाई जा रही है तथा विभिन्न श्रेणियों के विभिन्न कार्यों में रोजगार के और अवसर उत्पन्न होने की उम्मीद है।

<u>विवरण-I</u>

एसजेवीएनएल की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एसजेवीएन थर्मल (पी) लिमिटेड (एसटीपीएल) के बक्सर थर्मल पावर प्लांट के लिए पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन (आर एंड आर) नीति को बिहार सरकार के जिला भूमि अधिग्रहण अधिकारी द्वारा विधिवत अनुमोदित किया गया है। आर एंड आर नीति के अध्याय-6 के प्रासंगिक अंश इस प्रकार हैं:

6.2 रोजगार

6.2.1 प्रत्यक्ष रोजगार

परियोजना से प्रभावित परिवार जिनकी भूमि परियोजना के लिए अधिग्रहित की गई है, उन्हें ठेकेदार (संयंत्र के निर्माण के लिए नियुक्त ठेकेदार) या स्वयं परियोजना द्वारा रोजगार प्रदान किया जाएगा। कंपनी द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार, उम्मीदवारों को उनकी योग्यता, उपयुक्तता और रिक्तियों की उपलब्धता के आधार पर केवल श्रमिक श्रेणी में रोजगार का अवसर दिया जाएगा।

रिक्ति सीमित प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से भरी जाएगी और परिणामों के आधार पर एक मेरिट सूची तैयार की जाएगी। उम्मीदवारों का चयन चयन सूची में शीर्ष से क्रमानुसार किया जाएगा। एसटीपीएल अपनी स्वयं की चयन प्रक्रिया तैयार करने के लिए स्वतंत्र है। रोजगार प्रदान करते

समय, परियोजना से सबसे पहले प्रभावित परिवारों को प्राथमिकता दी जाएगी और उसके बाद ही अन्य/अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

6.2.2 द्वितीयक रोज़गार

यदि एसटीपीएल में प्रत्यक्ष रोज़गार उपलब्ध नहीं कराया जा सकता है, तो प्रभावित परिवारों के आर्थिक स्तर को सुधारने के लिए आय सृजन हेतु वित्तीय सहायता, छोटे ठेकेदारों के साथ काम, स्वरोजगार प्रशिक्षण आदि जैसे वैकल्पिक विकल्प उपलब्ध कराए जाएंगे।

बक्सर ताप विद्युत परियोजना (1320 मेगावाट) सुपरक्रिटिकल ताप विद्युत प्रौद्योगिकी पर आधारित है। यह ध्यान में रखा गया है कि एसटीपीएल परियोजनाएं पूंजी-प्रधान होती हैं और उन्नत प्रौद्योगिकी से सुसज्जित होती हैं। हालांकि, परियोजना में कोई अवसर उत्पन्न होने पर, उपयुक्तता और उपलब्धता के आधार पर पीएएफ (परियोजना प्रभावित परिवारों) को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, एसटीपीएल परियोजना की स्थापना के कारण निम्न स्तर के रोज़गार के अवसर भी उत्पन्न होंगे। इच्छुक पीएएफ को इन अवसरों से जोड़ने का यथासंभव प्रयास किया जाएगा।

6.3 अन्य विस्थापित परिवारों को पुनर्वास सहायता

पहुँच खो चुके अलग हुए परिवारों को सहायता: -

उन परिवारों को सहायता प्रदान की जाएगी जिन्होंने अपनी ज़मीन या मकानों तक पहुँच खो दी है, जिनका अधिग्रहण नहीं हुआ है, जबकि उनके आसपास के अन्य परिवारों की ज़मीन या मकानों का अधिग्रहण हो चुका है।

6.4 स्वयं सहायता समूह (एसएचजी)

स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के गठन के लिए, परियोजना से प्रभावित परिवारों को आय सृजन स्कीम के तहत बताई गई वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी; जहाँ तक संभव हो, यह सहायता परियोजना से प्रभावित परिवारों के समूहों को दी जाएगी। स्वयं सहायता समूहों के गठन से परियोजना से प्रभावित परिवारों में सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की भावना विकसित होगी,

और साथ ही गाँवों में कुटीर उद्योगों के विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

एक स्वयं सहायता समूह में सदस्यों की संख्या आम तौर पर पाँच से दस होगी। यदि आवश्यक हो, तो स्वयं सहायता समूह बैंकों से अतिरिक्त धनराशि की व्यवस्था कर सकते हैं। स्वयं सहायता समूहों के गठन में गैर-सरकारी संगठनों से भी सहायता ली जा सकती है। स्वयं सहायता समूहों को दी जाने वाली वित्तीय सहायता का निर्धारण, आय सृजन स्कीम के तहत किसी एक परियोजना से प्रभावित परिवार को देय अधिकतम वित्तीय सहायता के आधार पर किया जाएगा।

6.5 छोटी संविदाएं

रोजगार के एक व्यवहार्य अवसर के रूप में, परियोजना से प्रभावित परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर संविदा देने पर विचार किया जाएगा। छोटे कार्य संविदा परियोजना से प्रभावित क्षेत्र के 'घ-श्रेणी' के ठेकेदारों के लिए आरक्षित होंगे। परियोजना से प्रभावित परिवारों के ठेकेदारों को प्राथमिकता देने के बाद, परियोजना से प्रभावित क्षेत्र के अन्य ठेकेदारों को प्राथमिकता दी जाएगी। 'घ-श्रेणी' के ठेकेदारों की वित्तीय सीमा का निर्धारण राज्य सरकार के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा।

छोटे प्रशासनिक प्रकृति के कार्यों में हाउसकीपिंग का कार्य, बिजली के उपकरणों का रखरखाव, डिश एंटीना प्रणाली का रखरखाव, कार्यालयों और कर्मचारी क्लबों के लिए सेवाएँ, नर्सरी पार्कों का रखरखाव, तथा भवनों और अन्य अवसंरचना का निर्माण कार्य शामिल हो सकते हैं।

6.5.1 ठेकेदारों के पास नौकरियाँ

ठेकेदारों को निर्देश दिया जाएगा कि जहाँ भी संभव हो, वे अकुशल श्रेणी के कार्यों में नौकरियाँ देते समय परियोजना से प्रभावित परिवारों को प्राथमिकता दें। परियोजना से प्रभावित परिवारों के बाद, अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। इससे बड़ी संख्या में परियोजना से प्रभावित परिवारों को रोजगार प्राप्त होगा।

6.5.2 हल्के वाहनों को किराए पर लेना

परियोजना प्रभावित परिवारों के लिए रोजगार के एक अवसर के रूप में, हल्के वाहनों को किराए पर लिया जा सकता है। परियोजना से प्रभावित परिवारों के हल्के वाहनों को प्राथमिकता देने के बाद, प्रभावित क्षेत्र के निवासियों के वाहनों को प्राथमिकता दी जा सकती है।

6.5.3 कैंटीन का लाइसेंस

परियोजना कार्यालयों के भीतर कैंटीन चलाने के लिए संविदा/अनुज्ञा पत्र देते समय, परियोजना प्रभावित परिवारों को प्राथमिकता दी जाएगी, और उसके बाद परियोजना क्षेत्र के निवासियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

6.5.4 कूरियर सेवाएँ

परियोजना कार्यालयों के भीतर कूरियर सेवाएँ चलाने के लिए संविदा/अनुज्ञा पत्र देते समय, परियोजना से प्रभावित परिवारों को प्राथमिकता दी जाएगी और उसके बाद परियोजना क्षेत्र के निवासियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

6.5.5 दुकानों का आवंटन

एसजेवीएन द्वारा अपनी टाउनशिप में विकसित दुकानों के आवंटन में, विस्थापित दुकानदारों को प्राथमिकता दी जाएगी, उसके बाद अन्य परियोजना से प्रभावित परिवारों को और फिर परियोजना क्षेत्र के निवासियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

6.5.6 पीसीओ/इंटरनेट कियोस्क

एसजेवीएन टाउनशिप में पीसीओ और इंटरनेट कियोस्क के आवंटन में, परियोजना से प्रभावित परिवारों को प्राथमिकता दी जाएगी और उसके बाद परियोजना क्षेत्र के निवासियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

6.5.7 अन्य आजीविका सहायता

कोई भी अन्य आजीविका सहायता जिसे परियोजना द्वारा उचित समझा जाए।

विवरण-II

टीपीपी के अंतर्गत स्थानीय निवासियों को प्रदान किए गए रोजगार का ब्यौरा

क्रम सं.	संविदा का प्रकार	कार्य की प्रकृति	संविदाकार का नाम	कुल जनशक्ति	परियोजना प्रभावित परिवारों के सदस्य (पीएएफ)			बक्सर		
					कुल	वर्ग	कार्य की प्रकृति	कुल	वर्ग	कार्य की प्रकृति
1	सेवा संविदा	सचिवालयी सेवाएं	मैसर्स मैसूर	13	8	कुशल	सचिवालयी सेवाएं	4	कुशल	सचिवालयी सेवाएं
								1	उच्च कुशल	सचिवालयी सेवाएं
2	सेवा संविदा	सफाई एवं अन्य संबद्ध सेवाएं	मैसर्स पंकज सिक्योरिटी	52	0	0	0	2	उच्च कुशल	ड्राइवर/पर्यवेक्षक
					3	कुशल	विद्युत/प्लंबरिंग/ अमेन	4	कुशल	विद्युतकर्मी/प्लंबर/रसोइया
					3	अर्धकुशल	रसोइया सह सहायक/आईटी रखरखाव	4	अर्ध-कुशल	रसोइया सह सहायक
					21	अकुशल	सहायक/सफाईकर्मी	15	अकुशल	सहायक/सफाईकर्मी
3	सेवा संविदा	सुरक्षा सेवाएं	मैसर्स कृष्णा सिक्योरिटी	28	1	उच्च कौशल	सुरक्षा गार्ड	10	उच्च कुशल	पर्यवेक्षक/सुरक्षा गार्ड
					2	कुशल	सुरक्षा गार्ड	15	कुशल	सुरक्षा गार्ड
4	ईपीसी संविदा	सी/ओ बीटीपीपी	मैसर्स एल एंड टी	2166	0	उच्च कुशल	निर्माण कार्य	2	उच्च कुशल	निर्माण कार्य
					114	कुशल	निर्माण कार्य	681	कुशल	निर्माण कार्य
					31	अर्ध कुशल	निर्माण कार्य	183	अर्ध-कुशल	निर्माण कार्य
					205	अकुशल	निर्माण कार्य	940	अकुशल	निर्माण कार्य
					1	संविदा कर्मचारी	निर्माण कार्य	9	विवरण कर्मचारी	निर्माण कार्य
5	ओ एंड	ओ एंड एम		254	10	तकनीकी	संयंत्र प्रचालन एवं	3	तकनीकी	निर्माण कार्य

क्रम सं.	संविदा का प्रकार	कार्य की प्रकृति	संविदाकार का नाम	कुल जनशक्ति	परियोजना प्रभावित परिवारों के सदस्य (पीएएफ)			बक्सर		
					कुल	वर्ग	कार्य की प्रकृति	कुल	वर्ग	कार्य की प्रकृति
	एम संविदाकार		मैसर्स पावर मेक			कार्यकारी	अनुरक्षण तकनीकी कार्य		कार्यकारी	
					3	गैर-तकनीकी कार्यकारी	संयंत्र प्रचालन एवं अनुरक्षण कार्य	1	गैर-तकनीकी कार्यकारी	संयंत्र प्रचालन एवं अनुरक्षण तकनीकी कार्य
					59	तकनीकी गैर-कार्यकारी	संयंत्र प्रचालन एवं अनुरक्षण तकनीकी कार्य	107	तकनीकी गैर-कार्यकारी	संयंत्र प्रचालन एवं अनुरक्षण कार्य
					44	गैर-तकनीकी गैर-कार्यकारी	संयंत्र प्रचालन एवं अनुरक्षण अन्य कार्य	27	गैर-तकनीकी-गैर-कार्यकारी	संयंत्र प्रचालन एवं अनुरक्षण (अन्य कार्य)
6	सिविल संविदा	बीटीपीपी कॉलोनी के कार्यालय	मैसर्स हाई-टेक	10	8	अकुशल	लोडिंग/अनलोडिंग	2	अकुशल	लोडिंग/अनलोडिंग
7	सिविल संविदा	बाउंड्री वाल का निर्माण	मैसर्स एपीएस हाइड्रो	15	12	कुशल		0	0	0
					3	अकुशल	पर्यवेक्षक	0	0	0
8	कोयला परिवहन	वारफ से संयंत्र तक कोयले का परिवहन	मैसर्स प्रगति रोड लाइन	16	0	0	लोडिंग/अनलोडिंग	16	कुशल	वाहन चलाना एवं प्रचालन
9	किराए पर लिया गया वाहन	बीटीपीपी के आधिकारिक कार्यों के लिए वाहनों की व्यवस्था	व्यक्तिगत स्वामी	32	22	वाहन और चालक	0	10	वाहन और चालक	वाहन का प्रचालन एवं रखरखाव
कुल				**2586**	**550**			**2036**		

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत लाभार्थी

***388. श्री कौशलेन्द्र कुमारः**

श्री राजेश रंजनः

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देशभर में अब तक प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के अंतर्गत लाभार्थियों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और बिहार में जिला-वार संख्या कितनी है; और

(ख) क्या उज्ज्वला योजना के अंतर्गत जारी किए गए एलपीजी सिलेंडरों और गैस कनेक्शनों के रिफिल की संख्या में बहुत अंतर है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री हरदीप सिंह पुरी):

(क): देश भर के गरीब परिवारों की वयस्क महिलाओं को बगैर जमानत राशि के एलपीजी कनेक्शन प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) मई, 2016 में शुरू की गई थी। दिनांक 01.03.2026 की स्थिति के अनुसार, बिहार राज्य के 1.20 करोड़ कनेक्शन सहित देश भर में लगभग 10.56 करोड़ पीएमयूवाई कनेक्शन थे।

पीएमयूवाई के तहत कनेक्शनों की संख्या का राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार ब्यौरा संलग्न **विवरण-I** में दिया गया है।

बिहार राज्य में पीएमयूवाई कनेक्शनों की संख्या का जिलावार ब्यौरा संलग्न **विवरण-II** में दिया गया है।

(ख): सरकार ने पीएमयूवाई लाभार्थियों के बीच एलपीजी के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए आईवीआरएस, एसएमएस, व्हाट्सएप, डिस्ट्रीब्यूटर कॉल, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, ओएमसी ऐप तथा परेशानी मुक्त पहुंच हेतु वेब पोर्टल के माध्यम से रिफिल बुकिंग में आसानी, 14.2 किलो से 5 किलो

सिलेंडर में स्विच करने का विकल्प, 5 किलो डबल बॉटल कनेक्शन, एलपीजी पंचायतें और जागरूकता अभियान जैसे कई कदम उठाए हैं।

इसके अलावा, वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सरकार पीएमयूवाई उपभोक्ताओं को 14.2 किलो सिलेंडर के 9 रिफिल तक (और 5 किलोग्राम के कनेक्शन के लिए आनुपातिक रूप से यथानुपाती) 300/- रुपये प्रति 14.2 किलो सिलेंडर की निर्धारित राजसहायता प्रदान कर रही है।

इन उपायों के परिणामस्वरूप, पीएमयूवाई लाभार्थियों की प्रति कनेक्शन खपत (प्रति वर्ष में लिए गए 14.2 किलो एलपीजी सिलेंडरों की संख्या के संदर्भ में) वित्त वर्ष 2021-22 में 3.68 से बढ़कर वित्त वर्ष 2025-26 में 4.80 हो गई है (अप्रैल 25-फरवरी 26 के दौरान खपत के आधार पर यथानुपाती)।

पीएमयूवाई उपभोक्ताओं ने वर्ष 2024-25 के दौरान ही घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के 46.22 करोड़ रिफिल लिए हैं।

विवरण-I

दिनांक 01.03.2026 की स्थिति के अनुसार जारी किए गए पीएमयूवाई कनेक्शनों की राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार संख्या :

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	**पीएमयूवाई कनेक्शनों की कुल संख्या**
अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	14,033
आंध्र प्रदेश	11,30,572
अरुणाचल प्रदेश	55,073
असम	52,38,064
बिहार	1,20,42,722
चंडीगढ़	2,035
छत्तीसगढ	39,64,116
दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव	18,475
दिल्ली	2,88,583
गोवा	2,046

गुजरात	43,92,285
हरियाणा	12,06,865
हिमाचल प्रदेश	1,52,349
जम्मू और कश्मीर केंद्रशासित प्रदेश	12,78,765
झारखंड	39,73,823
कर्नाटक	42,34,596
केरल	3,91,198
केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख	11,082
लक्षद्वीप	370
मध्य प्रदेश	90,29,855
महाराष्ट्र	52,60,083
मणिपुर	2,28,273
मेघालय	3,24,126
मिजोरम	37,346
नागालैंड	1,30,934
ओडिशा	56,42,023
पुडुचेरी	20,362
पंजाब	13,61,139
राजस्थान	75,09,941
सिक्किम	20,081
तमिलनाडु	42,01,611
तेलंगाना	12,33,709
त्रिपुरा	3,31,721
उत्तर प्रदेश	1,89,56,828
उत्तराखंड	5,31,166
पश्चिम बंगाल	1,23,72,701

स्रोत: पीएसयू ओएमसी की ओर से आईओसीएल

विवरण-II

दिनांक 01.03.2026 की स्थिति के अनुसार बिहार राज्य में जिला-वार पीएमयूवाई कनेक्शन की संख्या :

ज़िला	पीएमयूवाई कनेक्शनों की कुल
अररिया	4,82,924
अरवल	83,006
औरंगाबाद (बीएच)	2,36,229
6	खाद्य प्रसंस्करण और परिरक्षण क्षमता सृजन / विस्तार योजना (सीईएफपीपीसी)	मेसर्स सीजी फूड्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (फल और सब्जी प्रसंस्करण)	अजमेर	23-05-2022	9.64	1.58	0.78	कार्यान्वयनाधीन
7	खाद्य प्रसंस्करण और परिरक्षण क्षमता सृजन / विस्तार योजना (सीईएफपीपीसी)	मेसर्स श्री नारायण स्वामी एंटरप्राइजेज	जोधपुर	23-05-2022	6.11	1.51	1.51	पूर्ण
8	खाद्य प्रसंस्करण और परिरक्षण क्षमता सृजन /	मेसर्स नोखा ग्वार गम इंडस्ट्रीज प्रा.	बीकानेर	05-12-2022	10.37	4.2	4.20	पूर्ण

	विस्तार योजना (सीईएफपीपीसी)	लि						
9	खाद्य प्रसंस्करण और परिरक्षण क्षमता सृजन / विस्तार योजना (सीईएफपीपीसी)	मेसर्स भगवतम फूड ग्रेन्स प्राइवेट लिमिटेड	बूंदी	24-01-2023	29.51	5	5.00	पूर्ण
10	खाद्य प्रसंस्करण और परिरक्षण क्षमता सृजन / विस्तार योजना (सीईएफपीपीसी)	मेसर्स बाबा रामदेव केमफूड इंडस्ट्रीज	नागौर	24-01-2023	22.80	1.62	1.62	पूर्ण
11	खाद्य प्रसंस्करण और परिरक्षण क्षमता सृजन / विस्तार योजना (सीईएफपीपीसी)	मेसर्स विद्या ग्लोबल फूड्स प्रा लिमिटेड (616)	बीकानेर	30-01-2023	18.90	3.81	1.87	कार्यान्वयनाधीन
12	खाद्य प्रसंस्करण और परिरक्षण क्षमता सृजन / विस्तार योजना (सीईएफपीपीसी)	मेसर्स विद्या ग्लोबल फूड्स प्रा लिमिटेड (623)	बीकानेर	30-01-2023	18.90	3.81	1.87	कार्यान्वयनाधीन
13	खाद्य प्रसंस्करण और परिरक्षण क्षमता सृजन / विस्तार योजना (सीईएफपीपीसी)	मेसर्स विद्या ग्लोबल फूड्स प्रा लिमिटेड (626)	बीकानेर	30-01-2023	14.73	3.08	1.51	कार्यान्वयनाधीन
14	खाद्य प्रसंस्करण और परिरक्षण क्षमता सृजन / विस्तार योजना (सीईएफपीपीसी)	मेसर्स विद्या ग्लोबल फूड्स प्रा लिमिटेड (644)	बीकानेर	30-01-2023	18.90	3.81	1.87	कार्यान्वयनाधीन
15	खाद्य प्रसंस्करण और परिरक्षण क्षमता सृजन / विस्तार योजना (सीईएफपीपीसी)	मेसर्स विद्या ग्लोबल फूड्स प्रा लिमिटेड (646)	बीकानेर	30-01-2023	10.86	1.93	0.95	कार्यान्वयनाधीन
16	खाद्य प्रसंस्करण और परिरक्षण क्षमता सृजन / विस्तार योजना (सीईएफपीपीसी)	मेसर्स ओम श्री एग्रो सोल्वेक्स	अजमेर	08-07-2023	11.40	3.81	3.81	पूर्ण
17	खाद्य प्रसंस्करण और	मेसर्स विद्या	बीकानेर	29-02-2024	20.79	5	0.00	कार्यान्वयनाधीन

	परिरक्षण क्षमता सृजन / विस्तार योजना (सीईएफपीपीसी)	ग्लोबल फूड्स प्राइवेट लिमिटेड						
18	खाद्य प्रसंस्करण और परिरक्षण क्षमता सृजन / विस्तार योजना (सीईएफपीपीसी)	मेसर्स विद्या ग्लोबल फूड्स प्राइवेट लिमिटेड (805)	बीकानेर	29-02-2024	20.60	5	0.00	कार्यान्वयनाधीन
19	खाद्य प्रसंस्करण और परिरक्षण क्षमता सृजन / विस्तार योजना (सीईएफपीपीसी)	मेसर्स श्रीमाधो फन फूड्स प्रा लिमिटेड	अजमेर	29-02-2024	12.21	3.12	1.56	कार्यान्वयनाधीन
20	खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता आश्वासन अवसंरचना	बीकानेर कृषि विपणन प्राइवेट लिमिटेड	जयपुर	01-03-2024	12.35	4.97	2.49	कार्यान्वयनाधीन

PROJECTS UNDER AMRUT AND AMRUT 2.0

4478. SHRI KARTICK CHANDRA PAUL:

Will the Minister of **HOUSING AND URBAN AFFAIRS** be pleased to state:

(a) the key projects along with their current status undertaken by Raiganj Municipality under Atal Mission for Rejuvenation and Urban Transformation (AMRUT) and AMRUT 2.0;

(b) the details of the funds received and utilised so far by Raiganj Municipality for infrastructure development;

(c) the details of the specific sectors targeted such as water supply, sewage, drainage, urban transportation and green spaces in Raiganj Municipality under AMRUT and AMRUT 2.0; and

(d) the monitoring and evaluation mechanisms in place to ensure the timely and

effective completion of projects under AMRUT and AMRUT 2.0 in Raiganj Municipality along with the challenges faced in implementing these missions?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOUSING AND URBAN AFFAIRS (SHRI TOKHAN SAHU):

(a) to (d): Under Atal Mission for Rejuvenation and Urban Transformation (AMRUT) and AMRUT 2.0, States/ Union Territories are empowered to select, appraise, prioritise and implement the projects. Under AMRUT, the State of West Bengal has taken up 05 green spaces & park projects worth ₹1.12 crore in Raiganj Municipality, which have been completed.

Under AMRUT 2.0, the State Water Action Plans of West Bengal comprising of 01 water supply project worth ₹32.39 crore (including Operation and Maintenance cost) have been approved in Raiganj. As per the information updated by the State on AMRUT 2.0 portal, the project has been awarded with a cost of ₹28.98 crore (capex) of which works worth ₹11.73 crore has been physically completed.

Under AMRUT/ AMRUT 2.0, funds are allocated and released/ sanctioned to States/UTs and not District/ULBs wise or project-wise. The States/ UTs utilise central share funds in any of the projects as per their physical/ financial progress.

The Mission guidelines have specific provisions for formation of State High Powered Steering Committee (SHPSC) headed by the Chief Secretary of the State, to monitor and supervise the implementation of the scheme at the State/

UT level. State Level Technical Committee (SLTC) headed by the Secretary, Urban Development & Housing Department provides technical support to the SHPSC in monitoring and supervising the scheme at the State level. Further, an Apex Committee constituted under the ambit of Mission guidelines reviews and monitor the Mission periodically. For assessment and monitoring of work done under AMRUT in the States/ UTs, there is a provision of Independent Review and Monitoring Agencies (IRMAs). Also, in order to fast-track the implementation of AMRUT, the progress is periodically reviewed and monitored through regular video conferences/ webinars/ workshops/ site-visits etc. by Ministry of Housing and Urban Affairs (MoHUA) with the States/ UTs & their ULBs. There is a dedicated AMRUT 2.0 online portal for tracking the progress and monitoring of projects provided by the States/ UTs.

कोराडी ताप विद्युत संयंत्र में एफजीडी प्रणाली

4479. श्री संजय हरिभाऊ जाधवः

क्या **विद्युत** मंत्री दिनांक 12 फरवरी, 2026 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2215 के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या कोराडी ताप विद्युत संयंत्र में एफजीडी प्रणाली लगाए जाने के लिए छह निविदाओं संबंधी प्रगति बहुत धीमी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और निविदा मूल्यांकन की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या सरकार अधिसूचित समय-सीमा के अनुसार 31.12.2027 से पहले एफजीडी प्रणाली का

शुरू किया जाना सुनिश्चित करने के लिए मासिक आधार पर रूपरेखा की निगरानी कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या महाराष्ट्र राज्य वीज निर्मिती कंपनी मर्यादित (महाजेनको) ने संविदात्मक दायित्वों को पूरा करने में विफल रहने वाले पांच निविदाओं (2003 में जारी) के ठेकेदारों को प्रतिबंधित या ब्लैकलिस्ट किया है या उनसे जोखिम और लागत खंड के अंतर्गत पूरी धनराशि वसूल की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या इन छह निविदाओं के परिणाम का पिछली पांच निविदाओं जैसा न होना सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए गए हैं?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीपाद येसो नाईक):

(क): कोराडी ताप विद्युत संयंत्र महाराष्ट्र स्टेट पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड (महाजेनको) के स्वामित्व में है और इसमें 04 यूनिट शामिल हैं, अर्थात यूनिट सं. 6 (210 मेगावाट) तथा यूनिट सं. 8, 9 और 10 (3 x 660 मेगावाट)।

यूनिट नं. 6 के संबंध में फ्लू गैस डिसल्फराइज़ेशन (एफजीडी) प्रणाली को दिनांक 31.12.2024 को कमीशन किया गया था। यूनिट 8, 9 और 10 में एफजीडी प्रणाली की संस्थापना के लिए छठी निविदा की प्रगति निम्नानुसार है:

(i) निविदा दिनांक 11.06.2025 को प्रकाशित की गई थी और इसे जमा करने की अंतिम तिथि 01.07.2025 थी।

(ii) इसके बाद, विभिन्न संभावित बोलीदाताओं से प्राप्त अनुरोधों के आधार पर और व्यापक भागीदारी को सुगम बनाने के लिए, निविदा की समय-सीमा को सात बार बढ़ाया गया, जिसमें अंतिम विस्तार दिनांक 04.11.2025 तक किया गया।

(iii) तकनीकी-वाणिज्यिक बोलियाँ दिनांक 06.11.2025 को खोली गईं। प्राप्त तकनीकी-वाणिज्यिक बोलियों के मूल्यांकन के बाद, योग्य बोलीदाताओं की मूल्य बोलियाँ दिनांक 29.01.2026 को खोली गईं।

(ख): कोराडी ताप विद्युत संयंत्र 'क' श्रेणी के अंतर्गत आता है, और ऐसे संयंत्रों के लिए SO_2 उत्सर्जन मानकों के अनुपालन की समय-सीमा दिनांक 31.12.2027 है। निर्धारित समय-सीमा के बाद भी गैर-अनुपालन की स्थिति में, अनुपालन न करने वाले टीपीपी पर निम्नलिखित पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति लगाई जाएगी:

समय-सीमा के बाद गैर-अनुपालन संचालन	**पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति (रु. प्रति यूनिट उत्पादित विद्युत)**
0-180 दिन	0.20
181-365 दिन	0.30
366 दिन और आगे	0.40

(ग)**:** अनुबंध दायित्वों को पूरा करने में विफल ठेकेदार को वर्ष 2023 में जारी 5वें निविदा अनुबंध की समाप्ति के बाद तीन साल की अवधि के लिए महाजेनको द्वारा आमंत्रित बोलियों में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

अनुबंध की समाप्ति के बाद**,** बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत बोली सुरक्षा (ईएमडी) और निष्पादन बैंक गारंटी अनुबंध के जोखिम और लागत खंड के तहत जब्त कर ली गई है।

(घ): महाजेनको द्वारा दी गई सूचना के अनुसार**,** वर्तमान निविदा के लिए खरीद नीति के अनुरूप आवश्यक सावधानी पहले ही बरती जा चुकी है।

गुजरात में पीएमएवाई-यू 2.0

4480. श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोरः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गुजरात के दाहोद लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) 2.0 के अंतर्गत अब तक स्वीकृत किए गए और पूर्ण किए गए किफायती आवासों की संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार ने उक्त लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में प्रवासी श्रमिकों और निम्न आय वर्ग (एलआईजी) के लिए किफायती किराये वाले आवासीय परिसरों (एआरएचसी) संबंधी कोई विशिष्ट योजना कार्यान्वित की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या उक्त लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र को जनजाति बहुल क्षेत्र होने के कारण कोई अतिरिक्त केंद्रीय सहायता (एसीए) प्रदान की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री तोखन साहू):

(क): आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) 25.06.2015 से प्रधान मंत्री आवास योजना शहरी (पीएमएवाई-यू) का कार्यान्वयन कर रहा है, जिसका उद्देश्य देश भर में पात्र शहरी लाभार्थियों को बुनियादी नागरिक सुविधाओं वाले हर मौसम में रहने योग्य पक्के आवास प्रदान करना है। पीएमएवाई-यू के कार्यान्वयन के अनुभवों से मिली सीख के आधार पर, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने योजना को नया रूप दिया है और अगले पांच वर्षों में 1 करोड़ अतिरिक्त पात्र लाभार्थियों की सहायता करने के लिए देश भर के शहरी क्षेत्रों में कार्यान्वयन के लिए 01.09.2024 से पीएमएवाई-यू 2.0 'सभी के लिए आवास' मिशन शुरू किया है। पीएमएवाई-यू 2.0 को चार घटकों अर्थात् लाभार्थी आधारित निर्माण (बीएलसी), साझेदारी में किफायती आवास (एएचपी), किफायती किराया आवास (एआरएच) और ब्याज सब्सिडी योजना (आईएसएस) के माध्यम से कार्यान्वित किया जा रहा है।

राज्य द्वारा प्रस्तुत परियोजना प्रस्ताव के आधार पर, 7,233 आवासों को स्वीकृति दी गई है,

जिनमें से 5,877 आवास पीएमएवाई-यू और पीएमएवाई-यू 2.0 के तहत पूरे किए जा चुके हैं, जिसमें गुजरात के दाहोद लोक सभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में पीएमएवाई-यू 2.0 के तहत स्वीकृत 1,287 और 45 पूरे किए गए आवास शामिल हैं। इस योजना की प्रगति को पीएमएवाई-यू डैशबोर्ड (https://dashboard.pmay-urban.gov.in) पर भी देखा जा सकता है।

(ख): आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने देश भर में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस)/निम्न आय वर्ग (एलआईजी) श्रेणी के प्रवासी श्रमिकों, शहरी गरीबों और अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों के सामने आने वाले आवास से संबंधित आवश्यकता को पूरा करने के लिए जुलाई 2020 में पीएमएवाई-यू की एक उप-योजना के रूप में किफायती किराया आवास परिसर (एआरएचसी) शुरू किए। यह योजना दो मॉडलों के माध्यम से कार्यान्वित की गई है।

मॉडल-1 के तहत, अब तक कुल 5,783 सरकारी वित्तपोषित खाली आवासों को एआरएचसी में परिवर्तित किया गया है। इसके अतिरिक्त, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, मध्य प्रदेश और राजस्थान राज्यों में 7,413 मौजूदा सरकारी वित्त पोषित खाली आवासों को एआरएचसी इकाइयों में परिवर्तित करने के प्रस्तावों पर कार्रवाई की गई है। इसके अलावा, मॉडल-2 के तहत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों के आधार पर, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने कई राज्यों में 83,298 नई एआरएचसी इकाइयों के निर्माण के प्रस्तावों को अनुमोदित किया गया है। इसमें से 40,630 एआरएचसी इकाइयों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। गुजरात के दाहोद लोक सभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए एआरएचसी के अंतर्गत गुजरात सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

इसके अलावा, एआरएचसी के संबंध में प्राप्त ज्ञान के आधार पर, पीएमएवाई-यू 2.0 के तहत किफायती किराया आवास (एआरएच) हेतु एक समर्पित घटक प्रावधान किया गया है, जिसका उद्देश्य शहरी प्रवासियों/औद्योगिक श्रमिकों/कामकाजी महिलाओं/छात्रों/शहरी गरीबों आदि सहित लक्षित लाभार्थियों के कार्यस्थलों के करीब किफायती किराया आवास के निर्माण को बढ़ावा देना है। एआरएच

घटक को दो मॉडलों के माध्यम से कार्यान्वित किया जाता है:

मॉडल-1: सार्वजनिक निजी भागीदारी मोड या सार्वजनिक एजेंसियों द्वारा मौजूदा सरकारी वित्त पोषित खाली आवासों को एआरएच में परिवर्तित करना।

मॉडल -2: शहरी गरीबों, कामकाजी महिलाओं, उद्योगों, औद्योगिक संपदाओं, संस्थाओं के कर्मियों और अन्य पात्र ईडब्ल्यूएस/एलआईजी परिवारों के लिए निजी/सार्वजनिक संस्थाओं द्वारा किराये के आवास का निर्माण, संचालन और रखरखाव करना।

पीएमएवाई-यू 2.0 के तहत सभी इच्छुक सार्वजनिक/निजी संस्थाओं द्वारा नई एआरएच इकाइयों के निर्माण के लिए परियोजना प्रस्तावों को प्रस्तुत करने के लिए मंत्रालय द्वारा रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) जारी की गई है। ईओआई के लिए वेब लिंक https://pmay-urban.gov.in/ARH-EOI.pdf पर है। गुजरात सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों को स्थानीय मांग के अनुसार किराये के आवास बनाने के लिए एआरएच घटक के अंतर्गत प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

(ग): पीएमएवाई-यू 2.0 के योजना दिशानिर्देशों के अनुसार, इस योजना के तहत आवासों की खरीद/निर्माण के लिए अपेक्षित निधि को केंद्र सरकार, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार/यूएलबी/कार्यान्वयन एजेंसियों और लाभार्थियों के बीच साझा किया जाता है। पीएमएवाई-यू 2.0 के तहत वित्तपोषण लाभार्थियों को लाभ प्रदान करने और उन्हें अन्य स्रोतों से निधियों की व्यवस्था करके अपने आवासों का निर्माण करने में सक्षम बनाने के लिए दिया जाता है। पीएमएवाई-यू 2.0 के बीएलसी/एएचपी घटक के तहत हिमालयी/पूर्वोत्तर राज्यों/विधान सभा वाले संघ राज्य क्षेत्रों के लिए सरकारी सहायता 90:10 के अनुपात में तय की गई है। शेष संघ राज्य क्षेत्रों के लिए, केंद्र और राज्य का साझाकरण अनुपात 100:0 है जबकि अन्य राज्यों के लिए यह 60:40 है। भारत सरकार द्वारा विभिन्न घटकों के तहत केन्द्रीय सहायता की एक निश्चित राशि प्रदान की जाती है। इस योजना के

दिशानिर्देशों के अनुसार, पीएमएवाई-यू 2.0 के तहत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का हिस्सा अनिवार्य है। हालाँकि, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र लाभार्थियों पर बोझ कम करने के लिए राज्य का हिस्सा बढ़ा सकते हैं।

मुरादाबाद जिले में ग्रामीण जल सुरक्षा

4481. श्रीमती रुचि वीराः

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले में विशेषकर कुंदरकी, बिलारी, ठाकुरद्वारा और रामगंगा नदी के निकट स्थित निचले गांवों में, जहां भूजल स्तर में गिरावट, जल गुणवत्ता संबंधी जोखिम, मौसमी जल संकट और राष्ट्रीय जल आपूर्ति योजनाओं के कार्यान्वयन के बावजूद जल की अनियमित आपूर्ति के कारण घरेलू उपयोग, कृषि और पशुपालन प्रभावित हो रहा है, पेयजल उपलब्धता, भूजल स्थिरता और ग्रामीण जल सुरक्षा की व्यापक समीक्षा की है।

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा उक्त जिले में दीर्घकालिक जल सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किए गए स्रोत संधारणीयता अध्ययन, भूजल पुनर्भरण कार्यों, पेयजल अवसंरचना उन्नयन, जल गुणवत्ता निगरानी प्रणालियों और अंतर-अभिकरण समन्वय उपायों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

जल शक्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री वी. सोमन्ना):

(क): भारत सरकार देश के सभी ग्रामीण परिवारों को निर्धारित गुणवत्ता की पर्याप्त मात्रा (55 एलपीसीडी) में और नियमित तथा दीर्घकालिक आधार पर सुरक्षित और पीने योग्य नल जल आपूर्ति की व्यवस्था करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में, भारत सरकार ने जल जीवन मिशन (जेजेएम) शुरू किया, जिसे अगस्त 2019 से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की भागीदारी से कार्यान्वित किया जाना है।

पेयजल राज्य का विषय है, और इसलिए, जेजेएम के तहत आने वाली योजनाओं सहित

पेयजल आपूर्ति योजनाओं की आयोजना, अनुमोदन, कार्यान्वयन, संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है। भारत सरकार तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करके राज्यों की सहायता करती है।

उत्तर प्रदेश राज्य ने सूचित किया है कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत, मुरादाबाद जिले के सभी ग्रामीण क्षेत्रों (कुंदरकी, बिलारी और ठाकुरद्वारा के ब्लॉक सहित) में "हर घर जल (हर घर में पानी का नल) पहल के तहत ग्रामीण पाइपगत जल योजनाओं का निर्माण किया जा रहा है। इस प्रयास के तहत प्रत्येक ग्रामीण पेयजल योजना के जल परिसर के भीतर वर्षा जल संचयन संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा, 2022 से 2025 तक की अवधि को कवर करने वाली भूजल संसाधन आकलन रिपोर्ट के अनुसार: बिलारी ब्लॉक को 2022 में "क्रिटीकल" और 2025 में "सेमी-क्रिटिकल" वर्गीकृत किया गया है; कुंदरकी ब्लॉक को 2022 और 2025 दोनों में "सेमी-क्रिटिकल" के रूप में वर्गीकृत किया गया है; और ठाकुरद्वारा ब्लॉक को 2022 और 2025 दोनों में "सुरक्षित" के रूप में वर्गीकृत किया गया है। वर्तमान में, मुरादाबाद जिले के भीतर किसी भी गांव को "जल गुणवत्ता जोखिम" की श्रेणी में आने के रूप में नहीं पहचाना गया है।

इसके अलावा, सीजीडब्ल्यूबी ने सूचित किया है कि नवीनतम 2025 आकलन के अनुसार, मुरादाबाद जिले में कुल वार्षिक भूजल पुनर्भरण 71,151.24 हेक्टेयर मीटर (एचएएम) अनुमानित किया गया है, जबकि वार्षिक निष्कर्षण योग्य भूजल संसाधन 64,036.11 एचएएम है। जिले में कुल वार्षिक भूजल निष्कर्षण 55,270.63 एचएएम अनुमानित है, जिसमें से 43,841.46 एचएएम (79.32%) सिंचाई के लिए और 10,462.11 एचएएम (18.93%) घरेलू उपयोग के लिए है।

सीजीडब्ल्यूबी मार्च/अप्रैल/मई, अगस्त, नवम्बर और जनवरी माह के दौरान प्रत्येक वर्ष में चार बार उत्तर प्रदेश राज्य सहित पूरे देश में भूजल स्तर की मैनुअल रूप से निगरानी करता है।

(ख) और (ग): उत्तर प्रदेश राज्य ने सूचित किया है कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत जल

जीवन मिशन के तहत मुरादाबाद जिले के सभी ग्रामीण क्षेत्रों (कुंदरकी, बिलारी और ठाकुरद्वारा के ब्लॉक सहित) में ग्रामीण पेयजल योजनाओं का निर्माण किया जाता है। हर ग्रामीण पेयजल योजना के आधार पर जल परिसर के भीतर जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा, सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई विभाग, भूजल विभाग, पंचायती राज विभाग और ग्रामीण विकास विभाग आदि जैसे विभिन्न विभागों द्वारा भूजल पुनर्भरण प्रयोजनों के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में तालाबों और इसी तरह की संरचनाओं का निर्माण किया जाता है।

इसके अलावा, सीजीडब्ल्यूबी ने सूचित किया है कि कुंदरकी, बिलारी और ठाकुरद्वारा ब्लॉकों सहित उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले में भूजल स्थिरता और दीर्घकालिक जल सुरक्षा के लिए सहायता देने हेतु भारत सरकार द्वारा विभिन्न उपाय किए गए हैं।

जेजेएम के तहत, मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार, भारतीय मानक ब्यूरो के बीआईएस: 10500 मानकों को पाइपगत जलापूर्ति योजनाओं के माध्यम से आपूर्ति किए जा रहे जल की गुणवत्ता के लिए बेंचमार्क के रूप में अपनाया जाता है। कार्यसंबंधी दिशानिर्देशों के अनुसार, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र जल गुणवत्ता निगरानी और पर्यवेक्षण (डब्ल्यूक्यूएम एंड एस) गतिविधियों के लिए जेजेएम के तहत निधियों के अपने वार्षिक आवंटन का 2% तक उपयोग कर सकते हैं, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ जल गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशालाओं की स्थापना और सुदृढ़ीकरण, उपकरणों, उपस्करों, रसायनों, कांच के बने सामान, उपभोग्य सामग्रियों की खरीद, कुशल जनशक्ति को काम पर रखना, फील्ड टेस्ट किट (एफटीके) का उपयोग करके समुदाय द्वारा निगरानी, जल गुणवत्ता के संबंध में जागरूकता प्रसार, शैक्षिक कार्यक्रम, प्रयोगशालाओं का प्रत्यायन/मान्यता आदि शामिल हैं। इसके अलावा, विभिन्न हितधारकों के परामर्श से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के मार्गदर्शन के लिए दिसंबर 2024 में 'ग्रामीण परिवारों को पाइपगत पेयजल आपूर्ति की जल गुणवत्ता की निगरानी हेतु संक्षिप्त पुस्तिका' जारी की गई है। इस पुस्तिका में विभिन्न परीक्षण बिंदुओं जैसे स्रोत (सतह और भूजल दोनों), शोधन संयंत्र, भंडारण

और संवितरण स्थलों पर पेयजल के नमूनों का व्यापक परीक्षण करने और जहां भी आवश्यक हो, उपचारात्मक कार्रवाई करने की सिफारिश की गई है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि परिवारों को आपूर्ति किया गया जल निर्धारित गुणवत्ता का है।

FLIGHT DISRUPTIONS DUE TO FOG

4482. SHRI TAMILSELVAN THANGA:

Will the Minister of **CIVIL AVIATION** be pleased to state:

(a) whether the Government is aware of the fact that several flights originated from Indira Gandhi International (IGI) Airport, New Delhi were cancelled/delayed due to severe fog condition during the winter season i.e. December, 2025 and January 2026 and if so, the details thereof;

(b) whether in case of such flight cancellations, all the passengers were refunded their tickets money without any deductions by the concerned airlines and if so, the details thereof;

(c) whether the Government has received any complaints from the passengers regarding non- payment/partial payment of their cancelled flight tickets; and

(d) if so, the details thereof along with the action taken thereon?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COOPERATION; AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CIVIL AVIATION (SHRI MURLIDHAR MOHOL):

(a) to (d): Ministry held various meetings with all stakeholders and has issued directions in the form of SOP to all scheduled airlines to handle situations arising out of adverse weather conditions.

A total of 589 flights were cancelled and 538 flights were delayed at Indira Gandhi International Airport, New Delhi during the period from 10th December 2025 to 10th February 2026 due to fog conditions.

Generally flights are operated by the airlines as per approved schedule. However, at times due to various extraordinary reasons such weather, natural disaster, riot, labour disputes etc. which could not have been avoided even if all reasonable measures had been taken by the airline, the flight gets delayed or cancelled.

Further, in case of any delays and cancellation, airlines have to facilitate the affected passengers in accordance with DGCA issued CAR Section 3, Series M, Part IV titled 'Facilities to be provided to passengers by airlines due to denied boarding, cancellation of flights and delays in flights' to reduce inconvenience.

Ministry has established a permanent, 24x7 Passenger Assistance Control Room (PACR) to enhance passenger-centric governance. This initiative integrates MoCA, DGCA, AAI, and airlines for real-time monitoring of flight disruptions, baggage issues, and refunds, aiming to accelerate grievance redressal and improve the overall travel experience. Many passengers have expressed satisfaction that their grievances are acknowledged and resolved

promptly, and have conveyed their appreciation.

SHORTAGE OF LPG CYLINDERS IN ANDAMAN AND NICOBAR ISLANDS

4483. SHRI BISHNU PADA RAY:

Will the Minister of **PETROLEUM AND NATURAL GAS** be pleased to state:

(a) whether the Government is aware that the acute shortage of LPG cylinders in various parts of the UT of Andaman and Nicobar Islands such as Guptapara, Wandoor, Ferrargunj Tehsil, Dairy Farm area of Sri Vijayapuram Tehsil, Car Nicobar and Campbell Bay etc.;

(b) if so, the details thereof along with the action taken by the Government to address the grievances and to bridge the gap between the demand and supply of LPG cylinders in the said areas; and

(c) whether the Government proposes to appoint additional full-fledged LPG distributors asper the prescribed norms and to issue necessary directions to the concerned authorities to ensure uninterrupted and timely supply of LPG cylinders across all islands and if so, the details thereof along with the timeline fixed for implementation?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS; AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF TOURISM (SHRI SURESH GOPI):

(a) to (c): Indian Oil Corporation Ltd. (IOCL) has informed that Domestic LPG supplies in the Andaman and Nicobar Islands are primarily managed by IOCL. IOCL LPG bottling plant at Port Blair supplies LPG cylinders to all distributors of Andaman and Nicobar Islands.

Appointment of LPG distributorships by the Public Sector Oil Marketing Companies (OMCs) is a continuous process and locations for setting up of LPG distributorships are identified and advertised as per Unified Selection Guidelines for LPG distributorships (USG)- 2016. There are 10 LPG distributors currently operating in the Andaman and Nicobar Islands. The details of currently operating LPG distributorships are given in the enclosed **Statement**.

Guptapara, Wandoor, Ferrargunj and Dairy Farm areas of Andaman and Nicobar Islandsare served by M/s Priya Indane. Further, Port Blair and six other distant markets i.e. Mayabunder, Neil, Havelock, Hutbay, Car Nicobar and Campbell Bay, are served by M/s Consumers' Cooperative Stores Limited.

The average refill delivery time in the Andaman and Nicobar Islands during the current financial year (April 2025–February 2026) has remained less than one day. Further,total domestic LPG consumption in the Andaman and Nicobar Islands has increased from 12,125 MT in FY 2024–25 (April 2024 to February 2025) to 12,698 MT in FY 2025–26 (April 2025 to February 2026).

STATEMENT

Details of currently serving LPG distributorships in Andaman and Nicobar

Islands:

Sl No	Distributorship Name	District
1	Amphibian Gas Agency	South Andaman
2	AsmaniIndane Service	North&Middle Andaman
3	G.K.Indane Service	South Andaman
4	Ideal Indane	North&Middle Andaman
5	Naval Indane	South Andaman
6	Priya Indane	South Andaman
7	Reem Indane Service	South Andaman
8	The Consumers Co-Op. Stores Ltd	South Andaman
9	Tribal Development Cooperative Society	Nicobar
10	Bambooflat Indane Gramin Vitrak	South Andaman

Source: IOCL on behalf of PSU OMCs

सरकार द्वारा वित्तपोषित रिक्त आवासों को एआरएचसी इकाइयों में परिवर्तित किया जाना

4484. श्री हँसमुखभाई सोमाभाई पटेलः

श्री मितेश पटेल (बकाभाई):

श्री राजपालसिंह महेंद्रसिंह जादवः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गुजरात और तमिलनाडु में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी (पीएमएवाई-यू) के अंतर्गत अफोर्डेबल रेंटल हाउसिंग कॉम्प्लेक्स (एआरएचसी) योजना के अंतर्गत परिवर्तित किए जाने के लिए चिह्नित किए गए सरकार द्वारा वित्तपोषित रिक्त आवासों की संख्या कितनी है;

(ख) उक्त आवासों में से अब तक सफलतापूर्वक कार्यात्मक रेंटल हाउसिंग इकाइयों में परिवर्तित किए गए आवासों की संख्या कितनी है;

(ग) सरकार द्वारा गुजरात और तमिलनाडु में शेष, सरकार द्वारा वित्तपोषित रिक्त आवासों को

एआरएचसी इकाइयों में परिवर्तित करने में तेजी लाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(घ) गुजरात और तमिलनाडु में ग्रीनफील्ड एआरएचसी इकाइयों के विकास में सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के अंतर्गत आने वाली चुनौतियों के समाधान के लिए तैयार की गई योजनाओं का ब्यौरा क्या है?

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री तोखन साहू):

(क) से (घ): आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) ने देश भर में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस)/निम्न आय वर्ग (एलआईजी) श्रेणी के प्रवासी श्रमिकों, शहरी गरीबों और अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों के सामने आने वाली आवास से संबंधित आवश्यकता को पूरा करने के लिए जुलाई 2020 में प्रधान मंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) की एक उप-योजना के रूप में किफायती किराया आवास परिसरों (एआरएचसी) की शुरुआत की। यह योजना दो मॉडलों के माध्यम से कार्यान्वित की गई है।

मॉडल-1 के तहत, कुल 5,783 सरकारी वित्तपोषित खाली आवासों को एआरएचसी में परिवर्तित किया गया है, जिनमें से 2,602 इकाइयां गुजरात राज्य से हैं। इसके अतिरिक्त, गुजरात राज्य में 1,947 मौजूदा सरकारी वित्तपोषित खाली आवासों को एआरएचसी इकाइयों में परिवर्तित करने के प्रस्ताव प्रक्रियाधीन हैं।

इसके अलावा, मॉडल-2 के तहत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों के आधार पर, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने गुजरात और तमिलनाडु में क्रमशः 453 और 61,411 एआरएचसी इकाइयों सहित कई राज्यों में नवीन निर्माण प्रौद्योगिकियों का उपयोग करते हुए 83,298 नई एआरएचसी इकाइयों के निर्माण के प्रस्तावों को अनुमोदित किया है, जिनमें से तमिलनाडु में अब तक 40,630 इकाइयों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इसके अलावा, मॉडल-2 के तहत गुजरात राज्य में पारंपरिक प्रौद्योगिकियों का उपयोग करते हुए 1,682 एआरएचसी इकाइयों का निर्माण

कार्य शुरू किया गया है।

इसके अलावा, एआरएचसी की सीख के आधार पर, पीएमएवाई-यू 2.0 के तहत किफायती किराया आवास (एआरएच) का एक समर्पित घटक प्रावधान किया गया है। पीएमएवाई-यू 2.0 के इस योजना के दिशानिर्देश https://pmay-urban.gov.in/uploads/guidelines/Operational-Guidelines-of-PMAY-U-2.pdf पर उपलब्ध हैं। पीएमएवाई-यू 2.0 के एआरएच घटक का उद्देश्य शहरी प्रवासियों/औद्योगिक श्रमिकों/कामकाजी महिलाओं/छात्रों/शहरी गरीबों आदि सहित अभीष्ट लाभार्थियों के कार्यस्थलों के करीब किफायती किराया आवास के निर्माण को बढ़ावा देना है। एआरएच घटक को दो मॉडलों के माध्यम से कार्यान्वित किया जाता है:

मॉडल -1: सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड के माध्यम से या सार्वजनिक एजेंसियों द्वारा मौजूदा सरकारी वित्तपोषित खाली आवासों को एआरएच में परिवर्तित करना।

मॉडल -2: शहरी गरीबों, कामकाजी महिलाओं, उद्योगों के कर्मियों, औद्योगिक संपदाओं, संस्थाओं और अन्य पात्र ईडब्ल्यूएस/एलआईजी परिवारों के लिए निजी/सार्वजनिक संस्थाओं द्वारा किराया आवास का निर्माण, संचालन और रखरखाव करना।

इस संबंध में, पीएमएवाई-यू 2.0 के तहत सभी इच्छुक सार्वजनिक/निजी संस्थाओं द्वारा नई एआरएच इकाइयों के निर्माण के लिए परियोजना प्रस्तावों को प्रस्तुत करने के लिए मंत्रालय द्वारा रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) जारी की गई है। ईओआई के लिए वेब लिंक https://pmay-urban.gov.in/ARH-EOI.pdf पर है। इसके अलावा, पीएमएवाई-यू 2.0 के तहत एआरएच घटक के मॉडल-2 के तहत, गुजरात राज्य के लिए मंत्रालय द्वारा कुल 1,745 इकाइयों को स्वीकृति दी गई है, जिसमें 15.70 करोड़ रुपये का प्रौद्योगिकी नवाचार अनुदान (टीआईजी) शामिल है।

FINANCIAL PERFORMANCE OF PATA PETROCHEMICAL PLANT

4485. SHRI KALI CHARAN SINGH:

Will the Minister of **PETROLEUM AND NATURAL GAS** be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the petrochemical segment of GAIL (India) Limited including its major Pata Petrochemical Plant in Uttar Pradesh has incurred losses and experienced financial volatility during the financial year 2024-25, particularly in the initial quarters and if so, the details thereof, quarter-wise;

(b) the specific reasons for such losses, including high feedstock gas prices, decline in polymer prices, reduced capacity utilisation, shutdowns and prevailing global market conditions;

(c) whether the Government has reviewed the performance of the Pata Petrochemical Plant and sought any explanation from the management in this regard and if so, the details thereof;

(d) the corrective and strategic measures taken by GAIL (India) Limited to reduce such losses including feedstock optimisation, cost rationalisation, infrastructure augmentation and diversification of product portfolio; and

(e) the timeframe by which the plant is expected to return to sustainable profitability?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS; AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF TOURISM (SHRI SURESH GOPI):

(a): The quarter-wise Profit Before Tax (PBT) for the Pata Petrochemical Plant for the financial year 2024-25 is as under:

Financial Year **2024-25**	**PBT** **(Rs. In Crores)**
Q1	-42
Q2	157
Q3	5
Q4	-158
Total	**-38**

(b): The reasons for the losses include the nature of the feedstock used at the Pata plant, which utilises natural gas, as opposed to naphtha or ethane used by most other plants. The polymer business is cyclical in nature, and prices of gas and polymers remain dynamic. During FY 2024–25, global polymer prices remained low in line with low crude oil prices, while feedstock gas prices remained high, leading to lower margins at GAIL's petrochemical plant at Pata. Despite these market conditions, the plant achieved a record capacity utilisation of approximately 103%, along with its highest-ever production.

(c): The Government of India reviews the performance of GAIL (India) Limited, including its major units such as the Pata Petrochemical Plant, through established institutional mechanisms, including the Memorandum of

Understanding (MoU) framework and periodic performance review meetings conducted by the Ministry.

(d) and (e): To optimise the operations of the Pata Petrochemical Plant, GAIL (India) Ltd. has undertaken a series of measures, inter alia, including cost rationalisation through energy optimisation, deployment of energy-efficient equipment, system improvements aimed at enhancing yields, digitalisation of operational systems, and optimum utilisation of the steam network. The Company has also undertaken product diversification initiatives, including the addition of polypropylene products alongside the existing polyethylene product portfolio, along with various other systematic and technical improvements.

महाराष्ट्र के बीड में जनजाति कल्याण योजनाओं का कार्यान्वयन

4486. श्री बजरंग मनोहर सोनवणे:

क्या **जनजातीय कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने इस बात का संज्ञान लिया है कि महाराष्ट्र के बीड जिले के जनजातीय क्षेत्रों में विभिन्न केंद्रीय जनजाति कल्याण योजनाओं का लाभ पूरी तरह से नहीं पहुंच रहा है और यदि हां, तो लाभार्थियों और उनको संवितरित निधि का योजनावार और तालुकावार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने इस बात पर ध्यान दिया है कि बीड जिले में जनजाति बस्तियों में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, पेयजल, सड़कें और रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी है और यदि हां, तो इन समस्याओं का समाधान करने के लिए अब तक उठाए गए ठोस कदम क्या हैं; और

(ग) क्या सरकार का बीड जिले में जनजातीय युवाओं और महिलाओं के कौशल विकास, स्वरोजगार

और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए नई योजनाएं शुरू करने या विद्यमान योजनाओं का विस्तार किए जाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

जनजातीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दुर्गा दास उइके):

(क): महाराष्ट्र राज्य सरकार के अनुसार बीड जिला, जनजातीय उप-योजना (टीएसपी) क्षेत्र से बाहर आता है और इसलिए इसे ओटीएसपी (जनजातीय उप-योजना के बाहर) जिले के रूप में वर्गीकृत किया गया है। इसको ध्यान में रखते हुए, इस जिले में सामुदायिक विकास या बुनियादी ढांचे पर आधारित जनजातीय योजनाएं कार्यान्वित (लागू) नहीं की जाती हैं। हालांकि, जनजातीय लोगों के लिए व्यक्तिगत लाभार्थी-उन्मुख योजनाओं को जिला वार्षिक योजना, राज्य योजना और केंद्रीय योजना के तहत कार्यान्वित (लागू) किया जाता है।

इन योजनाओं के कार्यान्वयन की निगरानी संबंधित परियोजना कार्यालय द्वारा की जाती है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि लाभ अभीष्ट जनजातीय लाभार्थियों तक पहुंचे, जनजातीय निरीक्षकों को लाभार्थियों का मौके पर सत्यापन करने के लिए प्रतिनियुक्त किया जाता है। क्षेत्र (फील्ड) सत्यापन के बाद, निरीक्षक परियोजना कार्यालय को यह पुष्टि करने के लिए अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं कि वास्तविक लाभार्थियों को लाभ प्राप्त हुआ है।

इसके अलावा, बीड जिले में जनजातीय समुदायों से इन योजनाओं के तहत लाभ प्राप्त न होने की कोई शिकायत नहीं प्राप्त हुई है। परियोजना कार्यालय लाभों का उचित वितरण (प्रदायगी) सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा अधिकृत एजेंसियों के माध्यम से योजनाओं के परिणामों की भी समीक्षा करता है। केंद्रीय जनजातीय कल्याण योजनाओं, योजना-वार लाभार्थियों और वितरित निधियों का ब्यौरा **विवरण-I** में संलग्न है।

(ख) शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, पेयजल, सड़कें और रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने के लिए, परियोजना कार्यालय ठक्कर बप्पा जनजातीय बस्ती विकास कार्यक्रम के तहत विभिन्न सामुदायिक

विकास योजनाओं को कार्यान्वित (लागू) करता है। ग्राम पंचायतों और जनजातीय समुदायों द्वारा उठाई गई आवश्यकताओं के आधार पर, सीमेंट कंक्रीट सड़कों, सामुदायिक केंद्रों, मंगल कार्यालय, श्मशान घाटों, सुरक्षा दीवारों, जल निस्पंदन प्रणालियों, जल निकासी लाइनों, पाइपलाइनों और सौर (सोलर) हाई मास्ट लाइटों की स्थापना जैसे निर्माण कार्य शुरु किए जाते हैं।

इसके अलावा, सरकार ने हाल ही में धरती आबा जनजातीय ग्राम विकास योजना शुरू की है। इस योजना के तहत, केंद्र सरकार ने विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अंत्योदय योजना के अंतर्गत आने वाले जनजातीय गांवों का चयन किया है। बीड जिले में, दो गाँवों अर्थात् निमगाँव खलवाड़ और वडवानी तालुका के कुप्पी को निर्धारित मानदंडों के अनुसार योजना के तहत चुना (चयनित) गया है।

(ग): सरकार नाभिकीय (न्यूक्लियस) बजट योजना के माध्यम से जनजातीय बेरोजगार युवाओं के लिए कौशल विकास योजना अर्थात् नलसाज (प्लंबर) का प्रशिक्षण, टू-व्हीलर (दुपाहिया) गैरेज मैकेनिक, सुरक्षा (सिक्योरिटी) गार्ड, फोटोग्राफी, कंप्यूटर ऑपरेटर, मॉल के लिए सेल्स मैन प्रशिक्षण और आय सृजन के लिए विभिन्न योजनाएं अर्थात् आटा चक्की, पुल्वेराइज़र, मंडप सजावट, जूसर मशीन, कटलारी दुकान आदि की आपूर्ति को कार्यान्वित (लागू) कर रही है। बीड जिले में जनजातीय युवाओं और महिलाओं के कौशल विकास, स्व-रोजगार और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए योजनाओं का ब्यौरा **विवरण-II** में संलग्न है।

विवरण-I

परियोजना अधिकारी कार्यालय, एकीकृत जनजातीय विकास परियोजना, छत्रपति संभाजीनगर तीन वर्षों अर्थात् 2022-23 से 2024-25 के दौरान बीड जिले में कार्यान्वित (लागू) जिला

योजनाएं:

(लाख रुपये में)

क्र.सं.	योजना का नाम	वर्ष 2022-2023			वर्ष 2023-2024			वर्ष 2024-2025		
		प्राप्त बजट	व्यय	लाभार्थियों की संख्या	प्राप्त बजट	व्यय	लाभार्थियों की संख्या	प्राप्त बजट	व्यय	लाभार्थियों की संख्या
1	अजजा किसान को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने के लिए वित्तीय सहायता	25.00	25.00	10	15.00	15.00	18	20.00	20.00	10
2	छोटे तालाब (स्टोपेज वॉटर) में मत्स्य पालन	2.40	2.40	6	2.39	2.37	6	1.00	1.00	6
3	अजजा मत्स्यपालन समितियों (सोसायटियों) को घटक की आपूर्ति के लिए वित्तीय सहायता	0.50	0.50	6	0.50	0.50	6	3.20	3.20	6
4	कृषि से जुड़े कार्यों के लिए अजजा किसान को गोएट इकाई की आपूर्ति	10.00	10.00	10	10.00	10.00	10	25.00	25.00	32
5	मेडा एजेंसी (सौर ऊर्जा) के तहत विविध	0.00	0.00	0	0.00	0.00	0	19.16	19.16	1

	योजनाएं									
6	आईटीआई में पढ़ने वाले अजजा छात्र को महंगाई भत्ता	0.00	0.00	0	0.00	0.00	0	0.00	0.00	0
7	सरकारी जनजातीय आश्रम विद्यालय में पेयजल का स्थायी स्रोत स्थापित करना।	0.00	0.00	0	0.00	0.00	0	0.00	0.00	0
8	आदिवासी छात्रों का परीक्षा शुल्क।	0.00	0.00	0	0.00	0.00	0	0.00	0.00	0
9	पारधी समुदाय के विकास के लिए विविध योजनाएं	10.00	10.00	19	20.00	20.00	38	25.00	25.00	50
10	आश्रम स्कूल में खेल गतिविधियों का प्रबंधन करना	0.00	0.00	0	9.00	7.00	3	9.00	7.00	3
11	आश्रम स्कूल भवन का निर्माण और मरम्मत	49.95	49.95	1	80.01	80.01	3	0.01	0.00	0
12	जनजातीय संस्कृति भवन का निर्माण	0.00	0.00	0	80.00	80.00	1	0.01	0.00	0
13	आश्रम स्कूल	20.00	20.00	1	21.17	21.17	2	42.52	42.52	1

	को सजाने और अटैच रोड या ब्रिज बनाने के लिए वित्तीय सहायता									
14	गोल्डन जुबली मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति योजनाएँ	20.00	20.00	1065	15.00	15.00	783	15.00	15.00	1050
15	ठक्कर बप्पा जनजातीय बस्ती विकास योजना	0.00	0.00	0	43.04	43.04	6	83.30	83.30	11
16	भूमिहीन अनुसूचित जनजाति परिवारों के लिए आत्म सम्मान और आत्मनिर्भरता योजना	38.25	38.25	2	75.00	75.00	4	0.00	0.00	0
17	विविध नवीन योजनाएं	3.61	3.61	1	7.61	7.61	3	4.99	0.00	0
18	डेटा प्रविष्टि, मॉनीटरिंग और मूल्यांकन	0.90	0.90	3	1.90	1.90	3	1.25	0.00	0
	कुल :-	**180.61**	**180.61**	**1214**	**380.62**	**378.60**	**886**	**249.44**	**241.18**	**1170**

विवरण-II

पिछले पांच वर्षों अर्थात् 2022-23 से 2024-25 के दौरान बीड जिले में जनजातियों के लिए कार्यान्वित (लागू) राज्य और केंद्रीय योजनाएं:

परियोजना अधिकारी कार्यालय, एकीकृत जनजातीय विकास परियोजना, छत्रपति संभाजीनगर										
										(लाख रुपये में)
क्र.सं.	योजना का नाम	वर्ष 2022-2023			वर्ष 2023-2024			वर्ष 2024-2025		
		प्राप्त अनुदान	व्यय	लाभार्थियों की संख्या	प्राप्त अनुदान	व्यय	लाभार्थियों की संख्या	प्राप्त अनुदान	व्यय	लाभार्थियों की संख्या
1	न्यूक्लियस बजट योजना	6.10	6.10	13	9.00	9.00	18	9.60	9.60	23
2	विभिन्न कॉलेजों में पढ़ने वाले अजजा छात्रों के लिए मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति	281.75	281.75	584	366.46	366.46	640	480.74	480.74	763
3	व्यावसायिक शैक्षणिक महाविद्यालयों में पढ़ने वाले अजजा छात्रों के लिए महंगाई भत्ता	0.63	0.63	9	0.77	0.77	12	1.05	1.05	16
4	कॉलेजों में पढ़ने वाले अजजा छात्रों के लिए ट्यूशन और परीक्षा शुल्क	16.68	16.68	30	0.40	0.40	21	0.49	0.49	27
5	गैर-अनुदानित मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों में पढ़ने वाले अजजा छात्रों के लिए संवितरण (प्रतिपूर्ति)	28.53	28.53	10	39.02	39.02	23	29.26	29.26	26
6	शबरी घरकुल योजना	471.60	471.60	393	1015.20	1015.20	846	0.00	0.00	0
	कुल :-	**805.29**	**805.29**	**1039**	**1430.85**	**1430.85**	**1560**	**521.14**	**521.14**	**855**

IMPLEMENTATION OF JJM IN WEST BENGAL

4487. SHRI RAJU BISTA:

Will the Minister of **JAL SHAKTI** be pleased to state:

(a) the present status of implementation of Jal Jeevan Mission (JJM) along with the funds sanctioned, released and utilised since 2019 in West Bengal, year and district-wise;

(b) the details of Central funds allocated, drawn and utilised so far under JJM in Darjeeling and Kalimpong districts of West Bengal;

(c) the number of households connected with tap water supply in the said districts of West Bengal under JJM; and

(d) the details of works/projects sanctioned, under construction and completed under JJM in the said districts of West Bengal?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF JAL SHAKTI; AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI V. SOMANNA):

(a) to (d): Since August 2019, Government of India, in partnership with States, is implementing Jal Jeevan Mission (JJM)-Har Ghar Jal to enable every rural household including West Bengal, in the country to have assured potable water through tap connection. Drinking water is a State subject, and hence, the responsibility of planning, approval, implementation, operation, and maintenance of drinking water supply schemes, including those under the Jal Jeevan Mission, lies with the respective State/UT Governments. The Government of India supports

the States by providing technical and financial assistance only.

At the start of the Mission in West Bengal, only 2.15 Lakh (1.22%) rural household were reported to have tap water connection. As on 17.03.2026, out of 1.75 crore rural household, around 99.54 lakh (56.72%) rural households have been provided tap water connection in West Bengal.

Since the August 2019 Mission launch, tap water access in Darjeeling and Kalimpong district has surged. Darjeeling grew from 193 connections (0.06%) to 1.68 lakh (49.29%) by 17th March 2026. Similarly, Kalimpong rose from just 5 connections (0.01%) to 35.47 thousand (54.96%).

Under JJM, this Department releases funds to States/UTs only. Further, district-wise fund allocations are made and maintained by States/UTs and not by this department. The details of Central fund allocated and fund drawn by the State of West Bengal under the JJM, is as under:

(Amount in Rs. Crore)

Year	Central share					State Expenditure
	Opening Balance	Fund allocated	Fund drawn by State	Available fund	Reported utilization	
2019-20	760.82	995.33	994.75	1,755.57	609.00	469.54
2020-21	1,146.58	1,614.18	807.08	1,953.66	1,196.07	641.17
2021-22	757.58	6,998.97	1,404.61	2,162.19	1,547.52	725.77
2022-23	614.67	6,180.25	3,090.12	3,704.79	1,953.73	3,204.21
2023-24	1,751.06	3,806.29	4,206.29	5,957.35	5,004.16	5,155.11
2024-25	953.19	5,049.98	2,524.99	3,478.18	3,003.06	4,905.55
2025-26	475.13	-	-	475.13	-	-
Total		24,645.00	13,027.84	13,788.66	13,313.54	15,101.35

Source: JJM-IMIS.

SURAT-CHENNAI EXPRESSWAY PROJECT

4488. SHRI ARVIND GANPAT SAWANT:

SHRI SANJAY UTTAMRAO DESHMUKH:

SHRI OMPRAKASH BHUPALSINH ALIAS PAVAN RAJENIMBALKAR:

Will the Minister of **ROAD TRANSPORT AND HIGHWAYS** be pleased to state:

(a) the details of the highways being developed by the National Highways Authority of India (NHAI) across the country and the Government's policy regarding land acquisition for these projects;

(b) the current status of development of Surat-Chennai Expressway Project by NHAI;

(c) whether the agricultural land has been acquired in the districts of Maharashtra including Dharashiv and Solapur under the Surat-Chennai Expressway Project;

(d) if so, the details of total hectares of land acquired so far in these districts and the compensation per hectare/acre fixed and disbursed;

(e) whether the Government received complaints regarding comparatively low compensation being given to the affected farmers and if so, the details thereof;

(f) whether the land acquisition process fully complied with the provisions of the Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Act, 2013; and

(g) if not, the steps taken/being taken by the Government to ensure fair and

market-aligned compensation to the affected farmers?

THE MINISTER OF ROAD TRANSPORT AND HIGHWAYS (SHRI NITIN JAIRAM GADKARI):

(a): At present, 440 Nos. of Highway projects under various stages of construction, covering a length of approximately 13,400 km are being developed by National Highways Authority of India (NHAI). Land Acquisition is carried out under National Highways (NH) Act, 1956 and the compensation for the same is paid as per the First, Second and Third Schedules of the Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Act, 2013, vide the Removal of Difficulties Order, 2015, with effect from 1st January, 2015.

(b): The current status of the Surat-Chennai Project by NHAI is given in the enclosed **Statement-I.** The construction of the linking Expressway from the Delhi-Mumbai Expressway to Nashik is being undertaken by the State Government.

(c) and (d): A total of approximately 2754.277 Ha. of land is to be acquired in the districts of Maharashtra, which includes agricultural land. The details of the land acquired so far in these districts is given in the enclosed **Statement-II**. The compensation is determined by the competent authority appointed for the land acquisition and is a continuous process varying across the stretch.

(e): Under section 3G(5) of the NH Act, 1956, an aggrieved landowner may prefer an application before the Arbitrator against the award passed by the competent

authority, including with regard to the adequacy of compensation determined.

(f) and (g): Compensation for acquisitions under the National Highways Act, 1956 is determined in accordance with the First, Second, and Third Schedules of the Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Act, 2013, as made applicable through the Removal of Difficulties Order, 2015, with effect from 1st January, 2015.

STATEMENT-I

The current status of the Surat-Chennai Project by NHAI

S. No	Name of the stretch	Length (Km)	Timeline of completion
1	Nashik - Ahmednagar - Solapur - Akkalkot		
	Nashik to Hasapur	374	June, 2028
	Hasapur to Akkalkot	36	October, 2026
2	Akkalkot - KN/TS Border -Kurnool	219	October, 2026
3	Kurnool -Kadapa	189	Completed
4	Kadapa - Renigunta (Pkg I &II)	122	2028
5	Renigunta – Puttur	25	2028
6	Puttur – Nagari (AP/TN Border)	17	2028
7	Nagari – Thatchoor (near Chennai) (CPRR)	55	2028
	Total	**1037**	

STATEMENT- II

The details of the land acquired so far

District	Total land required [Ha]	Total land acquired under section 3D of the NH Act, 1956 [Ha]
Nashik	418.037	326.648
Ahilyanagar	1083.88	942.79
Beed	222.36	200.06
Dharashiv	539.3	380.1
Solapur	490.7	481.02
Total	**2754.277**	**2330.618**

ALLOTMENT OF PETROL PUMPS BY OMCs

4489. SHRI LAXMIKANT PAPPU NISHAD:

Will the Minister of **PETROLEUM AND NATURAL GAS** be pleased to state:

(a) the total number of retail outlets allotted to applicants belonging to Scheduled Castes (SCs), Scheduled Tribes (STs), Defence and Widow categories by Oil Marketing Companies (OMCs) in Delhi NCR and other Metro Cities since the year 2005, year-wise;

(b) the details of the number of outlets originally allotted to SC/ST/Defence/Widow category applicants that were subsequently reconstituted with the induction of applicants from the GeneralCategory during the last ten years, year-wise and outlet-wise;

(c) whether the number of petrol pumps originally allotted to SC/ST category applicants arebeing operated by minority partners without the major shareholder (benami operations) anddetected by OMC officials and if so, the details of such cases and the action taken thereon;

(d) the details of the number of retail outlets allotted to General Category applicants in Delhi/NCR, Gurgaon and other major cities after 2005 where the allottee was required to arrangeland on their own as per the guidelines of the Ministry of Petroleum and Natural Gas; and

(e) the number of retail outlets allotted on HUDA land to applicants since 2011 to till date?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS; AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF TOURISM (SHRI SURESH GOPI):

(a): The Dealer Selection Guidelines, 2023 for Retail Outlets (ROs) of Public Sector Oil Marketing Companies (OMCs), inter alia, have a provision of 22.5% reservation for SCs/STs and 27% reservation for OBCs in allotment of retail outlet dealershipsexcept Arunachal Pradesh, Meghalaya, Nagaland and Mizoram where reservation for ST category is 70%, 80%, 80% and 90% respectively. Within SC/ST, OBC & Open categories, there is reservation for Defence personnel along with Para Military Personnel/Central/State Govt. and Central/State PSU employeesunder Combined Category-1 (CC-1).However, there is no reservation

for widow category in allotment of RO. Year-wise total number of ROs allotted to applicants belonging to Scheduled Castes (SCs), Scheduled Tribes (STs) and Defence Personnel (under CC-1) by Public Sector OMCs in Delhi NCR and other Metro Cities since the year 2005 are given in the enclosed **Statement-I**.

(b): Year-wise details of ROs originally allotted to SC/ST/Defence Personnel (under CC-1) by Public Sector OMCs that were subsequently reconstituted with the induction of applicants from the General Category, during the last ten years from 2015-16 to 2025-26 (till February, 2026) are given in the enclosed **Statement-II.**

(c): One RO of Public Sector OMCs in Trichy, Tamil Nadu was terminated on account of benami operation.

(d): Public Sector OMCs have allotted 3250 ROs to General Category applicants through Dealership Selection Guidelines in Delhi/NCR, Gurgaon and other major cities (Mumbai, Kolkata, Chennai, Bangalore, Hyderabad, Ahmedabad, Pune, Surat and Jaipur) after 2005 on the land arranged by the applicants.

(e): Public Sector OMCs have allotted 22 ROs on HUDA land in Haryana since 2011 to till date.

STATEMENT-I

Year-wise number of ROs allotted (commissioned) by PSU OMCs to SC/ST/Defence Personnel (under CC-1) since 2005:

Year	Delhi NCR			Mumbai			Kolkata			Chennai		
	SC	ST	DEF	SC	ST	DEF	SC	ST	DEF	SC	ST	DEF
2005-06	13	3	4	0	0	0	0	0	0	6	0	0
2006-07	10	1	2	0	0	0	0	0	0	2	0	0
2007-08	17	1	1	0	0	0	0	0	0	2	0	0
2008-09	18	0	3	2	0	1	1	0	0	5	0	0
2009-10	18	0	5	0	0	1	2	0	0	1	0	0
2010-11	10	0	1	0	0	0	3	0	0	0	0	0
2011-12	11	0	2	0	0	0	0	0	0	0	0	0
2012-13	7	0	2	0	0	0	0	0	0	0	0	0
2013-14	5	0	2	0	0	0	0	0	0	0	0	0
2014-15	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
2015-16	7	0	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0
2016-17	13	0	1	0	0	0	0	0	0	1	0	0
2017-18	35	2	4	0	0	0	0	0	0	3	1	0
2018-19	22	3	0	0	0	0	0	0	0	1	1	0
2019-20	17	0	0	0	0	0	0	0	0	3	0	0
2020-21	71	2	2	0	0	0	0	0	0	3	1	0
2021-22	40	2	0	0	0	0	0	0	0	1	1	0
2022-23	29	3	1	0	0	0	1	0	0	1	0	0

2023-24	28	3	1	0	0	0	0	0	0	2	0	0
2024-25	44	4	2	0	0	0	0	0	0	1	0	0
2025-26 (Till Feb, 2026)	36	3	2	0	0	0	0	0	0	0	0	0

Source - Public Sector OMCs

STATEMENT-II

Year-wise number of ROs originally allotted to SC/ST/Defence Personnel (under CC-1 category) by Public Sector OMCs that were subsequently reconstituted with induction of applicants from General Category during last 10 years:

Year of Reconstitution	Defence (under CC-1 category)	SC	ST
2015-16	2	6	1
2016-17	3	17	4
2017-18	4	21	2
2018-19	7	25	10
2019-20	5	47	13
2020-21	10	62	24
2021-22	6	116	32
2022-23	6	134	44
2023-24	8	138	50
2024-25	15	171	62
2025-26	2	30	15
2025-26 (Till Feb, 26)	6	80	50

Source – Public Sector OMCs

IMPLEMENTATION OF MSME FRAMEWORK IN CHANDIGARH

4490. SHRI MANISH TEWARI:

Will the Minister of **MICRO, SMALL AND MEDIUM ENTERPRISES** be pleased to state:

216	कोयला मंत्रालय	झरिया कोलफील्ड में प्रभावित परिवारों की आग, धंसने से निपटने और पुनर्वास के लिए संशोधित झरिया मास्टर प्लान (जेएमपी) - वार्षिकी अथवा रोजगार के बदले एकमुश्त अनुदान
217	कोयला मंत्रालय	झरिया कोलफील्ड में आग लगने, धंसने से निपटने और प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए संशोधित झरिया मास्टर प्लान (जेएमपी) - किराया सहायता।
218	कोयला मंत्रालय	बिलासपुर, छत्तीसगढ़ में एसईसीएल के सुश्रुत (नीट परीक्षा के लिए नि:शुल्क आवासीय कोचिंग)
219	कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय	प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना
220	संस्कृति मंत्रालय	संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट कलाकारों/व्यक्तियों को जूनियर फेलोशिप का पुरस्कार
221	संस्कृति मंत्रालय	विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों में युवा कलाकारों को छात्रवृत्ति
222	संस्कृति मंत्रालय	संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट कलाकारों/व्यक्तियों को वरिष्ठ अध्येतावृत्ति का पुरस्कार
223	संस्कृति मंत्रालय	सांस्कृतिक अनुसंधान के लिए टैगोर राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति पुरस्कार
224	संस्कृति मंत्रालय	सांस्कृतिक समारोह और निर्माण अनुदान
225	संस्कृति मंत्रालय	राष्ट्रीय उपस्थिति वाले सांस्कृतिक संगठनों को वित्तीय सहायता
226	संस्कृति मंत्रालय	संग्रह अनुदान
227	संस्कृति मंत्रालय	कलाकारों को पेंशन और चिकित्सा सहायता के लिए योजना
228	पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय	पूर्वोत्तर क्षेत्र के छात्रों को वित्तीय सहायता की पूर्वोत्तर परिषद की योजना
229	पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय	ध्रुवीय विज्ञान और क्रायोस्फर- पीएसीईआर

230	पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय	अनुसंधान, शिक्षा और प्रशिक्षण आउटरीच – रीचआउट
231	इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय	फ्यूचरस्किल्स प्राइम (रोजगार के लिए आईटी जनशक्ति के पुन: कौशल/अप-स्किलिंग के लिए कार्यक्रम)
232	इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय	अनुसूचित जाति उप योजना जनजातीय उपयोजना के तहत प्रशिक्षण शुल्क की प्रतिपूर्ति
233	इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय	तकनीकी और आईटी के लिए विश्वेश्वरैया पीएचडी योजना चरण II
234	पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय	हरित भारत मिशन राष्ट्रीय वनीकरण कार्यक्रम
235	पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय	वन्य जीव प्राकृतिक आवासों का एकीकृत विकास
236	पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय	परियोजना एलिफेंट
237	पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय	परियोजना टाइगर
238	विदेश मंत्रालय	आईसीसीआर छात्रवृत्ति
239	भारी उद्योग मंत्रालय	फेम इंडिया योजना के तहत मांग प्रोत्साहन वितरण प्रणाली
240	भारी उद्योग मंत्रालय	अभिनव वाहन संवर्धन में पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव क्रांति
241	आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय	डीएवाई एनयूएसएम
242	आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय	दीनदयाल जैन आजीविका योजना-शहरी
243	आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय	पीएम स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि)
244	आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय	पीएमएवाई शहरी के तहत राज्य और संघ राज्यक्षेत्र अनुदान
245	आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय	स्वच्छ भरत मिशन शहरी
246	सूचना और प्रसारण मंत्रालय	पत्रकार कल्याण योजना
247	सूचना और प्रसारण मंत्रालय	सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन संस्थान कोलकाता की

		छात्रवृत्ति योजना
248	श्रम और रोजगार मंत्रालय	ईपीएफ सदस्यों के लिए कर्मचारी पेंशन योजना
249	श्रम और रोजगार मंत्रालय	ईपीएफ पेंशनभोगियों के लिए कर्मचारी पेंशन योजना
250	श्रम और रोजगार मंत्रालय	रोजगार सृजन योजना
251	श्रम और रोजगार मंत्रालय	असम में बागान श्रमिकों के लिए पारिवारिक पेंशन-सह-जीवन बीमा और जमा संबद्ध बीमा योजनाएं
252	श्रम और रोजगार मंत्रालय	बीड़ी, सीआईएनई, आईओएमसी, एलएसडीएम कामगारों के बच्चों के लिए शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता
253	श्रम और रोजगार मंत्रालय	वीवी गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान (वीवीजीएनएलआई) को अनुदान
254	श्रम और रोजगार मंत्रालय	असंगठित श्रमिकों के लिए राष्ट्रीय डेटाबेस
255	श्रम और रोजगार मंत्रालय	व्यापारियों और स्व-नियोजित व्यक्तियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन योजना [पूर्ववर्ती प्रधानमंत्री लघु व्यापारी मान-धन (पीएम-एलवीएम) योजना]
256	श्रम और रोजगार मंत्रालय	नवीन रोजगार सृजन योजना -भाग ख
257	श्रम और रोजगार मंत्रालय	नवीन रोजगार सृजन योजना -भाग ग
258	श्रम और रोजगार मंत्रालय	प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन (पीएम-एसवायएम)
259	श्रम और रोजगार मंत्रालय	बंधुआ मजदूरों के पुनर्वास की योजना के तहत पुनर्वास सहायता
260	श्रम और रोजगार मंत्रालय	बीड़ी, आईओएमसी, एलएसडीएम, सीआईएनई वर्क्स के लिए संशोधित एकीकृत आवास योजना (आरआईएचएस) -2016
261	श्रम और रोजगार मंत्रालय	दिव्यांगजनों के लिए व्यावसायिक पुनर्वास केंद्र योजना के तहत दिव्यांग उम्मीदवारों को वृत्तिका
262	श्रम और रोजगार मंत्रालय	कोचिंग, मार्गदर्शन और व्यावसायिक प्रशिक्षण के माध्यम से अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के रोजगार के इच्छुक लोगों के कल्याण की योजना के तहत प्रशिक्षुओं को वृत्तिका

263	सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय	एटीआई योजना (प्रशिक्षण घटक)
264	सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय	कॉयर विकास योजना
265	सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय	उद्यमिता और कौशल विकास कार्यक्रम (ईएसडीपी)
266	सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय	आईसी योजनाएं
267	सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय	खादी संस्थानों को एमएमडीए अनुदान
268	सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय	राष्ट्रीय पुरस्कार
269	सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय	पीएम विश्वकर्मा
270	सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय	पीएमईजीपी प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम
271	अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय	बेगम हजरत महल राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना
272	अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय	अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों के लिए मौलाना आजाद राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति
273	अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय	अल्पसंख्यकों के लिए व्यावसायिक और तकनीकी पाठ्यक्रमों के लिए मेरिट-सह-साधन आधारित छात्रवृत्ति
274	अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय	पढ़ो प्रेदेश - विदेशी अध्ययन के लिए शैक्षिक ऋण पर ब्याज सब्सिडी
275	अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय	पीएमविकास प्रतिबद्ध देनदारियां
276	अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय	अल्पसंख्यकों के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति
277	अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय	प्रधानमंत्री विरासत का संवर्धन
278	अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय	अल्पसंख्यकों के लिए मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति
279	अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय	लघु अल्पसंख्यक समुदाय की जनसंख्या में गिरावट को रोकने के लिए योजना
280	नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय	मंत्रालय द्वारा प्रायोजित अनुसंधान और विकास परियोजनाओं का फेलोशिप घटक
281	नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय	राष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा फेलोशिप कार्यक्रम और राष्ट्रीय सौर विज्ञान फेलोशिप कार्यक्रम

282	नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय	नया राष्ट्रीय बायोगैस और जैविक खाद कार्यक्रम (एनएनबीओएमपी)
283	नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय	पीएम-सूर्य घर निशुल्क बिजली योजना
284	नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय	प्रधान मंत्री किसान उर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान स्कीम
285	नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय	मानव संसाधन विकास कार्यक्रम का अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम घटक
286	पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय	पहल
287	पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय	प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना
288	रेल मंत्रालय	रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के लिए प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना
289	कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय	राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन योजना
290	कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय	प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना
291	कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय	आजीविका संवर्धन के लिए कौशल अधिग्रहण और ज्ञान जागरूकता (संकल्प)
292	सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय	भारतीय सांख्यिकी संस्थान में शोधार्थियों को अध्येतावृत्ति
293	सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय	भारतीय सांख्यिकी संस्थान में छात्रों को वृत्तिका
294	वस्त्र मंत्रालय	संशोधित प्रौद्योगिकी उन्नयन कोष
295	वस्त्र मंत्रालय	व्यापक हस्तशिल्प क्लस्टर विकास कार्यक्रम
296	वस्त्र मंत्रालय	मानव संसाधन विकास (एचआरडी) और संवर्धनात्मक कार्यकलाप योजना - वैज्ञानिक भेड़ पालन/कृत्रिम गर्भाधान/ऊनी मदों के विनिर्माण/मशीन कतरनी आदि में प्रशिक्षण कार्यक्रम।
297	वस्त्र मंत्रालय	राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम
298	वस्त्र मंत्रालय	राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम

299	वस्त्र मंत्रालय	पावरलूम ग्रुप वर्कशेड योजना
300	वस्त्र मंत्रालय	पावरलूम बुनकरों के लिए प्रधानमंत्री ऋण योजना
301	वस्त्र मंत्रालय	सीसीआई द्वारा कपास की खरीद के लिए मूल्य समर्थन प्रचालन
302	वस्त्र मंत्रालय	कच्चे माल की आपूर्ति योजना
303	वस्त्र मंत्रालय	समर्थ योजना
304	वस्त्र मंत्रालय	रेशम उद्योग के विकास के लिए योजना
305	वस्त्र मंत्रालय	साधारण विद्युतकरघा के स्वस्थाने उन्नयन की योजना
306	पर्यटन मंत्रालय	सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण
307	जनजातीय कार्य मंत्रालय	जनजातीय उत्पादों के विकास और विपणन के लिए संस्थागत सहायता
308	जनजातीय कार्य मंत्रालय	अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए उच्च शिक्षा के लिए राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति और छात्रवृत्ति (अध्येतावृत्ति के लिए)
309	जनजातीय कार्य मंत्रालय	अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए उच्च शिक्षा के लिए राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति और छात्रवृत्ति (छात्रवृत्ति के लिए)
310	जनजातीय कार्य मंत्रालय	राष्ट्रीय प्रवासी छात्रवृत्ति योजना
311	जनजातीय कार्य मंत्रालय	अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना
312	जनजातीय कार्य मंत्रालय	अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना
313	जनजातीय कार्य मंत्रालय	विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के विकास की योजना
314	जनजातीय कार्य मंत्रालय	अनुसूचित जनजातियों के कल्याण के लिए काम करने वाले स्वैच्छिक संगठनों को सहायता अनुदान की योजना
315	जनजातीय कार्य मंत्रालय	जनजातीय क्षेत्रों में व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र
316	महिला एवं बाल विकास मंत्रालय	आंगनवाड़ी सेवाएं - आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और आंगनवाड़ी सहायिकाओं को मानदेय
317	महिला एवं बाल विकास मंत्रालय	आंगनवाड़ी सेवाएं - पूरक पोषण कार्यक्रम

318	महिला एवं बाल विकास मंत्रालय	आंगनवाड़ी सेवाएं - प्रशिक्षण कार्यक्रम
319	महिला एवं बाल विकास मंत्रालय	मिशन वात्सल्य - लाभार्थियों को सुविधाएं (प्रायोजित)
320	महिला एवं बाल विकास मंत्रालय	मिशन वात्सल्य- लाभार्थियों को सुविधाएं
321	महिला एवं बाल विकास मंत्रालय	मिशन वात्सल्य-कर्मचारियों को वेतन
322	महिला एवं बाल विकास मंत्रालय	वन स्टॉप सेंटर - (कर्मचारियों को वेतन का भुगतान)
323	महिला एवं बाल विकास मंत्रालय	पालना- लाभार्थियों को सुविधाएं
324	महिला एवं बाल विकास मंत्रालय	पालना- श्रमिकों को मानदेय
325	महिला एवं बाल विकास मंत्रालय	प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना
326	महिला एवं बाल विकास मंत्रालय	किशोरियों के लिए योजना
327	महिला एवं बाल विकास मंत्रालय	शक्ति सदन - (स्वाधार और उज्ज्वला) - लाभार्थियों को सुविधाएं
328	महिला एवं बाल विकास मंत्रालय	शक्ति सदन - (स्वाधार और उज्ज्वला) - वेतन

विवरण-II

योजनाओं के अंतर्गत राज्य-वार जारी लाभ का ब्यौरा

क्रम संख्या	राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	डीबीटी लाभार्थियों की संख्या (करोड़ में)	डीबीटी निधि अंतरण (करोड़ में)
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	0.03	48.78
2	आंध्र प्रदेश	8.58	30,792.39
3	अरुणाचल प्रदेश	0.21	620.3
4	असम	5.81	15,085.78
5	बिहार	17.37	49,622.73
6	चंडीगढ़	0.12	214.03
7	छत्तीसगढ़	5.72	21,202.23
8	दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	0.11	159.5
9	दिल्ली	1.67	2,602.72
10	गोवा	0.13	210.6
11	गुजरात	6.6	32,805.30
12	हरियाणा	5.34	16,384.88
13	हिमाचल प्रदेश	1.01	2,665.84
14	जम्मू और कश्मीर	1.66	5,215.33
15	झारखंड	5.52	15,997.94
16	कर्नाटक	8.68	30,180.15
17	केरल	3.42	10,780.79
18	लद्दाख	0.04	181.93
19	लक्षद्वीप	0.01	11.81
20	मध्य प्रदेश	14.33	53,480.83
21	महाराष्ट्र	18.14	63,731.69

22	मणिपुर	0.43	1,376.70
23	मेघालय	0.44	1,531.98
24	मिजोरम	0.18	936.64
25	नागालैंड	0.24	813.69
26	ओडिशा	9.07	24,534.01
27	पुडुचेरी	0.18	399.41

28	पंजाब	3.51	17,144.28
29	राजस्थान	13.82	35,507.19
30	सिक्किम	0.1	223.8
31	तमिलनाडु	10.27	25,966.65
32	तेलंगाना	5.8	35,446.81
33	त्रिपुरा	0.65	1,858.19
34	उत्तर प्रदेश	32.78	88,353.49
35	उत्तराखंड	1.55	3,898.81
36	पश्चिम बंगाल	12.51	27,449.87

विवरण-III

वित्तीय वर्ष 2025-26 में बिहार में डीबीटी योजनाओं में जारी किए गए जिला-वार लाभ

क्र.सं.	जिले का नाम	डीबीटी लाभार्थियों की संख्या (करोड़ में)	डीबीटी निधि अंतरण (करोड़ में)
1	अररिया	0.54	1,690.02
2	अरवल	0.11	357.51
3	औरंगाबाद	0.38	1,249.48
4	बांका	0.37	944.36

5	बेगूसराय	0.53	1,433.90
6	भागलपुर	0.49	1,546.74
7	भोजपुर	0.41	1,369.03
8	बक्सर	0.24	895.12
9	दरभंगा	0.67	1,546.75
10	गया	0.68	1,890.14
11	गोपालगंज	0.39	1,036.14
12	जमुई	0.32	927.25
13	जहानाबाद	0.17	497.59
14	कैमूर (भभुआ)	0.26	913.69
15	कटिहार	0.55	1,474.70
16	खगड़िया	0.29	951.17
17	किशनगंज	0.32	993.35
18	लखीसराय	0.16	534.89
19	मधेपुरा	0.37	1,127.01
20	मधुबनी	0.78	2,016.01
21	मुंगेर	0.22	586.87
22	मुजफ्फरपुर	0.81	1,972.82
23	नालंदा	0.47	1,562.94
24	नवादा	0.38	1,062.36
25	पश्चिम चंपारण	0.67	1,893.59
26	पटना	0.84	1,985.86
27	पूर्वी चंपारण	0.87	2,672.50
28	पूर्णिया	0.55	1,637.54
29	रोहतास	0.43	1,428.17

30	सहरसा	0.38	1,056.80
31	समस्तीपुर	0.75	2,017.57
32	सारण	0.62	1,789.18
33	शेखपुरा	0.12	363.51
34	शिवहर	0.12	326.44
35	सीतामढ़ी	0.56	1,508.33
36	सीवान	0.53	1,323.66
37	सुपौल	0.42	1,276.92
38	वैशाली	0.6	1,762.82

बैंकों द्वारा फसल ऋण

5024. श्री ओमप्रकाश भूपालसिंह उर्फ पवन राजेनिंबालकर:

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के संज्ञान में आया है कि जिन किसानों ने अपने ऋण चुका दिए हैं तथा जिन किसानों का क्रेडिट स्कोर कम है, को राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा फसल ऋण देने से मना कर दिया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो उक्त मामलों की राज्य-वार संख्या कितनी है;

(ग) क्या ऐसे किसानों को फसल ऋण देने में देरी करना अथवा ऋण देने से इंकार करना सरकार की किसान-हितैषी नीतियों के अनुरूप है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा किसानों को समय पर ऋण उपलब्ध कराने के लिए क्या ठोस कदम उठाए जा रहे हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी):

(क) से (ग): एक नियंत्रणमुक्त ऋण वातावरण में, राष्ट्रीयकृत बैंकों सहित ऋणदाताओं से यह अपेक्षा की जाती है कि वे अपने बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीतियों और व्यापक विनियामक दिशानिर्देशों के अनुसार ऋण संबंधी निर्णय लें। भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के 'ऋण जोखिम प्रबंधन पर दिनांक 28.11.2025 के मास्टर निदेश' के अनुसार, बैंकों के लिए यह अपेक्षित है कि वे अपनी ऋण नीतियों/ऋण मूल्यांकन प्रक्रियाओं में एक या अधिक ऋण सूचना कंपनियों (सीआईसी) से ऋण सूचना रिपोर्ट (सीआईआर) प्राप्त करने के लिए उपयुक्त प्रावधान शामिल करें, ताकि ऋण संबंधी निर्णय प्रणाली में उपलब्ध ऋण जानकारी पर आधारित हों। सीआईसी की जानकारी का संदर्भ समुचित सावधानी के उद्देश्य से किया जाता है और इसे उन मामलों में ध्यान में रखा जाता है जहाँ उधारकर्ता द्वारा किसी अन्य ऋण देने वाली संस्था में चूक की गई हो।

(घ): सरकार और आरबीआई ने किसानों को किफायती ऋण तक निर्बाध पहुंच प्रदान करने के लिए कई उपाय किए हैं, जिनमें, अन्य बातों के साथ-साथ, निम्नलिखित शामिल हैं:

- वित्तीय सेवाएं विभाग ने अपने दिनांक 04.02.2019 के पत्र के माध्यम से बैंकों को 3 लाख रुपये तक के किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी)/फसल ऋण के लिए प्रोसेसिंग, प्रलेखन, निरीक्षण, खाता बही फोलियो शुल्क और अन्य सभी सेवा शुल्क माफ करने की सलाह दी है।
- बैंकों के लिए बुनियादी स्तर पर कृषि ऋण लक्ष्यों और प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण लक्ष्यों का वार्षिक निर्धारण।
- किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी)/संशोधित ब्याज सहायता योजना (एमआईएसएस) के माध्यम से पर्याप्त और समय पर ऋण सहायता।
- 2 लाख रुपये तक का संपार्श्विक-मुक्त अल्पकालिक कृषि ऋण।
- सितंबर 2023 में किसान ऋण पोर्टल का शुभारंभ किया गया है, जो आधार-आधारित लाभार्थी सत्यापन और केसीसी के माध्यम से प्राप्त ऋणों के लिए संशोधित ब्याज

सहायता योजना (एमआईएसएस) के अंतर्गत तेजी से डिजिटल दावा निपटान को सक्षम बनाता है।

- जन समर्थ पोर्टल को सरकार द्वारा प्रायोजित ऋण और सब्सिडी योजनाओं को जोड़ने के लिए एक ही स्थान पर सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने वाले डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में शुरू किया गया है। यह आवेदक के डेटा के डिजिटल मूल्यांकन के आधार पर ऋण के लिए आवेदन करने और अनुमोदन प्राप्त करने का एक त्वरित और कुशल तरीका प्रदान करता है।

EFFICACY OF CAMPA AND FOREST DIVERSION

5025. SHRI PUSHPENDRA SAROJ:

Will the Minister of **ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE** be pleased to state:

(a) the total area of forest land including notified and deemed forest, diverted in Uttar Pradesh since 2017 for Central infrastructure projects, such as National Highways, Railways and transmission lines, category-wise;

(b) the compensatory afforestation land identified against such diversion, indicating actual area afforested versus area approved along with the survival rate of plantations as per monitoring reports;

(c) the total Compensatory Afforestation Fund Management and Planning Authority (CAMPA) funds sanctioned, released and utilised and instances of diversion of funds for non-forestry purposes, if any, State/UT-wise, particularly for Uttar Pradesh;

(d) the findings of central inspections or third-party audits regarding the quality of

plantations, geo-tagging compliance and gaps in canopy restoration; and

(e) the accountability mechanism and time-bound corrective measures adopted to ensure that compensatory afforestation results in ecological restoration rather than only paper compliance?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE; AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI KIRTI VARDHAN SINGH):

(a) and (b): Since 2017, an area of 6752.59 ha of forest land, including notified and deemed forest, has been diverted under the Van (Sanrakshan Evam Samvardhan) Adhiniyam, 1980 for various projects including infrastructure projects such as national highways, railways and transmission lines, in Uttar Pradesh. Category wise details of forest land diverted are given in the enclosed **Statement-I.** In lieu of diversion of 6752.59 ha of forest land, Compensatory Afforestation (CA) has been stipulated over an area of 14,450.76 ha of non-forest land and degraded forest land.

The survival rate of afforestation activities undertaken are maintained by the respective State and UT Forest Departments.

(c) to (e): Details of Compensatory Afforestation Fund Management and Planning Authority (CAMPA) funds sanctioned, released and utilised in respect of Uttar Pradesh are given in the enclosed **Statement-II**. The fund have been utilized for undertaking compensatory afforestation and other activities, including wildlife protection and conservation, as per the provisions of Compensatory Afforestation Fund Act, 2016 and Compensatory Afforestation

Fund Rules, 2018. Further, the monitoring of the compensatory afforestation and other activities are carried out as per the procedures laid down in the Compensatory Afforestation Fund (CAF) Act, 2016 and its Rules by the National and State CAMPA Authorities.

STATEMENT-I

Category wise details of forest land diverted

S. No.	Category	Area Diverted (in Ha.)
1	Canal	10.45
2	Communication Post	0.16
3	Defence	25.14
4	Drinking Water	44.60
5	Hydel / Irrigation	13.08
6	Industry	61.86
7	Optical Fibre Cable	4.70
8	Others	178.37
9	Petrol Pump	1911.67
10	Pipeline	62.53
11	Power Transmission Line	355.78
12	Railway	909.55
13	Road	3135.62
14	School / Educational Institution	36.98
15	Village Electricity	2.10
Grand Total		**6752.59**

STATEMENT-II

Details of Compensatory Afforestation Fund Management and Planning Authority (CAMPA) funds sanctioned, released and utilised in respect of Uttar Pradesh

Rs in Cr.

Financial Year	Fund Sanctioned by Ad-hoc CAMPA/National CAMPA	Fund released by Ad-hoc CAMPA/State Govt.	Fund Utilized
2017-18	123.00	144.00	97.66
2018-19	150.60	150.60	194.92
2019-20	285.68	197.21	180.69
2020-21	272.00	271.25	252.19
2020-21 Addl. APO	170.01	0.00	0.00 -
2021-22	586.90	381.13	362.06
2022-23	344.08	243.40	232.72
2023-24	172.04	169.70	166.90
2024-25	155.57	148.97	146.71
2025-26	176.11	154.70	105.70

NATIONAL APPRENTICESHIP AND TRAINING SCHEMES

5026. DR. C. M. RAMESH:

Will the Minister of **SKILL DEVELOPMENT AND ENTREPRENEURSHIP** be pleased to state:

(a) the details of total number of apprentices enrolled under the National

Apprenticeship Promotion Scheme (NAPS) and the National Apprenticeship Training Scheme (NATS) during the year 2025 in the country, State/UT-wise including Andhra Pradesh;

(b) the details of the sectors and industries with the highest apprenticeship engagement along with the role of Micro, Small and Medium Enterprises (MSMEs) therein;

(c) the steps taken/being taken by the Government to improve completion rates, stipend support and transition of apprentices into regular employment; and

(d) whether the Government proposes any further incentives or regulatory simplifications to expand participation in apprenticeship programme in the country, if so, the details thereof, State/UT-wise, particularly in the said State?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SKILL DEVELOPMENT AND ENTREPRENEURSHIP; AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EDUCATION (SHRI JAYANT CHAUDHARY):

(a): The Government of India, under the Apprentices Act, 1961, implements two flagship Central Sector schemes namely National Apprenticeship Promotion Scheme (NAPS), launched in August 2016 and continued as NAPS-2 from 2022-23 by Ministry of Skill Development and Entrepreneurship (MSDE) and the National Apprenticeship Training Scheme (NATS) launched in 1973 by the Ministry of Education (MoE) and approved for its continuation up to 2025-26. Together these schemes, support apprenticeship engagement in the

country. In the year 2025, apprentices engaged under NAPS and NATS are 11.84 lakh and 5.23 lakh respectively. The details of the number of apprentices under NAPS and NATS during the year 2025, State-wise (including Andhra Pradesh) are given in the enclosed **Statement**.

(b): In both the schemes, apprenticeship participation is significantly strong in industries falling under top 13 sectors namely Automotive, Banking, Financial Services and Insurance (BFSI), Electrical (including New and Renewable Energy), Electronics, IT/ITeS, Life Sciences, Logistic and Supply Chain, Production and Manufacturing, Retail, Rubber, Service sectors (Education, Health Care, Professional services) and Tourism and Hospitality. Role of MSMEs under Apprenticeship training is to provide on-the job training to apprentices. Establishments including MSMEs that have engaged apprentices are 25,423 and 16,400 under NAPS-2 and NATS respectively.

(c): Both NAPS and NATS support apprenticeship engagement across the country by providing partial stipend support through Direct Benefit Transfer (DBT) directly to the apprentices engaged under the Apprentice Act, 1961. The Government share of stipend provided to apprentices under NAPS is limited to 25% of prescribed minimum stipend (up to a maximum of Rs.1,500 per month, per apprentice) and under NATS is limited to 50% of the prescribed minimum stipend (up to Rs.4,500 per month per apprentice). The Government recognises the successfully completed apprentices by issuing nationally recognised National Apprenticeship Certificate (NAC) under Designated trades of NAPS, Certificate of Proficiency (CoP) for Optional trades of NAPS and

NATS. In addition, the government has issued letters considering the training period undergone by an apprentice as an experience under NAPS (for ITI graduates). All these efforts support completion outcomes and are translating apprenticeship training to employment. The third-party evaluation reports from AJNIFM (Arun Jaitley National Institute of Finance Management) on NAPS and NILERD (National Institute of Labour Economics Research and Development) on NATS indicates apprentices being engaged in a full-time employment on completion of their training at 72% and 74% respectively. Further, the 38th meeting of the CAC (Central Apprenticeship Council) held on 26th May 2025, marked a significant advancement in modernizing the country's apprenticeship framework. Key decisions included a 36% increase in apprentice stipends, with future revisions linked to the Consumer Price Index (CPI). This acts as an impetus for apprentices to complete the training.

(d): The Government is implementing the following measures to expend the participation in Apprenticeship programme in the country including Andhra Pradesh. The Council in the CAC meeting approved the introduction of Apprenticeship Embedded Degree/ Diploma programme (AEDP) under the ambit of the Act encouraging degree apprenticeships and promoting flexible delivery modes such as online and blended learning, and enabling apprentices to train at client locations within India and even abroad. Further, inclusive measures—such as dedicated provisions for persons with benchmark disabilities—were introduced. If the prescribed training places for fresher apprentice and skill certificate holder apprentice cannot be filled, then the

establishments may fill the same with other categories of apprentices. The scope of apprenticeship training was also expanded to include emerging sectors under the NIC-2008 classification (e.g., IT, biotechnology, and renewable energy). In addition, the Council recommended the establishment of new regional apprenticeship boards beyond the existing ones in Chennai, Kanpur, Kolkata, and Mumbai. These decisions, made in consultation with the CAC, have been duly approved by the Hon'ble Minister and notified through Gazette of India. Under NAPS, to promote apprenticeship engagement in North-Eastern Region (NER), a focused pilot initiative was launched on 20.05.2025, that facilitates an additional incentive upto ₹1,500 per month to NER candidates undergoing Apprenticeship in any other state other than their domiciled State. This is over and above the government share of stipend upto ₹1,500 under NAPS.

STATEMENT

The details of the number of apprentices under NAPS and NATS during 2025, State-wise (including Andhra Pradesh) is given below

S. No.	State / UT Name	Apprentices Engaged under NAPS	Apprentices Engaged under NATS
1.	Andaman And Nicobar Islands	222	18
2.	**Andhra Pradesh**	**26,193**	**3,696**
3.	Arunachal Pradesh	165	17
4.	Assam	8,811	1,721
5.	Bihar	6,855	16,565
6.	Chandigarh	1,732	2,053
7.	Chhattisgarh	6,426	2,342
8.	Delhi	30,153	9,727
9.	Goa	12,769	957
10.	Gujarat	1,09,832	15,817
11.	Haryana	80,573	44,274
12.	Himachal Pradesh	10,672	2,350
13.	Jammu And Kashmir	1,249	471
14.	Jharkhand	10,309	10,158
15.	Karnataka	1,10,555	27,456
16.	Kerala	15,243	18,152
17.	Ladakh	22	0
18.	Lakshadweep	8	2
19.	Madhya Pradesh	31,871	6,777

20.	Maharashtra	3,03,763	1,14,127
21.	Manipur	178	116
22.	Meghalaya	276	39
23.	Mizoram	272	72
24.	Nagaland	25	42
25.	Odisha	13,195	28,279
26.	Puducherry	5,861	748
27.	Punjab	23,069	2,034
28.	Rajasthan	29,260	15,100
29.	Sikkim	515	651
30.	Tamil Nadu	1,33,189	56,112
31.	Telangana	45,520	35,604
32.	The Dadra and Nagar Haveli And Daman and Diu	4,157	511
33.	Tripura	518	295
34.	Uttar Pradesh	1,00,553	21,706
35.	Uttarakhand	29,014	9,172
36.	West Bengal	31,406	75,863
	Total	**11,84,431**	**5,23,024**

युवाओं के लिए विशेष कौशल प्रशिक्षण केंद्र

5027. श्री हरेन्द्र सिंह मलिक:

क्या **कौशल विकास और उद्यमशीलता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार मुजफ्फरनगर और शामली में स्थानीय चीनी, इस्पात तथा कागज मिलों में कार्य करने के इच्छुक हजारों युवाओं के लिए विशेष 'कौशल प्रशिक्षण केंद्र' खोलने पर

विचार कर रही है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या मुजफ्फरनगर में सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को आधुनिक मशीनों से सुसज्जित करने तथा स्थानीय उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुसार नए पाठ्यक्रम शुरू करने हेतु आजीविका संवर्धन हेतु कौशल अर्जन एवं ज्ञान जागरूकता (संकल्प) योजना के अन्तर्गत कोई बजट आवंटित किया गया है;

(ग) यदि हाँ, तो क्या मुजफ्फरनगर में गन्ने के अपशिष्ट (बैगास तथा शीरा) से नए उत्पाद बनाने वाले छोटे स्टार्ट-अप को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण तथा वित्तीय सहायता प्रदान करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का स्थानीय मिलों के सहयोग से 'ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग' (अप्रेंटिसशिप) कार्यक्रम प्रारंभ करने का विचार है, जिससे ग्रामीण युवाओं को अपनी पढ़ाई जारी रखते हुए कारखानों में कार्य करने और वृत्तिका प्राप्त करने का अवसर मिल सके; और

(ङ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के राज्य मंत्री; तथा शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जयंत चौधरी):

(क): भारत सरकार के स्किल इंडिया मिशन (सिम) के अंतर्गत, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) विभिन्न योजनाओं, जैसे प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई), जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस), राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना (एनएपीएस) के तहत कौशल विकास केन्द्रों/संस्थानों के एक व्यापक नेटवर्क के माध्यम से और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) द्वारा शिल्पकार प्रशिक्षण योजना(सीटीएस) के जरिए उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर और शामली जिलों सहित देश भर में समाज के सभी वर्गों को कौशल, पुनर्कौशल और कौशल उन्नयन प्रशिक्षण प्रदान करता है। एसआईएम का उद्देश्य भारत के युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करना और उन्हें उद्योग से संबंधित कौशल से सुसज्जित करना है।

एमएसडीई की योजनाएं मांग आधारित हैं और प्रशिक्षण केंद्र आवश्यकता के आधार पर

स्थापित या संचालित किए जाते हैं। पीएमकेवीवाई 4.0 के तहत, मुजफ्फरनगर में 36 प्रशिक्षण केंद्र और शामली में 13 प्रशिक्षण केंद्र इलेक्ट्रॉनिक्स, लोहा और इस्पात, पूंजीगत सामान, ग्रीन जॉब्स, खाद्य प्रसंस्करण, हस्तशिल्प, वस्त्र, प्लंबिंग और स्वास्थ्य सेवा सहित काफी क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान करते हैं, जिनमें से कई प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से चीनी, इस्पात और कागज मिलों को शामिल करते हुए स्थानीय उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप हैं।

(ख): आजीविका संवर्धन हेतु कौशल अर्जन एवं ज्ञान जागरूकता (संकल्प), विश्व बैंक द्वारा ऋण समर्थित एक केंद्र प्रायोजित योजना, जनवरी 2018 में शुरू की गई और 31 मार्च 2025 को समाप्त हुई। संकल्प के तीन प्रमुख परिणाम क्षेत्र थे: (i) केंद्र, राज्य और जिला स्तर पर संस्थागत सुदृढ़ीकरण; (ii) कौशल विकास कार्यक्रमों की गुणवत्ता सुनिश्चित करना; और (iii) कौशल विकास कार्यक्रमों में हाशिए पर रहने वाली आबादी को शामिल करना। संकल्प के अंतर्गत निर्धारित तीन परिणाम क्षेत्रों के अनुसार राज्यों की विशिष्ट आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, राज्यों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों के आधार पर निधि आवंटित की गई थी। इसके अतिरिक्त, आकांक्षी कौशल अभियान (एएसए) के तहत आकांक्षी जिलों में कौशल इको सिस्टम को सुदृढ़ करने के लिए राज्यों को निधि जारी की गई थी। संकल्प योजना के तहत सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सुसज्जित करने के लिए कोई विशिष्ट बजट आवंटित नहीं किया गया था।

(ग): कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) ने वधवानी ऑपरेटिंग फाउंडेशन (डब्ल्यूओएफ) के सहयोग से 9 नवंबर, 2016 को प्रधानमंत्री युवा उद्यमिता विकास अभियान (पीएम-युवा) शुरू किया, जिसका उद्देश्य देश भर में उद्यमिता शिक्षा एवं प्रशिक्षण के माध्यम से उद्यमिता विकास के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना था। इसे उच्च शिक्षा संस्थानों (कॉलेज, विश्वविद्यालय, पॉलिटेक्निक) में लागू किया गया था। जून 2018 में इस योजना का पुनर्गठन किया गया और एमएसडीई के अंतर्गत कौशल प्रशिक्षण संस्थानों, जैसे औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस), प्रधानमंत्री कौशल केंद्र (पीएमकेके) और पॉलिटेक्निक को भी इसमें शामिल किया गया। पीएम-युवा द्वितीय परियोजना नवंबर 2019 से मार्च

2022 तक चली और इसे राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निस्बड) के माध्यम से कार्यान्वित किया गया। निस्बड एमएसडीई के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन एक स्वायत्त संस्था है और इसे कौशल पारिस्थितिकी तंत्र के अंतर्गत लगभग 300 संस्थानों में चलाया गया। इस पायलट परियोजना का उद्देश्य उद्यमिता को एक वैकल्पिक करियर विकल्प के रूप में बढ़ावा देना और कौशल इको सिस्टम से जुड़े संभावित और प्रारंभिक चरण के उद्यमियों को मार्गदर्शन सहायता प्रदान करना था। यह परियोजना दस राज्यों और दो संघ राज्य क्षेत्रों (असम, बिहार, केरल, महाराष्ट्र, मेघालय, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, दिल्ली और पुडुचेरी) में कार्यान्वित की गई।

(घ) और (ङ): पीएमकेवीवाई 4.0 के अंतर्गत, राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) द्वारा निर्धारित राष्ट्रीय कौशल अर्हता ढांचा (एनएसक्यूएफ) -अनुरूप जॉब रोल्स के लिए अल्पकालिक प्रशिक्षण (एसटीटी) का एक अनिवार्य घटक ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग (ओजेटी) है, जिसका उद्देश्य उद्योग में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है। प्रशिक्षण प्रदाता स्थानीय उद्यमों के साथ साझेदारी करके वजीफ़े सहित संरचित ओजेटी कार्यक्रम आयोजित करते हैं, जबकि राज्य मिशन आस-पास के अवसरों तक पहुंच को सुगम बनाते हैं, जिससे व्यावहारिक कौशल और रोजगार के अवसर बढ़ते हैं।

एनएपीएस शिक्षा से कार्य में सुगम ट्रैनजिशन सुनिश्चित करता है, यह सुनिश्चित करता है कि प्रशिक्षुओं को वास्तविक दुनिया के अनुभव के माध्यम से उद्योग-विशिष्ट कौशल प्राप्त हों। एनएपीएस के तहत, लाभार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से प्रति माह 1500 रुपये तक की वजीफा सहायता प्रदान की जाती है।

प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी), 2020 के अनुरूप सीटीएस योग्यताओं का पुनर्गठन और युक्तिकरण करते हुए वार्षिक नोशनल प्रशिक्षण अवधि को 1600 घंटे से घटाकर 1200 घंटे कर दिया है और शैक्षणिक सत्र 2022-23 से सीटीएस के तहत आईटीआई प्रशिक्षुओं के लिए 150 घंटे के ऑन-द-जॉब प्रशिक्षण (ओजेटी)/समूह परियोजना का

अनिवार्य प्रावधान लागू किया है।

यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल

5028. श्रीमती गनीबेन नागाजी ठाकोर:

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में वर्तमान में यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों की संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार ने विश्व धरोहर सूची में नए स्थलों को शामिल किए जाने के लिए कोई प्रस्ताव भेजे हैं;

(ग) सरकार द्वारा उक्त स्थलों के संरक्षण के लिए उठाए गए विशेष कदमों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे समन्वय का ब्यौरा क्या है?

संस्कृति मंत्री; तथा पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत):

(क): देश भर में 44 विश्व धरोहर संपत्तियां हैं, जिनका ब्यौरा संलग्न **विवरण** में दिया गया है।

(ख): हाँ। भारत सरकार ने विश्व धरोहर की सूची में शामिल करने हेतु विश्व धरोहर केंद्र को विचार के लिए निम्नलिखित प्रस्ताव भेजे हैं:

1. प्राचीन बौद्ध स्थल, सारनाथ (वर्ष 2025-26)

2. जिंगकिएंग्जरी/लय चराई सांस्कृतिक परिदृश्य (वर्ष 2026-27)

(ग) और (घ): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण 27 विश्व धरोहर संपत्तियों सहित कुल 3686 स्मारकों का संरक्षण और अनुरक्षण करता है और इसके साथ ही पर्यटकों के लिए पेयजल, शौचालय ब्लॉक, सुगम-पथ और भूनिर्माण आदि जैसी पर्यटक सुविधाओं का प्रावधान भी करता है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले इन स्मारकों/स्थलों का संरक्षण और अनुरक्षण किया जाना एक सतत् प्रक्रिया है और यह स्मारकों के संरक्षण की आवशयकता और संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर किया जाता है।

<u>विवरण</u>

विश्व धरोहर की सूची में शामिल संपत्तियाँ (44)

(क) भारत में सांस्कृतिक विश्व धरोहर संपत्तियाँ : 36

(ख) भारत में प्राकृतिक विश्व धरोहर संपत्तियाँ : 07

(ग) भारत में मिश्रित विश्व धरोहर संपत्तियां : 01

सांस्कृतिक स्थल:

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के संरक्षण में (27)

क्र. सं.	स्थल का नाम	राज्य	शामिल किए जाने का वर्ष
1.	आगरा किला	उत्तर प्रदेश	1983
2.	अजंता की गुफाएँ	महाराष्ट्र	1983
3.	एलोरा की गुफाएँ	महाराष्ट्र	1983
4.	ताजमहल	उत्तर प्रदेश	1983
5.	महाबलिपुरम में स्मारकों का समूह	तमिलनाडु	1984
6.	सूर्य मंदिर, कोणार्क	ओडिशा	1984
7.	गोवा के चर्च और कॉन्वेंट	गोवा	1986
8.	फतेहपुर सीकरी	उत्तर प्रदेश	1986
9.	हम्पी में स्मारकों का समूह	कर्नाटक	1986
10.	खजुराहो, मंदिरों का समूह	मध्य प्रदेश	1986
11.	एलिफेंटा की गुफाएँ	महाराष्ट्र	1987

12.	गंगईकोंडचोलपुरम और दारासुरम में महान जीवंत चोल मंदिर	तमिलनाडु	1987 और 2004
13.	पट्टाडकल में स्मारकों का समूह	कर्नाटक	1987
14.	सांची में बौद्ध स्मारक	मध्य प्रदेश	1989
15.	हुमायूँ का मकबरा, दिल्ली	दिल्ली	1993
16.	कुतुब मीनार और उसके स्मारक, दिल्ली	दिल्ली	1993
17.	भीमबेटका के शैलाश्रय	मध्य प्रदेश	2003
18.	चंपानेर-पावागढ़ पुरातत्व पार्क	गुजरात	2004
19.	लाल किला परिसर, दिल्ली	दिल्ली	2007
20.	राजस्थान के पहाड़ी किले (चित्तौड़गढ़ , कुंभलगढ़ , जैसलमेर और रणथंभौर , आमेर और गागरोन किले) (आमेर और गागरोन किले राजस्थान राज्य पुरातत्व और संग्रहालयों के संरक्षण में हैं)	राजस्थान	2013
21.	पाटन में रानी-की-वाव (रानी की बावड़ी)	गुजरात	2014
22.	नालंदा में नालंदा *महाविहार (नालंदा विश्वविद्यालय)* का पुरातात्विक स्थल	बिहार	2016
23.	धोलावीरा: एक हड़प्पा शहर	गुजरात	2021
24.	काकतीय रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर, तेलंगाना	तेलंगाना	2021
25.	होयसल के पवित्र समूह	कर्नाटक	2023
26.	मोइदम - अहोम राजवंश की पर्वत-दफन प्रणाली	असम	2024
27.	भारत के मराठा सैन्य परिदृश्य	महाराष्ट्र	2025

रेल मंत्रालय के संरक्षण में (2)

28.	भारत के पर्वतीय रेलवे (दार्जिलिंग, 1999), नीलगिरी (2005), कालका-शिमला	पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, हिमाचल प्रदेश	2008
29.	छत्रपति शिवाजी टर्मिनस (पूर्व में विक्टोरिया टर्मिनस)	महाराष्ट्र	2004

बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति के संरक्षण में (1)

30.	महाबोधि मंदिर परिसर, बोधगया	बिहार	2002

राजस्थान राज्य पुरातत्व एवं संग्रहालय के संरक्षण में (1)

31.	जंतर मंतर, जयपुर	राजस्थान	2010

चंडीगढ़ प्रशासन के संरक्षण में (1)

32.	ले-कोर्बुज़िए का वास्तुशिल्पीय कार्य, आधुनिक आंदोलन में एक उत्कृष्ट योगदान	चंडीगढ़	2016

अहमदाबाद नगर निगम के संरक्षण में (1)

33.	ऐतिहासिक शहर अहमदाबाद	गुजरात	2017

बम्बई नगर निगम के संरक्षण में (1)

34.	मुंबई का विक्टोरियन और आर्ट डेको	महाराष्ट्र सरकार	2018

जयपुर नगर निगम के संरक्षण में (1)

35.	जयपुर शहर, राजस्थान	राजस्थान सरकार	2019

कुलपति, विश्वभारती के संरक्षण में (1)

36.	शांति निकेतन	विश्व भारती	2023

प्राकृतिक संपतियाँ : (7)

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के संरक्षण में

37.	काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान	असम	1985
38.	केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान	राजस्थान	1985
39.	मानस वन्यजीव अभयारण्य	असम	1985
40.	सुंदरबन राष्ट्रीय उद्यान	पश्चिम बंगाल	1987
41.	नंदा देवी और फूलों की घाटी राष्ट्रीय उद्यान	उत्तराखंड	1988, 2005
42.	पश्चिमी घाट	कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु	2012
43.	ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क	हिमाचल प्रदेश	2014

मिश्रित संपत्तियाँ : (1)

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के संरक्षण में

44.	कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान (2016)	सिक्किम	2016

राष्ट्रभाषा हिंदी का प्रचार

5029. श्री गिरिधारी यादव:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश के अधिकांश निजी स्कूलों में प्रवेश साक्षात्कार अंग्रेजी में आयोजित करने की अनिवार्य आवश्यकता तथा विद्यालय परिसर में तथा घर पर केवल अंग्रेजी में बोलने और अध्ययन करने की बाध्यता के कारण राष्ट्रभाषा हिंदी का विकास बाधित हो रहा है;

(ख) यदि हाँ, तो क्या सरकार का ऐसी बाध्यताओं को समाप्त करने तथा हिंदी के समुचित विकास और प्रचार-प्रसार को सुनिश्चित करने के लिए कोई नीति बनाने अथवा दिशानिर्देश जारी करने का विचार है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए वर्तमान में प्रचलित अन्य सरकारी योजनाओं और पहलों का ब्यौरा क्या है?

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के राज्य मंत्री; तथा शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जयंत चौधरी):

(क) से (घ): नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम, 2009, में भारत में प्राथमिक विद्यालयों (कक्षा 1-8) में प्रवेश के लिए स्क्रीनिंग प्रक्रियाओं को प्रतिबंधित किया गया है, जिसमें बच्चों या माता-पिता की जांच या साक्षात्कार शामिल हैं, जो शिक्षा तक पहुंच में समानता और निष्पक्षता सुनिश्चित करते हैं। शिक्षा संविधान की समवर्ती सूची का विषय होने और अधिकांश स्कूल राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के क्षेत्राधिकार में होने के कारण इस मामले में समुचित सरकार के रूप में संबंधित राज्य/संघ की जिम्मेदारी है।

तथापि, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 में यह अधिदेश दिया गया है कि कम से कम कक्षा 5 तक, और अधिमानतः कक्षा 8 और उससे आगे तक, शिक्षा का माध्यम मातृभाषा, घरेलू भाषा या स्थानीय भाषा हो। यह किसी भी राज्य में हिंदी सहित किसी भी भाषा को अधिरोपित किए बिना

बहुभाषावाद को बढ़ावा देता है, देशी भाषाओं के माध्यम से वैचारिक समझ को पूर्ण करने पर ध्यान केंद्रित करता है। साथ ही, एनईपी 2020 में इस बात पर जोर दिया गया है कि मातृभाषा में शिक्षण संज्ञानात्मक क्षमताओं, शैक्षणिक प्रदर्शन में सुधार करता है और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करता है।

एनईपी 2020 में स्पष्ट रूप से यह प्रावधान किया गया है कि विज्ञान सहित उच्च गुणवत्ता वाली पाठ्यपुस्तकें, घरेलू भाषाओं/मातृभाषाओं में उपलब्ध कराई जाएं; और यह निर्देश भी दिया गया है कि जहाँ ऐसी सामग्री उपलब्ध न भी हो, वहाँ भी शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच संवाद की भाषा, जहाँ तक संभव हो, घरेलू भाषा/मातृभाषा ही रहनी चाहिए। द्विभाषी शिक्षण-अधिगम सामग्री शामिल करते हुये शिक्षकों को उन छात्रों के लिए द्विभाषी दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है जिनकी घरेलू भाषा शिक्षण के माध्यम से भिन्न हो सकती है । त्रि-भाषा सूत्र को अब और अधिक लोचशीलता के साथ लागू किया जा रहा है जिससे यह सुनिश्चित होता है कि किसी बच्चे द्वारा पढ़ी जाने वाली तीन भाषाओं में से कम से कम दो भाषाएँ भारत की ही हों। किसी भी राज्य या विद्यार्थी पर कोई भी भाषा अधिरोपित नहीं नहीं जाएगी।

OVERSEAS EMPLOYMENT FOR YOUTH

5030. DR. INDRA HANG SUBBA:

Will the Minister of **SKILL DEVELOPMENT AND ENTREPRENEURSHIP** be pleased to state:

(a) whether the Government proposes any scheme to impart skill development to the Indian youth for overseas employment;

(b) if so, the details thereof and the total number of persons proposed to be skilled and already skilled under the scheme; and

(c) the details of the funds allocated for this purpose?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SKILL DEVELOPMENT AND ENTREPRENEURSHIP; AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EDUCATION (SHRI JAYANT CHAUDHARY):

(a) to (c): Ministry of Skill Development and Entrepreneurship (MSDE) has established and operationalized seven Skill India International Centres (SIICs) in different states on a pilot basis to facilitate international employment opportunities for the Indian youth. These centres aim to provide internationally aligned domain skill training, language training and pre-departure orientation to support safe and informed migration of skilled workers.

In addition, Pre-Departure Orientation Training (PDOT) under the Pravasi Kaushal Vikas Yojana (PKVY) of the Ministry of External Affairs is imparted at these centres to orient candidates on language familiarisation, cultural aspects of destination countries, labour laws, and safe migration practices.

Since 2023, a total number of 2,929 candidates have been trained (including domain training and language training) at SIIC-Varanasi and SIIC-Bhubaneshwar, and deployment of 433 candidates has been facilitated for overseas employment.

The Ministry, through the National Skill Development Fund (NSDF), has approved funds amounting to ₹70.59 crore for establishment and operationalization of seven SIICs which includes Operational Expenditure (OPEX) for seven centres and Capital Expenditure (CAPEX) for five centres.

INVESTMENT AWARENESS PROGRAMMES IN THE COUNTRY

5031. SHRI BALWANT BASWANT WANKHADE:

Will the Minister of **CORPORATE AFFAIRS** be pleased to state:

(a) whether the Government is organising any investment awareness programmes in the country;

(b) if so, the details thereof, including the objectives and main features of such programmes;

(c) whether the Government has organised such progrmmes in rural areas of the country during the last two years;

(d) if so, the details thereof along with the criteria fixed for the selection of rural areas for the said purpose; and

(e) the details of funds allocated and utilised for this purpose during the last three years and the current year?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CORPORATE AFFAIRS; AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF ROAD TRANSPORT AND HIGHWAYS (SHRI HARSH MALHOTRA):

(a) and (b): The Ministry of Corporate Affairs through Investor Education and Protection Fund Authority (IEPFA) is organising Investor Awareness Programmes (IAPs) across the country. The objectives and main features of these programmes are as under:

(i) Promoting financial literacy: Educating stakeholders on basic financial concepts, responsible financial behaviour, and safe usage of financial services.

(ii) Enhancing investor awareness: Spread knowledge about investor rights, investment risks, and informed decision-making.

(iii) Awareness about financial fraud and cybercrime: Create awareness about scams, phishing attempts, fraudulent investment schemes, and digital payment frauds.

(iv) Promoting safe digital financial practices: Encourage secure use of digital banking, mobile payments, and online platforms.

(v) Strengthening citizen protection: Empower individuals to identify, avoid, and report fraudulent financial activities.

(c) and (d): These IAPs are organised across the country with a focus on rural and under-served regions. Rural areas for IAPs are selected based on specific criteria such as being underserved, remote including Tier-2 and Tier-3 towns and villages. About 75% of the programmes are conducted in these locations using the wide network of India Post Payments Bank (IPPB).

(e): The details of funds utilized for this purpose by IEPFA during the last three years and the current year are as under:

Financial year	**Funds Utilized (₹ in Crore)**
2022-23	8.45
2023-24	3.40
2024-25	5.07
2025-26 (Till Date)	2.69

PRESERVATION AND DIGITISATION OF MANUSCRIPT HERITAGE

5032. SHRIMATI POONAMBEN MAADAM:

Will the Minister of **CULTURE** be pleased to state:

(a) whether the Government has undertaken steps for the preservation, conservation and digitisation of India's manuscript heritage;

(b) if so, the details thereof, including the conservation and restoration measures being implemented to safeguard fragile manuscripts; and

(c) the details of the progress made in digitisation and creation of a secure and accessible digital repository for long-term preservation and scholarly access?

THE MINISTER OF CULTURE; AND MINISTER OF TOURISM (SHRI GAJENDRA SINGH SHEKHAWAT):

(a) to (c): Yes. Gyan Bharatam Mission (GBM), announced during Union Budget 2025-26, is a flagship initiative of the Ministry of Culture (MoC), Government of India to undertake manuscripts related activities under various components including survey and registration of manuscripts, building robust technology infrastructure and partnership, documentation, preservation, conservation, digitization, publication of manuscripts and capacity building and research. The steps envisaged under GBM to safeguard India's manuscript heritage includes onboarding of institutions making conservation of manuscripts an integral activity there through preventive and curative methods, establishment and upgradation of conservation laboratories in the onboarded

institutions, conducting capacity building programs, workshops and hands-on training etc. Recently, two-day conservation workshop was successfully concluded at National Research Laboratory for Conservation of Cultural Property (NRLC), Lucknow, Uttar Pradesh from 12th - 13th February, 2026 with participation of more than 40 participants from the institutions onboarded with GBM. Technical partners have been onboarded for various functions including metadata creation and its integration on National Digital Repository (NDR), deployment of equipments, AI-integrated digital platform and long-term data storage. More than 8 lakh digitized manuscripts in different formats such as DVD, HDD, microfilms are available across the country, out of which, 1.29 lakh manuscripts are accessible, in view mode, to the public on the Gyan Bharatam Portal.

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना

5033. श्री रमाशंकर विद्यार्थी राजभर:

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत पांच वर्षों तथा चालू वर्ष के दौरान देश में, विशेषकर उत्तर प्रदेश के देवरिया और बलिया जिलों में, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत नामांकित लाभार्थियों की कुल संख्या तथा सक्रिय पॉलिसियों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान बैंक खाते में ऑटो डेबिट के समय अपर्याप्त शेष राशि के कारण बंद हुई पॉलिसियों की संख्या कितनी है;

(ग) दर्ज किए गए दावों की संख्या, स्वीकृत, अस्वीकृत तथा लंबित दावों का ब्यौरा क्या है तथा दावा निपटान अनुपात और उनके निपटान की औसत समयावधि कितनी है; और

(घ) सरकार द्वारा विशेषकर उत्तर प्रदेश के देवरिया और बलिया जिलों में पॉलिसियों के निष्क्रिय होने को कम करने, लंबित दावों के शीघ्र निपटान को सुनिश्चित करने तथा लाभार्थियों के बीच जागरुकता बढ़ाने के लिए क्या ठोस कदम उठाए गए हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी):

(क) से (ग): इसका ब्यौरा संलग्न **विवरण** में दिया गया है।

(घ): निष्क्रिय पॉलिसी की संख्या को कम करने के लिए कार्यान्वयनकर्ता बैंकों, डाकघरों, बीमा कंपनियों और जीवन बीमा परिषद को पॉलिसी के नवीकरण चक्र से पहले एक वार्षिक कार्य योजना जारी की जाती है। दावा निपटान दक्षता में सुधार करने के लिए, सभी कार्यान्वयन एजेंसियों को समय-समय पर यह सलाह दी जाती है कि वे दावा निपटान में शीघ्रता लाएं और समय पर संवितरण सुनिश्चित करें।

दिनांक 01.07.2025 से दिनांक 31.10.2025 तक पूरे देश में 2.70 लाख ग्राम पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) में 4 माह का "वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान" शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना और सहभागिता में सुधार करना था।

नामांकन और दावा विप्रेषण के लिए आरंभ से अंत तक अंकीकरण प्रक्रिया के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा संरक्षण तक किफायती सार्वभौमिक पहुंच प्रदान करने के लिए जन सुरक्षा पोर्टल शुरू किया गया है। सार्वजनिक क्षेत्र के सभी 12 बैंकों और 28 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों तथा 11 बीमा कंपनियों को पोर्टल पर शामिल किया गया है।

विवरण

(क) पीएमजेजेबीवाई के अंतर्गत संचयी नामांकन का ब्यौरा

जिला/राज्य का नाम	दिनांक 31.05.2021 की स्थिति के अनुसार	दिनांक 31.05.2022 की स्थिति के अनुसार	दिनांक 31.05.2023 की स्थिति के अनुसार	दिनांक 31.05.2024 की स्थिति के अनुसार	दिनांक 31.05.2025 की स्थिति के अनुसार	दिनांक 25.02.2026 की स्थिति के अनुसार
देवरिया	85,526	1,18,095	1,66,478	2,75,474	3,33,590	3,85,973
बलिया	1,11,842	1,64,680	2,36,138	3,91,273	4,60,403	5,16,934
देश का कुल	10,34,78,174	12,89,49,003	16,31,01,675	20,16,80,800	23,76,73,111	26,88,14,456

पीएमजेजेबीवाई के अंतर्गत सक्रिय नामांकन का ब्यौरा

जिला/राज्य का नाम	दिनांक 31.05.2021 की स्थिति के अनुसार	दिनांक 31.05.2022 की स्थिति के अनुसार	दिनांक 31.05.2023 की स्थिति के अनुसार	दिनांक 31.05.2024 की स्थिति के अनुसार	दिनांक 31.05.2025 की स्थिति के अनुसार	दिनांक 25.02.2026 की स्थिति के अनुसार
देवरिया	-	89,493	1,15,771	1,58,499	1,78,901	1,91,647
बलिया	-	1,30,291	1,67,344	2,11,102	2,30,501	2,35,094
देश का कुल	4,91,15,993	6,63,48,227	8,59,99,833	10,66,91,953	12,04,79,905	12,63,91,904

(ख) बैंक खाते में अपर्याप्त शेष राशि के कारण पीएमजेजेबीवाई के अंतर्गत बंद की गई पॉलिसियों का ब्यौरा

पॉलिसी वर्ष 2021-22	पॉलिसी वर्ष 2022-23	पॉलिसी वर्ष 2023-24	पॉलिसी वर्ष 2024-25	पॉलिसी वर्ष 2025-26
75,25,611	1,29,85,289	1,66,45,050	1,92,50,424	2,32,41,765

(ग) दिनांक 25.02.2026 की स्थिति के अनुसार पीएमजेजेबीवाई के संचयी दावों के आंकड़ों का ब्यौरा

पंजीकृत दावे	अनुमोदित दावे	अस्वीकृत	लंबित	दावा निपटान अनुपात
10,78,972	10,45,450	32,909	613	99.94%

बीमा क्षेत्र के विनियामक, भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) के अनुसार, पीएमजेजेबीवाई के दावे के निपटान के लिए लिया गया औसत समय विभिन्न बीमा कंपनियों में अलग-अलग होता है और यह 0.61 दिनों से 17 दिनों के मध्य का होता है।

डोन एरिया, वीटीआर में वन नियमों में ढील

5034. श्री सुनील कुमार :

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि वाल्मीकि नगर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (वीटीआर) के डोन क्षेत्र में लगभग 15,000 से 20,000 की आबादी वाली दो पंचायतें हैं और इस दुर्गम क्षेत्र के निवासियों को बेहतर चिकित्सा उपचार के लिए रामनगर, बगहा, नरकटियागंज, गोरखपुर या पटना जाना पड़ता है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार को यह भी जानकारी है कि आपातकाल की स्थिति में गंभीर रूप से बीमार मरीजों को भी देर रात जंगल में प्रवेश या निकास की अनुमति नहीं दी जाती है,

जिससे उन्हें वन विभाग के बैरियर पर रात बिताने के लिए मजबूर होना पड़ता है; और

(ग) क्या सरकार का टाइगर रिजर्व और डोन क्षेत्र की वन-निवासी आबादी के हित में अपने विनियमों में शिथिलता प्रदान करने का विचार है?

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कीर्ति वर्धन सिंह):

draw the urgent attention of this House to the continuing plight of domestic workers in India, one of the largest yet most invisible segments of our workforce. A majority of them are women from marginalised and economically vulnerable backgrounds, who sustain households and enable broader economic participation. Despite their vital contribution, domestic workers face systemic exploitation, absence of legal recognition, lack of written contracts, undefined working hours, wage theft, arbitrary dismissal, and denial of basic rights such as weekly rest and leave. Many are also subjected to physical, sexual, and psychological abuse, with little or no access to justice. The unregulated functioning of placement agencies further aggravates their vulnerability.

The recent Expert Committee has stated that existing labour Codes and welfare mechanisms are sufficient. However, ground realities clearly indicate otherwise. Domestic workers remain outside effective enforcement frameworks, as their workplaces – private homes – are beyond the reach of labour inspection. Welfare schemes like e-Shram do not provide enforceable rights or accountability.

Therefore, I urge the Government to enact a comprehensive Central legislation recognising domestic workers as workers, ensuring minimum wages, regulated working conditions, social security, and accessible grievance redressal mechanisms. I also request the Government to take steps towards ratification and implementation of ILO Convention 189. This is not merely a labour issue, but a matter of dignity, gender justice, and constitutional rights.

13.00 hrs

श्री जय प्रकाश (हिसार) : धन्यवाद सभापति महोदया। मैं आज आपके माध्यम से सरकार का ध्यान एक अत्यंत गंभीर विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। आज इंटरनेट और सोशल मीडिया के युग में कई बार कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा महान संत और महाकवि महर्षि वाल्मीकि के संबंध में आपत्तिजनक एवं भ्रामक सामग्री प्रसारित की जा रही है। रामायण के रचयिता भगवान वाल्मीकि न केवल सनातन संस्कृति के आधार स्तंभ हैं, बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था और सम्मान का प्रतीक भी हैं। इसके बावजूद कुछ वेबसाइटों और विशेष रूप से सर्च इंजन गूगल पर खोज करने पर उनके बारे में आपत्तिजनक शब्द और भ्रामक जानकारी दिखाई देती है, जिससे समाज में गलत संदेश जाता है और वाल्मीकि समाज सहित समस्त सनातन धर्म के अनुयायियों की भावनाएँ आहत होती हैं तथा समाज में भ्रम और तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

मेरा सरकार से आग्रह है कि वह इस विषय को गंभीरता से लेते हुए संबंधित कंपनियों और प्लेटफॉर्मों को निर्देश दे कि वे ऐसी आपत्तिजनक एवं भ्रामक सामग्री को तुरंत हटाएँ और भविष्य में इस प्रकार की सामग्री के प्रसार पर प्रभावी रोक लगाने के लिए ठोस व्यवस्था करें, ताकि समाज में सौहार्द और सम्मान की भावना बनी रहे।

सभापति महोदया, मैं एक और बात कहना चाहूंगा कि हमारे हरियाणा में इस तरह का एक इश्यू आया, जो बड़ा खतरनाक था। उसमें जातीय दंगे फैलने की संभावना हो गई थी। इसके लिए दीपेन्द्र सिंह हुड्डा जी और हम सब लोगों ने प्रयास किया कि किसी तरीके से इसको रोका जाए। मंत्री जी यहां बैठे हैं, मैं इनसे निवेदन करूंगा कि तत्काल प्रभाव से इन आपत्तिजनक शब्दों को गूगल और दूसरे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से निकाला जाए।

अंत में, मैं कहूंगा- जय भगवान वाल्मीकि।

श्री भर्तृहरि महताब (कटक): धन्यवाद मैडम। I come from a place, and I represent Cuttack Parliamentary Constituency, which gave birth to Netaji Subhas Chandra Bose. Our beloved Prime Minister installed a full life-sized statue at

India Gate. But there is certain unfinished work that needs to be done.

It was in 1953 that my father had visited Japan, and during that visit to Japan he also visited the Renkoji Temple in Tokyo where the ashes of Netaji Subhas Chandra Bose are kept. Recently, a petition was filed in the Supreme Court of India before the Chief Justice and other two judges -- it was a three-Bench court -- that the ashes of Netaji Subhas Chandra Bose should be brought back to India.

For a very long time, during Congress regime, the impression that was being created is that Netaji's ashes in Tokyo are not real. But now, Netaji's daughter has been asked to file a petition before the Supreme Court of India, and this has been said by no less than the Chief Justice of Supreme Court of India.

My request to you, through this House, and to the Government is that the Government of India should take adequate steps to bring back the ashes of Netaji Subhas Chandra Bose to India so that we can pay adequate homage to the great son of this country.

Therefore, I would like to draw the attention of this august House and the Government towards a matter of deep national sentiment and historical justice connected to Subhas Chandra Bose. Recently, as I said, the Supreme Court of India observed that Anita Bose, the daughter of Netaji, should personally approach the court if she seeks its intervention for bringing his ashes from Renkoji Temple back to India.

I would urge the Union Government to take proactive steps both

diplomatically and legally to ensure the return of Netaji's remains. The Government must also extend full support to his daughter in pursuing her rightful claim. This is not merely a family matter, but a question of national honour.

DR. GANAPATHY RAJKUMAR P. (COIMBATORE): Hon. Chairperson Madam, I rise to raise a matter of urgent public importance, that is, the unfair minimum balance penalty imposed by private sector banks on ordinary citizens. Between Financial Years 2022 and 2025, Indian banks have earned a staggering Rs.19836 crore purely from minimum balance penalties. This is not income from lending of services. This is money taken from people simply because they did not have enough balance in their accounts. Consider this bank-wise: HDFC Bank – Rs.3872 crore; Axis Bank – Rs.2706 crore; Punjab National Bank – Rs.1578 crore; Bank of Baroda – 1272 crore; and ICICI Bank – Rs.1225 crore. Who is paying these penalties? It is not the rich; it is the daily wage workers, small farmers, migrant labourers, students and pensioners. People are being penalized for being poor. Look at the contrast. The State Bank of India stopped charging these penalties from March 2020. Today, nine out of 12 public sector banks have reformed or removed such charges. Why are private banks still continuing this practice?

I demand that the RBI must abolish minimum balance penalties for low-income account holders, Jan Dhan and other welfare accounts; and audit banks and provide funds where exploitation has occurred. We have crores of bank accounts for financial inclusion but what is the meaning of inclusion if

money is taken away from the poor? This is not inclusion; this is exclusion. I urge the Government to act immediately.

***SHRI SUKANTA KUMAR PANIGRAHI (KANDHAMAL):** Hon. Chairperson Madam, I would like to thank the government, for the foresight in reviving the postal department and introducing reforms. I am appreciative of the efforts of the government but unfortunately in my parliamentary constituency Kandhamal, a tribal dominant region, the sub post offices are functioning in rented accommodations. My tribal brothers and sisters reside at least 2 to 3 kilometres away from the said office and are unable to access the postal services.The main postal headquarters is in dilapidated condition in both Boudh and Kandhamal districts.The infrastructure and vision of the government in bringing reforms in postal department is not being felt in my constituency. Hence I wish to appeal to the Minister to take cognizance and take steps to provide permanent office accommodation for the said purpose. Frequent shifting of post offices is creating trouble for the people of my constituency. If a permanent building is given, it will greatly benefit the people.

श्री जितेंद्र कुमार दोहरे (इटावा) : माननीय सभापति महोदया, मेरे लोक सभा क्षेत्र के इटावा जिले में चकरनगर ब्लॉक पड़ता है, जो 80 प्रतिशत से ज्यादा बीहड़ क्षेत्र है। वहां पांच नदियों का संगम है। वहां पचनदा भी बना हुआ है। यहां पर कई गांव ऐसे है, जहां देश आजाद होने के बाद आज भी कई सड़कें नहीं बनी हैं, जिसके कारण वह शिक्षाविहीन रही है।

मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान उत्तर प्रदेश के जनपद इटावा के चकरनगर ब्लॉक

* English translation of the speech originally delivered in Odia.

के बीहड़ क्षेत्र की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। यह इलाका मध्य प्रदेश की सीमा से भी लगा हुआ है। भौगोलिक परिस्थितियों के कारण यहां के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के लिए दूर-दराज़ के क्षेत्रों में जाना-आना पड़ता है।

इस क्षेत्र में केन्द्रीय स्तर की गुणवत्तापरक शिक्षा की सुविधा उपलब्ध नहीं है, इस कारण अनेक प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं मार्ग न होने के कारण बेहतर शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। यदि इस सीमावर्ती बीहड़ क्षेत्र में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना हो जाती है तो इससे न केवल बीहड़ क्षेत्र बल्कि आसपास के अनेक गांवों के विद्यार्थियों को भी इसका लाभ प्राप्त होगा।

अत: मेरा सरकार से विनम्र निवेदन है कि चकरनगर ब्लॉक के बीहड़ क्षेत्र में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना की जाए, जो अति आवश्यक है। यहां पर ऐसे कई मार्ग हैं, जहां से बच्चे स्कूल नहीं जा पाते हैं जैसे चकरनगर से हनुमंतपुरा नंगला महानन्द मार्ग, भरेहमार्ग से मिनी गांव तक, मितरौल से गोहरो गांव तक, हनुमंतपुरा रोड से बिरौनाबाग तक, काला पाथर से पचनदा मार्ग तक। यहां रोड न होने की वजह से बच्चे विद्यालय नहीं जा पाते हैं, यह मार्ग सेन्चुरी की वजह से अटके हुए हैं, मैं इस विभाग के मंत्री से भी कहना चाहता हूं कि तेलियन खोरन गांव की सड़क, गोरवन बाग से कोटरामार्ग, यहां रोड न होने से बच्चों का भविष्य चौपट हो रहा है।

मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि सेन्चुरी में रोड बनाने पर रोक को हटाकर यदि मार्ग बन जाता है तो सभी बच्चों को शिक्षा प्राप्त हो सकेगी। वहां केन्द्रीय विद्यालय जरूरी है, केन्द्रीय विद्यालय न होने के से यहां के बच्चों को बहुत दूर जाना पड़ता है। बहुत-बहुत धन्यवाद।

SHRI ANUP SANJAY DHOTRE (AKOLA): I would like to express my heartfelt thanks to our hon. Prime Minister for his continued commitment to the welfare of farmers and agricultural sector. His visionary leadership and farmer-centric policies have ensured that the backbone of our economy – our farmers – receive the attention and support they truly deserve.

Madam, I would like to commend the Government for its proactive decision to increase the MSP of cotton to Rs. 8,110. This important step directly benefits and empowers lakhs of cotton farmers across the nation. The MSP of cotton has increased by 108 per cent over the last 11 years, reflecting consistent annual growth and the Government's firm commitment to ensure fair returns for farmers.

India's import of raw cotton during 2020-21 was 1.10 million bales, which has increased to 4.13 million during 2024-25. At the same time, India's export of raw cotton declined from 7.75 million bales to 1.80 million bales. This change signifies India's progress under the 'Make in India' initiative and reflects a significant rise in domestic as well as imported raw cotton.

Globally, the leading producers of cotton, like China, the United States, and others have mechanised cotton harvesting using advanced technologies like cotton pickers and module builders, significantly reducing labour requirements. For instance, mechanical harvesters in the United States can harvest hundreds of kilograms of cotton in a single day, whereas manual plucking in India may require plucking around 250 cotton bolls to obtain one kilogram of manual process, labour-intensive cotton picking.

The Government should consider increasing the basic custom duty to 10 per cent from the existing five per cent, which would motivate farmers and ensure that they do not feel like scapegoats in the market system.

Madam, I would like to end my speech by saying that in order to protect the farmers truly, we must stand with them rather than prioritising the

industries. India has nearly 500 million people who depend on agriculture for their livelihood, whereas the livelihood of 45 million people is dependent upon the textile industry.

Though mitigation measures, such as the Production Linked Incentive (PLI) Scheme, should be adopted in the textile sector, but the farmer should be considered the lifeline of India. Thank You, Madam.

श्री अरुण भारती (जमुई) : धन्यवाद सभापति महोदया । अपनी बात कहने से पहले देश की आजादी के लिए अपना बलिदान देने वाले भगत सिंह जी, सुखदेव जी, राजगुरु जी को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि एवं नमन करता हूं। साथ ही साथ प्रखर समाजवादी डॉक्टर मनोहर लोहिया जी की जयंती पर उन्हें नमन करता हूं, साथ ही देश के यशस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को सार्वजनिक जीवन में एक लंबे अरसे, लगभग 8 हजार 931 दिन से अधिक पूर्ण करने पर उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई देता हूं।

महोदया, माननीय वित्त मंत्री जी एवं प्रधान मंत्री ने बजट-2026-27 में देश में युवाओं और खेल के लिए 'खेलो इंडिया मिशन' के तहत ऐतिहासिक 924 करोड़ रुपये का आवंटन दिया है, जो सराहनीय है। साथ ही साथ भारत को उच्च गुणवत्ता एवं किफायती खेल सामग्री का ग्लोबल हब बनाने के लिए स्पोर्ट्स मैनुफैक्चरिंग हेतु अलग से 500 करोड़ रुपये का आवंटन किया है, जो एक बहुत सराहनीय कदम है।

महोदया, आदरणीय वित्त मंत्री जी ने अपने भाषण में अगले एक दशक में स्पोर्ट्स सेक्टर को पूरी तरह से ट्रांसफॉर्म करने का विजन देश को दिया था, यह तभी पूरी तरह से साकार हो सकता है, जब ये नीतियां दिल्ली के बड़े स्टेडियम से निकलकर हमारे गांव-देहात के आम आदमी तक पहुंच सके।

महोदया, मैं आपका ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र जमुई की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं। जमुई व आस-पास के क्षेत्रों में हमारे युवा, ग्रामीण बच्चों में अपार प्रतिभा है, लेकिन उचित स्पोर्ट्स

इंफ्रास्ट्रक्चर न होने के कारण उनकी प्रतिभा या तो गांव के धूल भरे मैदानों या खेतों में ही सिमटकर रह जाती है । अत: मेरा माननीय प्रधान मंत्री जी, सरकार और साथ ही साथ खेल मंत्रालय से आग्रह है कि जमुई में एक मल्टी स्पोर्ट्स कॉप्लेक्स व साथ ही साथ यदि संभव तो, एक इंटर-नेशनल क्रिकेट स्टेडियम के बारे में अवश्य किया जाना चाहिए । मुझे पूर्ण विश्वास है कि आदरणीय प्रधान मंत्री जी के 'खेलेगा इंडिया, तभी तो खिलेगा इंडिया' विजन को साकार करने के लिए यदि सरकार जमुई में युवाओं को यह सौगात देती है, तो हमारे क्षेत्र की तरफ से आपका बहुत-बहुत आभार रहेगा। धन्यवाद।

DR. NAMDEO KIRSAN (GADCHIROLI-CHIMUR): Thank you, Madam. My Parliamentary constituency Gadchiroli is going to come up as a steel hub. स्टील हब होने के लिए वहां पर खदानें तो हैं, लेकिन स्टील प्लांट अभी केवल एक है और दूसरा आ रहा है। मेरे गढ़चिरौली क्षेत्र में कोंसारी में लॉयड मेटल्स एंड एनर्जी लिमिटेड का स्टील प्लांट है। इसे अभी और डेवलप करना है, बढ़ाना है, इसलिए उनको 4 हजार 5 सौ हेक्टेयर लैंड की जरूरत है। उनके करीब स्थित जयरामपुर व मुधौली एरिया में उन्होंने किसानों की फर्टाइल लैंड लेने के लिए मेजरमेंट करना शुरू कर दिया है। इसी प्रकार वहां जेएसडब्ल्यू का नया प्लांट आ रहा है। उसके लिए भी करीब 3 हजार 5 सौ हेक्टेयर भूमि की जरूरत है। वहां पर जो 14 गांव हैं, उनकी जमीनों को एक्वायर करने के लिए मेजरमेंट चल रहा है । किसानों का विरोध इसलिए है, क्योंकि वह फर्टाइल लैंड है। गढ़चिरौली जंगल का एरिया है। ज्यादा से ज्यादा लैंड जंगल ने ऑक्युपाई की है। फर्टाइल लैंड बहुत कम है। यदि इस प्रोजेक्ट के लिए किसानों की कल्टीवेटेड लैंड एक्वायर की गई, तो उनके पास कोई कल्टीवेटेड लैंड नहीं बचेगी। इसीलिए वे विरोध कर रहे हैं।

महोदया, उनका कहना यह है कि यदि सरकार एमआईडीसी प्लांट के लिए उनकी जमीन एक्वायर करती है, तो उनका जो भी कहना है, उसे सुना जाए। जो भी मुआवजा है, उसे कंसल्ट करके मुआवजा दिया जाए। यदि वे जमीन देना चाहते हैं या नहीं देना चाहते हैं, इसकी सहमति लेने के बाद ही उनकी जमीन ली जाए।

माननीय सभापति : माननीय सदस्य, कृपया अपनी बात समाप्त करें।

डॉ. नामदेव किरसान : मैडम, मैं एक मिनट में अपनी बात समाप्त कर रहा हूं। उसी एरिया में आष्टी में एक पेपर मिल है। पेपर मिल की जगह त्रिवेणी में है, जिसे लॉयड मेटल्स ने उसी पर्पज़ से परचेज किया है, लेकिन वहां भी 4 सौ मजदूर काम करते हैं। वहां 400 कामगार काम करते हैं और अगर यह लैंड दूसरी कंपनी को ट्रांसफर होती है तो उन 400 लोगों को वहां रोजगार मिलना चाहिए। यह उनकी मांग है। धन्यवाद।

श्री बाबू सिंह कुशवाहा (जौनपुर) : महोदया, मैं आपके माध्यम से देश में उत्पन्न घरेलू गैस संकट के एक अत्यंत गंभीर विषय को सदन के समक्ष रखना चाहता हूँ। विशेष रूप से उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य, जिसकी जनसंख्या बहुत अधिक है, वहां उत्पन्न स्थिति की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूँ। आज देश का हर परिवार, चाहे वह शहर में हो, चाहे गांव में हो, इस संकट से प्रभावित हो रहा है।

महोदया, अभी हाल ही में 7 मार्च, 2026 को 14.2 किलो वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम में 60 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। आज दिल्ली में यह सिलेंडर 913 रुपये, बम्बई में 912 रुपये, कोलकाता में 939 रुपये और चेन्नई में 928.50 रुपये पर पहुँच गया है। यह केवल एक बार की वृद्धि नहीं है, बल्कि पिछले 11 महीने में दूसरी बार बढ़ोतरी की गई है। इससे आम आदमी की रसोई पर सीधा और भारी बोझ पड़ रहा है।

महोदया, इसके साथ-साथ सप्लाई की गंभीर समस्या भी सामने है। इसका असर उत्तर प्रदेश के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में साफ दिखाई पड़ रहा है। मध्य-पूर्व में चल रहे संघर्ष और शिपिंग व्यवधान के कारण भारत में एलपीजी आयात व्यवस्था प्रभावित हुई है। हमारा देश अपनी आवश्यकताओं का लगभग 65 से 90 प्रतिशत एलपीजी आयात करता है। परिणामस्वरूप कई शहरों और जिलों में लंबी वेटिंग लिस्ट बन गई है। उत्तर प्रदेश के छोटे शहरों, कस्बों में सिलेंडर की उपलब्धता से लोग अधिक प्रभावित हो रहे हैं।

कमर्शियल गैस सिलेंडर की जो स्थिति है, जो छोटे व्यापारी, उद्योगपति हैं, जो ढ़ाबे और

होटल हैं, वे भी इससे प्रभावित हो रहे हैं । मैं सरकार से मांग करता हूँ कि घरेलू एलपीजी की कीमतों में तत्काल प्रभाव से राहत दी जाए । इसमें हुई बढ़ोतरी को वापस लिया जाए । आंशिक सब्सिडी दी जाए । एलपीजी के आयात स्रोतों में वृद्धिकरण किया जाए ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो । देश में घरेलू उत्पादन और आपात भंडार को बढ़ावा दिया जाए, जो वर्तमान में बहुत सीमित है । पीएनजी के नेटवर्क का तेजी से विस्तार किया जाए, विशेषकर उत्तर प्रदेश के शहरों, कस्बों में ताकि एलपीजी पर निर्भरता कम हो । होल्डिंग और ब्लैक मार्केटिंग पर सख्ती से कार्रवाई की जाए । इसके साथ ही पारदर्शी वितरण प्रणाली लागू की जाए, खासकर उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जाए ।

महोदया, यह केवल एक आर्थिक मुद्दा नहीं है, बल्कि यह देश के हर परिवार की रसोई, उसके सम्मान से जीवन-यापन से जुड़ा हुआ विषय है । अत: मैं सरकार से इस पर तत्काल और प्रभावी कदम उठाने का निवेदन करता हूँ। बहुत-बहुत धन्यवाद ।

प्रो. वर्षा एकनाथ गायकवाड़ (मुम्बई उत्तर-मध्य) : महोदया, आपने मुझे अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद व्यक्त करती हूँ।

महोदया, मुम्बई में बर्मा शेल रेलवे लाइन के बाजू में स्थित जो हमारी झोपड़ पट्टियां हैं, उनका पुनर्वसन करने की आवश्यकता है । मैं इस विषय को शून्यकाल के माध्यम से सदन के सामने रखना चाहती हूँ।

महोदया, मुम्बई में कुर्ला से लेकर ट्रॉम्बे तक रेलवे लाइन जा रही है, उसमें बर्मा शेल से लेकर ट्रॉम्बे तक आज हजारों परिवार भारी असुरक्षा के वातावरण में हैं । आज मध्य रेलवे के माध्यम से लगभग 3,150 झोपड़ियों को नोटिस दिया गया है और उनको तोड़ने की कार्रवाई के बारे में बात की जा रही है, योजना बनायी जा रही है ।

महोदया, मुझे आपके माध्यम से यह विनती करनी है कि ये सिर्फ झोंपड़ियां नहीं हैं, ये उनके घर हैं । वहां उनका परिवार रहता है । वहां उनके बच्चों का भविष्य रहता है । सबसे बड़ी बात यह है कि उनकी मेहनत और जीवन की कमाई वही घर है । हम आज के शून्यकाल के माध्यम से

यह कहना चाहते हैं कि उनके घरों को बचाया जाए, उनका पुनर्वसन किया जाए। मैं लगातार देख रही हूँ कि हर दिन नोटिस जाता है और हर दिन लोगों के मन में डर का माहौल पैदा होता है कि हमारा आशियाना उजड़ जायेगा। ऐसा वातावरण वहां पर पैदा हुआ है।

महोदया, मेरी आपके माध्यम से एक विनती है। मैंने मंत्री महोदय को, मैंने मध्य रेलवे के डीआरएम को पत्र लिखा, मैं उनसे व्यक्तिगत रूप से जाकर विनती की कि आपको सबसे पहले तो इसका सर्वे करना चाहिए। सर्वेक्षण करने के बाद आपको इनके पुनर्वसन के लिए, जो एसआरआई या कोई अलग योजना है, उसका काम करना चाहिए। हम मुम्बई में लगातार देखते हैं कि सेन्ट्रल गवर्नमेंट की, केन्द्र शासन की जितनी भी जमीनें होती हैं, चाहे वह रेलवे की जमीन हो, चाहे वह बीपीटी की जमीन हो, चाहे वह एविएशन की जमीन हो, चाहे वह डिफेंस की लैंड हो, उनके ऊपर ये झुग्गी-झोपड़ियां हैं, इसके लिए कोई पॉलिसी नहीं है। यह बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा है। यह लोगों से जुड़ा हुआ मुद्दा है। जो केन्द्र सरकार की जमीनें हैं, ये जो चार-पांच तरह की जमीनें हैं, इनके ऊपर केन्द्र सरकार और राज्य सरकार कोई बातचीत नहीं करती हैं, कोई पॉलिसी नहीं है। आज आप देखेंगे तो मुम्बई में बड़े पैमाने पर हजारों लोग इस तरह की लैंड पर, डिफेंस, एविएशन, रेलवे और जैसा मैंने कहा कि बीपीटी लैंड पर रहते हैं। इनके पुनर्वसन के लिए योजना होनी चाहिए और उन्हें वहीं पर रखना चाहिए। यह मैं आपके माध्यम से शून्यकाल में प्रस्ताव रख रही हूँ। धन्यवाद।

श्री नारायणदास अहिरवार (जालौन) : सभापति जी, धन्यवाद।

सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अपने जनपद जालौन लोक सभा संसदीय क्षेत्र और बुंदेलखंड के में बसोड़ (बरार) समाज से संबंधित एक अत्यंत गंभीर एवं संवेदनशील विषय की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूँ।

महोदया, जालौन जिले में बसोड़ (बरार) समाज के परिवारों की संख्या हजारों में है, किंतु दिनांक 06 जुलाई, 2024 को परियोजना निदेशक द्वारा शासन को प्रेषित पत्र संख्या 645 में यह उल्लेख किया गया है कि जिले में इस जाति के लोगों की संख्या शून्य है। यह तथ्य न केवल सत्य से परे है, बल्कि समाज विशेष के प्रति एक गहरी उपेक्षा और संवेदनहीनता को भी दर्शाता है। जब

इस विषय में परियोजना निदेशक से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि 9 विकास खंड अधिकारियों ने लिखित रूप से यह सूचित किया है कि उनके क्षेत्रों में बसोड़ (बरार) जाति के लोग निवास नहीं करते हैं। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले बसोड़ (बरार) समाज के नागरिकों ने आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, शपथ पत्र एवं मकानों की फोटो संलग्न करते हुए लगभग 60 आवेदन मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजे, जिनमें से केवल 12 आवेदन ही प्रस्तुत किए गए जबकि शेष आवेदन छिपा दिए गए। यह अत्यंत निंदनीय, पक्षपातपूर्ण एवं प्रशासनिक त्रुटि है।

इस दुर्भावनापूर्ण कृत्य के कारण हजारों गरीब एवं पात्र बसोड़ (बरार) परिवार के लोग मुख्यमंत्री आवास योजना जैसे महत्वपूर्ण लाभ से वंचित हो गए हैं। परियोजना निदेशक द्वारा प्रेषित रिपोर्ट में विकास खंडवार संख्या भ्रामक एवं तथ्यहीन दर्शाई गई है, विशेष रूप से रामपुरा विकास खंड में बसोड़ (बरार) समाज की उपस्थिति को पूरी तरह से नकार दिया गया है, जो कि सरासर अनुचित है।

सभापति महोदया, मैं सरकार से मांग करता हूँ कि जालौन जिले में बसोड़ (बरार) समाज के सभी परिवारों का भौतिक सत्यापन शीघ्र कराया जाए तथा मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत उन्हें प्राथमिकता सूची में सम्मिलित किया जाए। दिनांक 06 सितम्बर, 2024 के शासनादेश के अनुपालन में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विशेष निर्देश जारी किए जाएं। बसोड़ समाज सहित अन्य वंचित वर्गों की संवैधानिक सुरक्षा, सामाजिक न्याय एवं समान अधिकारों की सुनिश्चितता के लिए कठोर एवं प्रभावशाली कदम उठाए जाएं।

श्री भारत सिंह कुशवाह (ग्वालियर) : माननीय सभापति महोदया, मैं इस सदन के माध्यम से अपने संसदीय क्षेत्र, ग्वालियर, की एक अत्यंत गंभीर एवं जन-स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं और यह समस्या है - ग्वालियर शहर में समुचित ड्रेनेज व्यवस्था तथा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (STP) का अभाव।

माननीय सभापति महोदया, ग्वालियर एक ऐतिहासिक, शैक्षणिक एवं औद्योगिक दृष्टि से महत्वपूर्ण तथा तेजी से विकसित होता हुआ शहरी क्षेत्र है, किंतु विडंबना यह है कि आज भी शहर

के अनेक भागों में कच्चे नाले, जर्जर ड्रेनेज लाइनें तथा अनियोजित सीवेज व्यवस्था विद्यमान हैं। इन कच्चे नालों में गंदा पानी खुले में बहता है, जिससे मलेरिया, डेंगू, टायफाइड एवं डायरिया जैसी संक्रामक बीमारियों का प्रसार तेजी से होता है। इसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव गरीब, बुजुर्ग एवं बच्चों पर पड़ता है।

माननीय सभापति महोदया, मानसून के दौरान स्थिति और भी विकट हो जाती है। जलभराव के कारण सड़कें एवं नाले एक-दूसरे में मिल जाते हैं, जिससे नागरिकों का आवागमन बाधित होता है। कई स्थानों पर खुले एवं गहरे नालों में गिरने से नागरिकों की मृत्यु तक की दुखद घटनाएँ सामने आती हैं। यह मानव जीवन के प्रति गंभीर लापरवाही का परिचायक है। विशेष रूप से, हमारे लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत डबरा क्षेत्र में नालों की समस्या अत्यंत गंभीर एवं विकराल रूप धारण कर चुकी है, जहाँ प्रति वर्ष जलभराव एवं असुरक्षित नालों के कारण जन-धन की हानि होती है। इसके अतिरिक्त, ग्वालियर में उत्पन्न होने वाला अधिकांश सीवेज बिना किसी शोधन के नदियों एवं अन्य जल स्रोतों में प्रवाहित हो रहा है, जिससे पर्यावरण प्रदूषण में वृद्धि हो रही है तथा भू-जल भी दूषित हो रहा है।

अतः मैं सरकार से आग्रह करता हूँ कि इस गंभीर समस्या के समाधान हेतु अमृत 2.0 एवं शहरी विकास मंत्रालय की अन्य प्रासंगिक योजनाओं अथवा प्राकृतिक आपदा मद के अंतर्गत आवश्यक वित्तीय प्रावधान सुनिश्चित किए जाएँ। साथ ही, ग्वालियर शहर में चरणबद्ध एवं समग्र ड्रेनेज नेटवर्क का विकास किया जाए तथा पर्याप्त क्षमता के आधुनिक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किए जाएँ। पुराने कच्चे नालों को पक्के, सुरक्षित एवं ढके हुए ड्रेनेज सिस्टम में परिवर्तित किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि सरकार जन-स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण एवं शहरी गरिमा को ध्यान में रखते हुए इस विषय पर शीघ्र एवं ठोस निर्णय लेगी।

SHRI RICHARD VANLALHMANGAIHA (MIZORAM): Madam, I rise to draw the attention of this House to the poor condition of the National Highway-6,

previously known as National Highway 54, in a stretch from Vairengte to Sairang, particularly the Sairang to Kawnpui region. This road is the lifeline of my State, which is under the National Highway and Infrastructure Development Corporation. The work is being executed by Balaji Construction, Jandu Construction, and B.R. Goyal Construction Private Limited. They are all Delhi-based companies. I have even met the NHIDCL officials and discussed about this issue.

Every year during monsoon, we suffer a lot due to increase of price of many things and lack of several commodities due to the poor road condition. The work carried out by the above-mentioned construction companies is very slow, and at this working speed, they will not be able to complete this work before monsoon. If the work is not completed before monsoon, we will be facing same problem again like the previous year.

We, the people of Mizoram, do not want to face the same problem any more. Therefore, I urge the Ministry to carry out the work speedily so that a permanent solution can be found out. Thank you.

श्री बिष्णु पद राय (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह) : माननीय सभापति महोदया, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के निवासियों की तरफ से माननीय मोदी जी से अनुरोध है कि अंडमान में डीम्ड यूनिवर्सिटी नहीं बनायी जाए, बल्कि वहां सेंट्रल यूनिवर्सिटी दी जाए। इसी कारण से 16 फरवरी को अंडमान-निकोबार पूरी तरह से पीसफुली बंद हुआ। भारत सरकार ने वर्ष 2014 से 2021 तक नौ केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना की है। लद्दाख में एक, दिल्ली में दो, आंध्र प्रदेश में तीन और बिहार में तीन केंद्रीय विद्यालय दिये गये। केवल यही नहीं, अन्य यूनियन टेरीटरीज सहित दिल्ली में सात केंद्रीय विद्यालय दिए गए।

महोदया, जम्मू-कश्मीर को सेंट्रल यूनिवर्सिटी दी गई। लद्दाख को एक सेंट्रल यूनिवर्सिटी दी गई और पांडिचेरी को भी सेंट्रल यूनिवर्सिटी दी गई।

महोदया, मेरी आपके माध्यम से प्रार्थना है, माननीय मोदी जी से प्रार्थना है कि अंडमान निकोबार द्वीप समूह अंतिम पंक्ति में खड़ा है। वहां मोदी जी हांग कांग और सिंगापुर जैसी जगह बना रहे हैं। अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में ऑयल एंव गैस भी मिल चुके हैं। मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करूंगा कि वहां भी केंद्रीय विश्वविद्यालय दिया जाए। मेरी प्रार्थना है कि जब तक वहां केंद्रीय विश्वविद्यालय नहीं दिया जाएगा, तब तक उसे पुदुचेरी यूनिवर्सिटी के साथ जारी रखा जाए।

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा) : मैडम, आपने मुझे शून्य प्रहर में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

बिहार में कुम्हार (प्रजापति) समन्वय समिति की एक माँग वर्षों से केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के पास लंबित है। वर्ष 1950 के भारत सरकार के आदेश में लगे नोट में 'कुम्हार' शिल्पकला की उपजाति में शामिल थी।

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति आयोग के गठन में कुम्हारों का कोई भी जनप्रतिनिधि नहीं रहने के कारण कुम्हारों को बाहर रखा गया था, जिसका परिणाम है कि आज कुम्हारों की स्थिति बिहार राज्य में बद से बदतर है। बिहार सरकार को अनुग्रह नारायण सामाजिक शोध संस्थान द्वारा समाज का एथनोग्राफी बिहार सरकार को सौंपा जा चुका है। कुम्हार जाति आज भी गाँवों में 90 प्रतिशत अशिक्षित है। उनकी आर्थिक स्थिति बद से बदतर है और दलित और महादलित परिवार से भी गरीब हैं।

मैडम, मेरी सदन और सरकार से मांग है कि कुम्हार जाति को अनुसूचित जाति की श्रेणी में शामिल करने के लिए सरकार विचार करे और बिहार सरकार से भी सलाह करे तथा अन्य राज्यों की भाँति बिहार राज्य में भी माटी कला बोर्ड के गठन की अनुमति एवं सहयोग प्रदान करे।

बहुत-बहुत धन्यवाद।

डॉ. फग्गन सिंह कुलस्ते (मंडला) : सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय विशेषकर हमारे देश की गोंडी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने और इसे स्थानीय भाषा के रूप में मान्यता दिए जाने के संबंध में आग्रह करता हूँ।

विशेषकर देश के 17 ऐसे राज्य हैं, जहां पर इस समुदाय के लोग रहते हैं। इस समय 13 राज्यों में लोग गोंडी भाषा बोलते हैं। जिनमें विशेषकर मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, झारखंड, ओडिशा, उत्तर प्रदेश पूर्वांचल, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, बिहार, असम शामिल हैं। दिल्ली में देशभर के लोग रहते हैं, जो इस भाषा का उपयोग करते हैं।

महोदया, मैं कहना चाहता हूँ कि सरकार इस पर विचार करे और राज्यों से बातचीत करे। देश के बहुत बड़े भाग में इसके पहले आजादी के पूर्व हमारा गोंड साम्राज्य हुआ करता था, इसमें जो क्षेत्र हैं, वहां की यह भाषा है। वहां की संस्कृति, वहां की परम्परा आज भी मौजूद है और देश भर में गोंडी पैंटिंग्स का उपयोग करते हैं। देश में कई ऐसे अवार्डी हैं, जिन्हें राष्ट्रपति जी ने अवार्ड भी दिया है। इस समुदाय के अनेक लोग कार्य करते हैं, परंतु उनकी पहचान उस भाषा के रूप में नहीं हुई है।

इसलिए मैं अनुरोध करना चाहता हूँ कि इस प्रकार की परम्परा को स्थापित करने के लिए अन्य भाषाएं, जिन्हें आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया है। गोंडी भाषा को भी विशेष प्राथमिकता के आधार पर आठवीं अनुसूची में शामिल किया जाए। यही मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करना चाहता हूँ कि सरकार शीघ्र निर्णय करे और गोंडी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करे। धन्यवाद।

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज) : अधिष्ठाता महोदया, मैं आपका अत्यंत आभारी हूँ। मैं आपके माध्यम से एक अत्यंत लोक महत्व और अविलंबनीय तात्कालिक विषय की तरफ सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ।

आज देश में कन्याकुमारी से कश्मीर तक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं हैं, जिनकी संख्या लगभग 12 लाख 93 हजार से ऊपर है। वे सब आज अपने राज्यों में केवल पोषण

का काम नहीं कर रही हैं या टीकाकरण का काम ही नहीं कर रही हैं, बल्कि मां के स्वास्थ्य के लिए या बाल शिक्षा के लिए या गर्मियों में जब स्कूल बंद होता है, तब भी आंगनवाड़ी केन्द्र खुले रहते हैं। जिस तरह मां से लेकर गर्भवती महिला और उसके बच्चे के तीन से छह साल तक के विकास में उनका योगदान है, वह सराहनीय है। उनकी पल्स पोलियो से लेकर चुनाव में बीएलओ की भूमिका है, लेकिन आज उन्हें मानदेय के रूप में कहीं छह हजार रुपये मिल रहे हैं, तो किसी राज्य में आठ हजार रुपये और कहीं दस हजार रुपये मानदेय मिल रहा है। मैं आपके माध्यम से मांग करना चाहता हूँ कि पूरे देश की इन आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं का एक मानदेय हो। वे जिस तरह से तमाम राष्ट्रीय कार्यक्रमों और योजनाओं को वास्तविकता के धरातल पर उतारने और लागू करने के लिए काम कर रही हैं, उसमें निश्चित तौर पर उनका नियमितीकरण करने पर विचार किया जाए।

आज उनका जो मानदेय है, उसको बढ़ाया जाए और मैं आपके माध्यम से एक और बात कहना चाहता हूँ कि मातृत्व लाभ (संशोधन) अधिनियम, 2017 के तहत सभी महिलाओं को 26 सप्ताह तक का अवकाश मिलता है, लेकिन आंगनवाड़ी की बहनें जब गर्भवती होती हैं और जब बच्चे की डिलीवरी होती है तो उनको मातृत्व लाभ संशोधन अधिनियम, 2017, जिसे हमारी सरकार ने पास किया था, उसका लाभ नहीं मिलता है।

सभापति महोदया, इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूँ कि पूरे देश की आंगनवाड़ी सहायिकाओं और कार्यकर्ताओं को मानदेय, नियमितीकरण और मातृत्व अवकाश का लाभ मिलना चाहिए।

LIST OF MEMBERS WHO HAVE ASSOCIATED THEMSELVES WITH THE ISSUES RAISED UNDER MATTERS OF PUBLIC IMPORTANCE

सदस्य, जिनके द्वारा लोक महत्व के विषय उठाये गये।	**सदस्य, जिन्होंने उठाए गए विषयों के साथ स्वयं को सम्बद्ध किया।**
Shri Jagdambika Pal	Shri Shrirang Appa Chandu Barne

Shri Anup Sanjay Dhotre	Shri Shrirang Appa Chandu Barne Dr. Hemant Vishnu Savara Shri Naresh Ganpat Mhaske Shrimati Malvika Devi Shrimati Smita Uday Wagh Shrimati Anita Subhadarshini Shri Avimanyu Sethi
Prof. Varsha Eknath Gaikwad	Shri Vishaldada Prakashbapu Patil
Shri Bhartruhari Mahtab	Shri Avimanyu Sethi Shri Shrirang Appa Chandu Barne
Shri Bishnu Pada Ray	Shri B. Manickam Tagore
Dr. Namdeo Kirsan	Dr. Prashant Yadaorao Padole

माननीय सभापति : सभा की कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

13.41 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Fourteen of the Clock.

———

14.00 hrs

The Lok Sabha re-assembled at Fourteen of the Clock.

(Hon. Speaker in *the Chair*)

STATEMENTS BY MINISTERS-Contd…

(iii) Regarding on-going West Asia conflict and challenges faced by India

माननीय अध्यक्ष : माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी।

प्रधानमंत्री (श्री नरेन्द्र मोदी) : आदरणीय अध्यक्ष महोदय, मैं इस सम्मानित सदन में पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष और इसकी वजह से भारत में आयी चुनौतियों पर बात रखने के लिए उपस्थित हुआ हूं। इस समय पश्चिमी एशिया के हालात चिंताजनक हैं। बीते दो-तीन हफ्तों में जयशंकर जी और हरदीप पुरी जी ने इस विषय पर सदन को जरूरी जानकारी दी है। अब इस संकट को तीन सप्ताह से ज्यादा हो रहा है। इसका पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था और लोगों के जीवन पर बहुत ही विपरीत असर हो रहा है। इसलिए पूरी दुनिया इस संकट के जल्द-से-जल्द समाधान के लिए सभी पक्षों से आग्रह भी कर रही है।

अध्यक्ष महोदय, भारत के सामने भी इस युद्ध ने अप्रत्याशित चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। ये चुनौतियां आर्थिक भी हैं, नेशनल सिक्योरिटी से जुड़ी हुई भी हैं और मानवीय भी हैं। युद्धरत और युद्ध से प्रभावित देशों के साथ भारत के व्यापक व्यापारिक रिश्ते हैं। जिस क्षेत्र में युद्ध हो रहा है वह दुनिया के दुसरे देशों के साथ हमारे व्यापार का भी एक महत्वपूर्ण रास्ता है। विशेष रूप से कच्चे तेल और गैस की जरूरतों का एक बड़ा हिस्सा यही क्षेत्र पूरा करता है। हमारे लिए यह रीजन एक और कारण से भी अहम है। लगभग एक करोड़ भारतीय खाड़ी देशों में रहते हैं और वहां काम करते हैं। समुंद्र में जो कॉमर्शियल शिप्स चलते हैं, उनमें भारतीय क्रू मेंबर्स की संख्या भी बहुत अधिक है। ऐसे अलग-अलग कारणों के चलते भारत की चिंताएं स्वाभाविक रूप से अधिक हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि भारत की संसद से इस संकट को लेकर एकमत और एकजुट आवाज दुनिया में

जाए।

अध्यक्ष जी, जब से यह युद्ध शुरू हुआ है, तब से ही प्रभावित देशों में हर भारतीय को जरूरी मदद दी जा रही है। मैंने खुद पश्चिमी एशिया के ज्यादातर देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ दो राउंड फोन पर बात की है। सभी ने भारतीयों की सुरक्षा का पूरा आश्वासन दिया है। दुर्भाग्य से इस दौरान कुछ लोगों की दुखद मृत्यु हुई है और कुछ घायल हुए हैं। ऐसे मुश्किल हालात में परिवारजनों को आवश्यक मदद दी जा रही है। जो घायल हैं, उनका बेहतर इलाज सुनिश्चित कराया जा रहा है।

अध्यक्ष जी, प्रभावित देशों में हमारे जितने भी मिशन हैं, वे निरंतर भारतीयों की मदद करने में जुटे हैं। वहां काम करने वाले भारतीय हों या जो टूरिस्ट के रूप में वहां गए हैं, सभी को हर संभव मदद दी जा रही है। हमारे मिशन नियमित रूप से एडवाइजरी जारी कर रहे हैं। यहां, भारत में और अन्य प्रभावित देशों में 24 बाई 7 कंट्रोल रूम और आपातकालीन हेल्पलाइन स्थापित की गयी हैं। इनके माध्यम से सभी प्रभावितों को त्वरित जानकारी दी जा रही है।

अध्यक्ष जी, संकट की इस स्थिति में देश-विदेश में भारतीयों की सुरक्षा हमारी बहुत बड़ी प्राथमिकता रही है। युद्ध शुरू होने के बाद से लेकर अब तक 3 लाख 75 हजार से अधिक भारतीय सुरक्षित भारत लौट चुके हैं। ईरान से ही अभी तक लगभग एक हजार भारतीय सुरक्षित वापस लौटे हैं। इनमें 700 से अधिक मेडिकल की पढ़ाई करने वाले युवा हैं। खाड़ी देशों में भारतीय स्कूलों में हजारों विद्यार्थी पढ़ते हैं। सीबीएसई ने ऐसे सभी भारतीय स्कूलों में होने वाली कक्षा दसवीं और बारहवीं की निर्धारित परीक्षाओं को रद्द कर दिया है। इन बच्चों की पढ़ाई निर्बाध चलती रहे, इसके लिए सीबीएसई उचित कदम उठा रही है। यानी, सरकार संवेदनशील भी है, सतर्क भी है और हर सहायता के लिए तत्पर भी है।

माननीय अध्यक्ष जी, भारत में बड़ी मात्रा में कच्चा तेल, गैस और फर्टिलाइजर जैसी अनेक जरूरी चीजें होर्मुज स्ट्रैट के रास्ते से आती हैं। युद्ध के बाद से ही होर्मुज स्ट्रैट में जहाजों का आना-जाना बहुत चुनौतीपूर्ण हो गया है। बावजूद इसके, हमारी सरकार का यह प्रयास रहा है कि पेट्रोल,

डीजल और गैस की सप्लायी बहुत ज्यादा प्रभावित न हो। देश के सामान्य परिवारों को परेशानी भी कम से कम हो, इस पर हमारा फोकस रहा है।

हम सभी जानते हैं कि देश अपनी जरूरत की 60 परसेंट एलपीजी आयात करता है। इसकी सप्लायी में अनिश्चितता के कारण सरकार ने एलपीजी के डोमेस्टिक उपयोग को प्राथमिकता दी है। साथ ही, एलपीजी के देश में ही उत्पादन को भी बढ़ाया जा रहा है। पेट्रोल-डीजल की सप्लायी पूरे देश में सुचारू रूप से होती रहे, इस पर भी लगातार काम किया गया है।

अध्यक्ष जी, आज की इन परिस्थितियों में एनर्जी सिक्योरिटी को लेकर बीते एक दशक में उठाए गए कदम और भी प्रासंगिक हो गए हैं। भारत ने बीते 11 वर्षों में अपनी एनर्जी एम्पोर्ट का डायवर्सिफिकेशन किया है। पहले, क्रूड ऑयल, एलएनजी, एलपीजी जैसी एनर्जी जरूरतों के लिए 27 देशों से इम्पोर्ट किया जाता था। वहीं आज भारत 41 देशों से एनर्जी इम्पोर्ट करता है।

अध्यक्ष जी, बीते दशक में भारत ने संकट के ऐसे ही समय के लिए कच्चे तेल के भंडारण को भी प्राथमिकता दी है। आज भारत के पास 53 लाख मेट्रिक टन से अधिक का स्ट्रैटजिक पेट्रोलियम रिजर्व है और 65 लाख मेट्रिक टन से अधिक के रिजर्व की व्यवस्था पर देश काम कर रहा है।

हमारी तेल कम्पनियों के पास जो रिजर्व रहता है, वह अलग है। बीते 11 वर्षों में हमारी रिफाइनिंग कैपेसिटी में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

अध्यक्ष जी, सरकार अलग-अलग देशों के सप्लायर्स के साथ भी लगातार सम्पर्क में है। प्रयास यह है कि जहां से संभव हो, वहां से तेल और गैस की सप्लाई होती रहे। भारत सरकार गल्फ और आस-पास के शिपिंग रूट्स पर निरंतर नजर बनाए हुए है। हमारा प्रयास है कि तेल हो, गैस हो, फर्टिलाइजर हो, ऐसे हर जरूरी सामान से जुड़े जहाज भारत तक सुरक्षित पहुंचे। हम अपने सभी वैश्विक सहयोगियों के साथ निरंतर संवाद कर रहे हैं, ताकि हमारे मैरीटाइम कॉरिडोर सुरक्षित रहें। ऐसे प्रयासों के कारण बीते दिनों होर्मुज स्ट्रेट में फंसे हमारे कई जहाज भारत आए भी हैं।

अध्यक्ष जी, संकट के इस समय में देश की एक और तैयारी भी काम आ रही है। पिछले 10-11 सालों में इथेनॉल के उत्पादन और उसकी ब्लेंडिंग पर अभूतपूर्व काम हुआ है। एक दशक पहले तक देश में सिर्फ एक-डेढ़ परसेंट इथेनॉल ब्लेडिंग कैपेसिटी थी। आज हम पेट्रोल में 20 परसेंट इथेनॉल ब्लेंडिंग के करीब पहुंच गए हैं। इसके कारण प्रतिवर्ष करीब साढ़े चार करोड़ बैरल कम ऑयल इम्पोर्ट करना पड़ रहा है। ऐसे ही रेलवे के बिजलीकरण से भी बहुत बड़ा फायदा हो रहा है। अगर रेलवे का इतना बिजलीकरण न होता तो हर साल करीब 180 करोड़ लीटर डीजल अतिरिक्त लगता। ऐसे ही हमने मेट्रो का नेटवर्क बढ़ाया है। वर्ष 2014 में, जहां देश में मेट्रो नेटवर्क 250 किलोमीटर से भी कम था, आज यह बढ़कर करीब 1100 किलोमीटर हो गया है। हमने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी पर बहुत अधिक बल दिया। केंद्र सरकार ने राज्यों को 15,000 इलेक्ट्रिक बसें चलाने के लिए दी हैं। आज जिस स्केल पर वैकल्पिक इंधन पर काम हो रहा है, उससे भारत का भविष्य और सुरक्षित होगा।

आदरणीय अध्यक्ष जी, हम जानते हैं कि एनर्जी आज इकोनॉमी की रीढ़ है और ग्लोबल एनर्जी नीड्स को पूरा करने वाला एक बड़ा सोर्स वेस्ट एशिया है। स्वाभाविक है कि दुनियाभर की अर्थव्यवस्था वर्तमान संकट से प्रभावित हो रही है और भारत पर इसका कम से कम दुष्प्रभाव हो, उसके लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार इसके शॉर्ट टर्म, मीडियम टर्म और लांग टर्म, ऐसे हर असर के लिए एक रणनीति के साथ काम कर रही है। आज भारत की इकोनॉमी के फंडामेंटल्स मजबूत हैं। इससे भी देश को बहुत मदद मिली है। हम हर सेक्टर के स्टेक होल्डर्स के साथ चर्चा कर रहे हैं। जहां भी जरूरत है, उस सेक्टर को आवश्यक सपोर्ट दिया जा रहा है। भारत सरकार ने एक इंटर मिनिस्ट्रियल ग्रुप भी बनाया है। यह ग्रुप हर रोज मिलता है और हमारे इम्पोर्ट-एक्सपोर्ट में आने वाली हर दिक्कत का आकलन करता है। यह ग्रुप आवश्यक समाधान पर भी निरंतर काम करता है। मुझे पूरा भरोसा है कि सरकार और इंडस्ट्री के साझा प्रयासों से हम परिस्थितियों का बेहतर सामना कर पाएंगे।

माननीय अध्यक्ष जी, एक बड़ा सवाल यह है कि युद्ध का खेती पर क्या प्रभाव होगा? देश

के किसानों ने हमारे अन्न के भण्डार भर रखे हैं, इसलिए भारत के पास पर्याप्त खाद्यान्न है। हमारा यह भी प्रयास है कि खरीफ सीजन की ठीक से बुआई हो सके। सरकार ने बीते सालों में आपात स्थिति से निपटने के लिए खाद की पर्याप्त व्यवस्था भी की है। अतीत में भी हमारी सरकार ने दुनिया के संकटों का बोझ किसानों पर नहीं पड़ने दिया था। कोरोना और उस समय के युद्धों के दौरान उस समय भी ग्लोबल सप्लाई चेन में डिस्रप्शन आ गई थी। दुनिया के बाजार में यूरिया की एक बोरी की कीमत 3,000 रुपये तक पहुंच गई है, लेकिन भारत के किसानों को वही बोरी 300 रुपये से भी कम कीमत पर उपलब्ध कराई गई है।

अध्यक्ष जी, देश के किसानों को इस प्रकार के संकटों से बचाने के लिए भी बीते वर्षों में अनेक कदम उठाए गए हैं। पिछले एक दशक में देश में 6 यूरिया प्लांट्स शुरू किए गए हैं। इससे सालाना 7,600 लाख मीट्रिक टन से अधिक की यूरिया प्रोडक्शन कैपेसिटी जुड़ी है। इस दौरान डीएपी और एनपीके जैसी खाद का घरेलू उत्पादन भी करीब 50 लाख मीट्रिक टन बढ़ाया गया है। इतना ही नहीं, तेल और गैस की तरह खाद के आयात को भी डायवर्सिफाई किया गया है। ऐसे ही डीएपी और एनपीके के आयात के लिए भी हमने अपने विकल्पों का विस्तार किया है।

अध्यक्ष जी, सरकार ने देश के किसानों को मेड इन इंडिया नैनो यूरिया का विकल्प भी दिया है। सरकार किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए भी प्रोत्साहित कर रही है। 'पीएम कुसुम योजना' के तहत किसानों को 22 लाख से ज्यादा सोलर पम्प दिए गए हैं। इससे भी डीजल पर उनकी निर्भरता कम हुई है। मैं सदन के माध्यम से देश के किसानों को विश्वास दिलाता हूं कि सरकार किसानों की हर संभव मदद करती रहेगी।

आदरणीय अध्यक्ष जी, युद्ध का एक बहुत बड़ा चैलेंज यह भी है कि भारत में गर्मी का मौसम शुरू हो रहा है। आने वाले समय में बढ़ती गर्मी के साथ बिजली की डिमांड बढ़ती जाएगी। फिलहाल देश के सभी पावर प्लांट्स के पर्याप्त कोल स्टाक उपलब्ध हैं। भारत ने लगातार दूसरे साल 100 करोड़ टन कोयला उत्पादन करने का रिकॉर्ड बनाया है। पावर जनरेशन से लेकर पावर सप्लाई तक के हमारे सभी सिस्टम की निरंतर मानिटरिंग भी की जा रही है और सरकार की

तैयारियां, उसको रिन्यूएबल एनर्जी से भी मदद मिली है। बीते दशक में रिन्यूएबल एनर्जी की तरफ देश ने बड़े कदम उठाए हैं। आज हमारी टोटल इंस्टाल पावर जनरेशन कैपेसिटी का आधा हिस्सा रिन्यूएबल सोर्स से आता है। आज हमारी कुल रिन्यूएबल क्षमता 250 गीगावाट के ऐतिहासिक आंकड़े को पार कर गई है। बीते 11 वर्षों में देश ने अपनी सोलर पावर कैपेसिटी करीब 3 गीगावाट से बढ़ाकर 140 गीगावाट तक पहुंचाई है। बीते वर्षों में देश में करीब 40 लाख रूफटॉप सोलर लगे हैं। इसमें 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' से भी लोगों को काफी मदद मिली है। 'गोवर्धन योजना' के तहत देश में आज 200 कंप्रेस्ड बायो गैस प्लांट्स भी काम करना शुरू कर चुके हैं। ये सारे प्रयास आज देश के बहुत काम आ रहे हैं।

सरकार ने भविष्य की तैयारी और बढ़ाते हुए "शांति" एक्ट के माध्यम से देश में न्युक्लियर एनर्जी के उत्पादन को भी प्रोत्साहित किया है। कुछ ही दिन पहले स्मॉल हाइड्रो पॉवर डेवलपमेंट स्कीम को भी हरी झंडी दी गई है, जिससे आने वाले वर्षों में 1,500 मेगावॉट नई हाइड्रो पॉवर कैपेसिटी जोड़ी जाएगी।

आदरणीय अध्यक्ष जी, जहां तक डिप्लोमैसी की बात है, भारत की भूमिका स्पष्ट है। शुरुआत से ही हमने इस संघर्ष को लेकर अपनी गहरी चिंता व्यक्त की है। मैंने स्वयं भी पश्चिम एशिया के सभी संबंधित नेताओं से बातचीत की है। मैंने सभी से तनाव को कम करने और इस संघर्ष को खत्म करने का आग्रह किया है। भारत ने नागरिकों, एनर्जी और ट्रांसपोर्ट से जुड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर पर हमलों का विरोध किया है। कमर्शियल जहाजों पर हमला और हार्मुज स्ट्रेट जैसे अंतर्राष्ट्रीय जलमार्ग में रुकावट अस्वीकार्य है। भारत डिप्लोमैसी के जरिए युद्ध के इस माहौल में भी भारतीय जहाजों के सुरक्षित आवागमन के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है।

अध्यक्ष महोदय, भारत हमेशा से ही मानवता के हित में और शांति के पक्ष में अपनी आवाज उठाता रहा है। मैं फिर कहूंगा कि बातचीत और कूटनीति ही इस समस्या का समाधान है। हमारे हर प्रयास तनाव को कम करने, इस संघर्ष को समाप्त करने के लिए हैं। इस युद्ध में किसी के भी जीवन पर संकट मानवता के हित में नहीं है, इसलिए भारत का प्रयास सभी पक्षों को जल्द से जल्द

शांतिपूर्ण समाधान के लिए प्रोत्साहित करने का है।

अध्यक्ष जी, जब ऐसे संकट आते हैं तो कुछ तत्व इसका गलत फायदा उठाने की कोशिश भी करते हैं, इसलिए कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने वाली सभी एजेंसियों को एलर्ट पर रखा गया है । कोस्टल सिक्योरिटी हो, बार्डर सिक्योरिटी हो, साइबर सिक्योरिटी हो, स्ट्रेटिजिक इंस्टालेशन्स हों, सबकी सुरक्षा को और मजबूत किया जा रहा है।

अध्यक्ष जी, इस युद्ध के कारण दुनिया में जो कठिन हालात बने हैं, उनका प्रभाव लंबे समय तक बने रहने की आशंका है, इसलिए हमें तैयार रहना होगा, हमें एकजुट रहना होगा। हम कोरोना के समय भी एकजुटता से ऐसी चुनौतियों का सामना कर चुके हैं। अब हमें फिर से उसी तरह तैयार रहने की आवश्यकता है। धीरज के साथ, संयम के साथ, शांत मन से हमें हर चुनौती का मुकाबला करना है और यही हमारी पहचान है, यही हमारी ताकत है और हां, हमें बहुत सावधान और सतर्क भी रहना है। हालात का फायदा उठाने वाले झूठ फैलाने का प्रयास करेंगे। ऐसे लोगों की कोशिशों को सफल नहीं होने देना है। मैं देश की सभी राज्य सरकारों से भी इस सदन के माध्यम से आग्रह करूंगा, ऐसे समय में कालाबाजारी करने वाले, जमाखोरी करने वाले एक्टिव हो जाते हैं, इसके लिए कड़ी मॉनीटरिंग जरूरी है। जहां से भी ऐसी शिकायत आती है, वहां त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए। देश की हर सरकार और देश का हर नागरिक जब मिलकर चलेंगे, तो हम हर चुनौती को चुनौती दे सकते हैं। इसी आग्रह के साथ मैं अपना वक्तव्य समाप्त करता हूं।

बहुत-बहुत धन्यवाद।

———

14.25 hrs

MATTERS UNDER RULE 377*

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, आज जिन सदस्यों को नियम 377 के अधीन मामलों को उठाने की अनुमति दी गई है, वे 20 मिनट के भीतर मामले के पाठ को व्यक्तिगत रूप से सभा पटल पर रख दें।

(i) Need to provide Parja Patta Land Rights to residents of Tea Gardens alongwith implementation of New Labour Codes for revival of Tea Industry in West Bengal

SHRI RAJU BISTA (DARJEELING): The Tea industry established in 1850s is the main source of economic activity in Darjeeling hills, Terai and Dooars regions of West Bengal. However, the tea industry, as well as the tea garden workers employed therein are suffering immensely today. I would like to state that the tea garden workers have not been provided with Parja Patta land rights even after 78-years since Independence; the New Labour Codes and provision of minimum wages to tea garden workers have not been put in place yet; investment in tea companies are not being done through transparent financial channel and with the provision of Companies Act; over a period of time, many tea gardens have been shut down due to irregularities in management and lack of support to tea industry and the workers engaged therein. I am, therefore, requesting the Government to ensure Parja Patta Land Rights to residents living in Plantations similar to Forest Rights Act (2006) in West Bengal and implement New Labour Codes that guarantee

* Treated as laid on the Table.

higher wages and better life for workers. There is urgent need to strictly monitor the tea companies and their ownership patterns and also to provide support to revive the closed tea gardens.

(ii) Regarding establishment of industrial units in Balaghat Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh

श्रीमती भारती पारधी (बालाघाट) : मैं केंद्र सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र बालाघाट–सिवनी की ओर आकर्षित करना चाहती हूँ। यह क्षेत्र प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध होने के बावजूद औद्योगिक विकास में पीछे है। अतः मैं मांग करती हूँ कि यहाँ औद्योगिक इकाइयों की स्थापना की जाए, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ें और क्षेत्र का समग्र विकास हो सके। बालाघाट में धान का उत्पादन प्रचुर मात्रा में होता है, लेकिन उसना राइस मिलों की कमी के कारण किसानों को उचित लाभ नहीं मिल पाता। सरकार को राइस मिल उद्योग को प्रोत्साहन देना चाहिए। यहाँ मैंगनीज की भी अपार उपलब्धता है और भरवेली खदान एशिया की सबसे बड़ी खदानों में से एक है, फिर भी प्रसंस्करण इकाइयों के अभाव में कच्चा माल बाहर भेजा जाता है। यह स्थिति बदलनी चाहिए। इथेनॉल उत्पादन के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हैं, इसलिए इथेनॉल इकाइयों की स्थापना आवश्यक है। नागपुर की निकटता को देखते हुए रक्षा उत्पादन इकाइयों की भी संभावना है। साथ ही, वारासिवनी के हैंडलूम उद्योग और लकड़ी, बांस व सागौन आधारित फर्नीचर उद्योग को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। अतः सरकार से अनुरोध है कि बालाघाट–सिवनी में उद्योग स्थापित कर रोजगार, किसानों को उचित मूल्य और क्षेत्रीय विकास सुनिश्चित किया जाए।

(iii) Need to include Blue Pottery (Sanganeri Print) of Jaipur in 'One District One Product' scheme in Rajasthan

श्रीमती मंजू शर्मा (जयपुर) : हाल ही में राजस्थान के 41 जिलों को 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' योजना में शामिल किया गया है। उसके लिए मैं माननीय प्रधानमंत्री जी और वाणिजय एवं उद्योग मंत्री जी का हृदय से धन्यवाद करती हूँ। मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान अपने निर्वाचन क्षेत्र जयपुर

की ब्लू पोटरी (सांगानेरी प्रिंट) की ओर आकर्षित कराना चाहती हूं जो कि जयपुर की एक बहुत ही पुरानी और मशहूर हस्तकला है। जो कि खास तकनीक से तैयार होती है, इनका इतिहास सैकड़ो वर्ष पुराना है। यहां रगाई छपाई का बहुत बड़ा केन्द्र है। प्रिट के केवल कपड़े ही नहीं बल्कि बैडसीट भी प्रसिद्व है। ये प्रिंट राजस्थान की संस्कृति और कला को दर्शाती है। जयपुर आने वाला प्रत्येक पर्यटक इन प्रिंटो के कपड़े अवश्य खरीदता है। जयपुर की ब्लू पोटरी विश्व भर में प्रसिद्व हस्तकला है फिर भी इसको 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' योजना में शामिल नहीं किया गया है। मेरा माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि मेरे ससंदीय क्षेत्र जयपुर की ब्लू पोटरी (सांगानेरी प्रिंट) को 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' योजना में शामिल किया जाये जिससे कि जयपुर कि जनता को इसका लाभ मिल सके।

(iv) Need to address the problems of Multi Level Health Providers/ Community Health Officers serving in National Arogya Mandirs under National Health Mission in Telangana

SHRIMATI D. K. ARUNA (MAHBUBNAGAR): The Multi-level Health Providers (MLHP)/Community Health Officers (CHO) are serving to the Public under National Health Mission (NHM) in Ayushman Aarogya Mandirs in rural areas across Telangana. They are serving and discharging their duties equally to modern medicine Medical Officers- OPD services, field duties, emergencies, maternal and child health services, NCD Programmes. Apart from all these services, they served to the Public during COVID also. Some of long pending issues of MLHP/CHO's are uniform policy should be implemented in all states; change of designation as Medical Officers cadre; salary should be fixed as per 7th Pay Commission; NHM employees across India, who have completed 5 years of service, should be regularized; special increment and allowances to

be given to those who served during COVID; and in the State and Central AYUSH recruitment, 10 Marks weightage to be given to the doctors who served in the COVID. In view of problems facing by AYUSH doctors in my State, Telangana and on behalf of them, I request the Hon'ble Minister of AYUSH to look into these long pending issues of MLHP/CHO's on priority basis and do justice to them.

(v) Need to ensure district level contingency planning to address likely adverse impact of El Nino on monsoonal rainfall and agrarian activity in the country

DR. K. SUDHAKAR (CHIKKBALLAPUR): I would like to bring the attention of the Government towards a matter of urgent public importance regarding the emerging El Nino conditions and their potential impact on India's monsoon-dependent economy. I, as a representative of a predominantly agrarian Parliamentary Constituency, where farmers' livelihoods are directly linked to the behaviour of the monsoon. Nearly 70% of India's annual rainfall is received during the summer monsoon, making it vital for agriculture, water security, and rural incomes. Recent global assessments indicate a high probability of El Niño developing during the June–August period, coinciding with our monsoon season. Historically, such conditions have been associated with weaker rainfall and higher temperatures, often leading to deficient monsoons. It is essential to focus on the three dimensions of rainfall timing, total quantity, and distribution, as even minor disruptions can adversely affect sowing cycles and crop productivity. In this context, I urge the Government to ensure that district-level

contingency plans are operationalised with real-time monitoring, late-sowing seed varieties are made available to farmers in case of delayed rains, and early warning systems are strengthened with effective last-mile dissemination while scaling up water conservation efforts.

(vi) Need to set up a new Krishi Vigyan Kendra in Chittorgarh District, Rajasthan

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी (चित्तौड़गढ़) : संसदीय क्षेत्र चित्तौड़गढ़ एक कृषि प्रधान जिला हैं। यहाँ की अधिकतम आबादी कृषि एवं कृषि उत्पादों पर निर्भर हैं। इस क्षेत्र में दलहन, तिलहन, खाद्य एवं मुद्रादायिनी सभी प्रकार की फसलों का उत्पादन किया जाता हैं। इसके साथ ही फल एवं सब्जियों का भी भरपूर उत्पादन किया जाता है। यहाँ पर अधिकतर जनसंख्या कृषि ही करती हैं। यहॉ पर जिले में एक और कृषि विज्ञान केन्द्र की स्थापना होने से यहॉ के किसानों के लिये अपनी आमदनी बढ़ाने के लिये उन्नत एवं तकनीकी कृषि की जानकारी मिल सकेगी। इसके साथ साथ कृषि में परम्परागत फसलों के साथ साथ विभिन्न नवाचारों को भी करने में सहायता मिलेगी। कृषि विज्ञान केन्द्र की स्थापना करने से यहाँ के किसानों के लिये कृषि के विभिन्न नवाचारों एवं कृषि से संबधी विभिन्न सुविधाओं का लाभ यहॉ के किसानों को मिल सकेगा। अतः 'सरकार से अनुरोध है कि चित्तौड़गढ़ के किसानों को ध्यान में रखते हुये चित्तौड़गढ़ जिले में एक और कृषि विज्ञान केन्द्र भैसरोड़गढ़/रावतभाटा क्षेत्र में खुलवाये जाने की स्वीकृति प्रदान करवाने की कृपा की जाए।

(vii) Regarding expeditious construction of Amroha - Kailsa Border Railway Bridge in Amroha Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh

श्री कंवर सिंह तंवर (अमरोहा) : मैं सरकार का ध्यान अपने लोकसभा क्षेत्र अमरोहा की एक अति आवश्यक समस्या की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। यह विषय अमरोहा–कैलसा बॉर्डर रेलवे ब्रिज के निर्माण से संबंधित है। इस रेलवे ब्रिज का सर्वेक्षण वर्ष 2017–18 में किया गया था, किंतु इतने वर्षों के बाद भी निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है। जिस कारण यहां घंटों जाम की स्थिति

बनी रहती है, इस ब्रिज के निर्माण से क्षेत्रवासियों को यातायात में सुविधा मिलेगी तथा आर्थिक और सामाजिक विकास को गति प्राप्त होगी। मैं माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करता हूँ कि इस परियोजना को प्राथमिकता देते हुए शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाए।

(viii) Regarding enumeration of STs in Census 2026-27

डॉ. मन्ना लाल रावत (उदयपुर) : किसी समाज के विकास के लिए अस्मिता मूलाधार है। जब अस्मिता पर प्रश्न खड़ा होता है, तब संवैधानिक रूप से सुपात्र सदस्यों की सही पहचान नहीं हो पाती है। इस दिग्भ्रमित स्थिति में विकास की प्रक्रिया प्रभावित होती है। ऐसी प्रवृत्ति जनजाति समाज के संदर्भ में सटीक है। संसद द्वारा वर्ष 1955 में पारित द प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स एक्ट की धारा 3 के अनुसार आदिवासी हिंदू हैं किंतु विवाह एवं उत्तराधिकार संबंधी विधानों की अस्पष्टता तथा न्यायालयों के विभिन्न निर्णयों ने भ्रम की स्थिति उत्पन्न कर दी है। ऐसे में द कैथोलिक चर्च ऑफ़ रांची के आदिवासी धर्मकोड की मांग पर झारखंड विधानसभा के एक संकल्प ने एक बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है। आग्रह है कि वर्ष 2026-27 की जनगणना में अनुसूचित जनजाति के कॉलम में केवल उन्हीं व्यक्तियों को दर्ज करें जो अपनी मूल अस्मिता-आस्था, संस्कृति और रूढ़ी-परंपराओं के अनुसार जीवन जी रहे हैं। साथ ही स्वतंत्रता उपरांत प्रथम जनगणना, 1951 में दर्ज पारिवारिक अभिलेखों को आधार मानकर ही एसटी की पात्रता मानी जाए। एक भारत श्रेष्ठ भारत के साथ ही देश की 720 जनजाति समुदायों के विकसित भारत में यथोचित विकास के लिए यह अत्यंत महत्वपूर्ण पड़ाव होगा।

(ix) Need for comprehensive and stringent measures to control reported rampant adulteration of dairy products in the country

SHRI NAVEEN JINDAL (KURUKSHETRA): I would like to draw the urgent attention of the Government to the alarming and widespread menace of milk adulteration plaguing our country, as highlighted recently by the media through several disturbing investigative reports. Milk is not merely a commodity it is the

lifeline of crores of Indian families, from newborn infants to the elderly. India is the world's largest producer of milk, contributing nearly 23% of global output and supporting the livelihoods of millions of farmers and dairy workers. Yet, this noble sector is being sabotaged by unscrupulous elements running unauthorised units that produce synthetic milk and spurious dairy products such as khoya and paneer, laced with harmful adulterants including detergents, urea, starch, formalin and chemical preservatives. Regular consumption of such adulterated products poses serious risks including gastrointestinal disorders, hormonal disruption, kidney failure and even cancer. Children, pregnant women and senior citizens are especially vulnerable, making this a public health emergency that demands immediate policy intervention. While our government has made significant strides under the aegis of FSSAI in strengthening food safety regulations, enforcement at the ground level - particularly in the unorganised sector remains a concern. I, therefore, urge the Government to consider: expanding FSSAI laboratory testing capacity across districts; mandating stricter surveillance of unauthorised dairy units; promoting branded and cooperative dairy products in urban markets; and launching mass consumer awareness campaigns. The health of our nation cannot be compromised.

(x) Regarding construction of a dedicated corridor for transportation of coal mined from Magadh and Amrapali Coal Projects in Chatra District, Jharkhand

श्री काली चरण सिंह (चतरा) : मैं सरकार का ध्यान झारखंड के चतरा जिला अंतर्गत टंडवा क्षेत्र

की एक अत्यंत गंभीर एवं जनहित से जुड़ी समस्या की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूँ। टंडवा क्षेत्र में स्थित मगध एवं आम्रपाली कोयला परियोजनाओं से प्रतिदिन भारी मात्रा में कोयले की ढुलाई होती है। वर्तमान में इस ढुलाई के लिए कोई अलग कॉरिडोर या मार्ग उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण सामान्य सड़कों पर ही भारी वाहनों का आवागमन होता है। इसके परिणामस्वरूप सड़क दुर्घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है और प्रतिदिन अनेक निर्दोष लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है। स्थानीय नागरिकों में भय एवं असुरक्षा का वातावरण बना हुआ है, वहीं यातायात व्यवस्था भी पूरी तरह बाधित हो रही है। अतः मैं केंद्र सरकार से आग्रह करता हूँ कि टंडवा से मगध एवं आम्रपाली कोयला परियोजनाओं के लिए एक समर्पित कोयला परिवहन कॉरिडोर के निर्माण की शीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाए। इससे न केवल दुर्घटनाओं में कमी आएगी, बल्कि क्षेत्र में सुरक्षित एवं सुगम यातायात भी सुनिश्चित हो सकेगा। धन्यवाद।

(xi) Need for improvement and widening of Sarahan-Chandigarh road

श्री सुरेश कुमार कश्यप (शिमला) : मैं अपने लोक सभा क्षेत्र शिमला के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर के पच्छाद विधानसभा क्षेत्र की एक अत्यंत महत्वपूर्ण जनसमस्या की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। सराहां–चंडीगढ़ मार्ग, जो जामन की सेर, काटली, सुरला,जनोट,ढंग्यार तथा टिकरी कुठार से होकर गुजरता है, वर्तमान में अत्यंत जर्जर एवं खस्ताहाल स्थिति में है। लगभग 42 किलोमीटर लंबा यह मार्ग घिन्नीघाड़ क्षेत्र की छह ग्राम पंचायतों को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है तथा चंडीगढ़ तक पहुँचने का निकटतम रास्ता भी है। यह मार्ग हिमाचल प्रदेश को हरियाणा एवं चंडीगढ़ से जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण अंतर-राज्यीय संपर्क मार्ग है, जिस पर प्रतिदिन भारी संख्या में लोगों का आवागमन होता है। हाल ही में हुई भारी वर्षा एवं भूस्खलन के कारण इस सड़क को अनेक स्थानों पर गंभीर क्षति पहुँची है,जिससे सड़क संकरी, टूटी हुई एवं जोखिमपूर्ण हो गई है। इसके परिणामस्वरूप क्षेत्र की ग्राम पंचायतों के निवासियों को आवागमन, स्वास्थ्य,शिक्षा तथा अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुँचने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही, किसानों को अपनी उपज समय पर बाजार

तक पहुँचाने में भी गंभीर समस्याएँ उत्पन्न हो रही हैं।

अतः मैं सरकार से आग्रह करता हूँ कि सराहां–चंडीगढ़ मार्ग के शीघ्र सुधार,चौड़ीकरण तथा स्थायी सुदृढ़ीकरण हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएँ तथा इस मार्ग को प्राथमिकता के आधार पर विकसित किया जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो सके।

(xii) Need to introduce Vande Bharat Sleeper Train from Ahmedabad to Gwalior and Agra

श्री दिनेशभाई मकवाणा (अहमदाबाद पश्चिम) : मैं अपने संसदीय क्षेत्र अहमदाबाद पश्चिम, गुजरात से सम्बंधित एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय सरकार के सामने प्रस्तुत करना चाहता हूँ। मध्य भारत के प्रमुख शहरों—ग्वालियर एवं आगरा—से गुजरात के अहमदाबाद (असारवा) के बीच प्रत्यक्ष, तेज एवं आधुनिक रेल सेवा की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है। इन क्षेत्रों के बीच व्यापार, उद्योग, शिक्षा, पर्यटन एवं पारिवारिक आवागमन का व्यापक प्रवाह है, किंतु वर्तमान में यात्रियों को या तो लंबा मार्ग अपनाना पड़ता है अथवा असुविधाजनक यात्रा विकल्पों पर निर्भर रहना पड़ता है। अतः मेरा माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह है कि अहमदाबाद (असारवा) से ग्वालियर/आगरा तक वंदे भारत स्लीपर ट्रेन चलाने की संभावनाओं पर गंभीरतापूर्वक विचार किया जाए। यह ट्रेन न केवल यात्रियों को तेज, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा सुविधा प्रदान करेगी, बल्कि दोनों राज्यों—उत्तर प्रदेश/मध्य प्रदेश और गुजरात—के बीच आर्थिक एवं सामाजिक संबंधों को भी सुदृढ़ करेगी।

(xiii) Need to run passenger trains on Panchmahal-Patnagar and Gandhinagar-Ahmedabad-Nadiad-Godhra-Dahod routes in Gujarat

श्री राजपालसिंह महेंद्रसिंह जादव (पंचमहल) : मेरे लोक सभा क्षेत्र पंचमहल (गुजरात) से पाटनगर गांधीनगर तक एक पैसेंजर ट्रेन की भारी आवश्यकता है जिसे मैं शुरू करने की मांग करता हूँ। गुजरात के दाहोद और गोधरा (पंचमहल जिला) के नागरिक नौकरी के लिए अहमदाबाद और

गांधीनगर शहर से जुड़े है, जिनकी संख्या बहुत अधिक है । डाकोर स्थित रणछोड़ राय मंदिर में भी रोजाना हजारों नागरिक गांधीनगर और अहमदाबाद एवं नडियाद दर्शन के लिए आते है । दोनों तरफ नागरिकों का भारी आवागमन है इसलिए गांधीनगर - अहमदाबाद - नडियाद होकर गोधरा-दाहोद के बीच रोजाना ट्रेन शुरू करने की बहुत जरूरत है । यह ट्रेन आगे भी इंदौर महाकाल मंदिर को जोड़ सकती है। इसलिए रोजाना सुबह और शाम एक एक ट्रेन शुरू करने से नागरिकों को बहुत सुविधा होगी। इस सुविधा से रोड ट्रैफिक भी कम हो जाएगा। आपसे यह ट्रेन शुरू करने के लिए आगे निर्देश देने की विनती करता हूँ।

(xiv) Need for adequate compensation to farmers whose lands were acquired for construction of railway line in Chandrapur Parliamentary Constituency, Maharashtra

श्रीमती प्रतिभा सुरेश धानोरकर (चन्द्रपुर):मैं सरकार का ध्यान रेलवे कनेक्टिविटी से जुड़े मुद्दों और संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में परियोजनाओं से प्रभावित लोगों की लम्बित मांगों की ओर दिलाना चाहती हूं। वर्धा और चन्द्रपुर के बीच चौथी रेलवे लाइन का काम अभी चल रहा है। लेकिन, जिन छोटी भूति वाले किसानों की भूमि इस परियोजना के लिए ली गई थी, उन्हें अभी तक सही प्रतिकर या पुनर्वास का लाभ नहीं मिला है। रेल मंत्रालय को इन स्थानीय भू-स्वामियों को तुरन्त प्रतिकर देना चाहिए और उनका उचित पुनर्वास सुनिश्चित करना चाहिए। चन्द्रपुर जिले में छात्रों, रोगियों और यात्रियों की सुविधा के लिए, एक अलग 'चन्द्रपुर-पुणे-चन्द्रपुर' ट्रेन सेवा, एक नई 'बल्लारपुर-मुंबई' सेवा, और नागपुर और बल्लारपुर के बीच एक 'डीईएमयू' (डीज़ल इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट) रेल सेवा तुरन्त शुरू की जानी चाहिए। इसके अलावा, चन्द्रपुर जिले में रहने वाले बड़े बंगाली समुदाय की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए चन्द्रपुर को कोलकाता से जोड़ने वाली एक सीधी रेलवे सेवा शुरू की जानी चाहिए । चन्द्रपुर जिले में 'ग्रेटा एनर्जी' और 'न्यू एरा' और गढ़चिरौली ज़िले में 'सुरजागढ़' जैसी बड़ी औद्योगिक इकाईयों से माल अभी भारी गाड़ियों का इस्तेमाल करके सड़क के रास्ते लाया जाता है। इसके चलते दुर्घटनाओं और मौतों की संख्या बढ़

गई है । सड़क दुर्घटना रोकने के लिए, इन औद्योगिक क्षेत्रों को तत्काल रेलवे नेटवर्क से जोड़ना जरूरी है । इसलिए, मैं केन्द्र सरकार से अनुरोध करती हूं कि इन मांगों पर तुरन्त और ठोस कार्रवाई की जाए, जो मेरे लोक सभा क्षेत्र के लोगों के हित में हैं।

(xv) Need to provide adequate space for smooth functioning of Haryana Legislative Assembly in Legislative Assembly Building shared with Punjab in Chandigarh

SHRI VARUN CHAUDHRY (AMBALA): The Legislative Assembly Building located in Chandigarh, the Capital of Haryana and owned by Union Territory of Chandigarh is shared with the State of Punjab in the ratio of 60:40 but the present space available for Haryana Legislative Assembly is much less than forty percent due to which there is no space for the offices of ministers, Leader of Opposition, Committee Chairpersons, members lounge etcetera. The Legislative Committees meet every week but the committee rooms are limited to two only. This non-availability of rightful space is leading to huge inconvenience in the smooth functioning of the Haryana Legislative Assembly and therefore I request the Union Minister of Home Affairs to look into the matter and provide the forty percent space in the Legislative Assembly Building at the earliest.

(xvi) Need to ensure effective operation of sewage treatment plant in Balotra district in Rajasthan and related issues

श्री उम्मेदा राम बेनीवाल (बाड़मेर) : मैं सरकार का ध्यान राजस्थान के बालोतरा जिले में स्थित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की गंभीर स्थिति की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। वर्ष 2007 में लगभग 9 एमएलडी क्षमता का यह एसटीपी प्लांट शहर के सीवर और औद्योगिक इकाइयों से

निकलने वाले दूषित पानी के शोधन के उद्देश्य से स्थापित किया गया था। दुर्भाग्यवश, पिछले लगभग पाँच वर्षों से यह प्लांट प्रभावी रूप से संचालित नहीं हो रहा है। इसके परिणामस्वरूप औद्योगिक इकाइयों और शहर से निकलने वाला दूषित तथा रासायनिक पानी बिना उपचार के खुले क्षेत्रों और फ्लड चैनल में बह रहा है, जिससे पर्यावरण प्रदूषण की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। इससे आसपास के जल स्रोत, भूमि तथा स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। अतः मैं केंद्र एवं राज्य सरकार से आग्रह करता हूँ कि इस विषय में तत्काल हस्तक्षेप कर एसटीपी प्लांट के शीघ्र सुचारु संचालन के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएँ तथा औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले दूषित पानी के प्रभावी उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। अंत मे साथ ही अनियमितता, उदासीनता बरतने वाले उतरदायी अधिकारियों क़े विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल मे ला कर जनता को राहत / न्याय प्रदान करावें।

(xvii) Need to give legal frame to MSP of various crops and develop an effective and transparent mechanism for procurement of agriculture produce

श्री बृजेन्द्र सिंह ओला (झुन्झुनू) : यह सर्वविदित है कि आज देश का किसान अपनी मेहनत की उपज का उचित मूल्य पाने के लिए संघर्ष कर रहा है। सरकार द्वारा धान, गेहूं, चावल, सरसों सहित कई फसलों के लिए न्यूनतमसमर्थन मूल्य की घोषणा तो की जाती है, परंतु वास्तविकता यह है कि अधिकांश किसानों को अपनी उपज MSP से कम कीमत पर बेचने के लिए मजबूर होना पड़ता है। लागत भी ज्यादा आती है। इसका मुख्य कारण यह है कि सरकारी खरीद की व्यवस्था सीमित है और सभी किसानों की पूरी उपज की खरीद सुनिश्चित नहीं हो पाती। परिणामस्वरूप किसान बिचौलियों के हाथों अपनी मेहनत की फसल औने-पौने दामों पर बेचने को विवश हो जाते हैं। यह स्थिति किसानों की आय बढ़ाने के लक्ष्य को भी कमजोर करती है। अतः मैं सरकार से आग्रह करता हूँ कि किसानों के हितों की रक्षा के लिए धान, गेहूं, चावल, सरसों सहित प्रमुख फसलों की MSP पर सुनिश्चित खरीद के लिए MSP कानूनी गारंटी दिया जाए। साथ ही देश के

सभी राज्यों में प्रभावी और पारदर्शी खरीद व्यवस्था विकसित की जाए, ताकि प्रत्येक किसान को उसकी उपज का न्यायसंगत मूल्य मिल सके और खेती वास्तव में लाभकारी बन सके।

(xviii) Need to connect national highways passing through Kairana Parliamentary constituency, Uttar Pradesh with Meerut -Karnal and Panchkula - Ambala - Dehradun roads

सुश्री इकरा चौधरी (कैराना) : मैं अपने संसदीय क्षेत्र कैराना से संबंधित एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय सरकार के समक्ष प्रस्तुत करना चाहती हूँ। मेरे क्षेत्र से पानीपत–खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग, मेरठ–करनाल राष्ट्रीय राजमार्ग तथा पंचकुला–अंबाला–देहरादून राष्ट्रीय मार्ग गुजरते हैं । इन परियोजनाओं के लिए स्थानीय किसानों की भूमि का अधिग्रहण हुआ है, किंतु क्षेत्र के निवासियों को अपेक्षित लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहा है। यदि इन तीनों राष्ट्रीय राजमार्गों को एक प्रस्तावित लिंक मार्ग के माध्यम से कैराना बाईपास से खुरगान, सुनहेटी, मसूरा होते हुए मेरठ–करनाल मार्ग पर जोड़ते हुए बिडोली, गंदेवड़, गंगोह, नकुड़, सरसावा के रास्ते पंचकुला–अंबाला–देहरादून मार्ग से इंटरकनेक्ट किया जाए, तो इससे क्षेत्रीय संपर्क सुदृढ़ होगा। इस प्रस्ताव से लगभग 100 ग्राम, तीन तहसील मुख्यालय एवं पाँच ब्लॉक मुख्यालयों के निवासियों को सीधा लाभ मिलेगा तथा किसानों, व्यापारियों और आम नागरिकों के लिए आवागमन और आर्थिक गतिविधियों में उल्लेखनीय वृद्धि होगी । अतः मेरा सरकार से निवेदन है कि इस प्रस्तावित लिंक राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए जाएँ।

(xix) Need to provide stoppage to Howrah-Kamakhya Vande Bharat Sleeper Express (Train No. 27575/27576) at Khagraghat Road Railway Station in Murshidabad, West Bengal

SHRI YUSUF PATHAN (BAHARAMPUR): I would like to bring the attention of the Government towards the need for stoppage of the Howrah-Kamakhya Vande Bharat Sleeper Express (Train No. 27575/27576) at the Khagraghat Road railway station. Khagraghat Road is a key railway station in

Murshidabad district of West Bengal. It is strategically located near Berhampore, a major administrative, educational and cultural hub, which witnesses considerable passenger movement to and from the region. Despite this considerable passenger traffic, the Howrah-Kamakhya Vande Bharat Sleeper Express does not currently halt at the Khagraghat Road railway station. This means that passengers are forced to travel to distant stations to avail premium train services, creating hardships and adding to travel time and costs. Providing a stoppage for the Vande Bharat Sleeper Express at the Khagraghat Road railway station would greatly aid regional mobility. It would also boost the local economy and support the overall development of the surrounding regions. Hence, I urge the government to take up this matter with the Ministry of Railways and consider providing a stoppage for the Howrah-Kamakhya Vande Bharat Sleeper Express at the Khagraghat Road railway station.

(xx) Need for comprehensive and compassionate measures for protection and conservation of wildlife in the country

SHRIMATI JUNE MALIAH (MEDINIPUR): Since 2022, the country has witnessed 38 reported incidents of poaching, illegal hunting, and killing of tigers. Alarmingly, Madhya Pradesh has consistently recorded the highest number of such cases year after year. This trend is deeply concerning, especially when viewed alongside the fact that nearly 300 tigers have been imported during the same period from various countries across the globe. Further, between 2021 and 2025, India imported as many as 2795 animals of

different species. The Union Government must take protective measures and maintain the data on the survival rates of these animals. What we need is not symbolic measures, but a strong, ground-level commitment and compassionate measures to safeguarding wildlife. In this context, the best practices are adopted by states like West Bengal. In response to the issue of feeding stray dogs, the West Bengal Government showed an innovative and humane solution by directing Government-run schools to use leftover mid-day meals to feed stray dogs. I urge the Union Government to follow the example set by the State of West Bengal and adopt more compassionate measures for the care and protection of animals.

(xxi) Need to expedite construction of Cancer Day Care Centre in Amalapuram, Andhra Pradesh and launch a targeted screening of high-risk cancer patients in the region

SHRI G. M. HARISH BALAYOGI (AMALAPURAM): Cancer cases in Andhra Pradesh have risen by 13% between 2021 and 2025. Women bear a disproportionate burden, accounting for over half of all cases, with breast cancer being the most prevalent. At the national level, breast cancer incidence has increased by 126% and mortality by 74% over the past few decades. In my Parliamentary Constituency Amalapuram, as of December 2025, only 23% of targeted breast and cervical cancer screenings have been completed, leaving a large proportion of at-risk women unscreened. Late-stage detection significantly increases mortality, treatment costs, and disease burden. This gap is further compounded by the near absence of an affordable dedicated cancer

care infrastructure in the constituency. Although a Cancer Day Care Centre has been sanctioned for Amalapuram, no construction activity has commenced so far, forcing patients to travel long distances for diagnosis and treatment. Therefore, I urge the Government to immediately initiate construction of the sanctioned Cancer Day Care Centre with a time-bound completion schedule. Also, I request the Government to launch a targeted screening drive prioritising high-risk woman, in convergence with ASHA and Ayushman Arogya Mandir networks already operational in the constituency.

(xxii) Need to construct a road and a bridge on River Kosi between Supaul and Darbhanga in Bihar

श्री दिलेश्वर कामैत (सुपौल) : बिहार राज्य अंतर्गत सुपौल जिला के एन.एच 327E से बैरिया मंच होते हुए वाया मरौना एवं मधेपुर होते हुए दरभंगा तक सड़क एवं उक्त सड़क के मध्य कोशी नदी में पूल का निर्माण कार्य किया जाये। यह कोशी क्षेत्र तथा मिथिलांचल की चिर लंबित मांगे है। उक्त पुल एवं सड़क निर्माण से लाखों लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा व्यापार एवं जनहित सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

(xxiii) Need to relax the criteria of student-teacher ratio and ensure functioning of Marathi medium schools in Maharashtra

श्री संजय हरिभाऊ जाधव (परभणी) : महाराष्ट्र सरकार द्वारा वर्ष 2024 में जारी सरकारी प्रस्ताव (जी आर) के अंतर्गत 20:1 छात्र - शिक्षक अनुपात का नियम लागू किया गया है, जिसके कारण मुंबई के लगभग 34 निजी सहायता प्राप्त मराठी माध्यम विद्यालय बंद होने के कगार पर पहुँच गए हैं। पिछले कुछ वर्षों में मराठी माध्यम विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या लगातार कम हो रही है। कई विद्यालयों में प्राथमिक स्तर पर पाँच कक्षाओं में कुल मिलाकर लगभग 50 विद्यार्थी हैं, जिससे प्रति कक्षा औसतन 10 विद्यार्थी रह जाते हैं। इस कारण ये विद्यालय निर्धारित 20:1 छात्र

शिक्षक अनुपात को पूरा नहीं कर पा रहे हैं और शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षक पदों को मंजूरी नहीं दी जा रही है, वर्तमान में केवल लगभग 337 विद्यालय ही संचालित हो रहे हैं। यदि यही स्थिति रही तो और भी विद्यालय बंद होंगे और हजारों विद्यार्थियों की शिक्षा प्रभावित होगी, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों के लिए शिक्षा प्राप्त करना कठिन होगा। साथ ही मराठी भाषा, संस्कृति और शैक्षणिक परंपरा पर भी प्रतिकूल प्रभाव है । अतः केन्द्र सरकार से आग्रह है कि राज्य सरकार से समन्वय कर छात्र शिक्षक अनुपात के नियम में आवश्यक शिथिलता अथवा पुनर्विचार करें एवं मराठी माध्यम विद्यालयों को बंद न करें।

(xxiv) Regarding installation of mobile telecommunication towers in Aurangabad Parliamentary Constituency, Bihar

श्री अभय कुमार सिन्हा (औरंगाबाद) : मैं एक अत्यंत महत्वपूर्ण जनहित के विषय की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। हाल ही में मेरे अतारांकित प्रश्न संख्या 2057 के उत्तर में माननीय संचार राज्य मंत्री द्वारा यह बताया गया कि 4G Saturation Project के अंतर्गत 409 में से 384 मोबाइल टावर स्थापित किए जा चुके हैं, जिनमें छकरबँधा शामिल है। किन्तु, वास्तविक स्थिति इससे बिल्कुल भिन्न है। औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के डुमरिया प्रखंड अंतर्गत छकरबँधा एवं लुटुआ पंचायतों में आज तक कोई प्रभावी मोबाइल टावर स्थापित नहीं हुआ है। ग्रामीणों को नेटवर्क के लिए पेड़ों पर चढ़ना पड़ता है या कई किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। इस कारण शिक्षा, स्वास्थ्य, बैंकिंग (DBT/UPI), एवं सरकारी सेवाओं तक पहुँच पूरी तरह बाधित है। अतः मैं सरकार से मांग करता हूँ कि: छकरबँधा एवं लुटुआ पंचायतों में मोबाइल टावर की वास्तविक स्थिति की तत्काल जांच कर सदन में स्पष्ट किया जाए; दोनों पंचायतों में टावर के पूर्ण संचालन की निश्चित तिथि घोषित की जाए; बिहार के सभी ग्राम पंचायतों में 100% डिजिटल कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने हेतु शेष टावरों को समयबद्ध तरीके से शीघ्र पूरा किया जाए। यह केवल कनेक्टिविटी का नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने का प्रश्न है।

(xxv) Regarding alleged adverse impact of New Labour Codes on labourers and workers in the country

श्री अमरा राम (सीकर) : देश में सुई से लेकर हवाई जहाज तक का निर्माण करने वाला तथा देश निर्माण करके यहाँ तक पहुचाने वाले श्रमिक वर्ग ने अपने खून पसीने से इस का निर्माण किया आज तक कई श्रम कानून बने हैं जैसे 8 घंटे का कार्यदिवस, कार्यस्थल पर संगठन बनाने का अधिकार तथा सामूहिक सौदेबाज़ी के माध्यम से अपने अधिकारों की रक्षा करना। किन्तु केंद्र सरकार द्वारा इन श्रम कानूनों को समाप्त कर नई श्रम संहिताएँ लागू करने का प्रयास किया जा रहा है जो श्रमिकों के हितों के विरुद्ध और नियोक्ताओं के पक्ष में प्रतीत होती हैं। मजदूर वर्ग इसका लगातार विरोध कर रहा है और इसके विरुद्ध अनेक राष्ट्रीय हड़तालें भी कर चुका है फिर भी सरकार इन श्रम संहिताओं को लागू करने पर आमादा है। इसी क्रम में अपने आक्रोश और विरोध को प्रकट करने हेतु, मेहनतकश आवाम दिनांक 24 मार्च 2026 को दिल्ली के रामलीला मैदान में विशाल आक्रोश रैली आयोजित कर रहे हैं। रैली मनरेगा को प्रभावी रूप से लागू करने, प्रस्तावित बिजली विधेयक एवं बीज विधेयक को वापस लेने श्रमिक विरोधी श्रम संहिताओं को निरस्त करनें हेतु प्रस्तावित है। अतः सरकार से निवेदन है कि वह मेहनतकश जनता की आवाज़ सुने और जनहित में निर्णय लेने का कार्य करे।

(xxvi) Need to expedite approval to the Coastal Zone Management Plan – 2019

श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेल (दमन और दीव) : मैं अपने संसदीय क्षेत्र दमन एवं दीव से जुड़े एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। दमन एवं दीव के तटीय क्षेत्रों में वर्तमान में भी Coastal Regulation Zone Notification-2011 के प्रावधानों के आधार पर प्रशासनिक कार्रवाई की जा रही है, जबकि भारत सरकार द्वारा CRZ Notification-2019 अधिसूचित किया जा चुका है। Coastal Zone Management Plan-2019 की स्वीकृति में विलंब के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है, जिसके चलते पारंपरिक मछुआरा समुदाय

के आवास एवं आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। कई मामलों में पुराने प्रावधानों के आधार पर कार्रवाई, जैसे तोड़फोड़, से स्थानीय समुदाय में असुरक्षा एवं असंतोष का वातावरण बना है। CRZ Notification-2019 का उद्देश्य तटीय क्षेत्रों में संतुलित विकास के साथ-साथ पारंपरिक समुदायों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करना है। अतः यह आवश्यक है कि दमन एवं दीव में भी इसके प्रावधानों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। मैं माननीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि CZMP-2019 की स्वीकृति शीघ्र प्रदान की जाए तथा तब तक किसी भी प्रकार की कठोर कार्रवाई पर रोक लगाने हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए जाएँ, ताकि स्थानीय समुदाय के अधिकारों की रक्षा हो सके।

———

14.26 hrs

FINANCE BILL, 2026

माननीय अध्यक्ष : आइटम नंबर 15। वित्त विधेयक 2026। माननीय वित्त मंत्री जी।

THE MINISTER OF FINANCE; AND MINISTER OF CORPORATE AFFAIRS (SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN): Sir, I rise to move*:

> "That the Bill to give effect to the financial proposals of the Central Government for the financial year 2026-2027, be taken into consideration."

माननीय अध्यक्ष : प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ:

> "कि वित्तीय वर्ष 2026-2027 के लिए केन्द्रीय सरकार की वित्तीय प्रस्थापनाओं को प्रभावी करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए।"

माननीय मंत्री जी, क्या आप ब्रीफली कुछ बोलना चाहती हैं?

श्रीमती निर्मला सीतारमण : अभी नहीं।

डॉ. अमर सिंह (फतेहगढ़ साहिब) : धन्यवाद स्पीकर साहब, मुझे यह मौका देने के लिए, क्योंकि फाइनेंस बिल वह इंस्ट्रुमेंट है, वह साधन है, जिसके माध्यम से सेंट्रल गवर्नमेंट टैक्स लगाकर सामाजिक, आर्थिक और सारे मुल्क की जितनी जरूरतें होती हैं, उन्हें पूरा करने की कोशिश करती है। फाइनेंस बिल का जो पर्पज है, वह बहुत वाइड है, इसलिए इसका जो एक्जामिनेशन होना है, जो बात होनी है, वह भी बहुत व्यापक है।

अब अगर हम पिछले कई सालों से देखें, तो एनडीए सरकार ने बहुत सारे लोगों और खासकर बड़े लोगों का टैक्स छोड़ा है। वर्ष 2019 से कॉर्पोरेट टैक्स छोड़ा था।

14.27 hrs (Shri Krishna Prasad Tenneti *in the Chair*)

---

* Moved with the recommendation of the President.

आज हालत यह है कि हमारे देश में इनकम टैक्स का कलेक्शन कॉर्पोरेट टैक्स से ज्यादा है। इनकम टैक्स हम सभी से आता है। सात-साढ़े सात करोड़ लोग रिटर्न भरते हैं, लेकिन दो-तीन करोड़ लोग ही हैं, जो टैक्स देते हैं। मेरे कहने का मतलब यह है कि जो पाँच-सात सौ कॉर्पोरेट कंपनियाँ हैं, वे आम लोगों से कम टैक्स दे रही हैं। आम लोगों पर टैक्स ज्यादा है।

माननीय सभापति महोदय, इस बिल में यह हुआ है कि इस बिल में भी बड़ी-बड़ी रियायतें दी गई हैं, लेकिन सारी रियायतें बड़े लोगों के लिए हैं। मैं एक-एक करके बोलूँगा। गिफ्ट सिटी को दस से बीस साल की रियायत दे दी। गिफ्ट सिटी में बिग फाइनेंस कंपनीज़ और बिग टैक कंपनीज़ आती हैं। इसमें कोई शर्त नहीं रखी गई है, जैसे एम्प्लॉयमेंट की, लोकलाइजेशन आदि की कोई शर्त नहीं है। आप अपना काम करो और वापस जाओ। डेटा सेंटर को एग्जेम्पशन दिया है। फॉरेन कंपनीज़ इंडियन डेटा का यूज़ करेंगी, लेकिन कोई जिम्मेदारी नहीं डाली गई है। न कोई लोकल एम्प्लॉयमेंट की जिम्मेदारी है, न कोई लोकलाइजेशन की जिम्मेदारी है और न ही टेक्नोलॉजी ट्रांसफर की कोई शर्त उसमें डाली गई है। इसके साथ 'मैट' रिडक्शन किया, वह भी कॉर्पोरेट्स को बैनिफिट करता है।

महोदय, मैं इस पर बहुत लम्बा नहीं बोलना चाहता हूँ। मैं यह कहना चाहता हूँ कि जितनी रियायत अभी है और पुरानी है, मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि अभी दो-तीन दिन पहले ही एम्प्लॉयमेंट-अनएम्प्लॉयमेंट पर रिपोर्ट आई है, 67 per cent of our graduates are unemployed. हम टैक्स की रियायत देते हैं, तो क्या टैक्स की रियायत से उसका कोई कनेक्शन नहीं रखना है? तो फिर हमारे जो नौजवान ग्रेजुएट हो रहे हैं, वे कहाँ जाएँगे? हमारा ग्रॉस कैपिटल फॉर्मेशन नहीं बढ़ रहा है, एफडीआई कम हो रहा है।

महोदय, हाई नेट वर्थ इंडियन्स बाहर पैसा लगा रहे हैं। मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि एक एनालिसिस दे दीजिए कि कॉरपोट्स, बड़े लोगों और फॉरेन कंपनियों के लिए टैक्स छोड़ रहे हैं, इससे क्या हमें टेक्नोलॉजी में फायदा होगा, एम्पलायमेंट में फायदा होगा या लोकलाइजेशन में फायदा होगा? हमें क्या फायदा होगा, इसके बारे में बता देंगे तो बड़ी मेहरबानी

होगी।

महोदय, मिडल क्लास ट्रेडिंग करती है, शेयर लेती है, आपने एसटीटी लगा दिया। यह काम तो ज्यादातर मिडल क्लास के लोग करते हैं, आपने उन पर टैक्स लगा दिया। सैलरीड और छोटे लोग सोना खरीदते हैं। सरकार की नीति थी, स्वर्ण गोल्ड बॉन्ड के तहत जिन्होंने खरीदा, आपने उन पर रिट्रोस्पेक्टिव टैक्स लगा दिया। ये लोग कहां जाएंगे? इन लोगों ने तो अपनी सैलरी से पैसे निकालकर लगाए और आपने पहले से ही इतनी शर्तें डाल दीं। फिसकल गेन कुछ नहीं है, डेढ़-दो सौ करोड़ रुपये ही है तो आप डेढ़-दो सौ करोड़ रुपये के लिए लोगों को इतना डिमोरेलाइज क्यों कर रहे हैं?

महोदय, मैं इनकम टैक्स की कमेटी में था, हमने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट्स की जो जजमेंट सैटल हो चुकी हैं, उसे लॉ में उसी तरह से लेकर आएं लेकिन सरकार और माननीय मंत्री जी फाइनेंस बिल में सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट्स की जजमेंट खत्म करने का अमेंडमेंट लेकर आए। इससे अब यह होगा कि 50 सालों से जो लिटिगेशन्स इनकम टैक्स में चल रही थीं, अब उन सब इश्यूज़ पर लोग फिर लिटिगेट करेंगे और केसिस बढ़ेंगे। कमेटी बनाई गई और उसमें इतनी बातें हुईं लेकिन सरकार तथा इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने फिर अपनी मर्जी की।

अब मैं कस्टम्स की बात कहना चाहता हूं। इसमें बेसिक बात है कि फाइनेंस बिल 1 फरवरी को पेश होता है और सोशल मीडिया पर खबर आती है कि 6-7 फरवरी को हमारा यूएस से कोई ट्रेड का फ्रेमवर्क हो गया। ठीक है, यह सरकार ने किया लेकिन 7 फरवरी को कॉमर्स मिनिस्टर यहां बयान देते हैं। मैं आपके माध्यम से वित्त मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि यह बिल तो 1 फरवरी को आया था, 6-7 फरवरी को डीडीजी, सोयाबीन आदि के बारे में यूएस प्रेजीडेंट ने कहा कि हमारे ऊपर जीरो ड्यूटी होगी और आप पर 18 परसेंट होगी। अब आप मुल्क को बताइए कि आपको 1 फरवरी को कैसे पता था? इसका मतलब है कि आपकी बातचीत तो पहले ही हो गई थी और आप हमें कह रहे हैं कि कोई बात ही नहीं हैं। 7 तारीख को कॉमर्स मिनिस्टर यहां स्टेटमेंट दे रहे हैं तो आप 1 फरवरी को अमेंडमेंट्स लेकर क्यों आए? मैं इसका कारण जानना चाहता हूं।

आप सारे मुल्क को बताएं कि सारे टैक्स पर आपने जीरो इम्पोर्ट ड्यूटी क्यों की? ... (व्यवधान) चेयरमैन साहब, आप थोड़ी प्रोटेक्शन दीजिए। अपोजिशन तो सवाल पूछेगी। यह तो हमारी जिम्मेदारी है। हम तो सवाल पूछेंगे। ... (व्यवधान)

महोदय, चेयरमैन साहब, मुझे बोलने दीजिए। ... (व्यवधान) क्या हम कोई सवाल न पूछें? हम तो सवाल पूछेंगे।... (व्यवधान) माननीय वित्त मंत्री जी जवाब देंगी। ... (व्यवधान) आप माननीय मंत्री जी को बोलिए। ... (व्यवधान) आप पार्टी की ओर से बोलिए और मुझे बोलने दीजिए।

दूसरी बात यह है कि फिस्कल सेंट्रलाइज़ेशन हुआ है, उसको रेशनलाइज़ेशन कह दिया है। ड्यूटी व बेसिक कस्टम ड्यूटी को एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट सेस से ऑफसेट कर दिया है। अब उसका नुकसान क्या है? सर, बेसिक कस्टम ड्यूटी राज्यों को शेयर करनी पड़ती है, वह 40 प्रतिशत और सारा सेस गवर्नमेंट ऑफ इंडिया रखती है। गवर्नमेंट ऑफ इंडिया हर साल साढ़े चार लाख करोड़ सेस और सरचार्ज लेती है, जो वह राज्यों को नहीं देती है, अब एक और जोड़ दिया है। हमारा कहना है कि आप राज्यों का नुकसान क्यों कर रहे हैं? अब मैं उस पर आता हूँ कि आपने स्पेशली क्या किया है? एक पर्सनल यूज इम्पोर्ट सेस सीटीएच 9804, आपने उसमें टैक्स कम किया। सर, यह अपनी एमएसएमई और रोजमर्रा की चीजें बनाते हैं। अब उनको अमेरिका और सारी दुनिया की कंपनियों के साथ कम्पीट करना पड़ेगा। हमें अपनी छोटी एमएसएमई कंपनियों को बचाना है। उनको दूसरों के सामने नहीं फेंकना है। यह टैक्स कम करके उन बेचारों को उधर डाल दिया है। एक और काम किया गया है, क्रिटिकल मिनरल्स सब पर जीरो कर दिया गया है। यह ठीक है कि आप लाना चाहते हैं, लेकिन अपने यहाँ क्रिटिकल मिनरल में माइनिंग के लिए इन्वेस्ट कौन करेगा? जब वहाँ से फ्री आ रहा है तो फिर हमारे यहाँ कोई इन्वेस्ट नहीं करेगा। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी के समक्ष यह बात रखना चाहता हूँ।

लुधियाना में, पंजाब में बाइसाइकिल्स बनते हैं, उसमें आपने यह कम कर दिया है और सोयाबीन ऑयल पर आपने यह निल किया है। मध्य प्रदेश मेरा काडर रहा है। मध्य प्रदेश,

गुजरात, महाराष्ट्र के फार्मर्स का क्या बनेगा? फिर आपने अमेरिकन डीडीजी पर जीरो कर दिया है। आपने रेड सोरघम पर कर दिया है। पंजाब में मक्का बहुत पैदा होता है। अब मेरे किसानों का इसमें बहुत नुकसान है। महाराष्ट्र का और गुजरात का भी नुकसान होगा। हिमाचल और जम्मू कश्मीर में जितने ट्री नट्स होते हैं, सारे जीरो कर दिए हैं।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह पूछना चाहता हूँ कि यह जो सारा किसानों को नुकसान होगा, आपको हमारे किसानों को इंटरनेशनल कंपनियों से बचाना है या उनको उनके सामने फेंकना है। इस सवाल का जवाब दे दीजिए। मैं यह प्रश्न आपसे पूछना चाहता हूँ। पंजाब का जो नुकसान होगा, उसकी भरपाई आप डीडीजी से और दूसरी चीजों से कैसे करेंगे? और जो एमएसएमई का नुकसान होगा जैसे, मंडी गोबिंदगढ़ में पीएनजी नहीं मिल रही है, वह हमारा स्टील टाउन है। हमारे लुधियाना और साहनेवाल में भी उसकी प्रॉब्लम हो गई है। हम आपसे चाहते हैं कि इन सारी बातों पर आप हमें जवाब दे दें, तो आपकी बहुत मेहरबानी होगी।

अब मैं एक विषय पर आता हूँ, मैं इसमें आधा मिनट ही लूँगा, मैं इसमें ज्यादा नहीं बोलूँगा, क्योंकि प्रधानमंत्री जी का स्टेटमेंट आ गया है। यह अच्छी बात है कि सरकार अपनी कोशिश कर रही है, लेकिन मैडम, मुझे चेयरमैन साहब के थ्रू, आपसे दो-तीन बातें पूछनी हैं। पहली बात तो यह है कि अभी पाँच राज्यों में इलेक्शन हो रहा है, तो आप गैस और पेट्रोल-डीज़ल का प्राइस नहीं बढ़ा रहे हैं। इलेक्शन है तो आप दाम कैसे बढ़ाओगे? लेकिन आप 29 अप्रैल, 30 अप्रैल या 1 मई को दाम बढ़ाएंगे।

चेयरमैन साहब, मैं आपके माध्यम से वित्त मंत्री जी से यह निवेदन करना चाहता हूँ कि साहब, जब क्रूड ऑयल 20 डॉलर पर आ गया था, 40 डॉलर पर आ गया था, तब आपने एक्साइज कम करके लोगों को राहत नहीं दी थी। इस बार एक्साइज कम करके लोगों को राहत दे दीजिए। यह हमारी आपसे माँग है। इस बार कॉमन मैन की क्रूड ऑयल, पेट्रोल और गैस महँगी न करिए, हमारी आपसे यह विनती है। मेरी दूसरी बात यह है कि अब कंट्री में जो इन्फ्लेशन बढ़ेगी, उसका आप क्या करेंगे? तीसरी बात मैं पूछना चाहता हूँ कि रशिया और ईरान हमको 10 से 12

डॉलर प्रति बैरल सस्ता देते थे, रिबेट देते थे, हमसे रुपये में लेते थे।

अब आप सपोर्ट मार्केट से क्रूड ऑयल और गैस खरीद रहे हैं, तो जो लॉसेज हुए हैं, हमने किसी के प्रेशर में ईरान और रशिया का क्रूड ऑयल और गैस लेना बंद किया? मैं आपके माध्यम से, माननीय वित्त मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूँ कि आप इस ऑगस्ट हाउस को बताएं कि जितना फाइनेंशियल लॉस होगा, उसका जिम्मेदार कौन है? यह मुल्क उसका खामियाज़ा क्यों भरे? अगर आप लोगों का कोई पॉलिटिकल डिसीज़न हुआ है, तो यह मुल्क का कसूर नहीं है। आप बताएं कि कितना लॉस होगा और उस लॉस की भरपाई कौन करेगा? चूंकि उसका भुगतान रुपये के स्थान पर डॉलर में होगा। अब डॉलर के मुकाबले रुपया 94 रुपये हो गया है। उससे सारा कुछ बढ़ गया है, आप उसका क्या करेंगे?

मैं कहना चाहता हूँ कि जब यूपीए गवर्नमेंट थी, तो 77 परसेंट क्रूड ऑयल का इम्पोर्ट होता था। अब वह 88 या 89 परसेंट होता है। ओएनजीसी के पास सरप्लस पैसे पड़े थे, आज वह लोन पर है, तो इन 10-11 वर्षों में क्या हुआ? इंटर्नल प्रोडक्शन क्यों नहीं बढ़ा, आप इस सवाल का जवाब दीजिए।

मैं कुछ और बातें कहना चाहता हूँ। वित्त मंत्री जी, नौ-दस वर्ष हो गए यह कहते हुए कि India is the fastest growing economy. यह हम लोगों को भी अच्छा लगता है कि हिन्दुस्तान अच्छी तरह से ग्रो कर रहा है। फरवरी के लास्ट वीक में, मिनिस्ट्री ऑफ स्टैटिस्टिक्स एंड प्रोग्राम इम्प्लीमेंटेशन ने जीडीपी सीरीज़ रिवाइज़ कर दी। आप लोगों के जो चीफ इकोनॉमिक एडवाइज़र थे श्री अरविन्द सुब्रह्मण्यम जी, उन्होंने लिखा है कि एनडीए के कार्यकाल में डेढ़ से दो परसेंट जीडीपी इनफ्लेटेड है। आप सारे मुल्क को बताएं कि आपके राज में जीडीपी की क्या हालत रही? आप यूपीए के कार्यकाल में जीडीपी को एक से पौने दो परसेंट कम दिखाते रहे और अपना ज्यादा दिखाते रहे। अब नयी सीरीज़ में तुलना करके सारे आंकड़े बताइए और देखिए कि मुल्क कहां खड़ा है। इन 12 वर्षों में चार ट्रिलियन भी नहीं हुए हैं। स्वर्गीय मनमोहन सिंह जी को 800 बिलियन मिले थे। वे दो ट्रिलियन पर इकोनॉमी को छोड़कर गये थे। आपको दो ट्रिलियन की

इकोनॉमी मिली थी और अभी आप 3.6 या 3.8 ट्रिलियन पर खड़े हैं। आप कहते हैं कि विकसित भारत हो जाएगा। विकसित भारत की जो डेफिनिशन है, वह पर कैपिटा 14.5 हजार डॉलर है। हम लोग पर कैपिटा 3 हजार डॉलर पर खड़े हैं। मुझे यह भी बता दीजिए कि हम लोग विकसित भारत में कैसे पहुंच पाएंगे, क्योंकि बार-बार विकसित भारत की बात की जाती है। हम चाहते हैं कि विकसित भारत हो, लेकिन पर कैपिटा 3 हजार डॉलर से 14.5 हजार डॉलर तक कैसे लेकर जाएंगे, उसकी स्कीम बताइए। ऐसा नहीं है कि आपने कह दिया और आगे बढ़ गये।

मुझे एक-दो बातें और कहनी हैं। मैंने इंफ्लेशन की बात कही है कि इसे कैसे कंट्रोल करना है क्योंकि अब तो इंफ्लेशन होगी। प्रधानमंत्री जी खुद कहकर गये कि अभी सारी दुनिया तकलीफ में है। यह बात सही है। हम नहीं कहते हैं कि जो कहा जा रहा है, वह सही नहीं है। लेकिन उसे कैसे कंट्रोल करना है, उसके बारे में बताएं। क्या आप कंज्यूमर्स को सब्सिडी देंगे या चीजों को कैसे सस्ता करेंगे? जब क्रूड ऑयल और पेट्रोल महंगा होगा, तो दुनिया की हर चीज महंगी होगी। इंफ्लेशन को कंट्रोल करने का आपका क्या प्लान है? हम जानना चाहते हैं कि उसके लिए क्या किया जाएगा?

माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से वित्त मंत्री जी से यह भी कहना चाहूंगा कि जो रुपया नीचे जा रहा है, उसे कैसे कंट्रोल करेंगे? दुनिया में डॉलर के मुकाबले हर चीज महंगी हो रही है। आप उसे कैसे हैंडल करेंगे, आप रुपये को कैसे स्टेब्लाइज करेंगे?

पंजाब की समस्याएं हैं। मैं नहीं कहता हूँ कि आपने फाइनेंस बिल में पंजाब के बारे में क्यों नहीं लिखा है। मैं ऐसी बात नहीं कहूंगा, लेकिन आप जो स्टेट रेवेन्यू डेफिसिट देते थे, वह आपने बंद कर दिया। हिन्दुस्तान में सबसे ज्यादा डेट पंजाब पर है। उसमें हमारा नुकसान हो गया। आप उनको बहुत सी चीजें नहीं देते हैं। वर्ष 2025-26 में, सेन्ट्रली स्पॉन्सर्ड स्कीम्स के लगभग दो लाख करोड़ रुपये ट्रांसफर नहीं हुए हैं, क्योंकि आपने ऐसी कंडीशन्स लगाई हुई हैं।

माननीय सभापति जी, मैं वित्त मंत्री जी से कहना चाहता हूँ कि आपने अपने बजट भाषण के दौरान विमेन सेंट्रिक स्कीम्स की बात कही है, जो अच्छी बात है। हम भी उसको एप्रिशिएट

करते हैं। लेकिन फाइनेंस बिल में विमेन को टैक्स में कोई रियायत नहीं दी गई है। ऐसा क्यों?

आपने वित्त विधेयक में महिलाओं का एक भी बार जिक्र नहीं किया है। आप पढ़ लीजिए। इसमें 332 पेजेज़ हैं। मैंने देखा है कि आपने एक बार भी हमारी बहनों का नाम कहीं नहीं लिखा है। मैं इनसे जानना चाहता हूं कि उनका क्या करना है?

सभापति महोदय, मैं अंत में अपने संसदीय क्षेत्र की बात कहना चाहता हूं। मैं वर्ष 2019 में लोक सभा का चुनाव जीतकर आया हूं। मैं श्री फतेहगढ़ साहिब से लोक सभा सांसद हूं। वहां हमारे 10वें गुरु के छोटे साहिबजादों को दीवारों में जिंदा चुनवा दिया गया था। मैं बार-बार निवेदन करता हूं कि वैसी शहीदी पूरी दुनिया में कहीं और नहीं है। उसको अंतर्राष्ट्रीय टूरिस्ट सर्किट बनाइए। उसके लिए एडमिनिस्ट्रेटिव ऑर्डर चाहिए। वहां अंतर्राष्ट्रीय स्तर का इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाइए। हलवारा एयरपोर्ट का उद्घाटन तो कर दिया है, लेकिन वहां कोई हवाई जहाज नहीं उतर रहा है। मैंने दोराहा के ओवरब्रिज के बारे में कहा था। उसके लिए फंड तो स्वीकृत कर दिया है, लेकिन उसका काम शुरू नहीं हो रहा है। ऐसी बहुत सारी छोटी-छोटी समस्याएं हैं। मैं उनके बार में दोबारा कहूंगा।

सभापति महोदय, आपने मुझे इस विधेयक पर बोलना का मौका दिया है, उसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं।

डॉ. निशिकान्त दुबे (गोड्डा) : सभापति महोदय, मैं इस देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी, जिनका सामाजिक जीवन में सबसे लंबा टर्म कल पूरा हुआ है, कल उन्होंने अपने टर्म के 8,931वें दिन पूरे किए हैं तथा आज उनके टर्म का 8,932वां दिन है। मैं उनके प्रति और इस देश की लोकप्रिय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण के प्रति आभारी हूं, क्योंकि उन्होंने इस विषम परिस्थिति में काम किया है।

सभापति महोदय, मैं ये बातें इसीलिए कह रहा हूं, क्योंकि वर्ष 2020-21 और कोरोना काल के बाद रूस और यूक्रेन के बीच लड़ाई हुई है और अभी मिडिल ईस्ट में लड़ाई हो रही है। लगातार टैरिफ वॉर चल रहा है और हमारे यहां कहीं न कहीं अमेरिका का प्रभाव दिखाई दे रहा है। हमारे

यहां युद्ध का प्रभाव दिखाई दे रहा है । उसके बावजूद भी इस देश को बचाने, इस देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने और दुनिया को एक रास्ता दिखाने के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में वित्त मंत्री जी ने जो काम किए हैं, इसीलिए वे बधाई की पात्र हैं।

सभापति महोदय, कांग्रेस पार्टी की हमेशा समस्या होती है । अगर सन् 1947 से लेकर 2014 के दौरान पांच-छः साल को छोड़ दीजिए, तो लगभग उन्होंने ही इस देश पर शासन किया है। एक कहावत है –

"बुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिलिया कोय,
जो दिल खोजा आपना, मुझसे बुरा न कोय।"

अभी माननीय प्रधानमंत्री जी यहां बोलकर गए हैं कि इस देश को संयुक्त होने की आवश्यकता है। कोरोना के समय विपक्ष के योगदान को भी उन्होंने सराहा है। सभी राजनीतिक पार्टियों के लोगों ने मिलकर जिस तरह से एक यूनाइटेड फेस बनाया है, उसके कारण आज देश स्थिर है व देश आगे बढ़ रहा है। उसमें आपका योगदान है, लेकिन ये किस तरह के आरोप लगा रहे हैं?

महोदय, मैं वर्ष 2025 की आईएमएफ की रिपोर्ट लेकर आया हूं । ये कभी अरविंद सुब्रह्मण्यम की बात करेंगे, कभी रघुराम राजन की बात करेंगे । ये कहते हैं कि आप जीडीपी इन्फ्लेट कर रहे हैं। यह आईएमएफ की रिपोर्ट है। मैं इस रिपोर्ट को पढ़ना चाहता हूं। संयुक्त राष्ट्र की जो जीडीपी है, वह 30.62 ट्रिलियन डॉलर है और उसकी जीडीपी ग्रोथ दो प्रतिशत है। चाइना की इकोनॉमी 19.4 ट्रिलियन डॉलर है और उसकी जीडीपी ग्रोथ 4.8 प्रतिशत है । जर्मनी की इकोनॉमी 5 ट्रिलियन डॉलर है और उसकी जीडीपी ग्रोथ प्वाइंट 2 प्रतिशत है। अब भारत पूरे विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। हमारे देश की इकोनॉमी 4.53 ट्रिलियन डॉलर है और हमारा जीडीपी ग्रोथ 6.6 प्रतिशत है।

आप दुनिया को झुठला रहे हैं, आईएमएफ को झुठला रहे हैं, विश्व बैंक को झुठला रहे हैं। क्या आपने कभी इन चीजों के बारे में सोचा है? जब आप संसद में इस तरह की बातें करते हैं, तो

उसका क्या प्रभाव पड़ता है?

दुनिया के बाजार में, आईएमएफ में, वर्ल्ड बैंक में, यूएस में, यूके में या अन्य देशों, जिनके साथ भी हमारा व्यापार होता है, उनके सामने क्या संदेश जाता है कि भारत में विपक्ष का एक नेता उठकर बोला कि इनका डाटा ही फोर्ज्ड है। डाटा तो आपका फोर्ज्ड था। आपने कभी देखा कि वर्ष 2008-09 में आपने जिस तरह के हालात पैदा किए। मैं स्टैंडिंग कमेटी ऑन फाइनेंस का सदस्य रहा हूं। वर्ष 2010 में जीडीपी ग्रोथ 2.3 प्रतिशत थी, वर्ष 2011 में वह 3.2 प्रतिशत थी, वर्ष 2012 में वह 2.7 प्रतिशत थी और वर्ष 2013 में वह 3.4 प्रतिशत थी। जब इन्हें लगा कि इकोनॉमी की यही हालत रही, तो हमारा क्या होगा। वर्ष 2004 में, अटल जी जो स्थिति छोड़कर गए थे, उस वक्त हमारी इकोनॉमी 9 प्रतिशत की दर से बढ़ रही थी, तब जीडीपी का जो मापदंड था, इन्होंने उस मापदंड को पलटकर वर्ष 2014-15 के लिए उसे किसी तरह 5 प्रतिशत कर दिया। क्या सभी लोगों को आप अपनी तरह ही समझते हैं? क्या हम इसी तरह से चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बने हैं? माननीय प्रधानमंत्री जी और वित्त मंत्री जी का वर्ष 2027 तक का टार्गेट है कि हमें तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना है। क्या वह इसी तरीके के फोर्ज्ड डाटा से बन पाएगी? कभी तो शर्म कीजिए। आज पेट्रोल-डीजल की बातें कर रहे हैं। चूंकि मैं इस पर चर्चा कर चुका हूं, इसलिए मैं फाइनेंस बिल पर ही आऊंगा।

मैं सदन के माध्यम से यह चर्चा करना चाहूंगा कि आपने इस देश की इकोनॉमी को किस आधार पर छोड़ा और माननीय वित्त मंत्री जी और हमारी सरकार ने उसे किस तरह से आगे किया। पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ रहे थे। वर्ष 2011-12 के बाद पेट्रोल-डीजल के दाम बेतहाशा बढ़ गए। आपने राज्यों के चुनाव जीतने के लिए यह कहा कि हम पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ाएंगे, क्योंकि आपके ऊपर लेफ्ट का बहुत असर था। उन्होंने क्या किया? उन्होंने एक ऑयल बॉन्ड स्टार्ट किया, जिसका कंपनसेशन 5 साल, 7 साल, 10 साल या 12 सालों के बाद मिलता था। मैंने कल ही अखबार में पढ़ा कि 12 सालों के बाद भारत सरकार और मोदी जी के भरोसे आपने कर्जा लेकर दर्जा बढ़ा दिया। आपने 50,000 करोड़ रुपये का गोल्ड लोन हमारे

भरोसे छोड़ दिया। आपने प्राइवेट पार्टी को गोल्ड बॉन्ड दे दिया। उसे आपने 8 से 10 प्रतिशत इंटरेस्ट दे दिया। आप क्या कर रहे थे? आज हम क्या कर रहे हैं?

आज मैं आपको एक डाटा बताना चाहता हूं कि दुनिया में क्या हो रहा है। यूएस अपने आपको नंबर 1 इकोनॉमी मानता है और हमने भी अपनी जीडीपी को बढ़ाया है। मिडिल ईस्ट में ईरान के इस वॉर के बाद अमेरिका में गैस और डीजल के प्राइस 20 प्रतिशत बढ़े हैं। मैं अब एशियन कंट्रीज़ की बात करना चाहूंगा। कम्बोडिया में 68 प्रतिशत प्राइस बढ़े हैं, वियतनाम में 50 प्रतिशत प्राइस बढ़े हैं, सिंगापुर, जिसे एशिया की सबसे बढ़िया इकोनॉमी माना जाता है, वहां 16 प्रतिशत प्राइस बढ़े हैं और दुबई, जिसे वर्ल्ड की सेफेस्ट सिटी माना जाता था, वहां 23 प्रतिशत प्राइस बढ़े हैं। पाकिस्तान में चार दिन काम होता है और तीन दिन छुट्टी हो गई है। वहां के स्कूल और कॉलेज बंद हो गए हैं। वहां 30 प्रतिशत प्राइस बढ़े हैं। यदि हमने प्राइस नहीं बढ़ाए हैं, तो आपको क्या लगता है कि हमने चुनाव के लिए नहीं बढ़ाए हैं? क्या मोदी जी चुनाव के लिए काम करते हैं? यदि हमने आम जनता को राहत दी है, यदि हमने पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ाए हैं, यदि हमने गैस के दाम नहीं बढ़ाए हैं और जैसा कहा गया कि पहले हम पेट्रोल, डीजल और गैस को 27 देशों से सोर्स करते थे, तो आज हम उन्हें पूरी दुनिया के 41 देशों से सोर्स कर रहे हैं। जहां भी सस्ता मिलेगा, हम वहां से आम जनता के लिए सस्ती दरों पर पेट्रोल और डीजल की व्यवस्था करेंगे। आप इसकी बड़ाई करने के बदले शिकायत कर रहे हैं। आपको इस बजट में कुछ दिखाई ही नहीं दे रहा है।

सभापति महोदय, अब इस फाइनेंस बिल की जो मुख्य बातें हैं, मैं केवल और केवल उन पर चर्चा करना चाहता हूं, क्योंकि आज मैं कोई पॉलिटिकल चर्चा नहीं करना चाहता हूं। यह सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के सर्वभाव को लेकर चलती है। पहले जब भी चुनाव का समय आता था या जब भी हम जीतकर पार्लियामेंट में आते थे, तो आम जनता को लगता था कि हमारे पर्सनल टैक्स का जो एग्जेंप्शन है, वह चार लाख रुपये हो जाएगा, पांच लाख रुपये हो जाएगा, छ: लाख रुपये हो जाएगा या सात लाख रुपये हो जाएगा। मैं आपको

बताना चाहूंगा कि माननीय प्रधानमंत्री जी और माननीय श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ही इस तरह का काम कर सकते थे। अनएक्सपेक्टेडली, किसी को कुछ नहीं पता था, हमने 12 लाख रुपये का टैक्स एग्जेंप्शन किया और उसे हमने अभी फिर से कंटीन्यू किया है।

चेयरपर्सन सर, हम रोज यहां चर्चा करते रहते हैं और गडकरी जी बराबर बोलते रहते हैं कि दुर्घटना हो जाती है, एक्सीडेंट हो जाता है और प्रत्येक साल लाखों लोग मारे जाते हैं। यहां उसकी चर्चा करके छुट्टी पा लेते हैं। लेकिन, जो हमारी सेंसिटिव गवर्नमेंट है, उसने इस बार क्या किया? वर्ष 1988 का जो मोटर व्हीकल्स एक्ट है, उसमें संशोधन करके कहा कि जिनको भी इंश्योरेंस का कॉम्पनसेशन मिलता है, उसमें कोई टैक्स डिडक्ट नहीं होगा।

सर, क्या यह आम लोगों के लिए नहीं है? दुर्घटनाओं में कौन मरते हैं? स्कूटर वाले, साइकिल वाले, रिक्शा वाले, पैदल चलने वाले और पटरी पर सोने वाले, यही लोग तो मरते हैं। उनके लिए कौन काम कर सकता है? क्या इसके लिए कभी आपने सोचा? हम वोट की चिंता नहीं करते हैं, हम गांव के उस आम, गरीब इंसान की चिंता करते हैं इसीलिए हमने यह काम किया।

सर, दूसरा विषय यह है कि अब एक सिस्टम हो गया है कि कई लोगों को बाहर रहना है। कई लोग रोजगार के लिए बाहर गए, कई लोग टैक्स बचाने के लिए गए या किसी और कारण से गए। लेकिन, उनका आधा परिवार बाहर है और आधा परिवार देश के अंदर है। कई संपत्तियों में उनका अधिकार है। मैं आपको बताऊं कि रेसिडेंट इंडीविजुअल, जो हिंदू अनडिवाइडेड फैमिली है, उसके लिए हम इस फाइनेंस बिल में बहुत बड़ी राहत लेकर आए हैं। विदेशों में इतने लोग रहते हैं और जो हमको रेमिटेंस भेजते हैं, उनके लिए इससे बड़ा काम माननीय वित्त मंत्री महोदया नहीं कर सकती थीं। इसके लिए ये बधाई की पात्र हैं।

चेयरपर्सन सर, इसके बाद लैंड एक्यूजिशन एक्ट लेकर आ गए। ये खूब लंबा-चौड़ा भाषण देते हैं कि लैंड एक्यूजिशन एक्ट है, राइट-टू-फेयर-कॉम्पनसेशन है, चार गुना देते हैं। सारे उद्योग धंधे किस तरह से चल रहे हैं, उन पर मैं यहां नहीं जाना चाहता हूं। लेकिन लैंड एक्यूजिशन एक्ट में जो छोटे लोग हैं, जो सीमांत लोग हैं, उनकी जमीन जाती थी और उसका कॉम्पनसेशन मिलता

था। उस कॉम्पनसेशन पर उनको टैक्स देना पड़ता था। मैं माननीय वित्त मंत्री जी को पुन: बधाई देना चाहता हूं कि जिनकी जमीन एक्वायर की जाएगी, उसमें इन्होंने टैक्स एग्जेम्प्ट कर दिया। गरीबों के लिए इससे बड़ी बात क्या हो सकती है? भारत में 92 परसेंट लोग सीमांत किसान हैं, जिनके पास दो कट्ठा, चार कट्ठा, पांच कट्ठा, दस कट्ठा, एक बीघा, एक एकड़, दो एकड़, इससे ज्यादा जमीन नहीं है। ये जिन किसानों की बात करते हैं, उन किसानों के लिए मैं कह सकता हूं, जैसा कि माननीय प्रधानमंत्री जी अभी बोलकर गए, कि यह किसानों के लिए समर्पित सरकार है। यदि पूरी दुनिया में फर्टिलाइज़र का दाम तीन हजार रुपए है, तो हम उस फर्टिलाइज़र की बोरी 300 रुपए में देते हैं। इतना ही नहीं, यदि हम उनकी जमीन एक्वायर कर रहे हैं, तो उसमें भी भारत सरकार ने टैक्स खत्म करने का प्रावधान किया है। इसके लिए भारत सरकार बधाई की पात्र है।

सर, इसके बाद मैं कहना चाहूंगा कि कई लोग ऐसे हैं, जो बाहर रहते हैं। कई लोग विद्यार्थी के तौर पर बाहर जाते हैं और कई लोग काम के लिए बाहर जाते हैं। वर्ष 1986-87 में माननीय राजीव गांधी जी बेनामी ट्रांजेक्शन एक्ट लेकर आए थे। लेकिन हो सकता है कि अपने दोस्तों के लिए, मित्रों के लिए उनको समझ में आ रहा होगा कि वे यह बड़ा खराब एक्ट लेकर आ गए। यदि यह एक्ट लागू होगा, तो इससे अपने दोस्तों को समस्या हो जाएगी।

सर, आपको आश्चर्य होगा कि वर्ष 1986-87 में लागू किया हुआ बेनामी ट्रांजेक्शन एक्ट वर्ष 2017-18 तक, जब तक हमारी सरकार नहीं आई, 30 सालों तक उसका कोई कानून नहीं बना। उसे पार्लियामेंट ने पास कर दिया था। क्या आपने कभी सुना है कि कोई एक्ट पास हो जाए, लेकिन वह एक्ट लागू न हो? हमारी सरकार आई, उसने बेनामी ट्रांजेक्शन एक्ट में कुछ संशोधन करने के साथ ही उसको लागू किया। इसके बावजूद भी हमने एक रास्ता दिया कि आपके जितने फॉरेन के ऐसेट्स हैं, जितना पैसा आप बाहर लेकर गए हो, आप उसको डिस्क्लोज़ कीजिए। कई लोगों ने डिस्क्लोज़ किया, तो कई लोगों ने डिस्क्लोज़ नहीं भी किया। किसी का पनामा पेपर में नाम आया, किसी का पंडारा पेपर में नाम आया, उसका अलग से केस चल रहा है, क्योंकि यह सरकार 'न खाऊंगा, न खाने दूंगा' वाली सरकार है। लेकिन जो छोटे लोग हैं, जिनका एक करोड़

से नीचे है, उनका इस बजट में ध्यान रखा गया है। मान लीजिए कोई फॉरेन ऐसेट है और उन्होंने उसे डिक्लेयर नहीं किया। एमनेस्टी स्कीम में जो लोग हैं, उनको टैक्स वाले परशान न करें, इसके लिए आपको हम अभी भी मौका दे रहे हैं कि आप आइए, डिस्कलोज कीजिए और इसको ले जाइए। क्या आप इसके लिए सरकार को बधाई का पात्र नहीं बनाएंगे? बड़े लोगों के खिलाफ हमारी सरकार है। यदि आप टैक्स चोरी करके देश से बाहर जाएंगे, तो हम आपको नहीं छोड़ेंगे, लेकिन जो छोटे लोग हैं, उन छोटे लोगों के लिए यह बड़ा काम इन्होंने किया।

सर, अब मैं कॉरपोरेट टैक्स पर आता हूं। हमें वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' बनना है। हम यह कह रहे हैं कि वर्ष 2047 में हम पहले या दूसरी नंबर की इकोनॉमी होंगे। जर्मनी तो 5 ट्रिलियन पर है, हम 4.53 पर हैं इसलिए मुझे लगता है कि वर्ष 2027 में हम तीसरी इकोनॉमी हो जाएंगे।

15.00 hrs

हमारा मुकाबला चीन के साथ है, जो अभी लगभग 20 ट्रिलियन के आसपास है और उसके बाद अमेरिका लगभग 30 ट्रिलियन के आसपास है। हमने एक टारगेट बनाया है कि वर्ष 2047 में हम लगभग 40 से 50 ट्रिलियन तक पहुंचें और नंबर एक या नंबर दो की स्थिति में पहुंचे। इसमें एक "मेक इन इंडिया" का नारा है कि हम यहां के प्रोडक्ट बनाएंगे, यहां के लोगों को रोजगार देंगे, यहां का डेवलपमेंट करेंगे। उसमें जो विदेश के लोग आएंगे या अपने लोग जो इनवेस्ट करेंगे, उनका मुकाबला एशिया में किससे है? हम चीन के बारे में सुनते हैं कि वहां पर बहुत आरएंडडी हो रही है, बहुत उद्योग-धंधे आ रहे हैं। वैसे चीन से भी माननीय वित्त मंत्री जी कई चीजें लेकर आई हैं, जैसे मोटर के प्रोडक्शन हैं। हमने एफटीए साइन किया है, उसमें मोटर का प्रोडक्शन हमारे यहां होगा। हम मोबाइल के सबसे बड़े एक्सपोर्टर हो गए हैं, लेकिन हमारा मुकाबला किससे है?

सर, चीन में टैक्स है या नहीं है, यह दुनिया में कोई नहीं जानता। सिंगापुर एक देश है, वहां पर टैक्स मुश्किल से 15, 16 या 17 प्रतिशत है। दुबई में कई जगहों पर इनकम टैक्स नहीं है और कई जगहों पर कॉरपोरेट टैक्स है और टैक्स नहीं भी है, मतलब 7-8 परसेंट के आसपास है। यदि

हमें इन्वेस्टमेंट अट्रैक्ट करना है, तो सबसे पहला काम क्या होगा? जो बिजनेसमैन हैं, उनको एक ऐसा साधन दें। मैं इसलिए कह रहा हूं, क्योंकि हमने एक सरकार वर्ष 2011 में देखी। उस समय सुप्रीम कोर्ट ने वापस कर दिया, क्योंकि वोडाफोन एसार के टैक्स के रिटर्न की बात आने लगी थी। मैं उस समय पार्लियामेंट का सदस्य था। इसी पार्लियामेंट में रेट्रोस्पेक्टिव टैक्स लेकर आ गए। पूरी दुनिया में कहीं भी पीछे से टैक्स नहीं लगता है, क्योंकि जो इन्वेस्टर होता है, उसे यह पता होता है कि हम जो काम करने वाले हैं या अपना पैसा लगाने वाले हैं, उसमें कितना टैक्स देना है। इन्होंने वर्ष 2011 में रेट्रोस्पेक्टिव टैक्स लागू किया, जिसके कारण पूरी दुनिया में 2जी स्कैम, 3जी स्कैम, कोलगेट स्कैम जैसे इतने स्कैम हो गए। उसके बाद टैक्स टेररिज्म आया और इस ने ऐसी स्थिति कर दी कि बाहर के लोगों ने हमारे यहां इन्वेस्ट करने से मना कर दिया।

जब हमारी सरकार आई, तो माननीय मोदी जी ने एक आश्वासन दिया कि हम जो आज तक दे रहे हैं, उसमें कोई भी रेट्रोस्पेक्टिव टैक्स नहीं होगा। जो भी टैक्स होगा, वह प्रोस्पेक्टिव टैक्स होगा। अगर आप वर्ष 2016-17 के बजट पर ध्यान देंगे, तो हमने कॉरपोरेट टैक्स को लगभग 27-28 प्रतिशत पर ला दिया था, क्योंकि एशियन कंट्रीज से कंपीट करना है और उसमें आगे बढ़ाना है। कॉरपोरेट टैक्स में "टैक्सेशन ऑफ नॉन-रेजिडेंट" और जो "ट्रांसफर प्राइसिंग" है, जो दूसरे देशों के लोग हमारे यहां इन्वेस्टमेंट करेंगे, उसकी डेट और लिमिटेशन दोनों हमने बदली। इसके कारण विकसित भारत - 2047 की दिशा में हम आगे बढ़ेंगे। मैं इसके लिए माननीय वित्त मंत्री जी को बधाई और धन्यवाद देना चाहता हूं कि आपने इतना बड़ा काम किया है।

सर, तीसरा "सेफ हार्बर" टैक्स है और चौथा "एडवांस प्राइसिंग एग्रीमेंट" है। इन दोनों चीजों के ऊपर पूरे फाइनेंस बिल में वित्त मंत्री जी ने टैक्स में बहुत राहत दी है। इसके बाद एक "मिनिमम अल्टरनेट टैक्स" है, जिसमें टैक्स घटाया गया है। टैक्स 18 प्रतिशत था, उसको अब 14 प्रतिशत पर लाया गया है। मिनिमम अल्टरनेट टैक्स यह था कि कई इंडस्ट्रीज ऐसी थीं, जिनको माननीय राजीव गांधी जी टाइट करना चाहते थे। उनको लगता था कि ये पैसा कमा रहे हैं, लेकिन कांग्रेस पार्टी को पैस दे रहे हैं या नहीं दे रहे हैं, देश में टैक्स नहीं दे रहे हैं। यह जानने का सवाल है और

इतिहास समझिए कि मिनिमम अल्टरनेट टैक्स कब आया। मिनिमम अल्टरनेटिव टैक्स यह है कि आपको प्रॉफिट कितना हो रहा है या नहीं हो रहा है, लेकिन आपको मिनिमम इतना टैक्स भारत सरकार को देना पड़ेगा। यह मिनिमम अल्टरनेटिव टैक्स का सीधा-सीधा छोटा सा मतलब है। मिनिमम अल्टरनेटिव टैक्स वर्ष 1987 में इसी पार्लियामेंट ने पास किया। उसके बाद सभी कॉरपोरेट्स के साथ इनकी बातचीत हुई। वह वर्ष 1989 तक इस देश के प्रधान मंत्री रहे। वह कहावत हैं कि बकरी को दिखा दिया कि उसे शेर खाएगा, खाएगा, उसी तरह से कांग्रेस दिखाती रही और चंदा लेती रही, लेकिन मिनिमम अल्टरनेटिव टैक्स लागू ही नहीं हुआ। मिनिमम अल्टरनेटिव बाद में लागू हुआ। जब माननीय अटल जी आए, तो अटल जी ने एक बहुत अच्छी पॉलिसी बनाई कि चीन कैसे डेवलप हुआ। चीन को डेवलप करने के लिए या यूएस को डेवलप करने के लिए क्या-क्या चीजें थीं। उसमें तीन चीजें थीं - स्पेशल इकोनॉमिक जोन बनाए, एक्सपोर्ट ओरिएंटेड यूनिट बनाई और डोमेस्टिक टैरिफ यूनिट बनाई।

तीन चीजों DTA, EOU और SEZ से कंपनियां बनती हैं। जब वर्ष 2004 तक SEZ फुल फ्लेज बढ़ने लगा, उसके बाद हमारी सरकारी हट गई। SEZ पर विशेष तौर पर माननीय चिदंबरम जी ने मिनिमम अल्ट्रनेटिव टैक्स लगा दिया, इसके कारण SEZ का पूरा का पूरा कांसेप्ट खत्म हो गया और इस मिनिमम अल्ट्रनेटिव टैक्स के कारण हम बहुत ज्यादा आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। इस पर रेशनलाइजेशन ऑफ मिनिमम अल्ट्रनेटिव टैक्स, इतने वर्षों के बाद माननीय वित्त मंत्री जी लेकर आयी हैं, इसके लिए क्या हम बधाई नहीं देंगे? क्या वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए यदि हम कॉर्पोरेट को आगे बढ़ाने के लिए, रोजगार को आगे बढ़ाने के लिए, किसी कंपनी को आगे बढ़ाने के लिए, जब तक कंपनियां नहीं आएंगी, जब तक हमारे यहां इंवेस्टमेंट नहीं होगा, तब तक रोजगार कैसे देंगे, टैक्स कैसे देंगे, लोगों का विकास कैसे होगा?

आज सारे माननीय सांसद सीएसआर के बारे में चर्चा करते रहे। सीएसआर वर्ष 2013 में कांग्रेस लेकर नहीं आयी है। सीएसआर हमारी कमेटी लेकर आयी थी। स्टैंडिंग कमेटी के चेयरमैन भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्य यशवंत सिन्हा जी थे। मैं उसका मेंबर था, शिवकुमार

उदासी हमारे दोस्त, जो यहां नहीं हैं, भर्तृहरी महताब साहब थे, गुरूदास दासगुप्ता, सीपीआई के थे वे अब यहां नहीं हैं। हम चारों ने मिलकर प्रेशर बनाया कि सीएसआर आए, क्योंकि हम जिस इलाके से आते हैं, कोयला आप हमारे यहां से ले जाते हो, पावर प्लांट हमारे यहां से दूसरी जगह बनता है और हम केवल धूल, मिट्टी खाते हैं। हमारे क्षेत्र का विकास कैसे होगा? सीएसआर की पूरी की पूरी पॉलिसी हमारी स्टैंडिंग कमेटी ने बनायी है, किसी सरकार को कुछ नहीं जाता है और उस सीएसआर की पॉलिसी को कितने बढ़िया ढंग से इंप्लीमेंट करना है वह हमारे मोदी जी की सरकार कर रही है, वह बधाई की पात्र है और मिनिमम अल्ट्रनेटिव टैक्स, सीएसआर इन सभी के लिए हम उनको बधाई देते हैं।

सभापति महोदय, इस बार जिस दिन बजट आया, उस दिन क्या हुआ कि शेयर मार्केट में प्राइस धड़ाम से गिरने लगा। कई लोगों को लगा कि बजट अच्छा है, बजट खराब है। मैं बाहर सदन से निकला और मैंने कहा कि कुछ नहीं है। माननीय वित्तमंत्री जी ने एक बड़ा रेशनल, जिसको सिक्योरिटी ट्रांजेक्शन टैक्स कहते हैं। इसमें क्या है कि शेयर मार्केट ऊपर बढ़ रहा है, नीचे गिर रहा है, किसका पैसा है, किसका नहीं है? किसी तरह का आप समझिए कि लीगल फ्रेमवर्क है, लेकिन लीगल फ्रेमवर्क में कोई बहुत ज्यादा दवाब नहीं है। हमारी सरकार का एक बड़ा विषय है, जो प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में लगातार वित्त मंत्री जी कर रही हैं कि लोगों को जेल नहीं जाना पड़े और जेल नहीं जाना पड़े, तो जो इकोनॉमिक ऑफेंडर्स हैं उनको या जो इकोनॉमिक चोरी करना चाहते हैं, उनको हम सही रास्ते पर लेकर आएं। इस बार क्या है कि कैपिटल गेन्स, जो बॉय बैक टैक्स है और एसटीटी को माननीय वित्त मंत्री जी ने बढ़ाया है, जिससे कि शेयर मार्केट में गरीबों का जो पैसा है, कभी शेयर मार्केट बढ़ गया तो बढ़े, उसमें बेचारे पैसा लगाएं और धड़ाम से नीचे चले जाते हैं, तो उसको ट्रांसपैरेंट करने के लिए एसटीटी टैक्स लगाया है, इसके कारण उस दिन शेयर मार्केट ऊपर-नीचे हुआ और बाद में आपको ध्यान होगा, दूसरे दिन जब लोगों को समझ में आया, आम इनवेस्टर को समझ में आया कि हमको प्रोटेक्ट करने के लिए मोदी जी की सरकार यह लेकर आयी है, तो आपको पता है कि शेयर मार्केट बढ़ गया। इसके लिए इस फाइनेंस बिल में

जो प्रावधान लेकर आए हैं, उसके लिए निश्चित तौर पर हमारी सरकार वाह-वाही की पात्र है।

इसके बाद चेरिटेबल ट्रस्ट इंस्टीट्यूशन का एक नया सिस्टम आया है। चेरिटेबल ट्रस्ट्स की बाढ़ है। स्कूल चेरिटेबल ट्रस्ट में है, हॉस्पिटल चेरिटेबल ट्रस्ट में है, कॉलेज चेरिटेबल ट्रस्ट में है, तो चेरिटेबल ट्रस्ट में जो वॉयलेशन है, उसको देखने के लिए जब से हमारी सरकार आयी है, जब यूपीए की सरकार थी, तो सी एंड एजी की एक बहुत अच्छी रिपोर्ट आयी थी। सी एंड एजी की रिपोर्ट में यह कहा गया कि जो मैक्सिमम बड़े कॉर्पोरेट हैं वे किस तरह से चोरी कर रहे हैं और उस चोरी के कारण कई ऐसे बड़े कॉर्पोरेट थे, जिन्होंने आरबीआई के रूल्स वॉयलेट करके 4000-5000 करोड़ रुपये कोई येल यूनिवर्सिटी को दे रहा है, कोई ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी को दे रहा है, कोई हार्वर्ड यूनिवर्सिटी को दे रहा है और जो ब्यूरोक्रेट्स के बच्चे हैं, जो पॉलिटिशियन के बच्चे हैं, वे कैसे एडमिशन लेंगे, उनके लिए सीट रिजर्व करने की बात थी। ऐसे ही लाइजनिंग चल रही थी। हमारी सरकार ने वर्ष 2016-17 के बाद चेरिटेबल ट्रस्ट के लिए धीरे-धीरे एक अच्छा परिवर्तन किया, बड़ा कानून लायी और उसको हम कैसे और स्ट्रीमलाइन करेंगे, वह इस फायनेंस बिल में वित्त मंत्री जी लेकर आयी हैं।

इसके बाद जो अमेंडमेंट है, वह टीडीएस का है। टीडीएस क्या है? जब से टीडीएस लागू हुआ तब से माननीय वित्त मंत्री जी टीडीएस पर अच्छा काम कर रही हैं। इसमें मैं आपको बताऊं कि जैसे तेंदुपत्ता पर टीडीएस 5 परसेंट था, उसको 2 परसेंट पर लेकर आईं। हम बिल लेकर आए। हम यह सोचते हैं कि आदिवासियों को, दलितों को, शोषितों को, वंचितों को रोजगार दें या वन्य क्षेत्र में जो लोग रहते हैं, तेंदुपत्ता से बीड़ी बनती है और जब वे उसे लेकर आते हैं तो हम उनको ज्यादा से ज्यादा पैसा दें, ट्रांसपेरेंट तरीके से दें तथा उसमें ब्लैक मार्केटिंग नहीं हो। इस कारण से आदिवासियों को राहत देने के लिए, गरीबों को राहत देने के लिए हम टीडीएस को 2 परसेंट पर लेकर आएं।

सर, स्क्रैप का एक नया बिजनैस है। कोई भी चीज होगी, हम स्क्रैप बेच रहे हैं और उसकी बाढ़ आ गई है। उसका जो कंट्रोल सिस्टम है, माननीय वित्त मंत्री जी को लगा कि स्क्रैप पर जो

करंट रेट 1 परसेंट था, उसको हमने दो परसेंट किया है। इसके अलावा आपको पता है कि हम प्राइवेटाइजेशन पर गए। हम कमर्शियल माइनिंग की तरफ जा रहे हैं। जो कोल, लिग्नाइट, आयरन ओर है, मैं जिस राज्य से आता हूं, उसमें सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट के बाद, मैं माननीय वित्त मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि रॉयल्टी सेस का मामला सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों पर छोड़ दिया है। इसमें क्या हो रहा है कि झारखंड जैसे राज्य में, अभी यह ओडिशा में लागू नहीं हुआ, छत्तीसगढ़ में लागू नहीं हुआ, मध्य प्रदेश में लागू नहीं हुआ, क्योंकि वहां पर हमारी सरकार है। झारखंड में इसे लागू कर दिया। झारखंड में लागू करने से क्या होगा कि जैसे अभी एनर्जी सिक्योरिटी में हमें दिखाई दिया कि अल्टीमेटली कोयला ही बचाव का साधन है। अभी जैसे गर्मी के दिन हैं, एनवायर्नमेंट के जो विषय थे, वर्ष 2070 तक जीरो एमिशन का जो टारगेट है, आपको पता है कि ट्रम्प साहब ने आकर सबसे पहले कह दिया कि यह केवल कुछ यूरोपियन कंट्रीज़ का धता है और हमें यह कमजोर करता है। उसमें मैं आपको बताऊं कि सुप्रीम कोर्ट के इस टैक्स के कारण यदि सबसे ज्यादा कहीं नुकसान होगा तो हमारे यहां होगा, क्योंकि उन्होंने साढ़े चार सौ रुपये पर टन टैक्स लगा दिया और उनके पास पैसे देने के लिए कुछ नहीं है।

मैं आपके माध्यम से वित्त मंत्री जी से कहूंगा कि जो दूसरी बातें हो रही हैं, मान लीजिए कि आप वाइट में, प्रॉपर ढंग से टैक्स देकर एक ट्रक ले जाओ और तीन ट्रक्स चोरी करके ले जाओ। यह जो मामला है, आप टीसीएस का कॉन्सेप्ट लेकर आए हैं कि 1 परसेंट से 2 परसेंट बढ़ाया है। इसके साथ-साथ मेरा आपसे आग्रह होगा कि सुप्रीम कोर्ट में हमें एक रिव्यू पेटीशन दाखिल करनी चाहिए। झारखंड जैसे राज्य में जहां इस देश का 40 परसेंट माइन्स और मिनरल्स हैं, उसमें राहत मिल पाए और हम लोगों को बचा पाएं, नहीं तो केवल और केवल माफियागिरी होगी। यह कांग्रेस जहां भी शासन करने के लिए जाती है, उनको केवल माफियागिरी के अलावा कोई काम नहीं है। उसको हम किस तरह से रोक पाएंगे? मैं आपसे यह आग्रह करना चाहूंगा कि आप इसमें कुछ न कुछ कीजिए।

जो पैनल्टी प्रोविजन्स हैं मतलब 'समस्या से समाधान तक', 'विश्वास से विवाद तक' –

भारत सरकार ने इसमें बहुत बड़ा काम किया है और माननीय वित्त मंत्री जी ने इसको बड़े अच्छे ढंग से लिया। आपको आश्चर्य होगा कि सीएंडएजी की कितनी रिपोर्ट्स आई हैं कि 5 हजार रुपये का केस है, 10 हजार रुपये का केस है, 20 हजार रुपये का केस है, वे केसेज़ 30-30 साल से चल रहे हैं, 40-40 साल से चल रहे हैं। भारत सरकार 5 हजार रुपये लेने के लिए कम से कम 5 लाख रुपये, 10 लाख रुपये वकीलों के पीछे खर्च कर चुकी है और 20-25 साल से केस चल रहे हैं। वकीलों को कोई मतलब नहीं है। माननीय वित्त मंत्री जी ने कहा कि एक सर्टेन थ्रेसहोल्ड के बाद, आपको जो समस्या है, आप उसका समाधान कर लीजिए। जो विवाद है, चाहे वह इनकम टैक्स का हो, चाहे कस्टम एक्साइज का हो, उसी में पैनल्टी प्रोविजन को नॉर्मलाइज करने के लिए इनकम टैक्स एक्ट में एक बड़ा परिवर्तन हमारी सरकार लेकर आई है। प्रोसीक्यूशन का जो रेशनलाइजेशन है, जो प्रोसीडिंग्स होती हैं, जैसे मैंने कहा कि भारत सरकार एक बड़े अच्छे दिमाग के साथ चल रही है कि यदि हमें विकास करना है, तो निश्चित तौर पर जो इकोनॉमिक ऑफेंडर्स हैं, उनको जेल से मुक्ति देकर उन पर इकोनॉमिक पैनल्टी लगाई जाए।

जिसके कारण भारत के किट्टी में पैसा आ जाए, नहीं तो आप देख रहे हैं कि सभी भाग जा रहे हैं। उस कारण यह रेशनलाइजेशन का एक बड़ा काम आया है।

इसके बाद मैं जीएसटी के लिए वित्त मंत्री जी का और प्रधान मंत्री जी का दोबारा आभार करना चाहता हूँ कि जीएसटी जिसलिए बनी थी, जीएसटी को दो टैक्स रेट में लाना। इसके लिए जो एक नई बात हुई कि कई एक लोगों को लगा कि हमारा जो रेवेन्यू है, वह घट जाएगा, लेकिन वित्त मंत्री जी और प्रधान मंत्री जी को पता था कि यदि हम टैक्स कम करेंगे, आम लोगों के जीवन में यदि हम सुख और सुविधा लाएंगे, तो भारत की जो आम आवाज़ है, जो गाँव, गरीब और किसान के लोग हैं, वे देश की किट्टी में पैसा देंगे और आज हमने टोटल जीएसटी में 15 प्रतिशत कंसेशन दिया। आपको आश्चर्य होगा कि आठ प्रतिशत जीएसटी का टैक्स बढ़ा है। इससे बड़ा काम भारत की जनता नहीं कर सकती थी, इससे बड़ा काम भारत सरकार नहीं कर सकती थी।

जीएसटी रिफंड का सवाल हो, इनकम टैक्स रिफंड का सवाल हो, वह इतना आसानी से

होता है कि पता ही नहीं चलता है कि कब पैसा हमने दिया और कब पैसा वापस आ गया, नहीं तो पहले की सरकार में, कांग्रेस की सरकार में यह होता था कि जब 31 मार्च पूरा होने लगता था, तो सारे कॉर्पोरेट को बुलाकर कहते थे कि टैक्स दो, टैक्स दो, टैक्स दो, क्योंकि उनको बजट में बताना होता था कि हमने इस साल इतना टैक्स कलेक्ट किया और उसके ऊपर फिर बाद में टैक्स रिटर्न करने के लिए साल दो-साल तो लगाते ही थे। साल दो साल लगाने में कोई समस्या नहीं थी, पर उस पर 6 प्रतिशत, 7 प्रतिशत, 8 प्रतिशत टैक्स जोड़कर देते थे। यह काम माननीय वित्त मंत्री जी ने खत्म किया और इसमें भी एक बड़ा काम हो गया।

इसके बाद ईज़ ऑफ लिविंग में पर्सनल इंपोर्ट जो था, जो बैगेज रूल था, बैगेज रूल कब का बना? जब हम विदेश जाते हैं, उसमें कस्टम वाले तंग करते हैं कि आप इतने रुपये का ला सकते हो, इतने रुपये का नहीं ला सकते हो। मुझे लगता है कि आज से 15-17 साल पहले का यह बैगेज रूल बना हुआ था। अब ज्यादा लोगों के पास पैसा हो गया, तो ज्यादा लोग विदेश जाने चाहते हैं। फिर उन्होंने इसमें बैगेज रूल, 2026 चेंज किया। इसमें ऑटोमेटिक गुड्स रजिस्ट्रेशन का एक बड़ा काम किया।

क्रिटिकल मिनरल, मैं बस चार-पाँच मिनट में अपनी बात खत्म करूँगा। कैपिटल गुड्स, मशीनरी इंडस्ट्रियल इक्विपमेंट, जो उद्योग-धंधे के लिए सामान आएंगे, उसमें बिजनेसमैन को हम क्या फायदा दें, क्योंकि इसके पहले इनका टैक्स रिबेट का एक बड़ा काम चलता था। मैं आपको बताऊँ कि प्रत्येक साल एक बड़ा कागज़ आता था, जिसमें यह होता था कि इस साल भारत सरकार ने कितना टैक्स रिबेट दिया। कॉर्पोरेट की बात करें, तो वर्ष 2004 से लेकर 2014 तक कोई ऐसा साल नहीं था कि जब बड़े बिजनेसमैन को पांच लाख करोड़ रुपये, छः लाख करोड़ रुपये, सात लाख करोड़ रुपये का टैक्स रिबेट नहीं दिया गया। हमने उसको पूरा स्ट्रीमलाइन कर दिया और आज यदि हम टैक्स रिबेट दे रहे हैं, तो जो साधारण, जो गाँव के गरीब लोग हैं, जो मकान खरीद रहे हैं ,उनको टैक्स रिबेट दे रहे हैं। जो इनकम टैक्स के लोग हैं, जो छोटा इनकम टैक्स पे करते हैं, उनको हम रिबेट दे रहे हैं।

इलेक्ट्रॉनिक्स गुड्स और कंज्यूमर में कई एक माइक्रोवेव ओवन और डीपन लोकल इलेक्ट्रॉनिक्स को हमने ड्यूटी फ्री कर दिया। ITA-1 इन्होंने 96-97 में साइन कर लिया। इनको पता ही नहीं था कि इलेक्ट्रॉनिक्स मार्केट कितना बढ़ रहा है। सारे जो इलेक्ट्रॉनिक्स गुड्स थे, चाहे वे सॉफ्टवेयर थे चाहे हार्डवेयर थे, सारी की सारी इंडस्ट्री बंद हो गई। ITA-2 माननीय मोदी जी ने 2015 से रोक रखा है। हमने साइन नहीं किया है। हमने यह कहा है कि चाहे जिंदगी में कुछ भी हो जाए, हम अपने यहाँ मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाएंगे और किसी देश के आगे नहीं झुकेंगे। इसके लिए आज हम बड़ा काम कर पा रहे हैं। आज हम इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरर हो रहे हैं और जिस तरह से PLI स्कीम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग तक में चल रहा है, जिस तरह से वित्त मंत्री पैसा दे रहे हैं, वे सभी बधाई के पात्र हैं।

माननीय सभापति : आप अपना भाषण कन्क्लूड कीजिए।

डॉ. निशिकान्त दुबे : सर, मैं इतना ही कहूँगा कि-

"आपादमापतन्तिनां हितोऽपयति हेतुतम,

मातृजंघा हि वत्सस्य स्तम्भिभवति बंधने।"

यह हमारा वेद कहता है। आज पूरी दुनिया कोरोना के बाद कराह रही है, लेकिन माननीय मोदी जी के नेतृत्व में हमारा देश दिन दूनी, रात चौगुनी गति से आगे बढ़ रहा है। आज हमारी इकोनॉमी सात प्रतिशत के GDP ग्रोथ से बढ़ रही है। इसमें माननीय वित्त मंत्री जी का बड़ा योगदान है। हम सभी इस फाइनेंस बिल को पास करें, देश को मजबूत करें, वित्त मंत्री के हाथ को मजबूत करें और जो वर्ष 2047 का विकसित भारत का सपना है, उसको हम लागू करें।

आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इन्हीं शब्दों के साथ 'जय हिंद, जय भारत'।

श्री रमाशंकर विद्यार्थी राजभर (सलेमपुर) : सभापति महोदय, मैं आपका, अपने संसदीय क्षेत्र सलेमपुर लोकसभा की जनता और उत्तर प्रदेश के गरीबों ने वर्ष 2027 में जिनके हाथों में सरकार देने का मन बनाया है, हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव जी का आभारी हूं।

महोदय, वित्त मंत्री जी यह विधेयक लेकर आए हैं। यह अच्छा ही है। मैं आपके माध्यम से

एक-दो सवाल पूछना चाहता हूं। मैं यह जानता हूं कि हमारा समय कीमती है। जब हम इस सदन में होते हैं तो तो सब चंगा दिखता है। यह लगता है कि हम सदन में बैठे हैं तो ना गरीबों कि कोई समस्या है, न किसानों की कोई समस्या है, न छात्रों की कोई समस्या है, न महिलाओं की कोई समस्या है, न ही मजदूरों की कोई समस्या है, लेकिन जब हम गांव में जाते हैं, जमीन पर जाते हैं तो हमें समस्या ही समस्या दिखती है।

महोदय, इस धरती पर होने वाले सारे कठिन काम, गरीबों का एक बड़ा वर्ग अपने पूरे खानदान के साथ कई पुश्तों से करता आ रहा है, लेकिन आज उनको क्या मिला है? गर्मी आई तो वे घर जलने से मरे, बरसात आए तो वे घर ढ़हने से मरे, जाड़ा आए तो वे कम्बल के बिना ठिठुर कर मरे। जब उनकी बेटियां जवान हो जाएं तो उनके पास उनकी शादी के लिए पैसे नहीं और बेटा बीमार हो जाए तो उनके पास दवाई के लिए पैसा नहीं, यह हमारे बजट के अंदर है। आप संशोधन आप लाई हैं। मैं इस संशोधन में प्रस्ताव करता हूं। अगर जीडीपी बढ़ रही है तो आखिर युवा बेरोजगार क्यों हो रहे हैं? सारी नौकरियों में आउटसोर्सिसिंग की बाढ़ आ गई है। आउटसोर्सिंग की ऐसी बाढ़ आई है कि देश का कोई भी डिपार्टमेंट हो, आपसे बजट ले रहा है लेकिन सरकारी नौकरियों में छंटनी हो रही है। आउटसोर्सिंग से नौकरियां दी जा रही हैं। सर्विस प्रोवाइड कराने वाली कंपनियां और ठेकेदार आ गए हैं। वे एससी, एसटी, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस आरक्षण लूट रहे हैं लेकिन उनसे कोई पूछने वाला नहीं है।

महोदय, अगर विकास हो रहा है तो आखिर पलायन क्यों हो रहा है? चाहे वह बिहार हो, हमारा पूर्वांचल हो, सलेमपुर हो, बलिया हो, देवरिया हो, कुशीनगर हो, गोरखपुर हो, आजमगढ़ हो या झारखंड हो, आखिर वहां से पलायन क्यों हो रहा है? यह सवाल है। युवाओं में बेरोजगारी दर कई आंकलनों में 15 प्रतिशत से अधिक बताइ गई है। लाखों सरकारी पद खाली हैं। वे पद नहीं भरे जा रहे हैं। सरकार कोई कैलेंडर बनाई है कि अब तक एससी का आरक्षण छोटा क्यों नहीं पूरा हुआ है? अब तक एसटी, ओबीसी और इडब्ल्यूएस का आरक्षण का कोटा क्यों पूरा नहीं हुआ है? जब यह पूरा हो तब आप उन्हें बजट दें।

महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि डीजल महंगा, खाद महंगी और सिंचाई महंगी है। मैं एक चीज आपके संज्ञान में लाना चाहता हूं। यहां सरकार के सारे मंत्री बैठे हैं। जब एलपीजी गैस का प्रॉब्लम आया तो सरकार ने एक तुगलकी फरमान जारी कर दिया गया कि 15 किलोमीटर एरिया में अगर गैस के शहरी उपभोक्ताओं को 25 दिनों में गैस सिलेंडर्स मिलेंगे और 15 किलोमीटर के एरिया में ग्रामीण गैस वितरक, एजेंसी वाला है, तो वहां के लोगों को 45 दिनों में सिलेंडर्स मिलेंगे। क्या आपने 25 दिन पहले शहरी उपभोक्ता को सिलेंडर दे दिया था? उनके सिलेंडर्स आज खत्म हो गए लेकिन उनको 25 दिनों के बाद सिलेंडर्स मिलेंगे। यह भेद क्यों है? गांवों में एजेंसी वाले और उपभोक्ताओं में मारा-मारी हो रही है। आपने यह कह दिया, पॉलिसी बना दी, तुगलकी फरमान जारी कर दिया गया कि अब गैस सिलेंडर्स की ऑनलाइन ही बुकिंग की जाएंगी। गैस सिलेंडर्स बुकिंग के लिए कई मोबाइल ऐप्स हैं, किसी भी ऐप से ये बुकिंग हो जाएंगी, लेकिन आप कह रहे हैं कि ओटीपी रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर पर ही आएगी। यह गांव में कहां है? यह हो सकता है कि वहां टावर न हो, यह हो सकता है कि गरीब के मोबाइल में पैसा न हो, तो आपने चूल्हे में भी भेद कर दिया है। शहर का चूल्हा 25 दिनों तक चलेगा और गांव का चूल्हा 45 दिनों में जलेगा, आपने यह व्यवस्था कर दी है।

महोदय, एम.एस.पी की कानूनी गारंटी आज भी सपना है। किसानों की आय दोगुनी करने के वायदे का क्या हुआ? यह सिर्फ राजनीतिक भाषणों में हो गया है। स्वास्थ्य और शिक्षा पर खर्च जीडीपी के अनुपात में अभी भी बहुत कम है। युवा को अच्छी शिक्षा नहीं, गरीब का इलाज नहीं, भारत विकसित राष्ट्र कैसे बनेगा?

क्या यह बजट महंगाई नियंत्रण पर समयबद्ध तरीके से योजना बनाएगा? क्या यह बजट सभी सरकारी रिक्त पदों पर भर्ती कैलेंडर जारी करेगा? पूर्वांचल के विशेष सहयोग पैकेज और एम.एस.एम.ई को सस्ता क्रेडिट और टैक्स राहत देगा ? क्या यह बजट इस संशोधन से किसानों के लिए एम.एस.पी की कानूनी गारंटी लागू होगी? शिक्षा और स्वास्थ्य के बजट में इजाफा होगा, जब ये सुधार नहीं होंगे] तब तक वित्त विधेयक बनते रहेंगे और जनविरोधी होते रहेंगे।

बजट का आकार बड़ा है, लेकिन कल्याण के लिए सीमित गुंजाइश है। वर्ष 2026-27 के लिए यूनियन फाइनेंस बिल में सरकार ने 44 लाख करोड़ से अधिक राजस्व संग्रह का अनुमान रखा है जो पिछले वर्ष से लगभग 10 परसेंट अधिक है।

सभापति महोदय, अभी ट्रेजरी बेंच के एक वक्ता सीएसआर फंड के बारे बखान कर रहे थे, आज पन्द्रह वर्ष हो गए, इतिहास बनाने का माननीय वित्त मंत्री जी को कभी-कभी अवसर मिलता है। अपने वित्त मंत्री के काल में 15 वर्ष हो गया, एक पाई सांसद फंड में नहीं बढ़ी, उसमें से जीएसटी लेकर एक करोड़ रुपय कम कर दिया, चार करोड़ रुपये कर दिया। एक इतिहास बना दीजिए, सांसद निधि को बढ़ा दीजिए।

सरकार का कुल कर्ज जीडीपी के 55 परसेंट पर बना हुआ है, इसका एक बड़ा कारण है कि ब्याज भुगतान ही कुल खर्च का लगभग 26 प्रतिशत है। कुल राजस्व का करीब 40 प्रतिशत खा जाता है यानी बजट का बड़ा हिस्सा पुराना कर्ज निपटाने में ही खर्च हो रहा है। इसका परिणाम साफ है, बजट में इन्फ्रास्ट्रक्चर और फिस्कल अनुशासन को प्राथमिकता दी जा रही है।

माननीय सभापति : माननीय सदस्य, कृपया अब कनक्लूड कीजिए।

श्री रमाशंकर विद्यार्थी राजभर : सभापति महोदय, आपकी घंटी बज गई है इसलिए अब मैं शेर के साथ अपनी बात समाप्त करता हूं।

" छेड़ने से मुख भी वाचाल हो जाता है
टूटने से शीशा भी काल हो जाता है
देश के गरीबों को इतना न सताओ लोगों
जलने से कोयला भी लाल हो जाता है।"

आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM): Sir, I rise to speak on the Finance Bill. This was part of the Budget which was presented by the Finance Minister on 1st February, 2026. It is one and a half months since then. Let us see what the

Budget means and what it is for. May I say that basically this Budget is a part of Atal Tinkering Lab. The Finance Minister has tinkered the budgetary movements and I will give you examples as to what she has actually done. There are no serious changes in tax structure, only tinkering. Some IT return timelines were pushed further and forms simplified. There are some changes in forms and then tax penalties. Prosecution rules have been eased. Again, the foreign firms sourcing services from Indian entities are to get 50 per cent tax safe harbour margin of costs among other benefits.

Sir, now, I come to Capital Gains Tax. Exemption on sovereign gold bonds is only when held from issuance to maturity. You will notice that these are small tinkering.

Also, if I say buybacks, they are to be taxed as capital gains, retail investors may benefit a little.

There is a one-time disclosure tax scheme for NRIs. The main thing is, The Government's tax gift, that is the Gift City. They are getting advantage year after year because Gift City is placed in Ahmedabad. They are getting advantages.

Sir, the Government has a good proposal, one among many. It proposes to exempt award given by motor accident claims tribunal from income tax. It is a good step.

Sir, there is a strange thing. The Prime Minister wants destination marriages to be held within India. But, the Finance Minister proposes to reduce TCS rates on the sale of overseas tour programme package from current five

per cent and 20 per cent to two per cent. The Prime Minister wants marriages to be held in India. The Finance Minister is giving tax benefits to marriages held outside India. I do not know why this difference is there.

Sir, the gross tax revenue to GDP ratio for FY 2027 is the lowest in six years. Is it a good thing? Sir, the Income Tax Department is saying that there will be new income tax law effective from April 1. It went to a Parliamentary Standing Committee, and again there is decriminalisation and compliance corruption. The Central Board of Direct Taxes say that they will decriminalise. Earlier they used to put everybody in jail, now they are saying that we are going for decriminalisation. To whom are you giving favour? It is the corporates.

Sir, one economist has said: “The budget has delivered a googly - the retrospective tax. Besides being greedy and unfair, retrospective taxes should also be illegal. Nothing is gained and much is lost in terms of investor confidence *via* this new tax.” This will net only about Rs. 200 crore a year. There will be a new tax on capital gains made by the purchase of sovereign gold bonds. So, retrospective tax, as they say, is criminal. Now, the main thing is, in our country, taxes are like this one-third personal income tax’ one-third corporate tax; and one-third GST collections. Now, let us see how we have done with regard to this.

The inequality in the country is emphasised and raises questions about the financial health of India's corporate sector. One catch is that agriculture is still exempt from taxation. So, half of Indians do not contribute anything to

national overheads. Having said that, let me look at what the condition of the economy is. A dollar is equal to Rs. 93. You know the condition of petroleum. The Prime Minister gave a long statement on how much petroleum reserves we have got. There is nothing to worry about. Every day, the possibility of energy prices rising is hanging on the people.

Now, having said that, let me put it this way. What are the main criticisms of this tax? The Bill focusses mainly on incremental or micro reforms rather than bold transformative changes. It is a continuity-based approach without significant policy innovation, tinkering, as I said.

Unlike previous years, there is no major tax relief or incentives for the middle class. This has led to concerns about reduced disposable income and consumption demand. Emphasis on fiscal consolidation may restrict Government spending on welfare and social sectors. It is happening. Education and health expenditure is going down. Critics argue that balancing deficit reduction with growth remains challenging. The States have raised concerns about limited tax devolution and increased reliance on cesses and surcharges, which are not shared. The Government imposes ceases and surcharges, which are not part of the divisible pool. This strains cooperative federalism and State finances.

Sir, there is uncertainty in tax administration. Provisions related to reassessment and updated returns lack clear timelines, leading to discretionary power for tax officers. This can create uncertainty. Critics note that the Bill does not adequately address external risks, unemployment and

sectoral distress. That is why there is opposition to this tax. One major objection is the absence of significant tax relief for the middle class. Another is the Bill's overemphasis on fiscal consolidation, growing use of cesses and surcharges, limited structural reforms, and tax administration provisions are very lax.

Sir, this Bill, which operationalises fiscal proposals, has spread over widespread criticism from Opposition parties, etc. You know the share market fell drastically on 1st February when the Finance Minister presented her ninth Budget. The Bill emphasises ‘fiscal discipline’. One of the foremost objections is that it fails to adequately address the pressing economic challenges facing the country. Issues such as unemployment, rural distress, sluggish consumption demand have not been sufficiently tackled. The focus on macroeconomic stability and long-term capital expenditure is seen as coming at the cost of immediate relief measures. Many economists believe that without boosting consumption, especially in rural and lower-income segments, economic growth may remain uneven and fragile. Another significant criticism relates to the perceived lack of relief for the middle class. Despite expectations of tax concession, the Bill provides limited direct relief to salaried individuals. Instead, certain measures, such as increased security transaction tax on derivatives, are viewed as participation in capital markets and reduce disposable income, thereby impacting consumption.

There is a higher compliance burden on taxpayers. Provisions relating to reassessment, updated returns and disclosure requirements have raised

apprehensions about increased scrutiny and administrative complexity. Industry bodies have pointed out the absence of clear timelines and safeguards. This may grant excessive discretionary power to tax authorities, potentially leading to harassment and litigation. Such concerns are particularly relevant for small and medium enterprises, which may lack the resources to deal with complex compliance requirements.

Regarding federal concerns from another area of objection, the State Governments have expressed dissatisfaction over continued reliance on censuses and surcharges, which are not shared under divisible pool of taxes. Although the States' share in Central taxes remains unchanged, the growing proportion of non-shareable revenues effectively reduces their fiscal space. This has led to strain on States, especially those with weaker revenue bases.

How many times do I have to repeat in this House that the Central Government is depriving West Bengal of its dues under the 100 days' work scheme or the Prime Minister's Awas Yojana? We have been deprived. The Finance Minister may respond by saying that the funds have been given to us. But nothing has been given to us. You have totally deprived West Bengal of its dues, amounting to Rs. 2 lakh crore. We shall continue to protest and show in the elections that the people of West Bengal also resent the same.

Sir, it has been mentioned that the Bill allegedly favours large corporations and high-income groups. One of the major steps taken by the Finance Minister was giving huge concessions in corporate taxes. She said that that was the way to really improve demand in this country. But all the

benefits are going to corporate houses. Corporates will not develop India unless the Government steps in, in a big way.

Tax incentives, ease of doing business measures, and investment-friendly provisions are seen as disproportionately benefiting big businesses and foreign investors. If I may mention, this ease of doing business is bogus. Even the World Bank has jettisoned this ease of doing business calculation; it is no longer in use. Only the Government of India uses the ease of doing business index. Opponents argue that such policies may exacerbate income inequality and contribute to a concentration of wealth. The absence of strong redistributive measures, such as enhanced social spending or targeted subsidies, has reinforced the perception of an inequitable fiscal strategy. So, the Finance Bill is essentially an inequitable fiscal strategy. The limited emphasis on welfare expenditure is another point of contention. The allocations for sectors like health, education, and social protection have not kept pace with rising needs. In a developing country with significant socio-economic disparities, fiscal policy should prioritise human development alongside economic growth. We are falling in the world's human development indices, and still the hon. Minister has no attention

The Bill focuses on capital expenditure. That is another formula that Government uses. They say that they are increasing capital expenditure. Only increasing capital expenditure without ensuring distributive justice is unfair. Capital expenditure involves large projects that often take 10 years to be completed, and this alone will not improve the financial health of the country.

Therefore, while capital expenditure is important for infrastructural development, it is insufficient to address immediate social challenges. The incremental nature of reforms proposed in the Bill are not acceptable. While continuity and stability are important, many experts feel that the Bill lacks bold structural reforms needed to transform the economy. Areas such as labour market reforms, agricultural modernization, and judicial efficiency require more decisive action. The absence of such reforms has led to criticism that the Bill is cautious rather than visionary.

There are also concerns regarding the impact of certain tax measures on specific sectors. For instance, higher transaction taxes and tighter compliance norms may adversely affect the financial markets and fintech ecosystem. Similarly, changes in customs duties and indirect taxes could have implications for manufacturing competitiveness and import costs.

Industry stakeholders have urged the Government to ensure that tax policies do not inadvertently hinder innovation and growth. Transparency and predictability in tax policy have also been questioned. Frequent changes in tax provisions and the introduction of new compliance requirements can create uncertainty for businesses and investors. A stable and predictable tax regime is essential for long-term planning and investment decisions. Therefore, this Finance Bill does not fully meet this expectation.

The Bill has limited focus on employment generation. While infrastructure investment can create jobs in the long run, very long run, there is a need for targeted measures to address immediate employment concerns,

particularly among youth. The absence of specific incentives for labour-intensive sectors has been viewed as a missed opportunity. Look at West Bengal. The State Government is giving Rs.1500 to all the youth as unemployment allowance. You do not announce even one concession for unemployed people. I request you to study the Lakshmir Bhandar in West Bengal, where all women are getting Rs.1500. You give nothing, being a woman yourself.

HON. CHAIRPERSON: Kindly address the Chair.

PROF. SOUGATA RAY: Sir, I will conclude. In conclusion, the objections to the Finance Bill revolve around concerns of inclusiveness, equity, and effectiveness. The Bill aims to maintain fiscal prudence and promote investment. It falls short in addressing the needs of the middle class, supporting vulnerable populations, and ensuring balanced regional development. The challenge lies in striking a balance between growth, stability, and social justice, ensuring that economic progress is both sustainable and inclusive.

Sir, since this is a Finance Bill, the Government has to raise money anyway. We have not given amendments but I say that the Finance Minister has failed us, dis appointed us in being blind to the real problems facing the country. Thank you. With that, I end my speech.

SHRI ARUN NEHRU (PERAMBALUR): Thank you, Chairperson, Sir. I rise to speak on the Finance Bill that has been presented recently. I want to start with addressing the inequality in the system, inequality that the Budget and the

Finance Bill has presented to this country.

Now, the provisional numbers for the tax collection, the personal income tax is about Rs.12.35 lakh crore and the corporate income tax is about Rs.9.68 lakh crore. You understand the inequality here, that the companies who are able to do business and pay taxes are paying less tax than the common man pays here. So, I want to understand the very ideological basis of where Viksit Bharat is heading and where is the socially progressive nature that our hon. Prime Minister has been espousing, in the speeches, in his Government. So, I want to know the stand through you.

Now, about 10.7 lakh companies file tax returns and the tax collection data shows that about 0.3 per cent of the companies actually pay 67 per cent of the tax. Sir, 0.3 per cent out of the 10 lakh companies and about 56 per cent pay no tax. I am pointing out here that it is not about no tax *versus* tax but I see the burden being shared across the pyramid. And the reason why I am saying that is that because these companies, these small companies, are not being given enough opportunity to grow and actually pay taxes. I am not trying to tell that they are not paying taxes but the opportunity loss is actually a lot larger. And these very rich companies are paying tax. It is creating a very unequal society and an opportunity loss here.

Now, regarding the litigation, the faceless assessment that the Government has brought in over the last three years, I would just give a status update. Sir, 5,39,863 cases are pending as on today. The amount that is being locked up is around Rs.18.16 lakh crore and our Budget is Rs.52 lakh crore.

You just see the amount of money that is being locked up in litigation in this. I also wanted to point out that 27 per cent of all litigation of the Central Government is only with the Finance Department.

We have a lacuna here. On one side, you want to collect taxes. On the other side, you have 27 per cent of litigation which is being conducted by the Finance Department. Let us just put it into an opportunity cost. You take seven per cent of Rs. 18.16 lakh crore, it is approximately Rs. 1.27 lakh crore, and to maintain this Rs. 1.27 lakh crore, the Government spends up to Rs. 50 crore of litigation cost per year for the Finance Department.

Now, if we do an opportunity-loss ratio analysis for us, for every one rupee that the Government spends in protecting that investment or the demand for Rs. 18.16 lakh crore, it is Rs. 1.27 lakh crore that the private investors or customers have to bear year after year. It is not for one year. So, the impact of one rupee that the Government is spending on litigation is 2,500 times onto the economy. The Finance Bill does not address this particular inequality.

Now, the vacancy in the Tax Department of direct taxes is about 36 per cent. Jaishankar Sir is here and he is also from my place, Trichy. Madam is also from Trichy. I will also be very happy if they start the recruitment from Musiri and Trichy Constituencies. We will offer the biggest job mela and the candidates so that they can fill the 36 per cent and do better collections.

I also want to point out that direct tax is actually costly to comply. These numbers tell you that it is very costly to comply, and it is very cost-efficient to have alternate avenues. The Government's intention to collect tax is actually

being defeated because of this convoluted idea of direct taxes in this Finance Bill.

Let us move on to GST, everybody's favourite topic here. We want to know what GST is because it impacts our everyday life and items. The Government went ahead with a rate cut assuming that it is going to give a buoyancy to the economy, expecting that the money is going to come back in rotation, and help the economy grow. Now, RBI's Consumer Confidence Survey actually said that there is no expenditure buoyancy after the tax cut of GST. Do you know why it is so? It is not because tax cut was effective, it was effective, but the Government's assumption that the money is going to come back into spending did not happen because our citizens thought that there is a lot of uncertainty ahead of time. So, the buoyancy did not happen and the share of wallet, the money that was being rotated actually decreased from 58 per cent to 54 per cent. So, the impact of Madam’s choice to reduce the GST is actually not helping us here also.

This GST reduction has actually impacted States' revenues also because States take revenue from GST collection, and this unilateral decision to take GST and not to compensate States is actually hurting them economically also. It is because most of the work of the people is actually being done by the State Government where certain amount of money, say about 34 per cent approximately comes from the Central Government for Tamil Nadu.

There is also this inverted duty structure issue where specifically for

agriculture, the tractor machinery is at 18 per cent today whereas the finished goods are at five per cent. So, the farmer has to actually bear more taxes and not being able to pass that benefit to the customer. This Budget has something called as new schemes. They had allocated up to Rs. 1 lakh crore asking this Parliament to pass that Bill for new schemes. The Parliament has not been told what the schemes are. Of course, it might be a Contingency Fund, but it can be told as a Contingency Fund. The Parliament has approved close to Rs. 1 lakh crore for new schemes. So, through you, Sir, I want to ask, Madam, to give us more clarity on what those funds will be spent for.

Now, as regards debt, about 56 per cent of our GDP is debt. It is okay to have debt as long as the economy is growing, as long as we are able to service debt, and as long as the tax collection is increasing. We are all for sustainable debt. But I also want to point out that certain areas of the Budget such as the Railways are taking indirect debt in lieu of leases. Close to 25 per cent of Railways Budget has been allocated for lease servicing. So, rather than taking debt up front, they are going to take lease, which is going to provide for future cash flow problems. So, I want this House's attention that lease is another form of debt, which is actually not shown in books. It is not good for the growth.

Now, I also want to point out that every State has been fixed a limit for borrowing. It is a good thing because you do not want undue borrowing which can hurt finances. This House has passed the Fiscal Responsibility and Budget Management (FRBM) Bill, which has been passed about five years

ago. Still, the Union Government is failing to follow, but it is asking the States to follow a fiscal discipline.

I think the Union Government has no *locus standi* if they do not follow the FRBM Bill. I want them to follow the FRBM Act so that more money is passed to the States and we can still do a better job.

The Government has been going on about Free Trade Agreements. I also want the House to know what is the status of the Free Trade Agreements. We must know if the Free Trade Agreements help us in terms of giving us the revenues, investments, job opportunities, assets. India's trade volume has increased, but you also should note, so has the trade deficit, that is, the amount that we have to pay others for the FTA. I would point out four FTAs. The ASEAN treaty which was signed in 2010 had a trade deficit of USD 35 billion as on today. The UAE treaty which was signed in 2022 has a trade deficit of USD 26.7 billion dollars. The Japan treaty signed in 2011 has a trade deficit of USD 10.8 billion. The South Korea treaty signed in 2010 has a trade deficit of USD 14.72 billion. Trade deficit is an ongoing account. You can keep rolling on the account to the next year and we must ensure that our balance is better than to pay us. This FTA has helped us increase the trade but it has also increased our debt levels *vis-a-vis* the dollar amount and that is why you see the pressure on the rupee year after year.

Now what this tells us is that the contributing States, the southern States like Tamil Nadu for example, not only have to work for the Union Government but for Vietnam and China also because of this trade deficit. So, we have to

pay for the dollar deficit and work here in India. Now out of all this, the Free Trade Agreement has led us to a point where the rupee is actually working for the dollar, and not the other way around. So, we are actually working for the dollar to increase and our rupee is actually being continuously devalued.

Another favourite topic of the Treasury Benches is the PLI. Let me take up the specific Production Linked Incentive Schemes on electronics. The Government wanted to do the electronics. It has its own reason because they want to be geopolitically independent of our adversaries. It is a very good scheme; the intent was good there. But what had happened is that 10 companies were given an amount of Rs.1.6 lakh crore which is 50 per cent of the capital expenditure on producing in focus areas called semiconductors and the electronic components which make us independent for defence and our ability to export. Now the core material for all these electronics is polysilicon ingot. The polysilicon material that goes into all the electronic chips, 100 per cent of it is actually imported from our adversary country today. So, Rs.1.6 lakh crore has actually made us into a huge labour shop. We have not increased our capability to be independent of our adversary. We have not developed our capability to export and we have not developed our capability to attract more dollars. So, this incentive that is given has actually made us into a labour shop. We are not even adding value to the total semiconductor ecosystem. So, we are actually shortchanged. I do not know for what intention they have done it but this has led us to a place where we are in a very difficult spot and our adversary holds our fully polysilicon ingot. That being said, polysilicon ingot

can be done in this country. Our country has got enough capabilities. So, not just at the top level, you can work from the bottom level also. Our States especially Tamil Nadu and the southern States will be happy to help you also.

I would want the House to note that this is a very critical juncture where the Government should be made aware of AI models. I mean everybody is impacted by AI today and India is the largest provider of data for these AI models. We have developed an ecosystem where the Government has come up with schemes to attract AI data centres where we give the basics, the electricity, the water, the land and the basic labour and what we get back for us, they assume it is labour but it is not labour. Our data which these models use is actually going free of cost and we are taking our own grid. Our grid is not even 110 percent; it is actually much lesser. So, the electricity that has to go for other productive uses and other productive labour is actually moved to a data centre and we pay those data centre models with our electricity and the subscription cost which most of the members are paying. So, this imbalance needs to be corrected very soon and our share of work through data must also be cashed out.

As for R&D, India's R&D is about 0.6 percent and today, without R&D, we cannot innovate, we cannot move forward. So, this House must also note that R&D budget of Israel, a smaller country, is above two percent. So, this Government should take notice to increase the R&D and actually follow certain models which Tamil Nadu has excelled at. We will be happy to share it with the Central Government in terms of manufacturing where it can give jobs and also

innovate.

16.00 hrs

Sir, now I would like to come to the State's share of revenue. NITI Aayog has given us up to 41 per cent devolution of Central funds. The cess amount has increased from seven per cent 10 years ago to 10 per cent. The cess amount goes only to the Central Government. I have told this before also: what this cess amount does is that it actually reduces the devolution of 41 per cent, and effectively Tamil Nadu, as a State, is only getting 34 per cent from the Central Government because of the Centrally-sponsored schemes, rather than the full amount of 41 per cent.

Sir, in fact, one of the suggestions that we want to make is regarding the GST collection. I request the Central Government, through you, to make an automatic deposit in the State's account, rather than taking one month, tallying the accounts, waiting for the salaries, and then moving it to the account, which actually takes about 45 days. It is not only for me; all the NDA-ruled States are also facing this problem. So, from the State's point of view, it is much easier if the cash flow comes upfront. I would like to request for this mechanism through you.

Now, certain Members have apprehensions about free schemes. They call them free schemes, but I will tell you why these are not free schemes. These are schemes that empower women, specifically in Tamil Nadu's case. I want to present Tamil Nadu's case not to showcase that we are doing really well, which we are, but to showcase it so that other States can learn from us

and actually improve the national average.

Now, there are women-centric schemes. There is the bus transport scheme for women, which helps women in domestic areas to move around without any cost. There is also a scheme for girl students and boy students to get into college. This is the thousand-rupee scheme. There is also a laptop scheme there. There is also the Naan Mudhalvan scheme, which enables students to go into competitive exams in the country and serve the public. There is also a scheme where all Government school students who have passed NEET, in spite of the inequality, are given full fees by the Government.

I am saying all this to note that Parliament can also learn from this, but I also want to mention the outcome. What is the outcome? What do these schemes do? Rather than people thinking only about the top line, these schemes are actually reducing financial stress. The outcomes are that - the Regional Rural Banks all over the country - Tamil Nadu's Regional Rural Banks have the lowest NPAs, because this money goes into servicing agriculture loans and student loans, and they are able to keep NPAs in check.

There is a drastic reduction in high-interest rate usury cases. If you see the last five years, there is a decrease in usury cases. Hence, domestic participation in governance has also increased. There is also a higher than 40 per cent female labour participation rate. It is the highest in the country. So, you can assume that they have got the schemes from the Government and can stay idle at home - No. They are actually contributing to the economy because their problems are being sorted out by the Government. They are

contributing to the Government's growth.

Now, about the GDP growth announced by the Central Government, Tamil Nadu has got 11 per cent. We are still doing faster, it is 11.3 per cent, in fact.

Now, I would like to come to MGNREGA. It is again a favourite topic of the people here. I would just like to point out one data point. In Tamil Nadu, under MGNREGA, for every 100 rupees, the Reserve Bank of India, through the National Sample Survey Office, has said that the social return on investment is 148 rupees in terms of labour savings, asset creation, and social equality.

So, I want the House to know that MGNREGA is actually creating wealth, and you can follow Tamil Nadu's model in terms of creating this SROI.

Now, the point is that GDP data has three classifications of measurement. The primary sector is agriculture and mining. The secondary sector is construction and manufacturing, and the tertiary sector is trade and finance. Now, about value addition: for one rupee of value addition that the farmer does, he gets about 18 per cent; manufacturing gets about 25 per cent; and trade and the tertiary sector gets 56 per cent. The Government spends the maximum on the 18 per cent. You understand that the Government's return on investment on spending in the primary sector is only 18 per cent, but the maximum value is taken by somebody else.

So, I want the Government's attention to be drawn to the fact that the balance in Budget allocation needs to be readdressed so that farmers get

more money and the return on investment is also improved.

Now, I would also like to conclude by saying that in Tamil culture, Sir will also join me, Tamil culture has never been won from the outside. In fact, those who have co-opted with Tamil Nadu have actually grown with Tamil Nadu in terms of history. So, I also want to tell the Union Government: you co-opt with us, you work with us, and we will contribute more than you can imagine to the Government's growth. I also want to conclude with this that for the nation's growth, *"Tamil Nadu will fight for it's right and Tamil Nadu will win."* Thank you Vanakkam.

श्री सुनील कुमार (वाल्मीकि नगर) : धन्यवाद, सभापति महोदय, आज मै वित्त मंत्री जी द्वारा पेश किए गए वर्ष 2026-27 के आम बजट एवं वित्त संबंधी उल्लेखनीय विषयों, जो कि देश की वर्तमान जरूरत है, पर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। इस अवसर हेतु मैं सदन का आभार व्यक्त करता हूं। साथ ही, मैं आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को वर्ष 2026-27 का एक दूरदर्शी, समावेशी और विकासोन्मुखी बजट प्रस्तुत करने के लिए हार्दिक बधाई देता हूं। भारत सरकार ने अपने आम बजट में देश के कल्याण हेतु कई सराहनीय कदम उठाए हैं, जो आर्थिक सुधारों की दिशा में काफी उल्लेखनीय हैं।

केंद्रीय बजट वर्ष 2026-27 का कुल व्यय 53.5 लाख करोड़ रुपये है, जिसका मुख्य फोकस बुनियादी ढांचे, एआई टूल्स और रोजगार सृजन पर फोकस करना है। भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और आने वाले वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है। कृषि के क्षेत्र में भारत का विस्तार, एआई टूल्स के माध्यम से उत्पादकता बढ़ाने और जोखिम कम करने पर जोर दिया गया है। रक्षा क्षेत्र के पेंशन में 6.56 प्रतिशत की वृद्धि और पूर्व सैनिकों के लिए 'ईसीएचएस' को 12,100 करोड़ रुपये का

..... English translation of this part of speech was originally delivered in Tamil.

आवंटन किया गया है। विनिर्माण और ऊर्जा की बात करें, तो लिथियम-आयन, सोलर ग्लास और नागरिक विमानन घटकों पर सीमा शुल्क 'बीसीडी' में छूट दिया गया है। यह बजट ग्रामीण, गरीब, युवा, महिला और किसान कल्याण को प्राथमिकता देता है। आधारभूत संरचनाओं की मजबूती के साथ देश, रेल सेवाओं, सड़कों के देशव्यापी नेटवर्क, ऊर्जा क्षेत्र, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा, डिजिटल भारत, एमएसएमई, लघु उद्योग और सौर ऊर्जा पर अभूतपूर्व कार्य कर रहा है।

यह आम बजट सर्व-स्पर्शी, समावेशी और संतुलित बजट है। जिसमें 'सबका-साथ, सबका-विकास और सबके विश्वास' की सामाजिक समभाव की दृष्टि निहित है। उक्त विषय के समर्थन के साथ सदन के माध्यम से माननीय वित्त मंत्री जी को धन्यवाद देते हुए अपने लोकसभा क्षेत्र की समस्याओं पर भी सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।

मेरा संसदीय क्षेत्र बाढ़ प्रभावित क्षेत्र है। प्रत्येक वर्ष नेपाल की पहाड़ी नदियों की भीषण बाढ़ से यहां जान-माल और लाखों की संपत्ति का भारी नुकसान होता है। गंडक नदी के कटाव से बगहा वासियों का जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित होता है। बाढ़ से हर साल न केवल फसलों की बर्बादी होती है, बल्कि हजारों लोगो के घर उजड़ जाते है। बाढ़ नियंत्रण और गंडक के कटाव अवरोध के कार्यों पर हर वर्ष सरकार का करोड़ो रुपया खर्च होता है। अगर वाल्मीकिनगर गंडक बराज से चखनी, रजवाटिया, बगहा प्रखंड-1 तक पक्का गाइड बांध बन जाये, तो गंडक नदी की बाढ़ से स्थायी निजात मिलेगी। इसके लिए वित्त संबंधी समस्याओं का निराकरण हो।

वर्षों पूर्व 9 जनवरी 2023 को वाल्मिकि नगर में लैंड कस्टम स्टेशन का उद्घाटन किया गया था, लेकिन अभी भी यह सुचारू रूप से चालू नहीं हो सका है। भंसार कार्यालय के न होने से भारत-नेपाल सीमा पर व्यापारी बंधुओं को काफी कठिनाइयां आ रही हैं। इस पर भी ध्यान दिया जाए, ताकि यह सुचारू रूप से चल सके। वाल्मिकि नगर लोकसभा क्षेत्र के निम्नलिखित स्थानों पर बैंक की मांग है, जो इस प्रकार है- मधुबनी, पिपरासी, भीतहां और ठाकरहां प्रखंड के साथ साथ नरकटियागंज के मथुरा, प्रखंड बगहा-1 के भैरोगंज एंव इंगलिशिया तथा सेमरा चौक, नौतन के पकडिया, कर्पूरी चौक के नजदीक और गौनाहा, पिपरा चौक एंव मंझरिया आदि पर राष्ट्रीयकृत बैंक

खोलने की मांग बहुत दिनों से चला आ रही है। इस पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए प्राथमिकता के साथ बैंक खोला जाना चाहिए।

मेरे लोक सभा क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 727 पर टाईगर रिजर्व क्षेत्र में मंगलपुर एसएसबी कैम्प से मदनपुर-पनियहवा हिस्से को वैकल्पिक मार्ग के रूप में वीटीआर के बाहर-बाहर प्रस्तावित बगहा के शास्त्रीनगर-बेलवनिया पुल सह सड़क मार्ग के प्रस्ताव पर वित्त संबंधी बाधाओं को दूर करते हुए इसका कार्य कराया जाय चाहिए। वाल्मिकि नगर में एयरपोर्ट के निर्माण के लिए शीघ्र अतिरिक्त राशि आवंटित हो, ताकि यह जल्द ही ऑपरेशनल हो सके। वाल्मिकि नगर में प्रस्तावित तारामंडल निर्माण के लिए शीघ्र टेंडर और राशि का आवंटन हो।

मेरा लोक सभा क्षेत्र, तीनों सर्किट, जैसे रामायण सर्किट, वाल्मीकि आश्रम, गांधी सर्किट, भितिहरवा आश्रम, बौद्ध सर्किट, अशोक स्तंभ, रमपुरवा स्तंभ, जिसके गिरने के बाद इसका एक स्तंभ का शीर्ष, वृषभ जो माननीय राष्ट्रपति जी के मुख्य द्वार पर संरक्षित है और दूसरे स्तंभ का शीर्ष- सिंह कलकत्ता के विक्टोरिया म्यूजियम में संरक्षित है।

माननीय सभापति महोदय, आपके माध्यम से आग्रह करता हूं कि वाल्मीकि आश्रम, भितिहरवा आश्रम, अशोक स्तम्भ, रमपुरखा स्तम्भ और नंदनगढ़, चानकीगढ़ जो कि हमारी पुरातन धरोहर है। इसका वृहत अध्ययन पुरातत्व विभाग, कला एवं संस्कृति विभाग, पर्यटन विभाग, वन एवं पर्यावरण विभाग की संयुक्त अध्ययन टीम बनाकर कराया जाए।

इसका पर्यटन की दृष्टि से विस्तार और सौंदर्यीकरण करवाया जाए, जिससे वाल्मीकि नगर एक अच्छा पर्यटक क्षेत्र बन सके। वाल्मीकि नगर को बिहार का कश्मीर भी कहा जाता है। वाल्मीकि नगर में सौंदर्यता, सौम्यता और पुरातन इतिहास विद्यमान है। उसको विकसित करने के लिए माननीय वित्त मंत्री जी से अतिरिक्त धनराशि उपलब्ध कराने की मैं मांग करता हूं।

अंत में, मैं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी और बिहार के यशस्वी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी को धन्यवाद अर्पित करता हूं, जिनके कुशल नेतृत्व में देश और बिहार आगे बढ़ रहा है।

SHRI ANIL YESHWANT DESAI (MUMBAI SOUTH-CENTRAL): Thank you, hon. Chairperson, Sir.

Sir, the Finance Bill, 2026 is a comprehensive Budget presented by FM Shrimati Nirmala Sitharaman *ji*, outlining the key policies and initiatives for the fiscal year 2026-2027. The Bill mainly focusses on promoting economic growth, simplifying taxes, and enhancing infrastructure development.

Sir, as far as tax reforms are concerned, while the introduction of a new Income Tax Act for simplification of tax structures, is a welcome step, it is yet to be understood by the middle-class taxpayers at large. The reduction in corporate tax, especially MAT, that is, Minimum Alternate Tax, which is given has made, to an extent, corporates a happy entity. But as far as the middle-class is concerned, nothing much has come to their way as a sort of relief. On the contrary, STT, that is, Securities Transaction Tax, increased in the Budget, has already adversely affected the middle-class in their activities as far as the capital market is concerned.

Another strange thing is the medical insurance premium. When we speak about the health, the level at which the medical insurance premium -- which is really a great help to the senior citizens of our country and even the retired employees all over, be it from the corporates or the Government sector -- has been hiked, it has become absolutely unaffordable for the senior citizens and retired people to go for the medi-claim policies and that is affecting their health. I would request the hon. FM to look into this and advise, and instruct the Government insurance companies to reconsider the premium.

Another thing is the infrastructure development. Now, there is a huge outlay of Rs. 12.2 crore for capital expenditure, focusing on basically roads, railways and urban development. The objective of this Government for this huge outlay is to reduce logistic costs and strengthen domestic manufacturing. There is a thrust for Tier II and Tier III cities to be developed on the lines of metro cities. Also, temple towns have been included in that. Emerging economic regions have been prioritized for development in this Budget. The aim of the Government is no doubt genuine, but the reality on the ground is far from the picture. What is wrong?

Today, the metro cities face too many issues in providing basic amenities like water, good roads, even electricity, and there is a problem of clean air -- that is the pollution -- what we are fighting for. There is an ever increasing pollution and an ever increasing population of metros, as people from rural or semi-urban areas rush to metro cities in search of jobs and a house to live in. Unemployment is rising by the day and there is a rise in inflation due to war escalation in West Asia. In time to come, we will see that this will be a serious issue in every household across the States.

Manufacturing boost has been provided by way of initiatives for electronics, textiles, and biopharma sectors. Now, as regards Biopharma SHAKTI, there is a Rs. 10,000 crore initiative for over five years to position India as a global pharma hub. The programme aims to develop India as a global pharma manufacturing hub by building an ecosystem for domestic production of biologics and biosimilars, thereby reducing import dependence

on the complex biologic medicines.

The initiative is expected to boost India's biopharma sector, promote innovation, and improve access to affordable healthcare. It also intends to position India as a global medical tourism destination. However, at present, our dependence on the import of biologic medicines has grown year on year. Also, the overall position in healthcare should have been much stronger as an emerging economy like ours, with a population of over 140 billion, requires significant emphasis on the health sector.

The condition of health infrastructure across the States in India is precarious. Government hospitals in cities and districts, and primary health centres in rural and semi-urban areas, run short of doctors, beds, nurses, and medicines. The building infrastructure is also in a very dilapidated condition. A few private hospitals in the country, coupled with institutions like AIIMS, try to cover the scenario in the health sector. The Government needs to improve the present condition, in consultation with the State Governments, in order to achieve the intended goals in the future.

Now, I come to support for MSMEs and startups. The hon. Finance Minister has highlighted measures aimed at micro, small, and medium enterprises, including a Rs.10,000 crore growth fund and an expanded Credit Guarantee Scheme. The increased provision of Rs.10,000 crore for the SME growth fund, alongside the self-reliant fund, is expected to provide much-needed equity and risk capital to micro enterprises. MSMEs presently face intense challenges in procuring credit and funds required for their working

capital. It is expected that this budget provision would help them unlock the full potential of the sector. MSMEs contribute significantly to the GDP of our country and are a potentially resourceful sector as far as employment is concerned.

The Government should ensure that financial institutions like public sector banks, private banks, and NBFCs simplify the process of credit access for MSMEs and reduce compliance measures. These often act as hurdles in the way of their progress. The MSME sector should see that once compliance hurdles are minimized, the real export potential can be accessed.

In the field of education, the allocation of Rs.1.39 lakh crore to the Ministry of Education shows an increase of 8.27 per cent from the previous year. Five university townships will be developed along industrial corridors; one girls' hostel will be established in every district of STEM institutions; ABGC content creator labs will be set up in secondary schools; and 500 colleges under NIPER, along with existing institutions like NIPER Guwahati, will be upgraded. Though these measures are meant to improve the education system in the country, the truth is far from reality.

The condition of teachers in both urban and rural areas is pathetic. The divide between urban and rural education has widened to such a level that it cannot be compared. Within cities too, low middle-class, poor, and underprivileged children are deprived of their right to education. Private universities have no correlation with state universities as far as their curriculum or syllabus is concerned. The number of students opting for foreign universities

is rising year by year, as we lack standard education infrastructure. The Government needs to analyse the situation, engaging experts from the field and in consultation with the States, to fortify the higher education system.

As far as agriculture is concerned, it has received Rs.1.32 lakh crore in this budget. Agricultural research and education have been allocated Rs.9,967 crore, which is, surprisingly, 4.8 per cent decrease from the previous year, and this may have a negative impact on the overall agricultural sector. Rs.1.70 lakh crore have been allocated as fertiliser subsidy to support farmers.

Now, the grim situation we are witnessing in West Asia has added to the worries of farmers as to whether fertilisers will be available. This morning, when the hon. Prime Minister was making a statement, he emphasised that during the Kharif season, efforts will be made to ensure that farmers are not hampered or deprived of their rights, and that the best possible crop is achieved by providing them with the required fertilisers.

The climate resilient agriculture initiatives to promote efficient water use, precision farming and climate adapted seeds have also been in the agriculture allocations. Kisan Samman Nidhi should have received a significant hike which was the expectation of the farmers which is belied by this Government.

Sir, now coming to the situation in Maharashtra, as stated earlier after the Budget was declared, our hon. Chief Minister of Maharashtra had stated that Maharashtra will be receiving one lakh crore rupees by way of tax devolution to the extent of Rs. 89,000 crore and then Rs. 12,555 crore have been allocated for 14 infrastructure projects in Maharashtra. If we observe

minutely, we come to know that all these projects were in progress and now, because of the escalation in the cost, this will only benefit the contractors and it is not in the way, the way development should have taken place 2-3 years back. I mean that has been continuing and we have to pay the escalation costs and we have to pay through the loans.

Now, the MOU was signed at Davos, the global investment platform. How many contracts, how many MOUs, have come or materialized in Maharashtra? That also needs to be seen. Private investment in Maharashtra has not done any significant development for the Maharashtra and it is yet to come. Only rosy pictures are drawn by the day.

Yesterday or day before yesterday, there was a very bad report in the newspaper for Maharashtra. It is about Right to Education. Some conditions which were laid down by the State Government of Maharashtra have been struck by the Supreme Court of India. Hon. Supreme Court came to the rescue of the marginalized students and that is really shame for a progressive State like Maharashtra. The poor students were deprived of getting into good educational institutions. That has been set right by the Supreme Court.

Secondly, now, I come to Pune-Nashik rail corridor. That triangular road from Mumbai-Pune and Pune-Nashik which was being built, that has come to a standstill. That has almost come to a halt. So, these are the projects. High speed rail is not the need of the people of Maharashtra. Instead, we need good things in the health sector, in the education sector, in the infrastructure sector but it should have a time-bound programme and it should not be meant for the

contractors, but for the people of Maharashtra.

Today, the Government of India has a huge debt which is amounting to Rs. 214 lakh crore and we are paying and in 2026-27, provision to the extent of Rs. 14.4 lakh crore has been made which is ten per cent higher than what we are paying by way of interest. It is higher than what we have paid last year.

Summarising the Budget, it is seen that the Government aims to limit fiscal deficit to 4.3 of the GDP compared to 4.4 last year. Debt to GDP ratio is estimated to be 55.6 per cent of the GDP compared to 56.1 per cent. So, fiscal consolidation is definitely taking place but whatever calculations are made or whatever has been presented and the Demands for Grants which were presented in the House, day by day, what we see is that all calculations are collapsing because of the situation which is happening or the statement made by the Prime Minister. I would urge the Government to see that resources are mopped up in a proper way to see that common man of India does not suffer and we stand the ground and we as an emerging economy, we head towards becoming Viksit Bharat.

श्री रविन्द्र दत्ताराम वायकर (मुम्बई उत्तर-पश्चिम) : धन्यवाद सभापति महोदय, मैं आज अपनी पार्टी शिवसेना की तरफ से इस ऐतिहासिक वित्त विधेयक का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं सबसे पहले आदरणीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और हमारी दूरदर्शी वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को हृदय से धन्यवाद और बधाई देता हूं।

महोदय, एक समय था जब भारत की अर्थव्यवस्था को फ्रेजाइल फाइव में गिना जाता था, लेकिन आज यह आदरणीय प्रधान मंत्री जी के कुशल नेतृत्व और वित्त मंत्री जी के स्पष्ट विजन का ही परिणाम है कि वैश्विक चुनौतियों और उथल-पुथल के बावजूद, भारत पूरी दुनिया में फास्टेस्ट

ग्रोइंग इकोनॉमी बनकर उभरा है । इतने संकट होने के बाद भी, माननीय पंत प्रधान जी ने जो उनका कर्तव्य था कि हम किस स्थिति से गुजर रहे हैं, मैं इसके लिए उनको धन्यवाद देता हूं। यह बजट और वित्त विधेयक केवल कुछ आंकड़ों का दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने का एक बहुत बड़ा कदम है।

शिवसेना हमेशा से देश और महाराष्ट्र के विकास के साथ खड़ी रही है। यह फाइनेंस बिल, 2026 उसी विकास यात्रा को नई गति देने वाला है । महोदय, किसी भी देश का विकास उसके टैक्स कलेक्शन पर निर्भर करता है और मुझे यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि हमारी सरकार का टैक्स कलेक्शन अनुमान से कहीं बेहतर रहा है।

महोदय, मुझे सदन को यह बताते हुए बहुत गर्व है कि हमने अपना वादा पूरा करते हुए फिस्कल डेफिसिट को जीडीपी के 4.5 पर्सेंट से नीचे ला दिया है । वर्ष 2025-26 में हमारा फिस्कल डेफिसिट 4.4 पर्सेंट है और बीई वर्ष 2026-27 के लिए इसे और घटाकर 4.3 पर्सेंट रखा गया है, जो हमारी बेहतरीन फिस्कल प्रूडेन्स का सीधा प्रमाण है। वर्ष 2025-26 में हमारा टोटल एक्सपेंडिचर 49.6 लाख करोड़ रुपये रहा, जिसमें 11 लाख करोड़ रुपये का कैपिटल एक्सपेंडिचर शामिल है। आगामी वर्ष 2026-27 के लिए टोटल एक्सपेंडिचर 53.5 लाख करोड़ रुपये और नेट टैक्स रिसिप्ट्स 28.7 लाख करोड़ रुपये अनुमानित हैं। इसे फाइनेंस करने के लिए हमारी नेट मार्केट बोराइंग्स11.7 लाख करोड़ रुपये रहेंगी। यह हमारी मजबूत और अनुशासित अर्थव्यवस्था की एक शानदार तस्वीर है। बजट 2026 के तहत, वित्त मंत्री जी ने 1 अप्रैल से शुरू होने वाले अगले फिस्कल ईयर के लिए डायरेक्ट और इनडायरेक्ट टैक्सेज़ का शानदार लक्ष्य रखा है । सरकार ने स्टैडी इकोनॉमिक ग्रोथ और इंप्रूव्ड कंप्लायंस के दम पर ग्रॉस टैक्स रेवेन्यू का टार्गेट 44.04 लाख करोड़ रुपये रखा है। नेट टैक्स रिसिप्ट्स 28.67 लाख करोड़ रुपये पर पहुँच गई हैं, जो पिछले साल 26.75 लाख करोड़ रुपये थीं। इनकम टैक्स रिसिप्ट्स में भारी उछाल आया है। यह 13.12 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 14.66 लाख करोड़ रुपये हो गई हैं। कॉरपोरेशन टैक्स कलेक्शन्स भी मजबूत कॉरपोरेट प्रॉफिटेबिलिटी के कारण 11.09 लाख करोड़ से बढ़कर 12.31

लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है । इनडायरेक्ट टैक्स में भी अच्छी ग्रोथ है । जीएसटी कलेक्शन्स 10.19 लाख करोड़ रुपये अनुमानित है, जो व्यापार में पारदर्शिता का प्रमाण है । कस्टम ड्यूटी कलेक्शन्स 2.71 लाख करोड़ रुपये और यूनियन एक्साइज ड्यूटीज़ 3.89 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जो स्टेबल फ्युल डिमांड को दर्शाता है।

महोदय, इस फाइनेंस बिल में सरकार द्वारा बहुत से ऐसे बेहतरीन प्रावधान किये गए हैं, जिनका सीधा फायदा समाज के हर वर्ग - छात्रों, महिलाओं, व्यापारियों और किसानों को मिलेगा। जुलाई 2024 में इनकम टैक्स एक्ट का जो कंप्रिहैंसिव रिव्यू शुरू हुआ था, वह रिकॉर्ड समय में पूरा हुआ और नया इनकम टैक्स एक्ट 1 अप्रैल, 2026 से लागू होगा।

महोदय, यह मेरा बहुत बड़ा सौभाग्य था कि मुझे आदरणीय जय पांडा जी की अध्यक्षता में इस बिल को एनालाइज करने वाली कमिटी का सदस्य बनने का मौका मिला। हमने बहुत डिटेल्ड तरीके से हर बिंदु को पढ़कर सरकार को अपने सुझाव दिए, जिन्हें सरकार ने खुले मन से स्वीकारा भी है। उसकी 36 बैठकें हुईं। एलआरएस और टीसीएस में बड़ी राहत मिली है। हमारे देश का मध्यम वर्ग अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए विदेश भेजता है। छात्रों और मरीजों को बड़ी राहत देते हुए एलआरएस के तहत एजुकेशन और मेडिकल परपज़ के लिए टीसीएस रेट को 5 पर्सेंट से घटाकर मात्र पर्सेंट कर दिया गया है।

छोटे टैक्स पेयर्स को सहूलियत, स्टूडेंट्स, यंग प्रोफेश्नल्स, टैक एम्प्लॉइज़ और एनआरआईज़ की प्रैक्टिकल दिक्कतों को दूर करने के लिए एक बार के लिए 6 month foreign asset disclosure scheme लाई गई है । इससे उन्हें बिना किसी डर के अपने एसेट्स डिस्क्लोज करने का मौका मिलेगा।

ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस यानी ऑडिट या फाइनेंशियल ट्रांजेक्शंस से जुड़े टेक्निकल डिफॉल्ट की पैनल्टी को अब फी में बदल दिया गया है, जिससे व्यापारियों में टैक्स टैररिज्म का डर खत्म हो गया है और व्यापार में आसानी हो गई है।

सहकारिता को बढ़ाना यानी प्राइमरी कॉर्पोरेट सोसाइटी के लिए डिडक्शन का दायरा

बढ़ाकर उसमें कैटल फीड और कॉटन सीड को भी शामिल किया गया है। महोदय, महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव्स का बहुत बड़ा हब है। यहाँ लाखों किसान सहकारिता से जुड़े हैं, इससे हमारे राज्य के ग्रामीण अर्थतंत्र को बहुत बड़ा बूस्ट मिलेगा।

16.30 hrs (Shri Jagdambika Pal *in the Chair*)

आईटी और एक्सपोर्ट सेक्टर में आईटी सर्विसेज़ के लिए सेफ हार्बर की लिमिट 300 करोड़ रुपये से बढ़ाकर दो हजार करोड़ रुपये कर दी गई है, जिससे एमएमआर और पुणे जैसे आईटी हब्स को सीधा लाभ होगा। सी-फूड प्रोडक्ट्स के एक्सपोर्ट के लिए ड्यूटी फ्री इंपोर्ट की लिमिट एक प्रतिशत से तीन प्रतिशत हो गई है। शू-अपर्स के एक्सपोर्ट के लिए भी ड्यूटी फ्री इंपोर्ट की सुविधा मिलेगी, जिससे मुंबई और महाराष्ट्र के निर्यातकों को ग्लोबल बाजार में प्रतिस्पर्धा करने में मदद मिलेगी।

सभापति महोदय, डिफेंस और हेल्थ सेक्टर में 'आत्मनिर्भर भारत' पहल को मजबूत करने के लिए सिविलियन, ट्रेनिंग और डिफेंस एयरक्राफ्ट्स के पार्ट्स पर बेसिक कस्टम ड्यूटी माफ कर दी गई है। इसके अलावा, मरीजों, खासकर कैंसर पीड़ितों के प्रति गहरी संवेदना दिखाते हुए 17 दवाओं और सात रेयर डिजीज़ के इलाज के लिए फूड फॉर स्पेशल मेडिकल परपजेज़ के इंपोर्ट को ड्यूटी-फ्री किया गया है।

माननीय सभापति : कृपया संक्षिप्त कीजिए।

श्री रविन्द्र दत्ताराम वायकर : महोदय, मैं अकेला स्पीकर हूँ। ... (व्यवधान)

माननीय सभापति : केवल उधर की घंटी नहीं बजती, इधर की भी घंटी बजती है। आप लोग समझते हैं कि एक तरफ की ही घंटी बजती है। इधर की भी घंटी बजती है।

श्री रविन्द्र दत्ताराम वायकर : सभापति महोदय, मैं इस सदन का ध्यान देश के ग्रोथ इंजन यानी महाराष्ट्र की ओर खींचना चाहता हूँ। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 15,26,254.58 करोड़ रुपये के कुल टैक्स डिवॉल्यूशन में से महाराष्ट्र को 98,306 करोड़ रुपये मिलने वाले हैं। यह पिछले वर्षों की तुलना में एक बड़ी वृद्धि है, जिसके लिए मैं सरकार का आभारी हूँ, लेकिन मैं विनम्रता के साथ

यह भी कहना चाहता हूँ कि महाराष्ट्र और मुंबई देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। वर्ष 2020-21 और 2024-25 के बीच महाराष्ट्र ने देश के कुल रेवेन्यू में 36.1 प्रतिशत का भारी-भरकम योगदान किया है, लेकिन सेंटर्स टैक्स डिवॉल्यूशन में उसे केवल 6.65 प्रतिशत ही वापस मिला है। मैं इस सरकार से विनती करता हूँ कि महाराष्ट्र और एमएमआर के बुनियादी ढाँचे के लिए हमें और अधिक केंद्रीय सहयोग मिलना चाहिए।

इस बजट में महाराष्ट्र के लिए नई शानदार पहल की गई है। मुंबई-पुणे और पुणे-हैदराबाद हाई स्पीड कॉरिडोर्स से हमारी जीडीपी को एक नई उड़ान मिलेगी। एमएमआर, पुणे मैट्रोपॉलिटन रीजन और नागपुर मैट्रोपॉलिटन ग्रोथ हब के लिए अगले पाँच वर्षों में प्रत्येक को पाँच हजार करोड़ रुपये का जो आवंटन किया गया है, वह इन शहरों की तस्वीर बदलने वाला है।

हर जिले में हायर एजुकेशन वाली लड़कियों के लिए विमैंस हॉस्टल और हर जिला अस्पताल में ट्रॉमा सेंटर्स बहुत ही संवेदनशील और जन-हितैषी कदम हैं। सरकार ने महाराष्ट्र की कनेक्टिविटी और विकास के लिए खजाना खोला है।

माननीय सभापति : कृपया अपनी बात समाप्त कीजिए।

श्री रविन्द्र दत्ताराम वायकर : रूरल रोड के लिए 378 करोड़ रुपये, मेडिकल एजुकेशन स्कीम्स के लिए 385 करोड़ रूपये, मुंबई अहमदाबाद हाई स्पीड कॉरिडोर के लिए, जो अभी कहा गया, 6,103 करोड़ रुपये, मुंबई मैट्रो के लिए 1,702 करोड़ रुपये, पुणे मैट्रो के लिए 517 करोड़...

माननीय सभापति : आपकी यदि कोई माँग है, तो माँग कर लीजिए और अपनी बात समाप्त कीजिए।

श्री रविन्द्र दत्ताराम वायकर : महोदय, मैं डिमांड पर आता हूँ, मगर हमारा चौदह मिनट का समय है।

माननीय सभापति : आपका समय हो गया है।

श्री रविन्द्र दत्ताराम वायकर : महोदय, मुंबई की बुनियादी जरूरतों और वहाँ के आम नागरिकों को राहत देने के लिए मेरी सरकार से कुछ विशेष माँगें हैं, जिन्हें मैं प्रमुख बिंदुओं में सदन के समक्ष

रखता हूँ।

भारत को 'विकसित भारत 2047' बनाने का सपना केवल नारों से पूरा नहीं होगा। इसके लिए हमें रक्षा और सब्सिडी के साथ-साथ ह्यूमन डेवलपमेंट पर भी अपना खर्च बढ़ाने पर ध्यान देना होगा। इसके लिए मैं राजधानी मुंबई के आम नागरिकों और देश के बुनियादी विकास से जुड़ी अपनी कुछ बेहद महत्वपूर्ण माँगें रखना चाहता हूँ।

महोदय, मध्यम टैक्स पेयर्स को राहत देने के लिए, मुम्बई में रहने वालों की कॉस्ट ऑफ लिविंग के हिसाब से नई टैक्स रिजीम में स्टैंडर्ड डिडक्शन को 75,000 रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये किया जाए ताकि सर्विस सैक्टर के लोगों को राहत मिल सके। हाेम लोन में छूट दी जाए। हर आदमी का घर लेना सपना होता है। इसके लिए सैक्शन 24बी के तहत होम लोन में ब्याज में मिलने वाली छूट दो लाख रुपये की जाए। इलैक्ट्रिक वाहनों में प्रदूषण कम करने के लिए ईवी कारों के वैल्युएशन रूल्स को कम किया जाए। स्लम मुक्त मुम्बई के लिए 45 लाख रुपये में 1-बीएचके नहीं मिल सकता है, अफोर्डेबल घर के लिए वैल्युएशन 90-95 लाख रुपये की जाए।

माननीय सभापति : आप कन्कलूड करें।

… (व्यवधान)

श्री रविन्द्र दत्ताराम वायकर :स्लम फ्री मुम्बई के लिए जोगेश्वरी, मुम्बई नॉर्थ-वैस्ट, धारावी, गोवंडी और चेंबूर जैसे इलाकों की कलस्टर डेवलपमेंट के लिए पांच से दस हजार करोड़ रुपये का विशेष फंड दिया जाए। स्लम मुक्त मुम्बई करने के लिए वर्ष 2030 के लक्ष्य के साथ नेशनल मिशन घोषित किया जाए।

माननीय सभापति : आपकी बात रिकार्ड में आ गई है। छ: मिनट का समय था, 13 मिनट हो गए हैं।

श्रीमती शांभवी जी।

… (व्यवधान)

श्री रविन्द्र दत्ताराम वायकर : मुम्बई यूनिफार्म मोबिलिटी मिशन रेलवे, मेट्रो, बेस्ट और आगामी

340 किलोमीटर वाटर मेट्रो नेटवर्क के लिए 1500 करोड़ रुपये फंड दिया जाए । … (व्यवधान) मुम्बई में इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए फंड दिया जाए। … (व्यवधान)

माननीय सभापति : आप बैठ जाएं।

श्रीमती शांभवी जी।

… (व्यवधान)

श्रीमती शांभवी (समस्तीपुर) : माननीय सभापति जी, आपने मुझे वित्त वर्ष, 2026-27 के फाइनेंस बिल पर हो रही चर्चा में भाग लेने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपकी आभारी हूं। मैं अपनी पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी, नेता राष्ट्रध्यक्ष चिराग पासवान जी और समस्तीपुर की देवतुल्य जनता की ओर से वित्त विधेयक का समर्थन करती हूं।

एक बेहद और सुखद पवित्र संयोग है कि देशभर में नवरात्री का पावन पर्व मनाया जा रहा है । इन दिनों हम मां दुर्गा के नौ रूपों की आराधना करते हैं । यह सदन गवाह है कि स्वर्णिम कालखंड देश में चल रहा है । जहां एक ओर सर्वोच्च संवैधानिक पद पर महिला विराजमान हैं जो देश की दशा और दिशा तय कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर माननीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी अपनी नीतियों से इस देश की नीयत तय कर रही हैं।

एक छोटे से ग्रामीण क्षेत्र से माताओं और बहनों के आशीर्वाद से युवा महिला सांसद अपनी आवाज़ को संसद में बुलंद कर रही है। हमारी जितनी भी माताएं और बहनें हैं, उनके आशीर्वाद से सरकार में जितनी महिलाएं हैं, उनके सशक्तिकरण से समाज में स्वयं सहायता समूह महिलाओं को ग्रोथ इंजन बना रहा है और वूमेन लीडर्स को ग्रामीण क्षेत्र में डेवलप कर रहा है । इससे समझ में आता है कि हमारे देश में वूमेन लेड डेवलपमेंट का सही परिणाम अब देखने को मिल रहा है । आचार्य चाणक्य ने अर्थशास्त्र में एक श्लोक लिखा था-

“प्रजासुखे सुखं राज्ञ: प्रजानां तु हिते हितम्।

नात्मप्रियं हितं राज्ञ: प्रजानां तु प्रियं हितम्।”

इसका मतलब है कि नेता का सुख प्रजा के सुख में निहित होना चाहिए और प्रजा के हित में

उसे अपना हित देखना चाहिए। इस श्लोक को अगर आज कोई इस देश में सार्थक कर रहा है तो यशस्वी प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी कर रहे हैं जो अपनी योजनाओं से इस देश के गरीब, वंचित और शोषित समाज को मुख्यधारा से जोड़ने का काम कर रहे हैं। आचार्य चाणक्य ने राजधर्म की बात कही थी और आज धर्म का असली अर्थ है - "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास।" इसी विचारधारा के साथ पिछले 11 वर्षों से सरकार काम कर रही है। साल का बजट और वित्त विधेयक सिर्फ कुछ आंकड़ें नहीं हैं या पन्नों का दस्तावेज़ नहीं है।

यह एक आईना है जिसमें हमें एक विकसित भारत, सशक्त भारत और समृद्ध भारत दिखता है। यह आईना है जिसमें हमें बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की समावेशी सोच देखने को मिलती है। यह एक आईना है जिसमें हम भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के सामाजिक न्याय को देख सकते हैं। यह आईना है जिसमें हम युवाओं की प्रतिभा को देख सकते हैं। यह आईना है जिसमें हम अपनी सेना के अदम्य शौर्य को देख सकते हैं। यह आईना है जिसमें हम सरकार की प्रतिबद्धता को देख सकते हैं। इतने जियोपॉलिटिकल तनाव के बावजूद भी हमारे देश की जो अर्थव्यवस्था है, वो आज फ़ास्टेस्ट ग्रोइंग इकोनॉमी है और हमारी अर्थव्यवस्था इतने टर्मोइल सिचुएशन में भी मजबूत है, लेकिन विडंबना देखिए महोदय, जिस आईने में हमें विकास और विश्वास दोनों ही दिख रहा है, उसमें विपक्ष को कुछ नहीं दिख रहा है। इनके विरोध पर एक मशहूर शायरी याद आती है -

"नाज़ो अंदाज़ से कहते हैं कि जीना होगा,
ज़हर भी देते हैं तो कहते हैं पीना होगा,
जब मैं पीता हूँ तो कहते हैं मरता ही नहीं,
और जब मैं मरता हूँ तो कहते हैं कि जीना होगा।"

यह विपक्ष जो है, अपने नाज़ो अंदाज़ में रोज़ झूठ, फरेब और अफवाह का ज़हर इस देश को पिलाने का प्रयास करता है, पर ये जानते नहीं हैं कि देश ने इनकी नकारात्मक राजनीति से बहुत साल पहले ही इंकार कर दिया है। ... (व्यवधान) इस शेर में विपक्ष का पूरा सियासी चरित्र

देखने को मिलता है।

यहाँ पर बड़े-बड़े संस्थान हैं, आईएमएफ हैं, ओईसीडी हैं, जो भारत की ओर उम्मीद से देखते हैं और भारत को एक ब्राइट स्पॉट मानते हैं, लेकिन हमारे विपक्ष के कुछ विद्वान हैं, जिनको इस पूरे विकास में कुछ दिखता ही नहीं और वो हमेशा कहते हैं कि India is a dead economy. मज़ाक की बात तो यह है, कि जो खुद इलेक्टोरली डेड हो गए हैं … (व्यवधान)

माननीय सभापति : आप बार-बार विपक्ष की बात कर रहे हैं, पूरा विपक्ष तो खाली पड़ा है।

… (व्यवधान)

श्रीमती शांभवी : वो हमारी अर्थव्यवस्था को क्या डेड कहेंगे। आप इस देश को जब डेड इकोनॉमी कहते हैं, तो आप हमारे प्रधानमंत्री का अपमान नहीं करते हैं, बल्कि आप अपमान करते हैं उस किसान का जो रिकॉर्ड 350 मिलियन टन अनाज उगा रहा है। आप अपमान करते हैं उस श्रमिक का, जो आज संसद भवन से लेकर राम मंदिर तक का निर्माण कर रहा है। आप अपमान करते हैं उस वैज्ञानिक, का जिसने चंद्रयान को शिव शक्ति पॉइंट तक पहुँचाया है। आप अपमान करते हैं उस स्टार्टअप फाउंडर का, जो दुनिया भर में भारत का डंका बजा रहा है।

हम गर्व से कहते हैं कि under the decisive leadership of our hon. Prime Minister, Shri Narendra Modi ji, हम फ्रेजाइल फाइव इकोनॉमी से टॉप फाइव इकोनॉमीज़ में आ चुके हैं। यह सिर्फ इसीलिए संभव हो पाया है, क्योंकि हमारी नीतियां, बोल्ड रिफॉर्म्स पर आधारित हैं, रोबस्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर पर आधारित हैं। इसी विकास का प्रमाण है कि हमारा बिहार भी आज आगे बढ़ रहा है। पिछले 11 वर्षों में बिहार में विकास परियोजनाओं के लिए लगभग साढ़े 14 लाख करोड़ रुपये से अधिक की सहायता राशि प्रदान की गई है। यूपीए के 10 साल के कार्यकाल में मात्र ढाई लाख करोड़ रुपये मिले थे।। यह दिखाता है कि बिहार और बिहारी कभी इनकी प्राथमिकता नहीं थे, वे हमेशा बिहारियों को अपने वोट के लिए इस्तेमाल करते थे।

विपक्ष के साथी हमेशा एक नए शब्द का उपयोग करते हैं, जिसे वे 'टैक्स टेररिज्म' कहते हैं और सबसे मज़ाक की बात यह है कि जिनके समय में टैक्स कलेक्शन सबसे लोएस्ट था और

टेररिस्ट अटैक अपने चरम पर था, वो टैक्स टेररिज्म के बारे में बात करते हैं। वर्ष 2012 में सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट को पलटकर रेट्रोस्पेक्टिव टैक्सेशन लाना असली टैक्स टेररिज्म था और इसके बारे में कुछ चर्चा ही नहीं करना चाहते।

अब हम इनके टैक्स सिस्टम की नीतियों पर आते हैं। वर्ष 1970-71 में 11 टैक्स स्लैब थे, जब 2 लाख से ऊपर की आय पर टैक्स लगभग 85 प्रतिशत थे और 10 प्रतिशत का सरचार्ज था। यानी सौ रुपये कमाने वाला व्यक्ति मात्र साढ़े छह रुपये बचाता था। आज जो टैक्स फ्री इनकम है, उसका लिमिट बढ़ाकर 12 लाख रुपये कर दिया गया है, जो यूपीए के कार्यकाल से 6 गुना ज्यादा है। वर्ष 2013-14 में टैक्स फ्री इनकम मात्र 16,667 रुपये थी और वर्ष 2025 में यह 1 लाख रुपये प्रति माह हो गई है।

असली रिफॉर्म्स तो यह है कि नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन फाइनेंशियल ईयर 2013-14 में 6,38,596 करोड़ रुपये था और आज वह बढ़कर साढ़े 22 लाख करोड़ रुपये हो गए है, जो तीन गुना ज्यादा है। अगर हम भारत के टैक्स टू जीडीपी रेश्यो की बात करें, तो आज भारत का टैक्स टू जीडीपी रेश्यो 19.6 प्रतिशत है, जो दुनिया की बड़ी-बड़ी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बराबर है। आज भारत का टैक्स सिस्टम टैक्स टेररिज्म के लिए नहीं, ट्रांसपेरेंसी, ट्रस्ट और ट्रांसफॉर्मेशन के लिए जाना जाता है... (व्यवधान)

माननीय सभापति : कृपया आप अपनी बात समाप्त करिए।

... (व्यवधान)

श्रीमती शांभवी : सर, फर्स्ट टाइमर हैं, हम लोगों को ऐसे ही इतना कम मौका मिलता है, प्लीज सर दो मिनट में हम कम्पलीट कर देंगे... (व्यवधान)

सर, इतना विकास देखकर विपक्ष का जो अलायंस है, वो भी नहीं टिक पा रहा है। हमारी सरकार ने तो बंगाल में इतना विकास कर दिया है कि अलायंस को समझ में नहीं आ रहा है कि करे तो क्या करे। बंगाल में इनका क्या हश्र होगा, वह हम लोग देखेंगे। बिहार में इनका यह हाल हुआ है कि कुछ साल के बाद लालटेन लेकर कांग्रेस पार्टी को खोजना पड़ेगा।

महोदय, यह विधेयक ग्रामीण उद्यमिता का भी एक नया सबेरा लेकर आया है। वर्ष 2013-14 में कृषि का बजट मात्र 27,663 करोड़ रुपये था, जो आज पांच गुना बढ़कर 1,40,528 करोड़ रुपये हो गया है। लेकिन दुख की बात यह है कि इतने विकास के बाद भी ये अपनी तुष्टिकरण और गंदी राजनीति की वजह से नाम की राजनीति करते हैं, जिसमें प्रभु श्रीराम का नाम लेते ही ये विचलित हो जाते हैं।

माननीय सभापति : कृपया आप अपनी डिमांड रखिए।

श्रीमती शांभवी : सर, मैं दो मिनट में वाइंडअप कर रही हूँ।

हमारी सरकार जिस लगन, सेवाभाव और जिस दृढ़ निश्चय से काम करती है, उसे हम राम राज कहते हैं। सिर्फ विपक्ष को लगता है कि राम राज एक धार्मिक शब्द है, लेकिन वे जानते ही नहीं कि राम राज पूजा की पद्धति नहीं, बल्कि शासन की प्रतिबद्धता है।

माननीय सभापति : अब समाप्त कीजिए।

श्रीमती शांभवी : राम राज्य का अर्थ है समाज के अंतिम व्यक्ति का उदय होना। सर, मैं दो मिनट में अपनी बात समाप्त कर रही हूँ।

गोस्वामी तुलसीदास जी ने राम राज की परिभाषा दी थी-

"दैहिक,दैविक, भौतिक तापा।

राम राज नहिं काहुहि व्यापा ।।"

एक ऐसी व्यवस्था का निर्माण होना चाहिए, जहां किसी भी इंसान को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक तनाव न हो।

यह वित्त विधेयक इस बात का प्रमाण है कि हमारी सरकार नेक्स्ट इलेक्शन के लिए नहीं, बल्कि नेक्स्ट जेनरेशन के लिए काम करती है। नेक्स्ट जेनरेशन को प्रोत्साहित करने के लिए अंत में, मैं अटल बिहारी वाजपेयी जी की एक कविता पढ़कर अपनी वाणी को विराम देना चाहूंगी।

"भारत जमीन का टुकड़ा नहीं,

जीता जागता राष्ट्रपुरुष है।

यह चन्दन की भूमि है, अभिनन्दन की भूमि है,

भारत तर्पण की भूमि है, भारत अर्पण की भूमि है।

यहां का बूंद-बूंद हमारे लिए गंगाजल है,

यहां का कंकर-कंकर हमारे लिए शंकर है।

हम जियेंगे तो इसी भारत के लिये,

मरेंगे तो इसी भारत के लिये।"

मरने के बाद गंगा में बहती हुई अस्थियों को कोई कान लगाकर सुनेगा तो उसे सुनाई देगा- भारत माता की जय।

SHRI P. V. MIDHUN REDDY (RAJAMPET): Thank you, Sir.

First of all, I would like to start by congratulating our hon. Finance Minister for having presented record number of Budgets.

I would like to raise a very important issue regarding MSMEs. There is a very huge problem for MSMEs in our country. There is a lot of money pending from the State Governments to the small and medium-sized enterprises and contractors. For example, in Andhra Pradesh, more than Rs. 60,000 crore is pending; in Telangana, more or less, the same amount is pending; and if you see Karnataka, there is a lot of amount pending as also in various other States.

The small and medium enterprises put all their earnings. For example, if you are doing a Rs. 100 work, for 10 per cent or 15 per cent margin they are putting Rs. 85 in that Rs. 100. Once it is billed, the bills are pending varying anywhere between one month to one year or two years or three years. Once it is billed, they are supposed to pay the GST of 18 per cent. After a period of two months or three months, it is taken as income and they have to pay the

income tax also.

The small enterprises are facing great difficulty. They cannot stop their work. If they go forward, they are going into a debt trap. So, it is not fair to penalize them where the payments are pending from the Government side. So, through you, I would request the hon. Finance Minister to take note of this issue. We cannot penalize MSMEs and contractors where the Government is defaulting or where the Government has not paid them. We also cannot expect them to pay 18 per cent GST, and we cannot just consider the amount that is billed as income.

The actual payments only should be taken into consideration, and I urge the Government to take immediate steps because 75 per cent of the litigations the MSMEs are facing when they are dealing with the Government are more or less in these circumstances. Once it is sorted out, almost all their issues with Income Tax or GST will be sorted out.

There is one more thing. In the Budget document, if you go through the externally aided projects at S.No.39, it says that the height of Polavaram Project is pegged at 41.15 metres. I would like to state that the height of Polavaram Project originally envisaged is 45.72 metres, and the cost of completion of the Project is Rs.55,000 crore. In the Andhra Pradesh Re-organisation Act, it is very clearly stated that Polavaram is a national project, Government will execute the Project and it will be completed in its original state. After the Andhra Pradesh Re-organisation Act has been passed in this House and it has been told that the whole Polavaram project will be completed,

now it is not fair to reduce the capacity of Polavaram Project from 45.72 metres to 41.15 metres. The capacity of Polavaram Project also will be reduced from 190 TMC to 120 TMC. This is great injustice to our State. We demand that Polavaram Project be constructed and the amount in full, that is Rs.55,000 crore, be paid for the height of 45.72 metres, and anything short of that is great injustice to our State.

The debt of Andhra Pradesh for the past two years has crossed Rs.3,36,000 crore. But if you see the debt of the previous Government under S. Jaganmohan Reddy, the five-year debt was Rs.3,32,000 crore. With the current Government, the debt pattern is very alarming, and all the FRBM norms are being violated. So, we urge the Government to step in and make sure that the financial discipline is there. If you see the GST collections from April to December this year, it is Rs.31,856 crore for Andhra Pradesh. But in the same period in the corresponding year, the GST collections were Rs.33,371 crore, which is a decline of Rs.2,000 crore. In one way the debt is increasing; the other way the GST growth rate is decreasing. So, these are alarming signals. We urge the Finance Minister to make sure that the financial condition of Andhra Pradesh is stable.

Recently, in Rajya Sabha, the hon. Union Minister told in his reply that the unemployment rate in Andhra Pradesh is at 8.2 per cent, and it is the highest in the country. The national average is 5.2 per cent and we are talking of women empowerment. The women unemployment rate also is at 10.1 per cent, which is very high. We urge the Central Government to step in and make

sure that adequate employment facilities are there, instead of just all this. We are seeing all the media hype, but the actual reality is that Andhra Pradesh has the highest unemployment rate. We urge the Central Government to help Andhra Pradesh in this regard.

If you see the housing sector, in the previous Government, Shri Jaganmohan Reddy gave 32 lakh house pattas, and he sanctioned 32 lakh houses. The hon. Union Minister, in his reply, has given a statement. This is very important. In the last five years, when Shri YS Jaganmohan Reddy was the Chief Minister, we got 14,20,000 houses sanctioned from the Central Government. Out of that, 6.8 lakhs have been constructed. The TDP Government is part of the NDA Government right now, but what is really alarming is that if you see in 2024-25, the amount unutilized is Rs.1,165 crore for housing. The amount they pursued and received is zero. It is really alarming. So many houses are pending and they are unable to get even one rupee. There are only two reasons. Either the Government is really inefficient or it does not want to execute the housing projects.

HON. CHAIRPERSON: If you have some demands, kindly put them.

SHRI P. V. MIDHUN REDDY: If you see the previous year, that is, 2023-24, the earlier Government had got at least Rs.5,500 crore each year. This is in the statement which the hon. Minister has given.

HON. CHAIRPERSON: Whatever you have mentioned is already on record.

SHRI P. V. MIDHUN REDDY: We are ready to cooperate and go to any lengths. We are ready to put aside all political differences.

HON. CHAIRPERSON: Kindly conclude.

SHRI P. V. MIDHUN REDDY: We are ready to move forward for Polavaram Project, even get funds for the housing. We urge the Telugu Desam Party to speak about it. We urge the Government to step forward and sanction adequate amount for housing. There is a major demand. We oppose the privatisation of Visakhapatnam steel plant. We are celebrating new steel plants coming, but why should we kill an existing one? We demand that adequate mines be provided for Visakhapatnam steel plant.

The State Government is unable to provide their 50 per cent matching grant for Bangalore-Kadapa railway line. We demand and ask the Central Government to step in and provide the additional 50 per cent also, because they are part of the Indian Government. With these demands, I end my speech. Thank you, Sir.

SHRIMATI SUPRIYA SULE (BARAMATI): Thank you, Sir.

I, on behalf of the NCP (SP), stand here today to speak on the Finance Bill. I would like to take this opportunity to congratulate the hon. Finance Minister, since she has actually herself reached a milestone, along with the hon. Prime Minister. He has also achieved the distinction of being the longest-serving Prime Minister in office after Jawaharlal Nehru ji, who was one of the longest-serving Prime Ministers. The hon. Finance Minister has been fortunate enough to serve this nation; this is her ninth Budget. But I remember the day when she presented the Budget to the nation actually, the nation and the markets reacted very differently. Now, a few weeks later, the situation is

completely different as we are debating the Finance Bill.

I appreciate Dube ji's speech today, and I am glad that he did not make it political; he was very focused. But I expected a little more from him, for the reason that we are in an extraordinary crisis right now as a nation.

The hon. Prime Minister also, in his speech, said that this is not the time for us to sit across the board; rather, the country needs to be united. It is because India is going through an extraordinary crisis, Not just India, but the entire world is going through an extraordinary crisis. So, my first pointed question to the hon.

Finance Minister would be this. While we are passing this Finance Bill, is this Government prepared for the challenges? This is because even Mr. Dube was constantly drawing a comparison between COVID when we were absolutely in the dark, and today's situation. We did not know what to expect next.

If we are in a COVID-like situation today, what plans does the Government of India have to protect the economy? I appreciate the point that he made—that we are a growing economy. I do appreciate that we are a growing economy—but, with full humility, I would like to say, and I would be happy to stand corrected, that it is also a debt-driven economy.

The debt of this country is going up, and the States are also under significant debt. I think, rather than just making this into a slinging match, we really need to sit down in this debate and see how we are going to navigate India.

सभापति महोदय, यदि मैं आपको आज की बात बताऊं, तो महाराष्ट्र में आज यह कार्य हर क्षेत्र में हो रहा है। आज एलपीजी का सिलेंडर सबको 50 प्रतिशत ही भरकर दे रहे हैं। एक तो वह अवेलेबल नहीं है और वह 20-25 दिनों के बाद मिल रहा है। अगर वह मिल भी रहा है, तो आधा भरकर ही मिल रहा है।

So, this is an extraordinarily crisis that we need to attend. इसके बारे में क्या सोच है? हमारे यहां का छोटा-मोटा बिजनेसमैन हो, कोई रेस्टोरेंट हो या जो महिलाएं घर पर खाना बनाती हैं, उनके लिए ये छोटी-छोटी चीजें हैं, लेकिन यह इकोनॉमी का एक बहुत बड़ा भाग है। जब यह देश भारत या इंडिया की बात करता है, this is not only about the top one per cent bracket who pays 50-60 per cent of tax. This is about the last person in the pyramid that India needs to protect. So, are we in a position to protect them for the next few weeks to come or months to come?

Sir, I am not aware how long it is going to last. Nobody in this room knows how long it is going to last. Therefore, I would like to ask this Government whether they prepared for this crisis. And if they are, what are they doing in this budget to do that?

Sir, the two or three important points are about the stock market that has crashed. What are the real reasons? Middle East tensions are rising. There is global market turmoil. R. 5 lakh crore has been wiped out. Whose money is this?

This money belongs to the middle class. It is no fault of theirs, but they are in a crisis today. Regarding the rupee, I remember, this was the same Opposition that used to mock our Government during the UPA.

I would like to quote one of their leaders: 'The value of the rupee against

the dollar reflects the age of the Prime Minister.'

Sir, This is how they used to make fun of us. What is today's situation? How much is the rupee against the dollar, Sir? Can somebody tell me? It is 94. It is very much alive.

I am not here just to criticise. I am here to see how we can help, because if this nation endures, only then can these debates continue. When is this Government going to admit the reality?

Sir, I am so glad that today, the hon. Prime Minister, actually for the first time, came out and said two words about the crisis.

We appreciate it and welcome it and we are constantly asking for an all-party meeting. I know this is not a part of the Finance Bill, but eventually all these interactions will help us implement things.

I would like to ask, even in this Finance Bill, what the impacts are on agriculture. A lot has been said about agriculture, such as soybean. But in this whole discussion on tariffs, where exactly do we stand?

We have made a commitment to the U.S. of 500 billion dollars to be spent there over five years, even without a trade agreement.

Now, they are saying that they do not know what the tariffs are going to be like.

17.00 hrs

हमारे यहां के सारे किसान, चाहे वे किसान अहिल्यानगर से हों, नाशिक से हों या सोलापुर से हों, उनका माल पूरे मिडिल ईस्ट में जाता है। तब ही किसान को दो पैसे मिलते हैं। वह सारा कॉमर्स बंद हो गया है, माल यहीं पड़ा है। उसका क्या होगा? इस सबके बारे में सरकार की क्या

सोच है?

I would like to ask what is the plan of the Government regarding FTAs. Even when the resources like revenue receipts were raised the last time, Rs. 34.2 lakh crore was expected, but we reached at Rs. 33.4 lakh crore. I stand corrected if the Finance Minister has any different data to share. The expected amount was Rs.16.42 lakh crore but we are at Rs. 15.76 lakh crores. It is all a ... * of numbers. How this Government has survived in the last one year is by disinvestment. In the history, for the first time, RBI dividends of Rs. 3.16 trillion have been used by this Government. So much money has never been used. This is the same sentence with Prof. Sougata Ray said for months in his speech. 'When does a family sell its silver? It is only when there is crisis. Nobody sells silver.' It is a fact. I would urge this Government to answer these questions.

Now, I would mention about taxation. I appreciate that they have given a lot of relief in the entire taxation, about which the Treasury Benches are going on and on. I was in a discussion on the taxation Bill. We spend more time on litigation. This was a golden opportunity for the Government to make major reforms in taxation. Why have we lost that opportunity? Crores and crores of rupees are stuck in litigation. When are we going to clean up this mess? Rather than fighting this mess, they made the taxation faceless. I would like to ask: how much is this faceless taxation really helping?

Sir, since my time is less, I would raise two very small points as they are

* Expunged as ordered by the Chair.

very, very important. Dr. Nishikant Dubey ji talked about retrospective tax. I would like the Treasury Benches to clarify this. In respect of sovereign gold bond, retrospective tax is being raised by this Government. I stand corrected if I am wrong. If you criticize the Government of UPA for retrospective tax in respect of sovereign gold bond, then why are they charging retrospective tax? Two wrongs do not make a right. हमारी और इनकी पॉलिसी में क्या अंतर रहा? You are criticizing us but you are doing the same thing which we were doing.

One small point which this Government needs to correct is the disability defence pension. They are taxing this. आप और मैं सुखी रहें, इसलिए वे लोग बॉर्डर पर रहते हैं। They are hurt. They are entirely in the Income Tax Bill as the Defence Disability Pension is being taxed. I request her to withdraw it. This was one very small point.

I would like to speak on one last point with the permission of the Chair. I am not talking about unemployment and everything but about virtual currency. Dr. Nishikant Dubey ji talked about our common friend Shri Shivkumar Udasi. I do not know what are digital currencies. There are nine such companies which are trading in this kind of currency. This Government even punishes them, and I appreciate them for that. Through VPN, there are still crypto businesses which we could have taxed, which are still illegally operating. The tax is not being paid, which is our money. I urge this Government to intervene. You have acted on nine such companies, but that is not good enough. This is the tax that belongs to this nation. Please do not let them get away with this. So, I urge this Government that when you make JPCs, make big ticket reforms. That is what

JPCs are all about. We cannot form JPCs to come, and the Government does not do any reform. The Government should take this opportunity and be very serious about what is happening globally, leave our political differences aside till this war is over. Let us put our minds together and save people on the road. Today the economy is not as good and in a growing position like Shri Dubey would like to believe it.

HON. CHAIRPERSON: Nishikant ji has only made a mention about Mr. Udasi.

… (*Interruptions*)

डॉ. निशिकान्त दुबे (गोड्डा) : सर, केवल एक अनपार्लियामेंट्री …* शब्द है, उसको निकाल दीजिए। सरकार ने जो दिया है, वह जनवरी का डेटा था। वह डेटा 31 मार्च तक पूरा हो जाएगा। ... # is an unparliamentary word.

HON. CHAIRPERSON: It will be deleted.

Now, Shri Abhay Kumar Sinha *ji*.

श्री अभय कुमार सिन्हा (औरंगाबाद) : सभापति महोदय धन्यवाद। वित्त विधेयक, 2026 का यह बजट देश की सच्चाई से ज्यादा, सरकार के प्रचार को दर्शाता है। आज देश की अर्थव्यवस्था, विदेश नीति और सामाजिक स्थिति - तीनों में गंभीर संकट है और सरकार उसे छुपाने की कोशिश कर रही है। पिछले एक वर्ष में भारतीय रुपया लगभग 89 रुपये प्रति डॉलर से गिरकर 93-94 रुपये प्रति डॉलर तक पहुँच गया है। इसका सीधा असर महंगाई से हरेक क्षेत्र में देश के आम लोगों पर पड़ा है।

महोदय, सरकार विकास की बात करती है, लेकिन यह जॉबलेस ग्रोथ है। मैं इसे जॉबलेस ग्रोथ कहता हूं। बेरोजगारी दर लगभग 5.6 प्रतिशत बनी हुई है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि

---

* Not recorded as ordered by the Chair.

Expunged as ordered by the Chair.

देश के कुल बेरोजगारों में लगभग 83 प्रतिशत युवा बेरोजगार हैं । आपने हर साल दो करोड़ नौकरियां देने का वादा किया था । आज युवा बेरोजगार जानना चाहता है, उसे आप कब पूरा करेंगे? जब सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' की बात करती है, तो मैं पूछना चाहता हूँ कि वित्त विधेयक के पन्नों से बिहार का विकास क्यों गायब है? क्या बिहार को इस देश में मजदूर सप्लाई करने की फैक्ट्री समझा जाता है? आज गुजरात, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में लाखों करोड़ के इंडस्ट्रियल कॉरिडोर और बड़े-बड़े प्रोजेक्ट्स बन रहे हैं, लेकिन जब बिहार अपने हक, अधिकार और विशेष राज्य का दर्जा या विशेष पैकेज मांगता है, तो नियम-कानून का बहाना बना दिया जाता है । आप बिहार की 14 करोड़ जनता से टैक्स लेते हैं, लेकिन उसका उचित हिस्सा विकास के रूप में वापस नहीं देते ।

महोदय, यहां पर हमारे अभिभावक और वरिष्ठ मंत्री आदरणीय लल्लन बाबू बैठे हुए हैं । बिहार में डबल इंजन की सरकार है । डबल इंजन की सरकार होते हुए भी आज बिहार सरकार पैसे-पैसे के लिए त्राहिमाम है । किसी भी विभाग में पैसा नहीं है । जो काम कर दिया है, उसको भी बिहार सरकार पैसा देने में असमर्थ है । इसका कारण यह है कि बिहार सरकार ने तमाम बिहार के खजानों को चुनाव प्रबंधन में लगाने और खर्च करने का काम किया । यह बड़े ही दुर्भाग्य की बात है ।

महोदय, वित्त विधेयक में कॉरपोरेट टैक्स कम किए जाते हैं, विदेशी कंपनियों को आकर्षित किया जाता है, लेकिन बिहार में उद्योग लगाने के लिए कोई विशेष कर छूट की रियायत नहीं दी जाती । जब तक बिहार जैसे राज्यों में 10-15 साल का टैक्स हॉलिडे नहीं दिया जाएगा, तब तक उद्योग कैसे आएंगे? बिहार गरीब राज्य है । आप चाहते हैं कि बिहार विकसित हो, बिहार से पलायन रुके, तो आपको 10-15 साल का विशेष टैक्स हॉलिडे देना चाहिए । हम यह जरूर कहना चाहेंगे कि क्या बिहार की डबल इंजन की सरकार चाहती है कि बिहार के युवा इसी तरह बेरोजगारी के लिए पलायन करते रहें? बिहार का क्रेडिट डिपॉजिट अनुपात आज भी 50 से 55 प्रतिशत के आसपास है, जबकि विकसित राज्यों का 100 प्रतिशत से अधिक है । यानी, बिहार के लोगों का

पैसा जमा होता है, लेकिन लोन के रूप में दूसरे राज्यों को दिया जाता है। यह आर्थिक अन्याय है। यह सिर्फ बैंकों का सवाल नहीं है, बल्कि पूरे वित्तीय प्रबंधन की विफलता है। सीएजी की रिपोर्ट के अनुसार बिहार में 70,877 करोड़ रुपये की राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र ही नहीं दिया गया है। पंचायती राज, शिक्षा विभाग और शहरी विकास जैसे विभागों में पैसा खर्च हुआ, लेकिन उसका आज तक कोई हिसाब नहीं हुआ है। आज माननीय प्रधान मंत्री जी ने सदन को संबोधित किया। मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं। उन्होंने इथेनॉल का जिक्र किया । दुनिया में जो इस तरह की व्यवस्था चल रही है, युद्ध का आलम है, एलपीजी, पेट्रोलियम और अन्य चीजों पर अंकुश लगा है, उस पर उन्होंने गहरी चिंता व्यक्त की है।

विपक्ष होने के नाते निश्चित तौर पर मैं कह सकता हूं कि इस स्थिति में पूरा विपक्ष देशहित के लिए पूरी तरह से सरकार के साथ खड़ा रहेगा। बिहार ने इथेनॉल उत्पादन में बड़ी संभावना दिखायी थी। माननीय प्रधानमंत्री जी ने एथेनॉल का जिक्र किया, लेकिन केन्द्र सरकार के नीतिगत बदलाव ने इस क्षेत्र को नुकसान पहुंचाया है। मक्का किसानों और इथेनॉल उद्योगों पर इसका सीधा असर पड़ा है। बिहार में 17 इथेनॉल सयंत्र बंद हो गए हैं। इसके साथ ही, देश में वर्ष 2023 में 10,000 से अधिक किसान और कृषि मजदूरों ने आत्महत्या की, लेकिन इस बजट में किसानों के लिए न तो कर्ज माफी है और न ही आय बढ़ाने की कोई ठोस नीति है। इसके उल्ट, उर्वरक सब्सिडी में लगभग 8 प्रतिशत और LPG सब्सिडी में लगभग 20 प्रतिशत की कटौती की गई है। इससे किसान और गरीब दोनों पर बोझ बढ़ा है।

सभापति महोदय, मैं दो मिनट का समय लूंगा। माननीय प्रधानमंत्री जी ने रिन्यूएबल एनर्जी की बात की है। एलपीजी, पेट्रोल, डीजल, जितने भी हैं, उनकी निश्चित तौर पर यहां कमी हो रही है। 60 परसेंट एलपीजी आयात की जाती है। माननीय प्रधानमंत्री महोदय जी ने कहा कि देश में 200 बायोगैस प्लांट लगे हैं। अगर आप चाहते हैं कि इस संकट से हमारा देश मुक्त रहे, तो युद्ध स्तर पर देश की हर एक पंचायत में एक बायोगैस प्लांट लगाने की आवश्यकता है।

सभापति महोदय, मैं एक आग्रह और करना चाहूंगा कि रिन्यूएबल एनर्जी के बारे में उन्होंने

बताया। इन्होंने कहा कि हमने 15000 इलेक्ट्रिक बसें देश को दी हैं। 15000 बसों का मतलब आपने साढ़े सात लाख लोगों को आने-जाने की सुविधा प्रदान की है। आप गर्व से कहते हैं कि 140 करोड़ देशवासी हैं। 15000 बसों से क्या होगा? अगर आप रीयल में चाहते हैं।

माननीय सभापति : यह शुरुआत है। चलिए।

श्री अभय कुमार सिन्हा : सभापति महोदय, एक मिनट में कंक्लूड कर रहा हूं। आप चाहते हैं, तो इलेक्ट्रिक व्हीकल खरीदने में आम लोगों को आप रियायत दें, उसमें टैक्स की छूट करें।

माननीय सभापति : आपकी बात आ गयी।

श्री अभय कुमार सिन्हा : सभापति महोदय, जो लोग बैंक से लोन लेकर इलेक्ट्रिक व्हीकल परचेज करते हैं, उनको तीन-चार परसेंट ब्याज पर बैंक को बोला जाए कि आप इलेक्ट्रिक व्हीकल दीजिए। जो बस मालिक प्राइवेट बसें चलाते हैं, उनको भी इलेक्ट्रिक व्हीकल के लिए प्रोत्साहित कीजिए, तो मैं समझता हूं कि यह डीजल, पेट्रोल की किल्लत से जो हमारा देश जूझ रहा है, इससे राहत हो जाएगी। आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

प्रो. वर्षा एकनाथ गायकवाड़ (मुम्बई उत्तर-मध्य) : माननीय सभापति महोदय, सबसे पहले तो मैं आप और मेरी पार्टी को धन्यवाद देना चाहती हूं कि आपने मुझे फायनेंस बिल की इस अहम चर्चा में बोलने के लिए अवसर दिया, इसके लिए मैं आपके प्रति धन्यवाद व्यक्त करती हूं।

माननीय वित्त मंत्री महोदया ने नौ बार बजट पेश किया है, नौ बार विधेयक भी पेश किया है, वह अपने आप में एक रेकार्ड है और आज हम देख रहे हैं कि डॉलर के मुकाबले रुपये में जिस तेजी से गिरावट हो रही है वह भी अपने आप में एक रेकार्ड बन गया है। मुझे आपसे यह भी कहना है कि डॉक्टर मनमोहन सिंह जी के कार्यकाल में रुपये की कीमत क्या थी, गैस की कीमत क्या थी और आज रुपये और गैस की कीमत क्या हो गयी है? इसके ऊपर भी आने वाले दिनों में हमें कहीं न कहीं बात करनी होगी। आज रुपया कितने रुपये का हो गया है? आज रुपया 94 रुपये प्रति डॉलर हो चुका है। जब मैं एक आम नागरिक और एक जनप्रतिनिधि के नाते इसको देखती हूं, तो मुझे बहुत दुख होता है। दुख इसलिए होता है कि यह कैसी सरकार है जो हर संकट में समाधान

नहीं, लोगों को कतार में खड़ा कर देती है। चाहे वह नोटबंदी हो, चाहे वह कोरोना हो या गैस की किल्लत हो। हमने देखा है कि लोग आज भी लाइन में खड़े हैं। 15-15, 20-20 दिनों से होटल बंद हैं और सबसे बड़ी शर्मनाक बात यह है कि अपनी नाकामयाबी को उपलब्धि में बताने का काम इस सरकार के माध्यम से होता है।

माननीय सभापति महोदय, मैं हर बजट में हर किसी का भाषण सुनती हूं और इस भाषण में मैंने दो-तीन चीजें नोट की हैं। सत्ताधारी पक्ष के सांसदों के भाषण में एक बात बहुत कॉमन होती है और तीन बातें रटी-रटायी होती हैं। पहली बात यह होती है कि फास्टेस्ट ग्रोइंग इकोनॉमी, दूसरा, विकसित भारत और तीसरी हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं। जब ये बड़े-बड़े दावे हम सुनते हैं, तो मुझे मराठी की एक मशहूर कहावत याद आती है, जिसका अर्थ है कि जो दिखता है वह वैसा होता नहीं है।

माननीय सभापति : वर्षा गायकवाड़ जी एक मिनट। आपके साथ जो माननीय सदस्य बैठे हुए हैं, मैं उन सभी सदस्यों से आग्रह करूंगा कि कृपया कैप के माध्यम से आप जो डिस्प्ले कर रहे हैं, वह आप उतार दें।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : मैं आप सबसे आग्रह कर रहा हूं। मुझे लगता है कि हम सब लोगों को इस सदन की जो मर्यादा है, परंपरा है, उसका पालन करना चाहिए। आप सब को धन्यवाद। बर्वे साहब, बहुत-बहुत धन्यवाद।

प्रो. वर्षा एकनाथ गायकवाड़ : महोदय, सरकार का यही असली चरित्र है। ये ट्रिलियन इकोनॉमी की बात करते हैं, बड़े पोस्टर लगाते हैं, लेकिन कागजों में और जमीन पर अगर आप हकीकत देखेंगे तो आपको बहुत अलग दिखाई देगी। आज देश का जो अन्नदाता किसान है, वह कर्जे से हारकर आत्महत्या कर रहा है। हम देख रहे हैं कि युवाओं को बेरोजगारी का सामना करना पड़ रहा है। हम महाराष्ट्र की बात करेंगे। एपस्टीन फाइल के बाद कल नासिक में देखा कि वहां जो अशोक खरात है, उन्होंने एक बड़ा सेक्स स्कैंडल किया है। महिलाओं का जिस तरह से आर्थिक शोषण

किया है और यह हमें कहीं न कहीं बता रहा है कि जिस तरह महिलाएं … (व्यवधान)

माननीय सभापति : जो इस सदन के सदस्य नहीं हैं, आप उन पर इस तरह के आरोप नहीं लगा सकती हैं।

… (व्यवधान)

प्रो. वर्षा एकनाथ गायकवाड़ : सर, मैंने महाराष्ट्र की बात कही है। आप मुझे बोलने दीजिए। उसे अरेस्ट किया है।… (व्यवधान)

माननीय सभापति : बर्वे जी, आप बैठे-बैठे मत बोलिए।

प्रो. वर्षा एकनाथ गायकवाड़ : सर, सबसे बड़ी बात यह है कि जिस तरह से आपको पता है कि चाहे पेट्रोल-डीजल की बात हो, गैस की बात हो, कमरतोड़ महंगाई की बात हो, टैक्स की बात हो, भ्रष्टाचार की बात हो, यह त्रासदी आम आदमी को सहनी पड़ रही है। आज जब लोग महंगाई से त्रस्त हैं, तो हम हमेशा देखते हैं कि भाजपा के जो लोग हैं, सरकार के जो लोग हैं, हमेशा भूतकाल की बात करते हैं, भविष्य काल की बात करते हैं। जब भूतकाल की बात आती है तो पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की बात करते हैं और भविष्य की बात आती है तो वर्ष 2047 की बात करते हैं। वर्ष 2047 तक विकसित भारत का हमें झुनझुना देकर रखा है और कहते हैं कि वर्ष 2047 तक हम आपको विकसित भारत देंगे। आज जब पेट में आग लगी है, तो मैं पूछना चाहती हूं कि वर्ष 2047 में दावत देने का क्या फायदा है? सबसे बड़ी बात है कि अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए अलग-अलग हथियार का इस्तेमाल करते हैं जैसे ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स। मीडिया तो सब कुछ है। अभी एक नया एजेंडा तय हुआ है। बॉलीवुड के माध्यम से एजेंडा चल रहा है। हम देख रहे हैं कि पहले फिल्मों की जो स्क्रिप्ट राइटिंग होती थी, वह किसी और से होती थी। लेकिन आज कल जो स्क्रिप्ट डायरेक्टर होता है या राइटिंग होती है, वह भाजपा के मुख्यालय से आती है। यह भी हमारे सामने सवाल हो गया है। हम चुनाव में देखते हैं कि जब भी चुनाव आता है तो हम देखते हैं कि असली मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए कई पिक्चरें आ जाती हैं। जैसे आपको मालूम है कि 'द कश्मीर फाइल' आई थी, 'द केरला स्टोरी' आई थी, अभी धुंरधर आई है। मैं यहां इसलिए

बताना चाहती हूं कि मेरे पास भी एक फाइल है। एक जुमला फाइल है। जब हम इस जुमला फाइल को देखते हैं तो प्रोपेगेंडा फाइल से घरों में, सिनेमा घरों में लोगों में नफरत फैलाने का काम होता है। जो जुमला फाइल है, वह देश की तस्वीर सामने लाने का काम करती है। जुमला फाइल के माध्यम से हम पूछते हैं कि आप दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने वाली झूठी स्क्रिप्ट दिखा रहे थे। जुमला फाइल में 15 लाख रुपये का फ्लॉप डायलॉग था। आपने इस जुमला फाइल में कहा था कि किसान की आमदनी को दोगुना करने का एक सस्पेंस दिया गया था। मैं आज पूछना चाहती हूं कि क्या आज किसी को वह चीज मिली है? जुमला फाइल के डायेक्टर कौन हैं, इस सरकार में बैठे हुए लोग हैं, जो इस जुमला फाइल के प्रोपेगेंडा के सबसे बड़े जिम्मेदार लोग हैं।

इसके साथ मैं एक और चीज लाई हूं, वह मेरा पहला चेप्टर है। मैं इसमें बताना चाहती हूं कि टैक्स टेररिज्म कैसे होता है? मुझे यह इसलिए बताना है, क्योंकि इसका असर मेरे महाराष्ट्र पर भी होता है। सरकार भले ही टैक्स ट्रांसपेरेंसी, ईज ऑफ डूइंग बिजनैस का ढिंढोरा पीटे, लेकिन मैं यह बात बताना चाहती हूं कि सरकार की नीति और उनकी आर्थिक नीतियों की पोल खोलने का काम मैं यहां से करना चाहती हूं। मैं कहना चाहती हूं कि सरकार आंकड़े बताती है कि देश का कुल बकाया डायरेक्ट टैक्स डिमांड 47.42 लाख करोड़ रुपये है। लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि इसमें से 36.26 लाख करोड़ रुपये यानी 76 परसेंट से ज्यादा हिस्सा अधिकतर तौर पर वसूल न करने के योग्य मान लिया गया है। ये सबसे बड़े मास्टर स्ट्रोक जीएसटी की बात करते हैं। वर्ष 2022-23 के जीएसटी के जो चोरी के मामले हैं, वे 1 लाख 2 हजार 771 पकड़े गए थे और इसमें 6 लाख 86 हजार करोड़ रुपये का घोटाला हुआ है। सबसे बड़ा घोटाला फेक इनपुट टैक्स क्रेडिट है और छिपकर आने वाली सप्लाई में चल रहा है। मैं इसमें यह भी कहना चाहती हूं कि आप देखेंगे कि 57 हजार 593 मामलों में 7.73 लाख करोड़ रुपये का चूना लगाने का काम हुआ है। एक तरफ यह सरकार कहती है कि हम फुलप्रूफ काम करते हैं, पारदर्शी सिस्टम लाने का काम करते हैं। एक तरफ यह सरकार रात-दिन कहती है कि हम डिजिटल इंडिया की बात करते हैं और दूसरी तरफ सुरक्षा की ज़ीरो गारंटी देते हैं। हम एक तरफ देखते हैं कि इनकम टैक्स के ई-फाइलिंग पोर्टल पर

एक भयंकर खामी पकड़ी गई, जिसमें हमारे लाखों करदाता के बेहद संवेदनशील, निजी और वित्तीय डेटा को खतरे में डाला गया।

मैं टैक्स टेररिज्म का सबसे बड़ा स्केल बताना चाहती हूं। 1 अप्रैल, 2025 तक कमिश्नर ऑफ इनकम टैक्स, अपील के पास लगभग 5.4 लाख अपील्स पेंडिंग हैं, जिसमें देश के 18.16 लाख करोड़ रुपये का विवाद फंसा हुआ है। वर्षों तक चलने वाले विवादों के कारण उद्योगों की वर्किंग कैपिटल ब्लॉक हो जाती है। पूरा ध्यान व्यापार बढ़ाने से हटकर कोर्ट-कचहरी और नोटिसों के जवाब देने में लग जाता है। यही भारतीय जब फॉरेन इन्वेस्टर बनने जाते हैं, तो इन विवादों के कारण उनका वैल्यूएशन गिर जाता है। आज मैं यह बताना चाहती हूं कि हमारे नेता आदरणीय राहुल गांधी जी ने बिल्कुल सही कहा था कि यह जीएसटी नहीं है, यह …* है और इसे गरीब शोषण टैक्स भी कहा जा सकता है। यह …* अर्थव्यवस्था की रीढ़ कही जाने वाली एमएसएमई की कमर तोड़ देता है। मेरे राज्य की भी बहुत सारी एमएसएमई इससे बंद हो गई हैं। पूरे देश भर में वर्ष 2024-25 में लगभग 29,447 एमएसएमई हमेशा के लिए बंद हो गई हैं। मेरे महाराष्ट्र में 9,702, तमिलनाडु में 4,900, गुजरात में 3,534, राजस्थान में 3,274 और कर्नाटक में 2,188 उद्योग तबाह हो गए हैं। इस देश में इस टैक्स टेररिज्म का सबसे बड़ा क्रूर शिकार अगर कोई है, जो ग्रोथ इंजन है, तो वह मेरा महाराष्ट्र हो रहा है, यह मुझे यहां से कहना है। केंद्र सरकार के लिए महाराष्ट्र सिर्फ एक एटीएम मशीन बनकर रह गया है। यह मुझे यहां से कहना होगा।

महोदय, आंकड़े गवाह हैं कि वर्ष 2020-21 से लेकर 2024-25 तक देश के टोटल रेवेन्यू में अकेले महाराष्ट्र का योगदान 36.1 प्रतिशत है, लेकिन जब टैक्स डिवोल्यूशन की बात आती है, बंटवारे की बात आती है, तो हमें मात्र 6.65 प्रतिशत दिया जाता है। अब तो वह गिरकर केवल 6.441 प्रतिशत तक रह गया है। मतलब, जब हमारा राज्य 100 रुपये कमाकर आपको दे रहा है, तो आप हमको सात रुपये भी नहीं दे सकते? क्या यही आपका कोऑपरेटिव फेडरलिज्म है?

महोदय, मैं आज यहां से आपसे कहना चाहती हूं कि अगर आप अपनी राज्य सरकारों को

* Not recorded.

पहचानना चाहते हैं, आज ऐसी परिस्थितियां हो गई हैं कि आपकी अपनी राज्य सरकार इस नाइंसाफी के खिलाफ फाइनेंस कमिशन के सामने मेमोरेंडम देने के लिए मजबूर हो गई है। हमारी आज यहां से स्पष्ट मांग है कि राज्यों का वर्टिकल डिवोल्यूशन 41 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करना चाहिए। मेरा यह कहना है कि केंद्र सरकार जो सेस और सरचार्जेस के नाम पर बैकडोर वसूली करती है, उसमें से एक रुपया भी राज्यों को नहीं मिलता है। इसलिए मेरी पुरजोर मांग है कि केंद्र सरकार के सभी सेस, सरचार्जेस एंड नॉन-टैक्स रेवेन्यू को तुरंत डिविजिबल पूल में शामिल किया जाए। महाराष्ट्र का हक मारकर आप विकसित भारत नहीं बना सकते। हमारी बात आपको सुननी होगी, हमें हमारा हक वापस मिलना चाहिए, हमें हमारा पैसा वापस मिलना चाहिए।

दूसरा, मैं आपके सामने महत्वपूर्ण चीज यह रखना चाहती हूं कि किस तरह से दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक और महिलाओं के साथ महाधोखा हो रहा है। सबसे बड़ा क्या काला अध्याय है, यह मैं यहां पर रखना चाहती हूं। दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यकों के साथ धोखा- बड़े-बड़े होर्डिंग्स लग जाते हैं, प्रचार किया जाता है कि इस बजट में अनुसूचित जाति के लिए 1.96 मतलब 1,96,000 करोड़ रुपये रखे गए हैं और जनजातियों के लिए 1.41 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। अगर आप देखेंगे, तो एससी की आबादी के योजना के लिए जो ये पैसा बता रहे हैं कि 1.96 लाख करोड़ रुपये, ये अगर देखेंगे तो 3.67 प्रतिशत है, जबकि वर्ष 2011 की जनगणना में देखेंगे, तो हमारी जनगणना 16.6 प्रतिशत के हिसाब से यह बहुत ही कम देने का काम हुआ है, लेकिन जब हम इसका फाइन प्रिंट पढ़ते हैं, तो हकीकत हमारे सामने और भी आती है। असल में एससी के लिए सिर्फ 75,077 करोड़ रुपये देने का काम हुआ है और एसटी के लिए 62,093 करोड़ रुपये को अलग रखने का काम किया गया है। यह बजट का आवंटन नहीं है, यह हमारे हकों को मारने का बड़ा षडयंत्र है, ऐसा मेरा कहना है। हम वर्ष 2022-23 की बात करते हैं, कितना बजट हमें दिया? हमें 1.59 लाख करोड़ रुपये दिए। खर्चा कितना हुआ? 1.33 लाख करोड़ रुपये का खर्चा हुआ। वर्ष 2024-25 में हमको कितना बजट दिया? 1.65 लाख करोड़ रुपये का बजट दिया। खर्चा कितना हुआ? 1.2 लाख करोड़ रुपये का खर्चा हुआ। आज मैं

जनवरी, 2026 की बात करती हूं, हमें 1.96 लाख करोड़ रुपये का बजट मिला है। अब खर्चा इतना हुआ है- 91,937 हजार करोड़ रुपये। मैं यह इसलिए कहना चाहती हूं कि इस बजट का 54.51 परसेंटेज ही खर्चा हुआ है। एक तो यह है कि हमें हमारा पूरा बजट नहीं मिलता है। हमारा जो बजट मिलता है, वह खर्चा नहीं होता है। मैं यह सवाल सबसे पूछना चाहती हूं कि आने वाले दिनों में इसके लिए भी क्या प्रावधान होना चाहिए?

जो बच्चे ओवरसीज में पढ़ने के लिए गए हैं, उनका बजट कम करके 125 करोड़ रुपये दिए गए। उसके कारण 40 बच्चों को स्कॉलरशिप नहीं मिल पाई। इस सरकार में सबसे बुरा सलूक अल्पसंख्यकों के साथ हो रहा है। उनको जैसे बायकॉट ही कर दिया गया है। गृह मंत्रालय के आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2022-23 में अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय का आवंटन जो 2,612 करोड़ रुपये का था लेकिन खर्च सिर्फ 837 करोड़ रुपये किए गए। अल्पसंख्यक विभाग के वर्ष 2023-24 का बजट 2,608 करोड़ रुपये का था उसमें से मात्र एक 1,032 करोड़ रुपये खर्च किए गए। आप लोग यह क्यों कर रहे हैं। मुझे यह समझ में नहीं आ रहा है। जिस तरह से यह राज में सिर्फ बजट ही नहीं बल्कि आप देख रहे हैं कि एक तरफ बजट कम हो रहा है और दूसरी तरफ अत्याचार बढ़ते ही जा रहे हैं।

सभापति महोदय, मैं आपको एनसीआरबी का डेटा बताना चाहती हूं। तो दलितों के खिलाफ अपराध के मामले वर्ष 2020 में 50,291 थे। अब वह बढ़ कर वर्ष 2022 में जो है, वह 57,582 हो गए हैं। ये बहुत शर्मनाक आंकड़े हैं। मैं यहां से पुरजोर मांग करना चाहती हूं कि सरकार कानून लेकर आए, जिसमें एससी और एसटी के स्पेशल कंपोनेंट फंड को नॉन-डायवर्टेबल, नॉन-लैप्सेबल बनाया जाए। इस फंड का आवंटन आबादी के अनुसार मिले। पैसे का दुरुपयोग रोकने के लिए एक स्टेट्यूटरी मॉनिटरिंग मशीनरी स्थापित की जाए। जो अधिकारी समाज का पैसा समाज तक नहीं पहुंचाता है, समाज को इससे वंचित रखता है, उसके ऊपर भी कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। मैं यह भी यहां से मांग करती हूं।

सभापति महोदय, इनकी युवाओं के भविष्य के बारे में क्या सोच है, यह भी यहां पर पेश

करना चाहती हूं कि आपने उनके सामने किस तरह से खोखला भविष्य रखा है। वर्ष 2023 में 2.8 करोड़ पढ़े लिखे युवा थे जो बाद में बेरोजगार बने । आज देश में दस करोड़ युवा हताश होकर नौकरी ढूंढना छोड़ दिए हैं । सितंबर, 2025 तक के यूथ इम्प्लॉयमेंट का रेट 15 टक्का है । ...(व्यवधान)

माननीय सभापति : कृपया समाप्त करें । आपके पार्टी से और भी माननीय सदस्य हैं । आपकी पार्टी ने जो समय दिया है, मैंने उतना समय दिया।

प्रो. वर्षा एकनाथ गायकवाड़ : आपने प्राइम मिनिस्टर इंटर्नशिप योजना का तमाशा किया, तो उसका क्या नतीजा निकला? आपने पंत प्रधान योजना का जो किया है, उसमें से छ: लाख में मात्र 95 इंटर्न्स को फुल टाइम नौकरी मिली है। लाखों लोगों ने वहां भाग लिया लेकिन 95 इंटर्न्स को ही नौकरी मिली। यह क्रूर मजाक है। जब युवा हताश होता है तो वे नशे के आदी हो जाते हैं। आज देश में क्या परिस्थिति है, आप यह बताइए। मुझे यह बताने में अच्छा नहीं लग रहा है, लेकिन आज 12 साल के युवा भी नशे के आदी हो रहे हैं। यह देश के लिए सबसे बड़ी चिंता है। मैं खेल के बारे में कहना चाहती हूं। खेल के बजट में किस प्रकार से कटौती हो रही है । खेलो इंडिया को हजार करोड़ रुपए दिए जा रहे हैं और NSFs को 325 करोड़ रुपये दिए गए हैं।...(व्यवधान)

माननीय सभापति : अगर आपकी कोई मांग हो तो मांग करें। आपको बोलते हुए 15 मिनट हो गए हैं।

प्रो. वर्षा एकनाथ गायकवाड़ : मैं खिला़डियों के लिए मांग रखती हूं कि चीन के वर्ष 2023 की बजट 23 बिलियन डॉलर थी । स्पोर्ट्स विभाग का बजट बढ़ाया जाए । 'साई' में 40 प्रतिशत कोचिंग स्टाफ की वैकेंसीज हैं, नारा में 17 टका और एनडीटीएल के 52 टका पद खाली हैं। जब हमारे कोच ही नहीं रहेंगे, जब हमारी यंत्रणा ही नहीं रहेगी तो हमारे स्पोर्ट्समैन कैसे पैदा होंगे जो कल मेडल लेकर आएंगे? बजट में शिक्षा का प्रतिशत गिर कर 2.9 हुआ है, हमें उसे बढ़ा कर छ: प्रतिशत करना चाहिए। आज दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील की तरह यह किया जाए।...(व्यवधान)

सर, मैं अंत में यही कहना चाहूंगी, मैंने ट्रेजरी की तरफ से बार-बार यह सुना है कि हम फोर्थ

लार्जेस्ट इकोनॉमी है, लेकिन हकीकत यह है कि पर कैपीटा जीडीपी के मामले में हम 194 देशों में से 146वें नम्बर पर हैं। हमारी पर-कैपिटा इनकम 2,694 डॉलर है। लीबिया एंड नामीबिया जैसे देश भी हमसे आगे हैं।

माननीय सभापति : आपको बहुत-बहुत धन्यवाद।

...(व्यवधान)

प्रो. वर्षा एकनाथ गायकवाड़ : सरकार ने 53 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया है, लेकिन इसमें से 14 लाख करोड़ रुपये पुराने कर्ज का ब्याज देना है, जो 40 टक्का है। 140 करोड़ आबादी वाले इस देश में एक आदमी के हिस्से में 28 हजार रुपये भी नहीं आ रहे हैं। यह पूरा माया जाल है।...(व्यवधान)

"आंकड़ों की बाजीगरी से हकीकत नहीं छुपती
तुम्हारे खोखले जुमलों से जनता की भूख नहीं मिटती।"

SHRI BASAVARAJ BOMMAI (HAVERI): Hon. Chairperson, I thank your goodself for giving me an opportunity to speak. I would also like to thank the hon. Prime Minister and the hon. Finance Minister for having presented this Finance Bill, 2026.

Sir, the Finance Bill has not come out of nowhere. इस फाइनेंस बिल के पीछे बहुत बड़ी मेहनत है। डिजरेली ने कहा है, there is no magic in economics, only results, and those results are there to be seen. जब मोदी जी प्रधानमंत्री बने तब देश की इकोनॉमी का बुरा हाल था कि कहां से शुरू करें, कहां रिपेयर करें, कहां क्या करें। इतना बुरा हाल था कि इनफ्लेशन डबल फिगर में थी और इकोनॉमी सिंगल डिजीट में थी। हम फ्रेजाइल फाइव में थे। देश की अर्थव्यवस्था के रैंक में हम 11वें स्थान पर थे। हमने जीरो लेवल से शुरू किया है। पहले इकोनॉमी और फाइनेंस को रि-बिल्ड किया, फिर रि-इनफोर्स किया और अब रिफार्म कर रहे हैं। अभी जो रिफार्म्स आया है, इसके बैकग्राउंड के पीछे 11 साल की कड़ी मेहनत है, डिस्पलीन है

और लोगों ने रिस्पांस किया है।

इकोनॉमी सिर्फ पैसा नहीं होता है। एक क्रिएशन ऑफ वेल्थ होता है। क्रिएशन लोगों की कड़ी मेहनत से होती है। बॉटम ऑफ द पिरामिड पर जो लोग हैं, वही मूवर्स एंड शेकर्स है। हम यहां बैठे हैं और यही समझते हैं कि इस देश की तकदीर बदलते हैं। असली तकदीर वे बदलते हैं जो धूप और छावं में कड़ी मेहनत करते हैं और देश को बनाते हैं। हम लोग यहां से रोड सैंक्शन कर सकते हैं लेकिन बनाने वाले कड़ी मेहनत करते हैं। The sweat of the labourer and the blood of the farmer combines together to build the nation. पहले पॉलिसी पैरालाइसिस था, कुछ चीजों में कोई निर्णय नहीं होता था, लेकिन अब डिसाइसिव गवर्नमेंट है, अगर कोई विजनरी प्राइम मिनिस्टर हो तो क्लैमिटी को ऑपच्युर्निटी में बदल सकता है। यह हमारी सरकार ने करके दिखाया है, फाइनेंस मिनिस्टर ने दिखाया है और प्रधानमंत्री जी ने दिखाया है।

Sir, I now come straightaway to the Union Budget. इन लोगों को जो भी कहना है, वह कह सुकते हैं क्योंकि ये अपोजिशन में हैं। इन लोगों ने पूरा खजाना खाली कर दिया था, अभी ये करना चाहिए, वो करना चाहिए, बोल रहे हैं। अभी ये सब कहने के लायक क्यों हो गए क्योंकि मोदी जी ने इनको सही रास्ते पर लेकर आए। Sir, our expenditure has grown to 7.7 per cent, compared to the last year.

Our receipts are also going more than seven per cent. Our GDP growth with inflation is estimated to be 10 per cent. A double-digit GDP is expected this year. Our deficits, fiscal deficit has come down from 4.4 to 4.3.

Now, the whole situation is changing in the last one month. Our hon. Prime Minister has made a statement on the Gulf War today. It has got a lot of repercussions on the lives of the people throughout the world and within the country also. And he gave elaborate arrangements on what he has done. Sir, I want to remind that during the Iran-Iraq War and US-Iraq War, within three

days, there was a long queue in petrol pumps. We have suffered a lot. For kilometres, long queues were there in petrol pumps. Now, the war has entered the 22nd day, but there is no queue in petrol pumps. Why? This is because we have increased our capacity in 11 years. We have increased our processing capacity and with the goodwill of Modi ji, we are able to get our crude oil in time and save the hardship to the people, the common people, to the economy of this country.

Sir, if you look around all the other countries, what is happening? They are in total mess. They have called for holidays. The life has stopped there. But no life has been stopped, no economic activity has been stopped. Certain portions of LPG are in problems. I understand but that is also going to be eased out now, thanks to the able administration and diplomatic efficiency of the Government and Modi ji, the goodwill of Modi ji. In these circumstances, what should have been done? What is the repercussion? How much more money do we require? That is the challenge before us. It has been estimated by the Finance Committee itself that we might need one lakh crore rupees more, so that we can face all these kinds of a crisis. It has come to my notice and I am sure that while replying, the hon. Finance Minister will say that how much money she is ready to keep to face this crisis. I am very much sure because during COVID we have seen much bigger crisis. During COVID, States were taken care. The GST compensation was taken care. The migration workers were taken care. Food was taken care. Health was taken care. Vaccination was done. This speaks volumes of the Government and the

test of the Government is in crisis. When there is a crisis, then the ability of the Government and the leadership is under test. And I am very proud to say that in all the difficulties, in all the situations, Modi ji's ability has come to the rescue of the people, of the common man.

Sir, I would like to bring certain things to your kind notice that in this Bill, there are certain reforms. Everybody knows, I do not want to elaborate on that. There are tax holidays. There is a lot of minimum alternate tax. No credit accumulation has been done. There are some strict measures also. Rationalisation of penalties has also been done. At TCS, the rates have been reduced from five per cent to two per cent. It is a visionary Government, as I have said. There is a high-level Committee - it has been done - on banking for Viksit Bharat, to maintain and review foreign exchange management. We are very strong in foreign exchange, but still, to look forward for the different kind of situations, we need a policy on consolidating the foreign exchange management. That is why, a committee has been done, and they are going to recommend the same. Sir, I must say that, as I said, there is no magic in economics, only results.

The results are achieved through hard work. We can see in infrastructure that we started with roads, then we came to railways and the airways, and this year we are going to the waterways. All modes of travel and all modes of transportation will be modernized.

Almost 80 per cent of our Railways has been electrified. This is one of the greatest achievements which no previous Government could achieve. We

are going to have 100 per cent electrification in next 3-4 years. This brings a big change.

Secondly, in waterways, we are going to use our water power for transportation. It will be a very easy method and a very low-cost method, and that is there to be seen. It starts in Ganga belt now, Sir, in your State, and from there to Gujarat and then, wherever there are rivers, which are there all throughout the year, there can be transportation. This is going to bring a big change.

Our ports have been improved in the Sagarmala programme. The port's carrying capacity and holding capacity has increased manifold. Hence, we could park all these kinds of big ships carrying petroleum and crude oil and within a week we could accommodate everyone. Therefore, it is not a one-day job. The hard work is there.

As regards energy sector, as our Finance Minister was telling today and our Prime Minister has said in the House today that more than 50 per cent of our energy requirement today comes from renewable energy. This is the greatest achievement. The renewable energy is the cheapest form of energy and it can be produced in our country. There is a sovereign integrity in that energy, and that has really helped us in this crisis.

Energy is the main source for the economic growth. For our 'e' in economy to grow, there has to be another 'e', that is energy. We are a forward-looking Government. We are not happy with what we have achieved. We are looking forward and the next step is that we are going nuclear. The US went

that way 100 years back and that is how they became energy self-sufficient. There will be small energy power producing nuclear plants, and that day India will be totally free from all kinds of dependence on foreign power. They have given 15 years for that, and I am sure that in the Viksit Bharat by 2047, we will be an energy independent country. Nuclear energy will also be a clean energy, and that is the way forward. Modi ji has taken steps in that direction.

As far as agriculture is concerned, a lot has been said about investment in agriculture. I also agree to it. There is one formula. Mr. Nehru was speaking about it. I also agree that one per cent growth in the primary sector, that is agriculture will bring in four per cent growth in secondary sector, that is manufacturing sector, and 10 per cent growth in the service sector. Therefore, there has to be more capital investment in agriculture. We have been investing a lot, but only very little in terms of loans to the farmers. But capital investment has to come in it.

We were 33 crore people when we got Independence and we did not have food. There was no food security. Now, we are 130 crore. We have got that food security because of the hard work of the farmers. Agriculture has grown, but farmer is poor. So, our focus should be on welfare of the farmer. If a farmer is able to have his economy consolidated where he will not stretch his hands for loans for his daughter's education or marriage or his family’s health, then he can grow much more.

That is the idea behind it. That is why there are a lot of subsidy schemes. Agriculture is also a State subject. You cannot blame only the

Centre. As far as the Centre is concerned, we are giving Rs.1,75,000 crore subsidy for farmers. Otherwise, our farmers would not have been able to buy the fertilizer. The fertilizer, which is Rs.2000 to Rs.3000 per quintal, is selling at Rs.500 to Rs.800. It is because of the Central subsidy. The Modi Government has increased this subsidy from Rs.75,000 crore to Rs.1,75,000 crore.

I compliment the hon. Prime Minister. His unique scheme where he is spending Rs.65,000 crore every year is the Kisan Samman Yojana. The Kisan Samman Samman Yojana is the greatest innovation for the individual farmer, especially the smaller ones. Every year, Rs.65,000 crore are being spent in this country.

As far as youths are concerned, MUDRA is a unique programme. I can go on like this. But my ultimate aim is that we should have a strong economy for the future of this country. A strong economy comes only with a greater visionary leader, good policies and hard work. The best part is that people should believe in the leader. That belief, that trust will come only through hard work, only through the results. That result has been shown by none other than Modi Ji. Whatever he speaks, will be done. 'मोदी है तो मुमकिन है', 'मोदी है तो मैजिक है', उनको जो मिस्टिक है, वह हमारे लिए मैजिक है और वह मैजिक हो जाएगा ।... (व्यवधान) फील्ड में जो लेबर्स काम करते हैं, उनको मोदी जी के ऊपर यकीन है। इनको यकीन हो या न हो, इससे फर्क नहीं पड़ेगा।

सर, जब हम 'विकसित भारत' की बात करते हैं तो ये बोलते हैं कि तब तक कौन रहेगा? भाई, यह देश रहेगा ।... (व्यवधान) हम रहें, न रहें, यह देश रहेगा और हमारे बच्चे रहेंगे । ... (व्यवधान) वे याद करेंगे कि मोदी जी थे, इसलिए हम ऐसी जिन्दगी जी रहे हैं ।... (व्यवधान)

आप बच्चों की सोचिए, आगे की सोचिए, देश के बारे में सोचिए। पॉलिटिक्स करने के लिए तो पूरी जिन्दगी पड़ी है।... (व्यवधान) आप किस-किस में पॉलिटिक्स ढूँढ़ेंगे? ... (व्यवधान) गल्फ वॉर हुआ तो आप पॉलिटिक्स देखते हैं, कोविड आया तो पॉलिटिक्स देखते हैं।... (व्यवधान) आप निगेटिज्म को पूरी तरह से छोड़ दीजिए।... (व्यवधान) इससे आपकी भी जिन्दगी सुधर जाएगी, आपका भी पॉलिटिकल फ्यूचर सुधर जाएगा।... (व्यवधान) लेकिन, जब तक आप निगेटिव से शादी करके रहेंगे, तब तक आपका कुछ नहीं होने वाला है।... (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON : Kindly address the Chair.

SHRI BASAVARAJ BOMMAI: Sir, I stand here to support all the reforms brought by the hon. Finance Minister. I am confident that the future is very bright in spite of all the challenges. The sun will shine on Bharat and the sun will shine on all the policies of Modi Ji. Under the leadership of Modi Ji, we will see it. भारत माता की जय।

SHRI SACHITHANANTHAM R. (DINDIGUL): Hon. Chairperson, Sir, I thank you for giving me the opportunity to speak on the Finance Bill, 2026. It is not really clear why we keep looking to successive Union Budgets for significant economic policy changes. By now, experience should have taught us that we should neither believe the declared Budget Estimates of revenue and expenditure in the coming fiscal year, nor have much faith in the schemes and outlays that were promised in the Budget speech. Even so, we keep looking, perhaps because we realize that some unstated priorities and approaches are revealed, at least through the actual pattern of resource raising and spending.

Sir, in this context, three features of the current Budget stand out, none of them particularly surprising. First, this Budget will do little if nothing to

address the central problems facing the Indian economy today: sharp increase in inequality leading to depressed mass consumption demand, related to this, the serious employment crisis reflected particularly in largely stagnant real wages, worsening conditions of self-employment and a real distress in finding jobs, especially for the youth; and all this then resulting in sluggish private investment, not just among corporates, but also among all medium enterprises that see much reduced possibilities of profitable economic activity.

Dealing with this would have required significant changes in policy orientation, more public spending in health, education, agriculture and rural development; proactive employment generation policies, not just through genuine employment guarantees in rural and urban areas, but also through the systematic package to create financial viability and technology access for small medium enterprises; and greater no-strings generosity to State Governments that are also better positioned to make such changes on the ground.

Sir, the Modi Government's miserly, bordering the exploitative attitude to State Governments as well as its overtly partisan approach has come out clearly in fiscal policy. Tax revenues are constitutionally required to be shared with the State Governments according to the ratio and the pattern determined by the successive Finance Commissions. The 14th Finance Commission recommended increasing the States' share in total divisible pool from 32 per cent to 42 per cent, to be implemented over the period 2015-2020. Yet the Government has effectively managed to circumvent this by significantly increasing the share of cesses and surcharges on tax, which do not have to be

shared with the States. This has brought down the share of tax revenues going to States to 34 per cent in the last few years. This is also evident from the Revised Estimates of the current year.

At the same time, the Centre has taken a decision on taxation without consulting State Governments. So, States' revenues are curtailed by such Central policies without any compensation. Now, this year's Budget reveals that when anticipated tax revenues are not received, the default choice of Central Government is to cut Central transfers to States. The Revised Estimates suggest that net tax revenues going to the Centre are going to be lower than the budgetary expectation.

Sir, the Modi Government's politically partisan approach to States has also been evident for some time. It is felt by the opposition-ruled States that have been denied central funds even in the face of natural calamities. Meanwhile, the States are openly promised more funds if only their people choose to elect a double-engine Sarkar in a brazen denial of basic principles of federalism. But the centralising tendency has become most evident recently in the law that effectively dismantles the rural employment guarantee by changing its character away from the rights-based demand-driven scheme available in all rural areas to one which the Central Government decides when, where and how much employment it provides and allows more capital investment and contractors.

All this even as the new law requires the State Governments to bear 40 per cent of the costs which would make it financially impossible for most States

to continue a part of the present level of employment in the scheme, even if the Centre were to decide on it.

Sir, the Budget allocates Rs 95,692 crore for the new Viksit Bharat-Guarantee for Rozgar and Ajeevika Mission (Gramin). It is quite possible that other planned rural infrastructure works will be simply transferred to this scheme, because capital-intensive contractor-based works can also be undertaken.

HON. CHAIRPERSON: Kindly conclude.

SHRI SACHITHANANTHAM R.: In addition, the Centre expects the State Governments to cough up an additional amount to bring the total up to Rs 151,282 crore.

HON. CHAIRPERSON: Make it brief Shri Sachithanantham ji. Kindly put your demands.

SHRI SACHITHANANTHAM R.: This is financially impossible for most States, which are already facing huge financial pressure. So, the Centre can then blame the States if the new scheme delivers less than the MNREGA, as it is bound to. The promise of 125 days of work per household will obviously not be met, but now the Modi Government can say that it is not its own fault, but that of the State Government that has refused to do its bit.

HON. CHAIRPERSON: Thank you.

SHRI SACHITHANANTHAM R.: It can win both ways: claim the scheme as yet another gift of the leader rather than a right of the people and then blame state governments if the scheme does not deliver.

***SHRI NAVASKANI K. (RAMANATHAPURAM):** Hon. Chairman Sir, Vanakkam. Thank you for the opportunity for allowing me to speak on the Finance Bill 2026. This Finance Bill is being brought without any major direct benefit to the people belonging to lower strata and middle class as there is multiple taxation followed by price rise and sever economic crisis. You have provided so many incentives and priorities to the rich people. Rather you have increased the burden on the middle class by way of taxes. This Budget has placed on the common people and the voters with lots of burden. We have been demanding for increasing the funds given under MPLAD Scheme. An amount of Rs. 5 crore is only provided every year to a Parliamentary constituency which has six Assembly Constituencies. On the top of it 18 per cent GST is also levied on this amount. This alone comes to Rs. 90 lakhs. We cannot even fulfil 10 per cent of needs with the remaining MPLAD funds. Therefore it is my fervent appeal to increase and enhance the MPLAD funds. Moreover the GST levied on this amount should be withdrawn. My parliamentary constituency has a long coastal area. Fishermen live in large numbers. These fishermen live and engage in their profession everyday with lots of fear due to the about attacks and atrocities carried out by the Navy of a neighbouring country and the ill impact of natural disasters. I have been raising in this House to ensure the safety of our Tamil fishermen. When their livelihood is affected, Tamil Nadu Government provides financial assistance to these Tamil fishermen. Similarly I urge upon the Union Government to extend

* English translation of the speech originally delivered in Tamil.

financial support to our fishermen when their lives are affected. Whenever our fishermen are arrested by Srilankan Navy and their boats are confiscated by them, Tamil Nadu Government provides relief and assistance to these fishermen. But the Union Government has not provided even a single rupee to these affected fishermen. Similarly, if they go missing due to natural disasters, I urge that additional helicopters of INS should be deployed immediately to trace these missing fishermen. Orders should be issued for tracing such missing fishermen immediately. I urge that the safety of our Indian fishermen should be ensured in all ways. Similarly, my Ramanathapuram district is an aspirational district. With contribution from the Union Government, industries should be established in Ramanathapuram district for creating additional employment.

18.00 hrs

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, मेरे पास बोलने वाले वक्ताओं की लंबी सूची है। अगर सभी माननीय सदस्य इस महत्वपूर्ण विधेयक पर बोलना चाहते हैं और सभा की सहमति हो तो सदन का समय सात बजे तक बढ़ा दिया जाए?

अनेक माननीय सदस्य : जी, हॉं।... (व्यवधान)

माननीय सभापति : ठीक है, अभी एक घंटे के लिए बढ़ाते हैं, उसके बाद आगे का देखेंगे।

... (व्यवधान)

***SHRI NAVASKANI K.:** There exists a Textile Mill belonging to the National Textile Corporation in Kamuthakudi of Ramanathapuram district. This textile mill should be improved and expanded with a view to provide additional

* English translation of the speech originally delivered in Tamil.

employment to the people of this area. During the regime of UPA-1 and UPA-2, the 100-day employment guarantee Scheme was brought for providing direct employment benefits to the rural poor. Similarly the Food Security Scheme and the Right to Information Act were the Schemes brought out by the Congress led UPA government at the Union. I want to ask whether this Government has brought any of the people welfare Schemes in this way as brought by the Congress government in the past. Whether you are engaged in bringing such a welfare Scheme? Other than engaging in the politics of religion, caste and language, this Government has done nothing. You have brought a Budget for Rs. 53.47 lakh crores. But it is painful that you have not included any Scheme with this huge Budget for the welfare of poor, downtrodden, farmers and middle-class people.

Prime Minister National Relief Fund, PMNRF is a Scheme under which an amount of Rs 3, 00, 000/- is released for treatment of heart ailments and cancer. But only 30 members are provided such a fund annually under this Scheme. As the number of applicants are large in number, we are unable to help them. I therefore request you to increase the number of beneficiaries under PMNRF.

You claimed that the cost is 30 percent less as you import Crude oil from Russia. Brushing aside opposition from the United States of America, you procured crude oil from Russia. But America, with anger in mind, levied additional tax on all the goods exported from India to their country. All Indian exporters were affected due to this. Our exports and businesses were very

much affected. Even now the private oil companies are earning 30 per cent profit. The people of our country would have appreciated if you had allowed them to get at least 10 percent cost benefit. But with the intention of benefitting private oil companies with profit, this crude oil after getting refined was exported with 30 per cent profit. This profit of 30 per cent is for the AmbaniGroup. The people of this country do not avail any benefit. Now our Prime Minister comes to this House and makes a statement about oil crisis.

HON. CHAIRPERSON: Kindly complete your sentence. You just complete your one line.

*__SHRI NAVASKANI K.:__ Budget should benefit the common man and those at the last mile. This Union Budget does not seem to be a Budget benefitting the poor and downtrodden, but it is a statement aimed to increasing our blood pressure beyond control.

Thank you.

डॉ. राजकुमार सांगवान (बागपत) : सभापति महोदय, आपने मुझे वित्त विधेयक, 2026 के पक्ष में बोलने का अवसर प्रदान किया है, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ।

माननीय सभापति महोदय, वित्त विधेयक, 2026 की मुख्य घोषणाएं मुख्य रूप से कर प्रणाली के सरलीकरण, डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और मध्यम वर्ग को राहत देने पर केंद्रित हैं। सरकार ने पुराने इनकम टैक्स एक्ट की समीक्षा पूरी कर ली है। अब एक सरल और स्पष्ट 'नया आयकर अधिनियम' लागू किया गया है, जिसका उद्देश्य मुकदमों को कम करना और करदाताओं के लिए नियमों को आसान बनाना है।

विदेश यात्रा के शौकीनों के लिए बड़ी राहत देते हुए विदेश यात्रा पैकेज पर टैक्स 5 परसेंट

* English translation of the speech originally delivered in Tamil.

से घटाकर 2 परसेंट कर दिया गया है। अब करदाता अपने इनकम टैक्स रिटर्न को 31 मार्च तक संशोधित कर सकेंगे, जिसकी समय सीमा पहले 31 दिसंबर थी। विदेशी कंपनियों पर कॉर्पोरेट टैक्स की दर को 35 परसेंट से घटाकर 30 परसेंट कर दिया गया है, ताकि विदेशी निवेश को बढ़ावा मिल सके।

मोबाइल फोन, चार्जर और बिजली के कुछ कलपुर्जों पर सीमा शुल्क कम किया गया है,जिससे आने वाले समय में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सस्ते हो सकते हैं। तीन कैंसर दवाओं को सीमा शुल्क से पूरी तरह मुक्त कर दिया गया है।

सभापति महोदय, मैंने कैंसर जैसी बीमारी से बहुत से परिवारों को बर्बाद होते हुए देखा है। महंगी दवाइयां और कैंसर की बीमारी ठीक होने के रिजल्ट बहुत कम थे। कैंसर की महंगी दवाइयों के कारण उनके परिवारों को आर्थिक रूप से बहुत नुकसान उठाना पड़ा है।

सोना और चांदी की कीमती धातुओं पर आयात शुल्क को तर्कसंगत बनाया गया है, ताकि घरेलू बाजार में कीमतों को स्थिर रखा जा सके। मुद्रा ऋण की सीमा 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये कर दी गई है, जिससे छोटे उद्यमियों को अधिक पूंजी मिल सकेगी।

इसमें कृषि भूमि के अधिग्रहण पर मिलने वाले मुआवजे को टैक्स के दायरे से बाहर रखने के प्रावधानों को और स्पष्ट किया गया है। वित्त विधेयक, 2026 का मुख्य उद्देश्य कर प्रशासन में पारदर्शिता लाना और 'ईज ऑफ लिविंग' को बढ़ावा देना है, जिससे इस देश के आम नागरिकों को बहुत लाभ होगा।

माननीय सभापति महोदय, यह विधेयक देश में महंगाई नियंत्रण और विकास को मजबूत करेगा। यह मध्यम वर्ग, किसानों और युवाओं की कल्याणकारी योजनाओं को गति देगा। यह भारत की प्रगति का आधार बनेगा। इसलिए मैं पूर्ण हृदय से इस विधेयक का समर्थन करते हुए अपनी एक मांग आपके समक्ष रखना चाहता हूँ।

सभापति महोदय, अभी बात रखी गई थी कि देश के खिलाड़ी जो एशियाड ओलम्पिक में मेडल लाने का काम करते हैं और आर्थिक रूप से कमजोर हैं, उनके रहने, खाने और अच्छी

कोचिंग के लिए निशुल्क इंतजाम किए जाने चाहिए । साथ ही इसके लिए बजट बढ़ाया जाना चाहिए।

इसके अलावा मेरा बागपत लोक सभा क्षेत्र है, उस क्षेत्र के किसानों को सशक्त बनाने के लिए बागपत लोक सभा क्षेत्र के चौगामा क्षेत्र में एग्रीटैक पार्क पर विचार किया जाना चाहिए। मेरी एक और महत्वपूर्ण मांग है, जो किसानों के भूमि अधिग्रहण से संबंधित है।

यदि कोई किसान किसी सार्वजनिक परियोजना हेतु स्वेच्छा से अपनी कृषि भूमि सरकार अथवा विकास प्राधिकरण को हस्तांतरित करता है, तो इस लेन-देन को सामान्य बिक्री मानते हुए उस पर पूंजीगत लाभ कर लगाया जाता है। इसके विपरीत, यदि वही भूमि भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित मुआवजा और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013के अंतर्गत अनिवार्य रूप से अधिग्रहित की जाती है, तो प्राप्त मुआवजा आयकर अधिनियम की धारा 10(37) के अंतर्गत पूर्णत: करमुक्त होता है। यह भेदभाव है।

माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से एक मांग करता हूँ कि यदि किसी किसान द्वारा किसी सरकारी संस्था अथवा सरकार से संबद्ध निकाय जैसे विकास प्राधिकरण/एमडीए को अधिसूचित सार्वजनिक उद्देश्य परियोजना हेतु कृषि भूमि का हस्तांतरण, चाहे वह स्वैच्छिक समझौते के माध्यम से हो या अनिवार्य अधिग्रहण द्वारा हो, आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 10(37) के अंतर्गत स्पष्ट रूप से सम्मिलित किया जाए, ताकि उसे आयकर/पूंजीगत लाभ कर से मुक्त किया जा सके।

इससे किसानों के साथ निष्पक्षता एवं समानता सुनिश्चित होगी। सरकार और किसानों के बीच विश्वास सुदृढ़ होगा तथा विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन में अनावश्यक गतिरोध समाप्त होंगे । यह व्यवस्था राष्ट्र निर्माण में किसानों की भूमिका को विधायी स्तर पर सम्मान देने के अनुरूप भी होगी।

सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, उसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री राजा राम सिंह (काराकाट) : सभापति महोदय, आज 23 मार्च है और साम्राज्यवाद का नाश हो, इंकलाब जिंदाबाद का नारा देने वाले शहीदे ए आजम भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु का शहादत दिवस है। हमने सदन में उन्हें नमन किया है, श्रद्धांजलि दी है। मैं अपनी बात उनके एक शेर से शुरू करना चाहूंगा। उन्होंने कहा था :-

"हवा में रहेगी मेरे ख्यालों की बिजली

ये मुश्ते ख़ाक है फानी, रहे-रहे न रहे।"

मैं इस संदर्भ में कहना चाहता हूँ कि कई बार जीवन में जिंदगी बचा लेना ही बहुत बड़ी सिफ़त नहीं होती है। जान आती-जाती रहती है, लेकिन मान-स्वाभिमान सदियों तक बना रहता है। सभ्यताएं उससे बनती हैं, विकसित होती हैं और टिकी रहती हैं।

साम्राज्यवाद का उस समय भी नाश हो और आज भी नाश हो, क्योंकि साम्राज्यवादी युद्ध जब भी होते हैं, तो संसाधनों और बाजार पर कब्जे के लिए होते हैं। यह चीज हमने फर्स्ट वर्ल्ड वॉर और सेकेंड वर्ल्ड वॉर से भी दुनिया में देखी है। इस बार भी यही सब चल रहा है। वेनेजुएला का तेल हमारे कब्जे में हो, इरान का तेल हमारे कब्जे में हो, इराक का तेल हमारे कब्जे में हो, कुवैत का हो, सऊदी अरब का हो, पूरी दुनिया के प्राकृतिक संसाधन और पर्यावरण ठीक करने के लिए ग्रीनलैंड हमारे कब्जे में हो। भारत में अगर ज्यादा कृषि भूमि है, तो भारत की भूमि हमारे कब्जे में हो। यह मेंटालिटी दुनिया में साम्राज्यवाद के फैलाव की मानसिकता को दर्शाती है। इसके खिलाफ भारत निश्चित रूप से खड़ा रहा है और भारत को खड़ा होना चाहिए। इस लिहाज से हम सत्ताधारी दल के विचारों से असहमत हैं। उसके साथ हम खड़े नहीं हो सकते हैं। जिस प्रकार से इतने दिन की चुप्पी रही, पूरा देश जानना चाहता था कि इस पर हमारी क्या पोजीशन है? आज प्रधानमंत्री जी के बोलने से खुशी हुई कि देश में एक संदेश गया। लेकिन, मेरे मन में यह आया कि क्या अमरीका कमजोर हो रहा है और इरान मजबूत हो रहा है? यह बात मेरे दिमाग में आयी। जो भी हो, आज एक संदेश गया कि भारत एक सेफ पोजीशन में है, एक मजबूत पोजीशन में है। हम आर्थिक रूप से अपनी डिप्लोमेसी को लेकर अपने उपभोक्ताओं और किसानों को कष्ट नहीं होने देंगे। हालांकि,

कष्ट हो रहा है। एलपीजी के सिलेंडर नहीं मिल रहे हैं। अन्य तमाम तरह की दिक्कतें हो रही हैं। 'आशंका भी एक बड़ा कष्ट है' और देश में आशंकाएं भी हैं। सरकार को उन आशंकाओं को दूर करना है और जनता को सुविधा प्रदान करनी है।

ब्रिटिश के आने के पहले पश्चिमी भारत के हिस्से- सूरत, गोवा, महाराष्ट्र और जो अन्य हिस्से थे, इन पर डच और फ्रांसीसियों को कब्जा हुआ करता था। अंग्रेज आ रहे थे, उनका प्रभाव बढ़ रहा था। उन्होंने एक फ्रेंच जहाज को अरब की खाड़ी में मार कर डूबा दिया और रातों-रात सूरत में व्यापारी संघ की बैठक हुई। उसमें यह निर्णय लिया गया कि अब हमें अंग्रेजों के साथ रहना चाहिए, फ्रांसीसियों के साथ नहीं रहना चाहिए। यह भी एक बात है। इतिहास में कई चीजें रिपीट होती रहती हैं। आज हम यह कहना चाहते हैं कि भारत का मॉडल अमेरिका का मॉडल नहीं हो सकता है। जैसा कि हमारे बोम्मई साहब कह रहे थे कि निजीकरण और उन तमाम चीजों से अर्थव्यवस्था को एक दूसरी दिशा देने की कोशिश की गयी है।

माननीय सभापति : कृपया समाप्त करें।

श्री राजा राम सिंह : मैं कुछ डिमांड उठा कर अपनी बात समाप्त करता हूं। मेरे क्षेत्र की कई मांगें हैं। हमारा समय कम होता है, इसलिए बहस में भाग लेने की गुंजाइश कम रहती है।

माननीय सभापति : महत्वपूर्ण यह है कि आप भाग ले रहे हैं। महत्व समय का नहीं है। महत्वपूर्ण यह है कि आप इस विषय पर भाग ले रहे हैं।

श्री राजा राम सिंह : जनगणना के लिए अभी जो राजपत्र जारी हो रहे हैं, उनमें जाति-जनगणना के कॉलम को भी शामिल किया जाए और इसके तहत हमारे यहां धीरे-धीरे कई प्रशासनिक इकाईयों की मांग हो रही है। दाउदनगर व डेहरी को नया जिला बनाने की मांग है।

माननीय सभापति : यह राज्य का विषय है।

श्री राजा राम सिंह : इंद्रपुरी जलाशय, जो कि कई राज्यों को टच करता है, उसको बनाने का मामला है। सोन नहर प्रणाली डेढ़ सौ वर्ष पुरानी और इस देश की ऐतिहासिक प्रणाली है। हमारा इलाका कृषि प्रधान है। अभी हम लोग इस बात पर गर्व कर रहे थे और यह बहुत अच्छी बात है कि

भारत में हम खाने-पीने और रहने के लिए किसी पर निर्भर नहीं हैं। हम अपना उत्पादन करते हैं। इसलिए सिंचाई की व्यवस्था की गारंटी की जाए, डेहरी में कारखाना बने। इस वित्तीय बजट में इन चीजों को शामिल किया जाए। धन्यवाद।

डॉ. शिव पाल सिंह पटेल (प्रतापगढ़) : माननीय सभापति महोदय, भारत, प्राचीन काल से ही विदेशियों के आकर्षण का केंद्र रहा है। दुनिया भर के लोग, चाहे वह शक, कुषाण, ईरानी, मंगोल, फारसी या अंग्रेज हों, ये लोग ज्ञान, अध्यात्म और व्यापार के लिए यहाँ आए। ऐसे में ही कुछ आततायी भी आए जिन्होंने भारत भूमि को रौंदा भी और लूटा भी। इन लोगों ने भारतीय खजाने और संसाधनों का भरपूर दोहन किया। इसका वर्णन भारत के "ग्रांड ओल्ड मैन ऑफ इंडिया" दादा भाई नौरोजी ने अपनी पुस्तक "ड्रेन ऑफ वेल्थ" में किया है। मैं सदन का ध्यान इसके दूसरे पहलू पर आकर्षित करना चाहता हूं, 'ब्रेन ड्रेन' अर्थात प्रतिभा का पलायन की ओर करना चाहता हूं। यह समस्या 'ड्रेन ऑफ वेल्थ' से कहीं बड़ी है, और इस पर हम सब को बहुत गंभीरता से विचार करना चाहिए। अगर इन प्रतिभाओं का पलायन न होता और यह लोग राष्ट्र की सेवा एवं विकास में लगते, तो दुनिया में भारत की एक अलग ही छवि बनी होती। भारत एक विकासत देश होता। थोड़ा बहुत प्रतिभा पलायन पहले भी होता रहा है, लेकिन 2014 से ऐसी क्या परिस्थितियां उत्पन्न हुईं कि यह संख्या वर्ष प्रति वर्ष बढ़ती ही जा रही है। 'ब्रेन ड्रेन' के साथ ही लाखों पूंजीपतियों ने भी पिछले 10 वर्षों में दूसरे मुल्कों की नागरिकता ग्रहण की है। देश के हालात ऐसे क्यों होते जा रहे हैं? टैलेन्टेड लोग देश छोड़कर क्यों जा रहे हैं? मैं इसका जवाब माननीय वित्त मंत्री जी से चाहता हूं।

इसी सदन में सांसद व यूनियन मिनिस्टर श्री नित्यानंद राय जी ने वर्ष 2020 में आंकड़ा दिया था, कि वर्ष 2017 में 1 लाख 33 हज़ार, वर्ष 2018 में 1 लाख 34 हज़ार, वर्ष 2019 में 1 लाख 44 हज़ार व वर्ष 2020 के सितम्बर तक 85000 लोगों ने भारतीय नागरिकता छोड़ दी थी। भारत छोड़ने का यह आंकड़ा अब तक दसियों लाख पार कर चुका होगा। आप लोग समझें कि जिन्होंने देश छोड़ा वे साधारण नागरिक नहीं थे, वे बुद्धिजीवी थे, वह देश की स्किल्ड संपदा थी। वे देश के नौजवानों के लिए रोजगार उत्पन्न करते थे, भारत में उद्योग धंधों को बढ़ाते थे, देश के

कमाऊं बेटे थे और भरपूर टैक्स देते थे। अब, वही लोग यह सब दूसरे मुल्क के लिए कर रहे हैं। यदि, इन लोगों को विदेशों जैसा माहौल, वर्क कल्चर और सुरक्षा मिलती, तो शायद प्रतिभा का इतना बड़ा पलायन न होता। काला धन तो आप ला नहीं पाए और श्वेत धन यानी White Money कमाने वाले, बड़ी संख्या में लोग देश छोड़कर चले गए और छोड़ते जा रहे हैं। दिलचस्प बात यह भी है कि 31 भगोड़े भी देश का लाखों करोड़ रुपये लेकर विदेश भाग गए और आप कुछ नहीं कर पाए। उन्हें वापस लाया जाए और उनसे पैसा वसूला जाए।

महोदय, कुछ सुझाव मैं आपसे साझा करना चाहता हूं, कि स्किल्ड लेबर के वेजेस बढ़ाए जायें और युवाओं को संविदा के बजाय उन्हें अच्छे वेतनमान पर रखा जाये, बेहतर कारोबारी माहौल दें और टैक्स का सरलीकरण करें।

सभापति महोदय, सरकार बार-बार देश की तेज़ी से बढ़ रही जीडीपी दर का उल्लेख करती है, लेकिन मेरा सीधा प्रश्न है कि क्या यह आर्थिक वृद्धि युवाओं के लिए रोजगार पैदा कर रही है या नहीं? वास्तविकता यह है कि हमारे देश में युवाओं की बेरोजगारी दर, सामान्य बेरोजगारी दर से काफी काफी अधिक है। नौकरियां हैं ही नहीं। संगठित क्षेत्र में स्थायी नौकरियों की वृद्धि बहुत सीमित है और आज बड़ी संख्या में युवा ठेके, संविदा या गिग इकॉनॉमी पर निर्भर होकर अस्थायी काम करने को मजबूर हैं।

महोदय, सरकार का दावा है कि देश की अर्थव्यवस्था बहुत तेजी से बढ़ रही और अगर अर्थव्यवस्था इतनी तेजी से बढ़ रही है तो फिर स्थायी और गुणवत्तापूर्ण नौकरियाँ क्यों नहीं बढ़ रही हैं? सरकारी विभागों में लाखों पद क्यों खाली पड़े हैं? उन्हें भरने के लिए सरकार अभी तक कोई स्पष्ट रोडमैप सामने नहीं लायी है। टेक्सटाइल, लेदर और एमएसएमई जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों को उतना मजबूत प्रोत्साहन क्यों नहीं मिल पा रहा है, जितना रोजगार सृजन के लिए जरूरी है। एमएसएमई जो अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, इसमें नीतिगत जटिलताएँ हैं, एमएसएमई क्षेत्र – GDP, निर्यात और रोजगार में महत्वपूर्ण योगदान देता है। फिर भी बैंक से ऋण प्राप्त करना, अभी भी बहुत ही जटिल प्रक्रिया है।

भुगतान में देरी से, छोटे उद्योगों की कार्यशील पूंजी भी प्रभावित होती है। यदि बड़े उद्योगों को उत्पादन प्रोत्साहन मिलता है, तो छोटे उद्योगों को भुगतान सुरक्षा क्यों नहीं दी जाती है?

सभापति महोदय, अंत में मैं अपनी मांग रखना चाहता हूं। सरकार के लोग अक्सर कहते हैं कि उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है, लेकिन पिछले दस सालों में कोई भी इंडस्ट्री उत्तर प्रदेश में नहीं लगायी गई है। जो इंडस्ट्री चल रही थी, वह भी बंद हो गयी है।

अगर मैं अपने संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ की बात करूं तो वहां आंवला का उत्पादन बड़ी मात्रा में होता है। लेकिन, लागत मूल्य न मिलने के कारण, आंवला के किसान परेशान होकर आंवला के बाग ही काट रहे हैं। आंवला विटामिन-सी युक्त एक सुपर फूड है। इसके प्रोत्साहन हेतु सरकार कोई कार्य नहीं कर रही है। सरकार की 'एक जनपद, एक उत्पाद' योजना पूरी तरह से फ्लॉप है। प्रतापगढ़ में आंवला प्रोसेसिंग के लिए कोई उद्योग या बड़ी फैक्ट्री स्थापित नहीं की गई है। इसके कारण किसानों को मजबूरी में अपनी उपज कम दामों में बेचनी पड़ती है। यदि सरकार वहां पर आधुनिक प्रोसेसिंग और मार्केटिंग सुविधाओं से युक्त आंवला उत्पाद हेतु फैक्ट्री स्थापित करे तो उससे किसानों को सीधा लाभ मिलेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध होंगे। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

SHRI ROBERT BRUCE C. (TIRUNELVELI): Sir, the Budget 2026-27 is yet another bundle of .. * and empty promises. If you go through this Bill, line by line, clause by clause, schedule by schedule, you will find that it is not a budget for Bharat, but for Bandra-Kurla Complex. This Budget has proved that the Government is not a game-changing Government but only a name-changing Government. When the Congress Government was in power for 60 years, it built the nation and took it to a high level.

We see all the airports being privatised, sea ports being sold, Air India

* Expunged as ordered by the Chair.

being sold; BSNL is in the process, and Railways is waiting, to be privatised. Kindly go through the Fifth Schedule. Coal duty of 2.5 per cent has damaged the pride institution of Tamil Nadu namely Neyveli Lignite Corporation which powers our homes and employs thousands of workers. Importing cheap coal and lignite from Indonesia and Australia at 2.5 per cent duty will devastate this noble institution.

In Fifth Schedule, there is 15 per cent seed duty. Not only in Tamil Nadu but also throughout the country, farmers are struggling because of this 15 per cent rise. There is a cess scam going on. Four per cent of cess is collected for health and education on top of tax.

The Centre collects them, but Tamil Nadu's share of this cess is zero. About 37 per cent surcharge goes to the Centre, and none to the State. Tamil Nadu is not getting even a single penny. You punish us for progress, penalise us for prudence, and then call this a cooperative federalism.

Sir, Sections 137 to 141 of the Finance Bill amend the CGST and the IGST Acts. The cotton yarn is taxed at 12 per cent, and the finished dhoti, saree, and lungi are taxed at 5 per cent. This inverted duty structure means weavers pay more tax on their inputs than the Government collects on their final product. Thousands of handloom and powerloom units across Tamil Nadu are dying, and this Finance Bill offers them nothing.

Sir, when we talk about middle class people, the exemption limit is Rs. 2.5 lakh. When the Congress Government was in power, up to 2014, it was Rs. 2.5 lakh. But even now, the same limit continues in this Budget.

Sir, I have raised a few of the issues relating to my constituency on several occasions before this august forum. But none of my issues were addressed in the Budget. I met the hon. Minister of Railways and the hon. Minister of Finance several times and raised certain issues but none of the issues have been addressed. The people of Kulavanigapuram have for years raised a single, reasonable demand of a road overbridge on the Tirunelveli-Nagercoil highway, to replace the dangerous level-crossing that exists there today. This is one of the most heavily used stretches of the highway in southern Tamil Nadu. Every time a train passes, the level-crossing gates come down, traffic halts, ambulances have to wait, school children have to wait, vehicles carrying goods queue for kilometres, and on the worst days, people die. The level-crossing at Kulavanigapuram is not an inconvenience; it is a public safety hazard that has been documented, debated, and demanded upon for years. I raised this issue even one and a half years back. This Finance Bill allocates thousands of crores to highway infrastructure and urban flyovers across the country. But the Kulavanigapuram Road Overbridge – a specific, publicly demanded safety project on the Tirunelveli-Nagercoil highway – finds no mention in the Budget, and no allocation has been made in this regard. The people of Kulavanigapuram ask whether they are Indian citizens or they are invisible? This Government's answer, written in the pages of Finance Bill, 2026, appears it to be the latter. We do not ask for charity. We ask for a road overbridge that is safe. We ask for a level-crossing to be replaced before it takes one more life.

Sir, now I come to the issues of the Beedi workers. Sir, Section 142 of this Finance Bill raises the National Calamity Contingent Duty on chewing tobacco and gutkha to 60 per cent, effective 1st May 2026. I do not oppose the public health intent and also the rise in taxes. But at the same time, because of 60 per cent rise in taxes, many Beedi companies have been closed down. We are worried about the people working in factories, most of which are Dalits and OBCs. We have been demanding pension for them for the last one year.

The Central Government is giving only Rs.800 per month. This is a very meagre amount. I met the Minister on several occasions and requested him to increase it to minimum Rs.6000. There is no mention in this Budget about the pension of these poor *bidi* workers.

Another important issue is regarding Thamirabarani river. In the Northern belt, the Government allotted more than Rs.1000 crore for rejuvenating Ganga river. The same way, in South India, there is a river called Thamirabarani. It is called South India's Ganga. I raised the issue several times before this august body and raised questions to allot funds. The Government verbally and the Minister also informed me that we have decided to rejuvenate the big river, but none of the funds were allotted for this river. In the southern parts of Tamil Nadu, especially my constituency people, expected at least in this Budget, some allocation for the rejuvenation of this river. But nothing was mentioned in the allocation of funds for this river. Another point is that the river that is allowed to die is a civilisation suicide. And this Government is handing us as a knife.

Crop disaster compensation is another important issue where the farmer is left to grieve alone. The paddy farmers of Nanguneri, banana growers of Ambasamudram, small cultivators along the Thamirabarani delta, when cyclone or flood or drought strikes, they lose everything – their crops, seeds, borrowed money, their dignity. The National Disaster Response Fund and the State Disaster Response Fund exist only on paper. Nothing is happening. No benefit is reaching the farmers.

HON. CHAIRPERSON: Kindly conclude.

SHRI ROBERT BRUCE C.: But, in practice, compensation reaches the farmers months after the disaster, sometimes a full year later also.

That is a very small compensation. I urge the Government to at least increase the compensation to the farmers to protect them and give them livelihood. This is more important. Seeds are 15 per cent more expensive. Compensation still takes 12 months to arrive.

HON. CHAIRPERSON: Kindly conclude.

SHRI ROBERT BRUCE C.: Between these two facts, a farmer stands and breaks. This is what is happening in all those days. … (*Interruptions*)

Thank you very much.

SHRI P. P. CHAUDHARY (PALI): Thank you very much, Chairperson, for affording me an opportunity to speak on the Finance Bill. I rise to support the Finance Bill.

I would like to confine on the Finance Bill and I start from the Gross tax to GDP ratio. So far as our country is concerned, India's combined tax to GDP

ratio, accounting for both the Central and State Government collection, currently stands at 19.6 per cent. This integrated figure exceeds those of the emerging and growing markets of the world, we may say, Hong Kong, Malaysia, and Indonesia. Further, the Indian tax elasticity measures at 1.1, which signifies that India has achieved a high level of fiscal efficiency and structural transformation.

हमारे विपक्ष के सांसद, खासकर इंडी एलायंस और कांग्रेस के सांसद पूछते हैं कि आपने मिडिल क्लास के लिए क्या टैक्स एग्जंप्शन दिया है? वे कहते हैं कि उनको सही ट्रीटमेंट नहीं दिया है। We have to see how much an individual has to earn before they are liable to pay tax. This is very important कि वह कितनी इनकम कमाने के बाद टैक्स देता है, तो हमें वर्ल्ड की डेवलप्ड इकोनॉमी की ओर देखना पड़ेगा। मैं आपको यूएस सिटीजन्स का एग्जांपल देना चाहूंगा।

अमेरिका में, डेवलप्ड इकोनॉमी होने के बाद उनके ratio of the tax exemption threshold to per capita GDP, उनकी जो जीडीपी है, पर कैपिटा इनकम है, अगर पर कैपिटा इनकम में उनकी सिर्फ 18 पर्सेंट इनकम हो जाती है, तो टैक्स लग जाता है। इंग्लैंड में यदि जीडीपी की 28 पर्सेंट इनकम होती है, तो टैक्स लग जाता है, लेकिन भारत में हंड्रेड पर्सेंट होने के बाद भी नहीं, बल्कि फाइव हंड्रेड पर्सेंट होने के बाद टैक्स लगता है। यह बहुत बड़ी बात है, इसे समझना पड़ेगा।

प्रधान मंत्री मोदी जी के नेतृत्व में लगभग 12 लाख रुपये से ऊपर एग्जम्पशन किया है। हमारी जो पर कैपिटा इनकम दो लाख के लगभग आती है, उसका पाँच गुना ज्यादा अगर अमेरिका में होता, तो उस पर 18 पर्सेंट पर ही टैक्स लग जाता और इंग्लैंड में 28 पर्सेंट पर टैक्स लग जाता। भारत में पर कैपिटा इनकम के बाद, सपोज़ पर कैपिटा इनकम दो लाख पचास हजार रुपये है, उसके बाद 12 लाख रुपये तक कोई टैक्स का स्लैब नहीं है। यह मेजर डिफरेंस है। India

Alliance हमेशा यह कहते हैं कि मिडिल क्लास के लिए आपने क्या किया? मिडिल क्लास के लिए यह बहुत बड़ी बात है। अगर आप देखें, तो हमारे इंडियन सिटिजन पर टैक्स का लो बर्डन है।

The second important point concerns the fiscal deficit. The fiscal deficit means the difference between Government revenue and its expenditure. हमारा वर्ष 2026-27 का फिस्कल डैफिसिट जीडीपी का 4.3 प्रतिशत है। हम कह सकते हैं कि उसे अगर लिया जाए, तो जिस हिसाब से वर्ष 2029 और वर्ष 2026 का जो हमारा फिस्कल डेफिसिट है, उसे हम देखें, तो हमारा कैपिटल एक्सपेंडिचर वर्ष 2026-27 में लगभग 22 प्रतिशत है।

So, there has been a renewed focus on capital expenditure by the Government, and that generates return on investment in the long-term. The capital expenditure as per cent of the Budget increased from 10 per cent to 11 per cent in 2009. काँग्रेस के समय में कैपिटल एक्सपेंडिचर केवल इलेवन पर्सेंट था। अब वर्ष 2026-27 में कैपिटल एक्सपेंडिचर 22 पर्सेंट है। It tells us about the high quality of expenditure made by the Union Government. अभी इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च होता है। पहले उनका बजट था, paying for the bills. उनका जो बजट है, सरकार के जो खर्चे होते हैं, एम्प्लॉयज़ के जो खर्चे होते हैं, उनका बजट paying for the bills ही होता है। अब जो बजट खर्च होता है building for an asset, इन्वेस्टमेंट के लिए होता है। यह जो मूव हुआ है, शिफ्ट हुआ है from paying the bill to building the asset, यह फर्क है।

अगर हम फाइनेंस बिल को टोटैलिटी में देखें, तो फाइनेंस बिल का फोकस is on fiscal accountability. अगर हम फिस्कल अकाउंटेबिलिटी की बात करें, तो हाई इन्क्लूसिव ग्रोथ is a part of that, and fiscal discipline and long-term macroeconomic stability. यह फाइनेंस बिल का कंप्लीट फोकस है। जहाँ तक ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस की बात करें, क्योंकि फाइनेंस बिल का कोर इश्यू ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस है, India jumped 79 positions from 142nd in 2014 to 63rd in 2019. यह वर्ल्ड बैंक की रैंकिंग है।

इसीलिए, हम यह सकते हैं कि मोदी जी के एरा में देश लगातार इकोनॉमिक एस्पेक्ट में प्रोग्रेस कर रहा है। आप देखेंगे कि विश्व में इतनी बड़ी हलचल ईरान-इस्राइल की लड़ाई होने के बाद भी इंडिया में हमारे आमजन के जीवन में कोई फर्क नहीं आया। चाहे यूरोप देख लो, चाहे अमेरिका देख लो, चाहे कोई भी कंटीनेंट देख लो, सभी में फर्क आया लेकिन भारत में नहीं, यह प्रधान मंत्री जी का विजन है।

अब आप सोचकर देखिए जब वर्ष 2014 में माननीय नरेन्द्र मोदी जी प्रधान मंत्री बने थे, तब हमारी ऐनर्जी की पांच गीगावाट की क्षमता थी और अब 2026 में हमने 250 गीगावाट पावर जनरेट की है। उसे हम गैस के अल्टरनेट काम में यूज़ कर सकते हैं और कई जगह पावर के काम में यूज़ कर सकते हैं, इस वजह से इंडिया में किसी तरह से प्रॉब्लम नहीं आई इतनी बड़ी वैश्विक घटना होने के बावजूद।

जहां तक ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस की बात है, करीब 42000 कम्पलायंसिस थीं क्योंकि फॉर्मेलिटीज़ थीं कि यह करो, वह करो। जो भी इन्वेस्टर आता था, चाहे डोमेस्टिक इन्वेस्टर हो फॉरेन इन्वेस्टर हो, उन्हें बहुत फार्मेलिटीज़ करनी पड़ती थीं। 42000 compliances have been rationalized across different Central Ministries and departments. इसके साथ करीब 3700 प्रोविजन्स ऐसे थे, जिनमें पीनल कांसिक्वेंसिस थे उन्हें decriminalize किया गया। आप देखिए, प्री इंडीपेंडेंस और पोस्ट इंडीपेंडेंस, प्री इंडीपेंडेंस का माइंड सेट ऐसा था, ऐसे लॉ थे जिनमें अगर सिविल कांसिक्वेंस हैं तो उसके ऊपर क्रिमिनल लॉयबिलिटी होती थी। प्रधानमंत्री जी की सोच है। देश के आजाद होने के बाद इतने समय तक किसी ने नहीं सोचा। अंग्रेजों ने वर्ष 1858 से लेकर आजादी तक कानून बनाए और 1947 के बाद जो भी कानून बने, ऐसे कानून थे, जिनके कारण बिजनेस को पीछे धकेला जा रहा था, डिस्करेज किया जा रहा था। कई कानूनों में क्रिमिनल लाएबिलिटीज़ थीं, इन कानूनों को डिक्रिमिनलाइज करने से जनविश्वास एक्ट, 2023 सामने आया है। इसके बारे में पूरा देश जानता है और सारी इंडस्ट्रीज़ खुश हैं। माननीय प्रधान मंत्री जी के आशीर्वाद से जनविश्वास बिल के लिए जो कमेटी बनी थी, मैं उसका

चेयरमैन था। उसमें 42 एक्ट्स इन्वाल्व थे और बहुत प्रोविजन्स थे। हमने उनको डिक्रिमिनलाइज किया और इसके कारण बिजनेस में चाहे फॉरेन हो या डोमेस्टिक, इन्वेस्टमेंट बढ़ा। अगर हम कॉर्पोरेट टैक्स कम्पलायंस की बात करें तो यह पहले 68 परसेंट था, लेकिन जब देश ईज़ ऑफ डुइंग के लिए काम करने लगा मोदी जी के नेतृत्व में तो 68 परसेंट से 85 परसेंट हुआ।

मैं जनरल इंट्रोडक्टरी के साथ छ: प्वाइंट्स के बारे में बताना चाहता हूं। फॉरेन एसेट्स और स्माल टैक्स पेयर्स डिस्क्लोजर स्कीम वर्ष 2026 में आई है। यह स्कीम विदेशों में जो विद्यार्थी पढ़ते हैं, यंग प्रोफेशनल्स, एन्टरिप्रयोनर्स और रिलोकेटिड एनआरआईज़ हैं, उनके लिए है। इसमें वन टाइम सिक्स मंथ का विंडो दिया गया है। Specified foreign income and assets up to a certain limit, अगर एक्वायर्ड है, उन लोगों के लिए एप्लीकेबल होगा। It will be applicable to those who disclosed overseas income and assets and did not disclose their oversea income or assets and those who paid tax but could not disclose the assets acquired. इसका परपज़ है- to address the legacy gap of foreign income reporting inherited from the UPA Government. The purpose is to address the legacy gap of foreign income reporting inherited from the UPA Government. इन्होंने जो काम छोड़े थे, माननीय मेादी जी को करने पड़ते हैं। This disclosure scheme 2026 is beneficial for small taxpayers like students, young professionals, relocated NRIs and entrepreneurs who may have inadvertently failed to declare foreign asset or income who would have otherwise faced the risk of imprisonment.

सर, जैसा मेरे से पहले वक्ताओं ने कहा था कि ब्लैक मनी एक्ट एनडीए के समय पास हुआ, जो लंबे समय से पेंडिंग था। The Black Money Undisclosed Foreign Income and Assets Act was passed in 2015. An SIT in black money case was constituted under the leadership and vision of the hon. Prime Minister. India adopted the

Common Reporting Standard (CRS) for automatic exchange of information in 2015, the intergovernmental treaty with USA for exchange of tax information. कम से कम हमारे जो लोग विदेशों में रहते हैं, सीआरएस की वजह से यह इंफार्मेशन, exchange uniform हो जाती है।

मैं बताना चाहूँगा यूपीए के टाइम में India signed the United Nations Convention against Corruption in 2005. इन्होंने वर्ष 2005 में यूनाइटेड नेशन में कन्वेंशन साइन किया। However, the UPA Government did not ratify it until 2011. आप देखिए, छह साल तक इन्होंने कनवेंशन अगेंस्ट करप्शन वर्ष 2005 में अडॉप्ट किया, लेकिन UPA ने वर्ष 2011 में रेटिफाई किया। इन्होंने किसी तरह की एसआईटी भी कांस्टिट्यूट नहीं की। UPA published a strategy to tackle black-money in a White Paper in 2012, but it was not implemented. ये सिर्फ एक लिप सर्विस हैं। व्हाइट पेपर बनाने के बाद भी करप्शन समाप्ति के लिए कुछ नहीं किया।

मोदी जी के नेतृत्व में, 24,678 taxpayers disclosed foreign assets worth Rs.29,000 crore, यह लॉ आने के बाद में, along with foreign source income of Rs.1089 crore in 2024-25.

सर, मेरा अगला पॉइंट इंटरनेशनल फाइनेंशियल सर्विसेज़ सेंटर का बहुत महत्वपूर्ण है। इंटरनेशनल फाइनेंशियल सर्विसेज़ के लिए, जब प्रधानमंत्री मोदी जी मुख्यमंत्री थे, उस समय उनका विजन पूरे इंटरनेशनल लेवल को देखते हुए था। उस समय UPA के प्रधानमंत्री थे, उन्होंने इसके लिए उनको भी कहा, तब उस पर किसी तरह का काम आगे नहीं बढ़ा। इंटरनेशनल फाइनेंशियल सर्विसेज सेंटर के लिए, फाइनेंस बिल 2026 में जो प्रोविजन है, it extends tax holiday period for International Financial Services Centre from 10 consecutive years out of 15 years to 20 consecutive years out of 25 year. Not only this, जो ऑफशोर है, for offshore banking unit, the tax holiday has been extended from 10

consecutive years to 20 consecutive years. At the end of the tax holiday period, IFSC unit and OBUs will be taxed at a concessional rate of 15 per cent only, क्योंकि एक क्लिफ इफेक्ट होता है, due to sudden taxation इसीलिए इनके ऊपर यह पीरियड बीतने के बाद 15 प्रतिशत ही होगा। अब परपज़ क्या है? what is the vision of the hon. Prime Minister? तो उनका गोल है, the goal is to make GIFT city as a leading global financial powerhouse by 2047. It encourages international entities to set up hubs in GIFT cities by providing long-term certainty. So, concessional rate after tax holiday provides a competitive advantage in terms of lower operational costs. यह सबसे बड़ा फायदा हुआ और इसके बाद अगर हम देखें एनडीए, माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा जो काम किया गया है, मैं बताना चाहूँगा कि India-International Bullion Exchange provides a gateway for bullion imports into India और अभी जो वहाँ पर फेसिलिटी है, world-class 'plug-and-play' infrastructure is already available, enabling business to start operations without delays and high-end civic facilities like district cooling system, automated waste collection system, etc.

माननीय सभापति महोदय, सबसे बड़ी बात यह है कि इसमें स्टाम्प ड्यूटी ज़ीरो है, सिक्युरिटी ट्रांजैक्शन टैक्स ज़ीरो है, जीएसटी ज़ीरो है, कैपिटल गेन टैक्स ज़ीरो है और मिनिमम अल्टर्ड टैक्स ज़ीरो है। ऐसा विज़न होता है, जिससे पूरे वर्ल्ड के लोग आकर इंवेस्टमेंट करेंगे। उससे देश में एम्प्लॉयमेंट जेनरेट होगा। देश की इकोनॉमिक ग्रोथ बढ़ेगी।

मैं बताना चाहूंगा कि यूपीए के समय में, they kept the GIFT City proposal pending for three years. उन्होनें कुछ नहीं किया। उल्टा यह किया कि they withdrew the exemption on dividend distribution tax. यहां तो मोदी जी ने ज़ीरो किया, लेकिन इन्होंने क्या किया? They introduced minimum alternate tax in special economic zone. जो इनको नहीं करना था। उसमें स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन का टैक्स इसलिए ज़ीरो किया गया, तब

कहीं देश की ग्रोथ हुई।

अगर आज आप गिफ्ट सिटी का दायरा देखें, तो उसमें the GIFT City has over 1,000 registered entities. पहले कुछ नहीं था। आज एक हजार रजिस्टर्ड एंटिटीज हैं। The GIFT City climbed nine places in the global financial centres to rank 43 among 120 global financial centres. मैं कहना चाहूंगा कि टॉप ग्लोबल कंपनीज- जे. पी. मॉर्गन, मॉर्गन एंड स्टेंले जैसी कई कम्पनीज फाइनेंशियल सेन्टर में आई है।

फाइनेंस बिल का मेरा तीसरा पॉइंट है कि इस रूप में, It encourages IT and global investment. It offers unprecedented tax concession for foreign data centres until 31st March, 2047. अगर वर्ष 2047 तक फाइनेंस बिल की स्कीम्स और ऑब्जेक्ट्स देखें, आप प्रधानमंत्री मोदी जी की दूरदृष्टि देखिए, आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और टेक्नोलॉजीज का ज़माना है। आज भारत डिजिटल के मामले में पूरे विश्व में एक नम्बर पर है। यह केवल 12 वर्षों में हुआ है। यह कोई छोटी बात नहीं है। इस तरह से, अगर हम ग्लोबल इंवेस्टमेंट को देखें, तो इसका परपस है, 'to secure large scale data centre investment and attract global cloud service providers'. This will make India a competitive central hub in global market.

महोदय, यह बहुत बड़ी बात है कि यहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सम्मेलन हुआ था, देश का पूरे विश्व में नाम हो रहा था। लेकिन कांग्रेस के लोगों ने वहां जाकर और अपने कपड़े उतारकर जिस तरह से प्रदर्शन किया, ऐसा कोई देशवासी नहीं करता है, कोई सिटिज़न नहीं करता है। लेकिन देश को नीचा दिखाने के लिए, जब भी देश प्रोग्रेस करता है, तो हमेशा कुछ ऐसा करने की इनकी आदत रही है। इनकी सोच कंस्ट्रक्टिव अप्रोच की होनी चाहिए थी, लेकिन हमेशा इनकी आदत में डेस्ट्रक्टिव अप्रोच रहती है। इसे यह देश देख रहा है।

इसके साथ-साथ, जहां तक टेक्नोलॉजी की बात है, तो वर्ष 2014 से अब तक डिजिटल इंडिया का एक प्रोग्राम है- which acted as a catalyst for the creation of robust digital

public infrastructure in India. बजट 2026-27 में, India's Semiconductor Mission 2.0 (ISM 2.0) की घोषणा की गई है। यह भारत के लिए एक गेम चेंजर है। यह शुरू हो गया है और यह इतना बड़ा मिशन है कि इसके लिए एक हजार करोड़ रुपये का आउटले रखा गया है। The Budget allocation for electronic manufacturing schemes has nearly doubled from Rs. 22,000 crore to Rs. 40,000 crore. इंडिया में पहले दो मोबाइल मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट्स थीं, लेकिन सारी चीजें इम्पोर्ट होती थीं। आज लगभग 300 मोबाइल मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट्स हैं। अगर हम यूपीए के समय की बात करें, तो वर्ष 2014 के पहले उन्होंने क्या किया? Electronics and IT remained a small department. इन्होंने इसकी कोई परवाह नहीं की। जबकि आज के समय में आईटी मिनिस्ट्री सबसे महत्वपूर्ण मिनिस्ट्री है। उस समय यह एक स्मॉल डिपार्टमेंट था, वह भी मिनिस्ट्री ऑफ कम्युनिकेशन के अंडर था। वर्ष 2013-14 में, यूपीए के टाइम में, इस डिपार्टमेंट का बजटरी एलोकेशन केवल 3,742 करोड़ रुपये था।

महोदय, जैसा मैंने बताया है कि वर्ष 2014 में मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग की सिर्फ दो यूनिट्स थीं। यदि आप आज की तारीख में देखेंगे, तो आईटी सेक्टर में ग्रोथ हुई है। There is a 48 per cent year-on-year growth in India's data centre market. यह अपने आपमें बहुत बड़ी बात है। विश्व में ऐसे बहुत कम देश होंगे,जिनकी ग्रोथ रेट इतनी होगी।

After that, between 2019 and 2025, India secured nearly 94 billion dollars in investment commitment from global and domestic players. The mobile phone imports have dropped. हम पहले 75 प्रतिशत मोबाइल फोन्स का आयात करते हैं। हमने वर्ष 2024 में प्वाइंट 02 प्रतिशत आयात किया है। डोमेस्टिक डिमांड में बहुत फर्क पड़ा है।

महोदय, मैं एक-दो प्वाइंट्स के बारे में बताना चाहूंगा। अभी मुझे बोलते हुए 30 मिनट्स नहीं हुए हैं। अभी मुझे बोलते हुए 20 मिनट्स ही हुए हैं। मुझे 30 मिनट्स का समय दिया गया है। आप तो बहुत ही दयालु हैं। मेरी पार्टी ने मुझे 30 मिनट्स का समय दिया गया है। आप तो बहुत

अनुभवी हैं। आप मुख्यमंत्री भी रह चुके हैं। आप मुझे पांच मिनट्स का समय और दे दीजिए।

महोदय, अब सेफ हार्बर और ट्रांसफर प्राइसिंग की बात है। इस बिल में सेफ हार्बर और ट्रांसफर प्राइजिंग के लिए प्रावधान किए गए हैं। It has increased the safe harbour threshold for general IT services from Rs. 300 crore to Rs. 2000 crore, applying a 15.5 per cent margin on costs. Earlier, the Safe Harbour Rules had margins ranging from 17 to 24 per cent for IT services, which were quite interconnected in the value chain. The purpose behind the same is to improve the ease of doing business for GCCs in India. The Government has rationalized the Transfer Pricing and Safe Harbour Rules. These rules will also improve coherence and reduce protracted litigation regarding Transfer Pricing by GCCs for maximum number of APAs concluded in any single year since the launch of the APA programme.

माननीय सभापति: आपकी बात आ गई है। कृपया अब आप अपना भाषण समाप्त कीजिए।

… (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: You have already spoken at length.

… (*Interruptions*)

SHRI P. P. CHAUDHARY: During the UPA's tenure, in 2012, the Government retrospectively changed the IT Act to tax transactions involving sale or transfer of shares that take place outside India but where the assets are in India. India witnessed the highest Transfer Pricing adjustments during their tenure.

यदि आप मोदी जी की सरकार के समय इसके आंकड़े देखेंगे, the GCC revenue jumped from 40 billion dollars in financial year 2019 to 64 billion dollars in financial year 2024, growing at a healthy pace of 9.8 per cent annually.

HON. CHAIRPERSON: You have made your point very well. Kindly conclude.

SHRI P. P. CHAUDHARY: And GCCs now employ over 19 lakh people across the country.

Sir, this is my last point. अभी मुझे बोलते हुए 30 मिनट्स नहीं हुए हैं। आप मुझे बोलने से क्यों रोक रहे हैं?

माननीय सभापति : आपको बोलते हुए 30 मिनट्स हो गए हैं।

श्री पी. पी. चौधरी : महोदय, अभी 30 मिनट्स नहीं हुए हैं। मैं असत्य नहीं बोलूंगा। आप घड़ी में समय देख लीजिए। मैं बस पांच मिनट्स और बोलूंगा।

Sir, now, I come to transformative amendments in customs law. … (*Interruptions*) The Customs Act has been extended to cover fishing and related activities beyond India's territorial waters. पहले टेरिटोरियल वाटर के लिए ही थी। Then, there are the key revisions to the Baggage Rules in order to redress the long-standing concerns of the flight travellers and shift from value to weight-based assessment.

हमें इसका पर्पज तथा प्रधानमंत्री जी की सोच देखनी चाहिए। The purpose is to address the legal grey area with regard to fishing outside territorial waters. इससे हमारे देश के फिशरमैन को बहुत फायदा मिलेगा। … (*Interruptions*) And it will exempt fish from outside territorial water to be brought in India duty free.

महोदय, अगर मैं कस्टम के बारे में कहूं, तो पहले जो ड्यूटी थी, वह घटाकर कम की गई है। पहले जो स्मगलिंग होती थी, अगर हम उसके आंकड़े देखेंगे, तो वह बहुत ज्यादा थे।

माननीय सभापति : कृपया अब आप अपना भाषण समाप्त कीजिए।

श्री पी. पी. चौधरी : महोदय, एक अंतिम बिंदु है। मुझे दो मिनट्स का समय और दे दीजिए।

Sir, my last point is about the Minimum Alternate Tax.

माननीय सभापति : आपका समय पूरा हो गया है।

श्री पी. पी. चौधरी : महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया है, उसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं।

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, यदि आप सबकी सहमति हो, तो नीरज जी के भाषण समाप्ति तक सदन की कार्यवाही बढ़ा दी जाए?

अनेक माननीय सदस्य : जी हां।

माननीय सभापति : ठीक है।

श्री नीरज मौर्य जी।

19.00 hrs

श्री नीरज मौर्य (आंवला) : माननीय सभापति महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने फाइनेंस बिल पर मुझे अपनी बात रखने का अवसर दिया और मेरे ऊपर आपकी कृपा हुई।

मान्वयर, आज मध्य एशिया में जिस तरह का माहौल है, मैं आपके माध्यम से पूरी दुनिया से अपील करना चाहूंगा कि भगवान बुद्ध के बताए हुए मार्ग पर चलकर शांति का रास्ता अख्तियार करके ही दुनिया में अमन और चैन कायम होगा। यहां से भी एक संदेश जाना चाहिए कि हम सब लोग भगवान बुद्ध के बताए हुए रास्ते पर चलकर शांति की तरफ बढ़ेंगे।

मान्यवर, फाइनेंस बिल और बजट को पढ़ने के बाद मुझे ये दो लाइनें कहने पर मजबूर होना पड़ रहा है –

"विकास का ढोल यूं हर तरफ बजाया गया,
मगर फायदा सिर्फ चंद लोगों तक पहुंचाया गया।"

मान्यवर, सरकार कहती है – 'सबका साथ, सबका विकास'। लेकिन, दिखाई ऐसा पड़ता है, जैसे मैं तो आंवला से चुनकर आया हूं और पौने दो साल के कार्यकाल में विकास तो कभी आवंला की तरफ आया ही नहीं। ...(व्यवधान)

माननीय सभापति: इसमें ताली बजाने की क्या जरूरत है। यदि विकास नहीं आया है, तो आप

खुश हो रहे हैं।

… (व्यवधान)

श्री नीरज मौर्य: मान्यवर, बजट का आकार बहुत बड़ा बनाया गया है। लेकिन, जो जनकल्याण की बातें हैं, बजट में उनकी गुंजाइश बहुत कम दिखाई पड़ रही है। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए यूनियन फाइनेंस बिल में सरकार ने 44 लाख करोड़ रुपये से अधिक के राजस्व संग्रह का अनुमान रखा है, जो पिछले वर्ष से 10 प्रतिशत अधिक है। लेकिन, दूसरी ओर सरकार का कुल कर्ज अभी भी जीडीपी के करीब 55 प्रतिशत पर बना हुआ है। इसका एक बड़ा कारण यह भी है कि भुगतान के कुल खर्च का लगभग 26 प्रतिशत और कुल राजस्व का 40 प्रतिशत ब्याज खा जा रहा है। यानी, बजट का बड़ा हिस्सा पुराने कर्ज को चुकाने में चला जा रहा है। इसलिए कल्याणकारी योजनाओं के लिए बहुत कम गुंजाइश है। इसको ठीक करने की जरूरत है।

मान्यवर, कॉर्पोरेट टैक्स के बारे में यह कहा जाता है कि यह सबसे ज्यादा आता है। लेकिन, जो आंकड़े हैं, वर्ष 2019 में सरकार ने कॉर्पोरेट टैक्स को 30 प्रतिशत से घटाकर 22 प्रतिशत कर दिया, जिससे बड़ी कम्पनियों को हर साल 1.5 लाख करोड़ रुपये की राहत मिली है। दूसरी ओर, सरकार ने पूंजीगत खर्च बढ़ाया है, लेकिन यह पैसा कॉर्पोरेट टैक्स से नहीं, बल्कि मध्यम और गरीब वर्ग की जनता से आया है। इसीलिए हमारे यहां निवेश भी नहीं हो रहा है। आज इनकम टैक्स और जीएसटी मिलकर सरकार की कुल आय का लगभग 65 प्रतिशत हिस्सा देते हैं, जबकि कॉर्पोरेट टैक्स का योगदान 28 प्रतिशत है। डायरेक्ट टैक्स में कॉर्पोरेट टैक्स का जो योगदान है, वह वर्ष 2015 में 62 प्रतिशत था, जो घटकर अब 44 प्रतिशत रह गया है। जबकि, इनकम टैक्स का योगदान पहली बार कॉर्पोरेट टैक्स से अधिक हो गया है।

मान्यवर, हमारे यहां जो मजदूरी है, अभी जब मनरेगा को ये लोग खत्म कर रहे थे, उस पर भी लोगों ने बात उठाई कि मजदूरी दर को बढ़ाया जाए। अगर मजदूरी दर नहीं बढ़ेगी, तो गांव का गरीब आदमी तरक्की कैसे करेगा? सरकार के 10 साल पूरे होने के बाद भी रोजगार और आय पैदा करने वाले निवेश में कोई वास्तविक बढ़ोत्तरी नहीं हुई है। यानी, केन्द्र भारत का सकल स्थिर जो

पूंजी निर्माण है, पिछले 10 वर्षों में वह जीडीपी का लगभग 32-33 प्रतिशत पर ठहरा हुआ है। घरेलू बजट की तुलना में घरेलू कर्ज तेजी से बढ़ रहा है। भारतीय परिवार कोविड के समय से पहले की तुलना में अब हर वर्ष कहीं अधिक कर्ज के जाल में फंसते चले जा रहे हैं। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2019 से वर्ष 2025 के बीच घरेलू कर्ज दो गुना हो गया है, जबकि घरेलू संपत्तियों में केवल लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो चिंताजनक है।

मान्यवर, अब लोग घर या निवेश के लिए नहीं, बल्कि रोजमर्रा के जो खर्च हैं, उनके लिए ऋण ले रहे हैं। वे स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए ऋण ले रहे हैं। वर्ष 2014 से पर्सलन लोन्स की संख्या बहुत बढ़ी है।

मान्वयर, अब भारत में इक्विटी का जो निवेश है, जो लोग इक्विटी में निवेश कर रहे हैं, उस बाजार में भी अस्थिरता है।

